# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 154 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, बुधवार 03 अगस्त 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## पीएम मोदी ने अपनी सोशल मीडिया डीपी पर लगाया तिरंगा, लोगों से भी ऐसा करने की अपील

• प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से 2 से 15 अगस्त के बीच सोशल मीडिया पर तिरंगे को अपनी प्रोफाइल पिक्चर लगाने की अपील की थी

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर डिस्प्ले पिक्चर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाया है. पीएम ने देश के सभी नागरिकों से भी ऐसा करने का आग्रह किया है. पीएम के साथ–साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य वरिष्ठ बीजेपी नेताओं ने भी अपनी डीपी बदलते हुए तिरंगा लगाया है।



प्रधानमंत्री ने देशवासियों से 2 से 15 अगस्त के बीच सोशल मीडिया पर तिरंगे को अपनी प्रोफाइल पिक्चर के रूप में इस्तेमाल करके हर घर तिरंगा को एक जन आंदोलन बनाने की अपील की थी. पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि, आज 2 अगस्त विशेष है. ऐसे समय में जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, हमारा देश हर घर तिरंगा के लिए तैयार है. मैंने अपने सोशल मीडिया पेजों पर डीपी बदल दी है और आप सभी से भी ऐसा ही करने का आग्रह है।

प्रधानमंत्री ने पिंगली वेंकैया को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की. पिंगली वेंकैया ने राष्ट्रीय ध्वज को डिजाइन किया था, आज उनका जन्मदिवस है. पीएम ने एक अन्य ट्वीट में कहा, मैं महान पिंगली वेंकैया को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. हमें तिरंगा देने के उनके प्रयासों के लिए हमारा देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा, जिस पर हमें बहुत गर्व है. तिरंगे से शक्ति और प्रेरणा लेते हुए हम राष्ट्रीय प्रगति के लिए काम करते रहें।

रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से 2 से 15 अगस्त के बीच सोशल मीडिया पर तिरंगे को अपने प्रोफाइल पिक्चर के रूप में उपयोग करने की अपील की थी. पीएम मोदी ने कहा था कि भारत एक गौरवशाली और ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने के लिए तैयार है. देश आजादी के 75 साल पूरे कर रहा है. बता दें कि, हर घर तिरंगा अभियान आजादी का अमृत महोत्सव का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य लोगों को भारत की आजादी के 75वें वर्ष को चिह्नित करने के लिए घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## चीन की तीन मोबाइल कंपनियों को कर चोरी के लिए नोटिस जारी किए गए: सीतारमण

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार चीन की तीन मोबाइल फोन कंपनियों द्वारा कथित कर चोरी मामलों की जांच कर रही है और उन्हें इस संबंध में नोटिस जारी किए गए हैं। सीतारमण ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए कहा कि तीन चीनी कंपनियां ओप्पो, वीवो इंडिया और शाओमी को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व आसूचना विभाग (डीआरआई) ने मोबाइल फोन कंपनी ओप्पो को कुल 4,389 करोड़ रुपये के सीमा शुल्क के लिए नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि एक अनुमान के अनुसार कर अपवंचना लगभग 2,981 करोड़ रुपये की है।

वित्त मंत्री ने कहा, ''सीमा शुल्क के भुगतान के लिए आयातित उत्पादों के कम मूल्यांकन से हमें लगता है कि 1,408 करोड़ रुपये की कर चोरी है।'' उन्होंने कहा, ''वे स्वेच्छा से, 450 करोड़ रुपये जमा करने आगे आए हैं, जो 4,389 करोड़ रुपये की मांग की तुलना में काफी कम है।'' उन्होंने अन्य कंपनियों का जिक्र करते हुए कहा कि शाओमी एक अन्य मोबाइल फोन कंपनी है जो 'असेंबल' किए गए एमआई मोबाइल फोन से संबंधित है। मंत्री ने कहा, उन्हें तीन कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और उनपर करीब 653 करोड़



रुपये की सीमा शुल्क देनदारी है। उन्हें जारी तीन कारण बताओ नोटिस पर केवल 46 लाख रुपये जमा किए गए हैं।

सीतारमण ने कहा कि तीसरी कंपनी वीवो इंडिया है, जिसके लिए 2,217 करोड़ रुपये का 'डिमांड नोटिस' जारी किया गया है और उन्होंने 60 करोड़ रुपये स्वैच्छिक रूप से जमा किए हैं। उन्होंने कहा कि इनके अलावा, प्रवतन निदेशालय (ईडी) की नजर उन 18 कंपनियों पर भी है जो एक ही समूह वीवो द्वारा स्थापित की गई थीं। उन्होंने कहा कि कुल 1.25 लाख करोड़ रुपये की बिक्री में से, मूल कंपनी वीवो ने इन 18 कंपनियों के माध्यम से बड़ी मात्रा में धन हस्तांतरित किया।

## यूपी कैबिनेट की बैठक में कुल 13 प्रस्ताव हुए पास, 3 नगर पंचायतों के विस्तार का फैसला

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। यूपी कैबिनेट की बैठक में आज कुल 13 प्रस्ताव पास हुए. नगर विकास विभाग से जुड़े कई प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी मिली है... कैबिनेट ने 3 नगर पंचायतों के विस्तार का फैसला लिया है। साथ ही वाराणसी नगर निगम की सीमा के विस्तार का भी फैसला लिया गया है... रामनगर नगरपालिका परिषद को इसमे समाहित किया गया है... इसके अलावे मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना को मंजूरी मिली है. .. इस योजना के तहत मास्टरप्लान बनाये जाएंगे जिसमें जन प्रतिनिधियों की सलाह ली जाएगी... इसके तहत रोड, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट्स, कम्युनिटी हॉल निर्माण, बाजार में जनसुविधाओं के काम,चौराहों पर जन कार्य, ओपन पार्क के काम किए जाएंगे।



## अब किश्तों का भुगतान करके ले सकते हैं रामायण यात्रा का आनंद

कानपुर। मोदी सरकार धार्मिक स्थलों को बढ़ावा देने के लिए बहुत प्रयासरत है. इसी कड़ी में भारतीय रेल ने भी अपनी तैयारी कर ली है. आईआरसीटीसी इसके लिए स्पेशल पैकेज लेकर हाजिर है जिसमें अब विशेष तौर पर ईएमआई सर्विस की सुविधा भी यात्रियों को दी जाएगी. धार्मिक स्थलों की ओर रुख करने वाले ऐसे लोग जो एक साथ ज्यादा पैसा नहीं खर्च कर सकते वो तीन साल तक 26 सौ रुपए प्रति माह देकर 19 रात 20 दिन की यात्रा का आनंद ले सकते हैं।




अब नई यात्राएं 24 अगस्त से शुरु होगी।

दरअसल, रामायण यात्रा की सफलता के बाद अब यात्रा नई सुविधाओं के साथ 24 अगस्त से शुरू होगी. आईआरसीटीसी की ओर से दिल्ली के सफदरगंज स्टेशन से शुरू होने वाली इस रेल यात्रा में रामायण के दो प्रमुख किरदारों मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और माता सीता के जन्म स्थल के दर्शन कराए जाएंगे.दिल्ली से कानपुर और लखनऊ होते हुए यह ट्रेन भगवान राम की जन्म स्थली अयोध्या और माता सीता के जन्म स्थान जनकपुर जाएगी.जनकपुर वर्तमान में नेपाल का हिस्सा है।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि मध्यमवर्गीय परिवारों की सुविधा के लिए किश्त में भी भुगतान का प्रावधान किया गया है. इच्छुक यात्री किश्तों में भुगतान करके इस यात्रा का आनंद ले सकते हैं.इस यात्रा में कुल 19 रात और 20 दिनों तक ट्रेन यात्रा चलेगी. बक्सर, बनारस, प्रयागराज, चित्रकूट, नासिक, हम्पी, रामेश्वरम, कांचीपुरम के भ्रमण के साथ यात्रा पूर्ण होगी. इसी के साथ जो एक साथ ज्यादा पैसे नहीं खर्च कर सकते वो तीन साल तक 26 सौ रुपए प्रति माह देकर 19 रात 20 दिन की यात्रा का आनंद ले सकते हैं।

## यूपी लौटने की जगह रेणुका कुमार ने मांगा वीआरएस हफ्ते भर में तीसरे आईएएस ने किया आवेदन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कैडर की आईएएस अधिकारी रेणुका कुमार को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है. बताया जा रहा है कि आईएएस अधिकारी ने वीआरएस के लिए आवेदन किया है. लेकिन इससे पहले 28 जुलाई को रेणुका कुमार को तत्काल प्रभाव से उनके मूल कैडर उत्तर प्रदेश भेजा गया था. माना जा रहा था कि उन्हें को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है. लेकिन इसी बीच मंगलवार को उनके वीआरएस के लिए आवेदन की खबर आई. हालांकि ये कोई पहली आईएएस नहीं हैं, जिन्होंने वीआरएस के लिए आवेदन किया। 1987 बैच की हैं अधिकारी।

यूपी कैडर की आईएएस रेणुका कुमार ने वीआरएस की अर्जी दी है. रेणुका कुमार ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए वीआरएस की ये अर्जी दी है. आईएएस अफसर रेणुका कुमार 1987 बैच की आईएएस अधिकारी हैं. हाल ही में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उन्हें मूल कैडर पर वापस भेजा गया था. जिसके बाद कयास लगाए जा रहा थे कि रेणुका कुमार को प्रदेश में अहम जिम्मेदारी मिलेगी. लेकिन यूपी भेजे जाने के चौथे दिन ही उन्होंने वीआरएस मांगा है।

कई अधिकारियों ने भी मांगा वीआरएस

हालांकि रेणुका कुमार वीआरएस मांगने वाली कोई पहली आईएएस अधिकारी नहीं हैं. इससे पहले साथ ही दो और आईएएस अफसरों ने वीआरएस के लिए आवेदन किया था. पहले आईएएस जूथिका पाटणकर ने वीआरएस के लिए आवेदन किया था. इसके बाद आईएएस विकास गोठलवाल ने वीआरएस के लिए आवेदन किया है. बताया जाता है कि इन तीनों अधिकारियों ने एक हफ्ते के भीतर ही आवेदन किया है. आईएएस जूथिका पाटणकर और विकास गोठलवाल ने पारिवारिक और स्वास्थ्य कारणों से वीआरएस मांगा है।



## संक्षिप्त समाचार

### साल 2026 तक देहरादून शहर में भी दौड़ने लगेगी मेट्रो नियो

देहरादून। देहरादून में अगर सबकुछ ठीक रहा और समय पर काम हुआ तो साल 2026 तक यहां के लोगों को भी मेट्रो नियो की सौगात मिल जाएगी. माना जा रहा है कि जल्द केंद्र सरकार से इसको लेकर मंजूरी दे दी जाएगी. जिसके बाद इस मेट्रो के निर्माण काम को पूरा होने में साढ़े तीन साल का समय लगेगा. मेट्रो के आने से जहां देहरादून में जाम से शहरवासियों को निजात मिलेगी तो हीं उनका सफर भी आरादायक हो सकेगा।

केन्द्र से मंजूरी के बाद शुरू होगा काम देहरादून शहर में मेट्रो नियो की सौगात के लिए



तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और काम शुरू करने के लिए केंद्र की मंजूरी का इंतजार हो रहा है. माना जा रहा है कि अगले तीन माह के भीतर केंद्र की ओर से मंजूरी के बाद मेट्रो नियो का काम शुरू कर दिया जाएगा. आईए आपको बताते हैं कि देहरादून शहर में मेट्रो का रूट किस तरह से होगा।

इन रूटों पर दौड़ेगी नियो मेट्रो देहारदून शहर में मेट्रो नियो के दो कॉरिडोर बनेंगे, पहला– नॉर्थ साउथ कॉरिडोर आईएसबीटी से गांधी पार्क तक जाएगा. इस रूट पर आईएसबीटी से सेवलाकलां–आईटीआई–लालपुल–चमनपुरी–पथरीबाग–रेलवे स्टेशन–देहरादून कोर्ट–घंटाघर होकर गांधी पार्क तक मेट्रो चलेगी. जबकि दूसरा– ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर एफआरआई से रायपुर तक होगा. इसमें एफआरआई से बल्लुपुर चौक–आईएमए ब्लड बैंक, दून स्कूल–मल्होत्रा बाजार–घंटाघर– सीसीएमसी –आराघर चौक–नेहरू कॉलोनी–रिस्पना पुल–अपर बद्रीश कॉलोनी–अपर नत्थनपुर–ऑर्डिनेंस फैक्ट्री –हाथी खन्ना चौक होकर रायपुर तक होगा।

### पीलीभीत में पटाखा बनाने के दौरान हुए ब्लास्ट से दो मंजिला इमारत ढही, मलबे में दबी तीन सगी बहनें

पीलीभीत। घर में रखी आतिशबाजी में आग लगने से हुए ब्लास्ट के कारण दो मंजिला मकान भर–भराकर



गिर गया. हादसे में तीन सगी बहनें मकान के मलबे में दब गईं. पटाखों के धमाके की आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया. वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल की गाड़ियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. मलबे में दबी तीनों बहनों को निकाल लिया गया है और उनकी हालत गंभीर है. उन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है।

### शव में लात मारकर शराबी बेटा बोला- चल खड़ी हो मां, ड्रामा मत कर, बेटों से तंग आकर मां ने खाया जहर



बागपत। यूपी के बागपत से दिल को झकझोर देने वाली खबर सामने आई है, जहां के टयोढ़ी गांव में रहने वाले कलयुगी दो बेटों से तंग आकर एक मां ने जहर खाकर अपनी जान दे दी. ये दोनों शराबी थे और मां के साथ मारपीट और गाली–गलौज करते थे. जिससे तंग आकर महिला ने ये खौफनाक कदम उठा लिया और हद तो तब हो गई जब नशे में धुत बड़े बेटे ने मां के शव को लात मारते हुए कहा, चल खड़ी हो मां, ड्रामा मत कर. इस घटना के बाद से पूरे गांव दोनों बेटों के प्रति रोष है. पुलिस ने दोनों आरोपी बेटों को गिरफ्तार कर लिया है। शराबी बेटों से तंग आकर दी महिला ने जान मृतक महिला के भाई बिजेंद्र सिंह ने बताया कि 35 साल पहले उनकी बहन चांदकौर का की शादी विनोद से हुई थी. चांदकौर का बड़ा बेटा विकास और उससे छोटा मोहन बेटा है. चांदकौर का देवर हरेंद्र भी गांव में ही रहता है. तीनों अविवाहित हैं और उन्हें शराब की लत है. जिसकी वजह से दोनों बेटे चाचा के साथ मिलकर अक्सर मां से साथ गाली–गलौज और मारपीट करते थे. बेटों और देव की प्रताड़ना की वजह से वो अक्सर काफी दुखी रहती थी।

## उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब तीन लाख से ज्यादा भक्तों ने किए नागचंद्रेश्वर महादेव के दर्शन

उज्जैन। नागपंचमी के अवसर पर उज्जैन में नागचन्द्रेश्वर महादेव और महाकाल के दर्शन करने के लिए मंगलवार शाम तक साढ़े तीन लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे।



देश में मंगलवार को नागपंचमी का पर्व मनाया जा रहा है. इस मौके पर कोने–कोने से श्रद्धालु मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे. दरअसल इस मंदिर के शीर्ष शिखर पर स्थित नागचंद्रेश्वर महादेव के पट साल में सिर्फ एक बार नागपंचमी के दिन ही खुलते हैं. इसलिए इस साल मंदिर पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए. बता दें कि मंगलवार शाम तक साढ़े तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने नागचंद्रेश्वर महादेव का आशीर्वाद लिया।



नाग पंचमी के अवसर पर ज्योतिर्लिंग भगवान महा कालेश्वर मंदिर के दूसरे तल पर स्थित नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर को 24 घंटे के लिए खोला जाता है. सोमवार रात 12.00 बजे मंदिर के पट खोल दिए गए थे. मंगलवार शाम 4 बजे तक साढ़े तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने नागचंद्रेश्वर महादेव का आशीर्वाद ले लिया था।नागचंद्रेश्वर महादेव और महाकाल के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आना जारी है. मंगलवार रात 12.00 बजे तक साढ़े चार लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पहुंचने की उम्मीद की जा रही है. इस बार श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए एक विशेष पुल बनाया गया है।

इससे पहले डेढ़ से दो लाख श्रद्धालू ही नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर का आशीर्वाद ले पाते थे. इस बार नए इंतजाम के चलते अधिक श्रद्धालू मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे. उज्जैन के कलेक्टर आशीष सिंह ने उम्मीद जताई की मंदिर के कपाट बंद होने तक चार लाख से अधिक श्रद्धालू दर्शन कर लेंगे।

नागचंद्रेश्वर महादेव के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को पांच–पांच घंटे तक कतार में रहना पड़ा. इससे भी वो घबराए नहीं और भगवान का आशीर्वाद लिया. नागचंद्रेश्वर महादेव के दर्शन करने के लिए इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे कि एक किलोमीटर लंबी लाइन लग गई. इसके लिए सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए थे।

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर रचा इतिहास, Lawn Bowls में जीता गोल्ड मेडल

नई दिल्ली। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का आयोजन इंग्लैंड के बर्मिंगम में हो रहा है. इसमें भारत ने पांचवें दिन गोल्ड मेडल अपने नाम किया. भारत ने लॉन बाउल्स के विमेन्स फोर मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 17–10 से हराया. टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही इतिहास रच दिया है. इस मैच में भारत के लिए रूपा रानी तिर्की ने अहम भूमिका निभाई. उनके साथ–साथ लवली चौबे, पिंकी और नयनमोनी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया. इस खेल में यह देश के लिए पहला गोल्ड मेडल है।



भारत ने लॉन बाउल्स के इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को शुरुआत से ही टक्कर दी. लेकिन एक समय तक दक्षिण अफ्रीका ने भी बढ़त बनाए रखी. आखिरी राउंड से ठीक पहले भारत ने 5 अंकों की बढ़त बनाई और अंत में कुल 7 अंकों की बढ़त के साथ मैच जीत लिया. भारत की स्कीप रूप रानी ने काफी अहम भूमिका निभाई. वे मैच के दौरान साथी खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाती हुई नजर आईं।

भारत की इस जीत पर बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने खिलाड़ियों को बधाई दी है. उन्होंने ट्विटर पर लिखा, राष्ट्रमंडल खेलों में लॉन बाउल्स में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीतने के लिए टीम इंडिया को हार्दिक बधाई।

## 81 चीनी नागरिकों को दिया गया भारत छोड़ने का नोटिस, लोकसभा में सरकार ने दी जानकारी

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में सरकार ने भारत में आए चीनी नागरिकों को लेकर जानकारी दी. केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि बीते दो साल में 81 चीनी नागरिकों को भारत छोड़ने का नोटिस दिया गया. चीन के 117 अन्य लोगों को 2019 और 2021 के बीच वीजा शर्तों, अन्य अवैध कृत्यों के उल्लंघन के लिए डिपोर्ट किया गया. केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह भी कहा कि 726 चीनी नागरिकों को वीजा शर्तों और अन्य अवैध कृत्यों के उल्लंघन के लिए प्रतिकूल सूची में रखा गया था।

उन्होंने एक लिखित प्रश्न के उत्तर में कहा, 2019 से 2021 के दौरान, 81 चीनी नागरिकों को भारत छोड़ने का नोटिस दिया गया था, 117 को निर्वासित किया गया था और 726 को वीजा शर्तों और अन्य अवैध कृत्यों का उल्लंघन करने के लिए प्रतिकूल सूची में रखा गया था। मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसे विदेशियों का रिकॉर्ड रखती है, जिनमें चीनी नागरिक भी शामिल हैं, जो वैध यात्रा दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश करते हैं।

उन्होंने कहा कि इनमें से कुछ विदेशी अज्ञानता के कारण या चिकित्सा आपात स्थिति या अन्य व्यक्तिगत कारणों जैसी अनिवार्य परिस्थितियों में वीजा अवधि से अधिक समय तक रुकते हैं. केंद्रीय गृह राज्य मंत्री राय ने कहा कि वास्तविक मामलों में जहां ओवरस्टे अनजाने में या अज्ञानता के कारण या मजबूर परिस्थितियों में होता है, जुर्माना शुल्क वसूलने के बाद ओवरस्टे की अवधि को नियमित किया जाता है और यदि आवश्यक हो तो वीजा बढ़ाया जाता है।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि जहां ओवरस्टे जानबूझकर या गलत तरीके से पाया जाता है, विदेशी अधिनियम 1946 के अनुसार उचित कार्रवाई की जाती है, जिसमें विदेशी को भारत छोड़ने का नोटिस जारी करना और जुर्माना और वीजा शुल्क लेना शामिल है।

# संक्षिप्त समाचार

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल जनपद गोरखपुर में आयोजित

- वृहद रोजगार मेले में करेंगे प्रतिभाग

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल 03 अगस्त, 2022 को जनपद गोरखपुर में पूर्वान्ह 10 बजे व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास तथा सेवायोजन विकास के तत्वावधान में आयोजित वृहद रोजगार मेला में प्रतिभाग करेंगे। मंत्री जी उसके पूर्व पूर्वान्ह में श्री गोरखनाथ पीठ का दर्शन एवं पूजन भी करेंगे। 04 अगस्त की शाम को मंत्री जी जनपद मुजफ्फरनगर पहुचेंगे।

## मुशीर सिद्दीकी के जन्मदिन पर सोमदत्त प्लाजा नवीन मार्केट में धुमधाम से मनाया गया

कानपुर। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मुशीर सिद्दीकी के जन्म दिन पर



सोमदत्त प्लाजा नवीन मार्केट में धुमधाम से मनाया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से सवश्री उमेश यादव अनुज शुक्ला शैलेन्द्र सिंह परिहार करषणा प्रजापति,, सलमान खान आबिद अली गाजी साजिद भाई के पी त्रिपाठी इमितयाज अहमद संजीव निगम सैय्यद वसीम अहमद राजकुमार कनौजिया संजय कुमार सहित सैकड़ों लोग ने जन्म दिन की मुबारकबाद दी।

## महिलाओं से संबंधित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं जागरूकता चौपाल, तथा जनसुनवाई का आयोजन

कानपुर नगर। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं जागरूकता चौपाल तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 03 अगस्त, 2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से सर्किट हाउस में मा0 सदस्या, उ0प्र0, राज्य महिला आयोग श्रीमती पूनम कपूर एवं श्रीमती रंजना शुक्ला की अध्यक्षता में किया जायेगा। जिसमें प्रशासनिक, पुलिस, महिला कल्याण, समाज कल्याण सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे तथा महिलाओं के उत्पीडन से संबंधित शिकायतों/समस्याओं का निस्तारण त्वरित किया जायेगा।

## आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

कानपुर नगर। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में बीएनएसडी



शिक्षा निकेतन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर के मा0 सदस्य विधान परिषद श्री अरुण पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर मा0 सदस्य विधान परिषद श्री अरुण पाठक द्वारा जनपद के कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया गया। आयोजन का समापन बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के प्रधानाचार्य श्री ब्रजमोहन सिंह द्वारा प्रेरणादाई सम्बोधन एवं पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। इस युवा उत्सव में जनपद के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में प्रतिभाग कर पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्राप्त किए। लोकगीत में आकांक्षा एंड ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, शास्त्रीय गायन में चेतन गुप्ता, एक्सरेम्पोर में दिव्याशी दुबे, लोक नृत्य में आकांक्षा एंड ग्रुप्स, तबला वादन में शुभम विश्वकर्मा, हारमोनियम में आकाश शर्मा, सितार में स्वाति पांडेय, बांसुरी में आकाश कुमार, भरतनाट्यम में जाहनवी तिवारी, कत्थक में सौंदर्य गुप्ता, ओडिसी में अंतरा अग्रवाल, एकांकी में डीएवी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला





युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती आरती जयसवाल द्वारा बताया गया कि जनपद स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता के विजेता कलाकार कल दिनांक 03 अगस्त, 2022 को होने वाली मण्डल स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। मंडल स्तर के विजेता कानपुर नगर में ही होने वाली जोन स्तर की प्रतियोगिता के तत्पश्चात राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस वर्ष राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन कानपुर नगर द्वारा 29 से 31 अगस्त में कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी श्री अनिल कुमार तिवारी, श्री अमित कुमार ,सुश्री रिचा मिश्रा, सुश्री निधि पांडेय, सुश्री स्मृता सिंह के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री धीरेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

## कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए परमट मंदिर में पोस्टर लगा किया वृक्षारोपण



कानपुर। भारत तिब्बत सहयोग मंच ने कानपुर प्रान्त अध्यक्ष एडवोकेट अतुल निगम की अगुवाई में मार्गदर्शक डॉ इंद्रेश जी, राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल व क्षेत्र संयोजक मनोज जी के निर्देश पर कानपुर के प्रसिद्ध शिव मंदिर आनंदेश्वर मंदिर परमट में कैलाश मानसरोवर की मुक्ति का पोस्टर लगाया। तद्पश्चात कचहरी के तिकोनिया पार्क में मीठी नीम और अशोक का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया गया।
प्रांत अध्यक्ष एडवोकेट अतुल निगम ने परमट मंदिर में पोस्टर लगाने के बाद सभी को संकल्प दिलाया कि कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए हम सब भगवान शिव के निवास कैलाश मानसरोवर को चीन के अधिपत्य से मुक्त कराने के लिए यथाशक्ति प्रयास करेंगे और इस दिशा में किए जाने वाले प्रयासों में हर संभव सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रांत अध्यक्ष एडवोकेट अतुल निगम, महामंत्री हरिओम भदौरिया, संगठन मंत्री सुनील श्रीवास्तव, डॉ पूनम द्विवेदी, मनु जी, रिपु निगम, पिंकू निगम, लवली सक्सेना, एडवोकेट पंकज राजावत, अजय कुमार श्रीवास्तव, कृष्णा शर्मा , अशोक गुप्ता , अभिषेक चौधरी, बृजेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## अनवरगंज से मंधना रेलवे ट्रैक पर बनेगा एलिवेटेड रेलवे ट्रैक



कानपुर। अनवरगंज से मंधना रेलवे ट्रैक पर बनेगा एलिवेटेड रेलवे ट्रैक। 30 अगस्त तक तैयार होगा रेलवे का डीपीआर। कार्य प्रारंभ होने के बाद 18 रेलवे क्रॉसिंग से लगभग 3 वर्षो में मिलेगी पूर्ण रूप से निजात । अनवरगंज से मंधना एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का पूर्ण हो चुका है सर्वे का काम जिलाधिकारी श्री विशाख जी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अनवरगंज से मंधना तक बनने वाले एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के सर्वे के पश्चात रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक की द्य बैठक में रेलवे के अधिकारियों ने अवगत कराया सर्वे के पश्चात जल्द से जल्द डीपीआर तैयार कर अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु रेलवे बोर्ड को प्रेषित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अनवर गंज से मंधना एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बन जाने के बाद कानपुर शहर की एक बहुत ही गंभीर और लंबे समय से लंबित ढांचागत समस्या का समाधान हो जायेगा जिससे जी0टी0 रोड पर लगने वाले जाम से लोगो को निजात मिलेगी । रेलवे के अधिकारियों ने कराया कि कानपुर निवासियों की मांग है कि कानपुर के अत्यधिक भीड़भाड़ वाले शहर क्षेत्र में पड़ने वाले एनईआर के अनवरगंज–मंधना खंड के जीटी रोड के समानांतर 18 लेवल क्रॉसिंग खत्म किया जाएगा। जिसके सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है डीपीआर पर अनुमोदन होने के बाद जल्द से जल्द कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इसके निर्माण के बाद कानपुर नगर के स्थानीय निवासियों को वाहन प्रदूषण के साथ–साथ अक्सर ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है, अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी आसानी होगी।

## आर्बिट्रेशन की विशेष लोक अदालत का 06 अगस्त को किया जायेगा आयोजन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों में लालचन्द्र गुप्ता, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के निर्देशानुसार 06 अगस्त 2022 दिन शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों की विशेष लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैंकों एवं फाइनेन्स कम्पनी के पदाधिकारीगण को अधिक से अधिक वादों को निस्तारित करने हेतु कहा गया।
सचिव श्रीमती संगीता ने बताया गया कि विशेष लोक अदालत में आर्बिट्रेशन से सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जायेगा। अतः आर्बिट्रेशन से सम्बन्धित वादों के निस्तारण हेतु उक्त दिनांक 06.08.2022 को विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर अधिकाधिक वादों का निस्तारण करायें।

## दहेज के लिए बार-बार प्रताड़ित किए जाने पर नवविवाहिता ने लगाई फांसी हुई मौत

आनन्द बाबा पत्रकार कानपुर। चकेरी थाना क्षेत्र के लाल बंगला काजी खेड़ा स्थित डॉक्टर–डे अस्पताल के पास रहने वाले उमादत्त गौतम ने अपने बेटे राहुल गौतम की शादी औरैया मसूदपुर ग्राम निवासी महेंद्र प्रताप की बेटी डिंपल चौधरी 20 वर्ष से 28 नवम्बर 2021 को की थी। शादी में लड़के पक्ष ने अच्छी खासी दहेज की डिमांड की थी जिसमे लड़की के पिता ने लड़के वालो को दहेज में 15 लाख रुपए कीमत की क्रेटा कार 1000000/– रुपए व गृहस्ती का सारा सामान समेत शादी के अरेंजमेंट को मिलाकर लगभग 40 से 45 लाख रुपए की अच्छी शादी की थी। किंतु मांगे गए दहेज की रकम के अनुसार लड़की के पिता लड़की के ससुराली जनों को 100000/– रुपए कम दे पाए थे। जिन पैसों को लेने के लिए लड़की के ससुराली जन ससुर उमादत्त, सास मधु, ननद रेखा, और पति राहुल मिलकर नवविवाहिता को शादी के कुछ ही समय बाद प्रताड़ित करने लगे और उसे मारने पीटने लगे ससुराली जनों की प्रताड़ना से तंग होकर नवविवाहिता ने सारी बात अपने घर पर बताई तो पिता ने बेटी से जल्द ही बचे हुए पैसे देने की बात को कहकर उसे समझाया और उसे शांत करा दिया। धीरे धीरे कर कुछ समय और बीता और लड़की के पिता पैसे नहीं दे पाए तो लड़के वाले लड़की पर और भी जादा बुरी तरह से जुल्म ढाने लगे जिसको लेकर लड़की ने 4 दिन पहले भी अपने भाई कृष्णा को फोन करके ससुराली जनों द्वारा बुरी तरह मार पिटाई कर प्रताड़ित किए जाने की बात बताई थी। जिसके बाद परिवारी जनों के घर पहुंचने से पहले ही लड़की ने ससुराली जनों से हताश होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लड़की की मौत की खबर मिलते ही लड़की के परिवार पर कोहराम छा गया और रो–रो कर सबका बुरा हाल हो गया। भारी संख्या में लड़की का परिवार चकेरी थाने पर मौजूद जहां ससुराली जनों पर सख्त से सख्त कार्रवाई कर उन्हे सजा देने की कर रहा मांग।

## सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित संचालित परीक्षाओं तथा अन्य प्रस्तावित परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए शान्ति भंग की संभावनायें

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

कानपुर नगर। अपर जिला मजिस्ट्रेट(वि०/रा०) श्री राजेश कुमार ने बताया है कि विभिन्न राजनैतिक, साम्प्रदायिक एवं अन्य संगठनों द्वारा आए दिन आयोजित धरना, प्रदर्शन, जुलूस, मोहर्रम, रक्षा बंधन, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी, महात्मा गांधी जयन्ती, त्योहारों तथा कर्मचारी चयन आयोग प्रयागराज, उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित संचालित परीक्षाओं तथा अन्य प्रस्तावित परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए शान्ति भंग की संभावनायें हैं, जिससे कानपुर आउटर क्षेत्र की शान्ति व्यवस्था कुप्रभावित हो सकती है। चूंकि इतना समय नहीं है कि जिन व्यक्तियों के विरूद्ध यह आदेश पारित किया जा रहा है उन पर नोटिस की तामीली की जा सके, अतः यह आदेश एकपक्षीय पारित किया जा रहा है। कानपुर आउटर क्षेत्र की शान्ति भंग की संभावना से पूर्णतः सन्तुष्ट होते हुए पूर्व में पारित आदेश को अतिक्रमित करते हुए धारा 144 जा0फौ0 के अन्तर्गत निम्नलिखित आदेश पारित किये हैं कि परीक्षार्थियों/ केन्द्र व्यवस्थापकों/कक्ष निरीक्षकों, नकल विहीन पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु लगाए गए अधिकारियों/ कर्मचारियों, सचल दल, सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट्स व पुलिस अधिकारियों/कर्मियों के अतिरिक्त कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों की बाउण्ड्रीवाल के बाहर 100 मी0 की परिधि के अन्दर प्रवेश नहीं करेगा और न ही प्रवेश कराने की कोशिश करेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों पर या उसके आस पास न नकल कराएगा और न ही नकल करेगा तथा न किसी प्रकार का अनुचित साधन या किसी वाहन का प्रयोग परीक्षार्थियों को नकल आदि करने या कराने में प्रयोग करेगा और न ही किसी प्रकार का संकेत या शब्द का प्रयोग ही करेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र के 100 मी0 के दायरे मे ध्वनि विस्तारक यन्त्र का प्रयोग नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में फोटो कापी, फैक्स, इन्टरनेट कैफे इत्यादि की दुकान न तो खोलेगा और न ही खोलने का प्रयास करेगा। यह आदेश सरकारी कार्यालयों/ अधिष्ठानों पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति, किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार जैसे तलवार, बल्लम, भाला, करौली, बेंत, काता, 5 सेमी0 से बडा चाकू, धनुषबाण, लाठी, डण्डा या अन्य कोई घातक हथियार आदि किसी सार्वजनिक स्थान पर लेकर नहीं चलेगा, वह व्यक्ति जो बीमार है और बिना किसी छड़ी के सहारे नहीं चल सकता है, इस आदेश से मुक्त रहेगा, वह व्यक्ति जो अपने आग्नेयास्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण कराने तथा लाइसेंस पर शस्त्र का अंकन कराने आएगा, इस आदेश से मुक्त रहेगा। सरकारी कर्मचारी जो ड्यूटी पर है, इस आदेश से मुक्त रहेगा। कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के रैली, जनसभा, नुक्कड़ सभा, जुलूस आदि का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति पाँच अथवा पाँच से अधिक के ग्रुप में किसी सार्वजनिक स्थानध्सड़क पर एकत्रित नहीं करेगा, जुलूस या प्रदर्शन बिना अनुमति के आयोजित नहीं करेगा। यह प्रतिबन्ध शादी–विवाह या शवयात्रा पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति उत्तेजक नारा या भाषण आदि का प्रयोग पर नहीं करेगा और ऐसी कोई कार्यवाही नहीं करेगा जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे अथवा किसी वर्ग समुदाय को अप्रिय लगे व उससे उत्तेजना फैले एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़े। कोई भी व्यक्ति समाज में द्वेष फैलाने, धार्मिक उन्माद फैलाने, साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले बैनर, पोस्टर, होर्डिंग आदि नहीं लगाएगा और न ही ऐसे अश्लील नृत्य, कार्यकम, नाटक, गाना, आडियों–वीडियो, सीड़ी का प्रयोग करेगा और न ही ऐसा करने हेतु किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी जोरदार ध्वनि करने वाला पटाखा या आतिशबाजी बड़ा पटाखा (गोला) या जमीन पर मारने से फटने वाला पटाखा न तो बेचेगा और न ही अपनी दुकान में रखेगा और न कोई व्यक्ति इसे लेकर चलेगा और न ही उसका प्रयोग करेगा। कोई भी व्यक्ति अफवाह नहीं फैलाएगा और न ही अफवाह फैलाने के लिए किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति वैवाहिक कार्यकम एवं अन्य समारोहों आदि पर आग्नेयास्त्र से हर्ष फायर नही करेंगा। कोई भी व्यक्ति औद्योगिक व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों एवं दुकानों आदि को जबरन बन्द नहीं कराएगा अथवा सरकारी कार्यालय, फैक्टरियों व मिलों आदि के सामान्य कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं करेगा अथवा आवश्यक वस्तु के वितरण या उसके आने जाने में किसी प्रकार की रूकावट नहीं डालेगा और न ही ऐसा कृत्य करने के लिए किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यन्त्र या अन्य किसी यन्त्र का प्रयोग नहीं करेगा। रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। कोई भी व्यक्ति उ0प्र0रा0 स0प0नि0 की बसों अथवा अन्य वाहनों को सार्वजनिक मार्ग पर चलने से न तो रोकेगा और न ही कुव्यवस्था उत्पन्न करने की कार्यवाही करेगा और न ही इस प्रकार की कार्यवाही का प्रयास करेगा और न ही किसी प्रकार के वाहनों को क्षतिग्रस्त करेगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक रास्ते में अवरोध नहीं उत्पन्न करेगा और न ही ऐसा करने के लिए किसी को .प्रेरित करेगा जिससे यातायात के समय आवागमन में कोई व्यवधान उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति चाइनीज मांझाध्लोहे के तार न तो बेचेगा और न ही बेचने का प्रयास करेगा। इसी के साथ ही कोई भी व्यक्ति न तो पतंग में लोहे के तारध्चाइनीज मांझा बांधकर पतंगबाजी करेगा और न ही इस प्रकार की पतंगबाजी करने का प्रयास करेगा। कोई भी वक्ता/ व्यक्ति/राजनैतिक दल/ प्रत्याशी किसी धर्म, जाति, व व्यक्ति विशेष की आलोचना न तो अपने वक्तव्य में करेगा और न साम्प्रदायिक उन्माद व जातिगत संघर्ष, उत्पन्न करने वाला आपत्तिजनक कैसेट बजायेगा और न ही ऐसा करने हेतु किसी को प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि यह आदेश जनपद कानपुर आउटर की सीमा पर लागू होगा। इस आदेश का प्रचार–प्रसार पुलिस अधीक्षक आउटर के थानों के माध्यम से कराया जाएगा तथा स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से भी इसका प्रचार–प्रसार कराया जायगा। उपरोक्त किसी भी प्रतिबन्ध का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा। यह आदेश आज से दिनांक 31 सितम्बर, 2022 तक प्रभावी रहेगा।

## आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान में समस्त विभागीय अधिकारी करें संपूर्ण तैयारियां : जिलाधिकारी

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारी के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागवार कार्यक्रम के माइक्रो प्लान की चर्चा की गई। बैठक में ग्राम्य विकास विभाग, नगर विकास, पुलिस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, युवा कल्याण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग आदि विभागों की कार्ययोजना पर चर्चा हुई, बैठक में जिलाधिकारी ने कहा की शासन के गाइड लाइन के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि आजादी अमृत महोत्सव के दौरान ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में साफ–सफाई अभियान चलाकर कराई जाए तथा समस्त विभाग इसमें बढ़–चढ़कर हिस्सा अवश्य ले प्रतिष्ठानों दुकानों सरकारी भवनों आदि के इमारतों को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रंगाई पुताई अवश्य किया जाए, जिलाधिकारी ने युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में



खेलकूद प्रतियोगिता कबड्डी खो–खो इत्यादि का आयोजन कराएं, वही वही जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत किसान गोष्ठी किसान मेला इत्यादि का आयोजन कराएं तथा उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित भी करें। बैठक में अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विकास भवन में मनाया गया पिंगली वेंकैया जी का जन्मदिवस

कानपुर देहात। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी नेहा जैन व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय के निर्देशन में विकास भवन सभागर कक्ष में राष्ट्रीय ध्वज के अभिकल्पक पिंगली वेंकैया का जन्मदिवस समारोह कार्यक्रम उपायुक्त मनरेगा हरिशचन्द्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया।
इस मौके पर उपायुक्त मनरेगा ने उनके जीवन चरित्र के बारे में सभी को जानकारी दी। इस मौके पर जिला कार्यक्रम विभाग के विजय बहादुर द्वारा उनके जन्म दिवस पर एक गीत प्रस्तुत किया गया, इस मौके पर उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव, पशु चिकित्साधिकारी डा0 देवकी नंदनलावनिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शीश कुमार, जिला कृषि अधिकारी डा0 उमेश कुमार गुप्ता आदि विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मर्चेन्ट्स चैम्बर आफ उत्तर प्रदेश की फिस्कल एवं कार्पोरेट अफेयर्स कमेटी द्वारा विदेश व्यापार का भारतीय रूपये में निपटान पर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन

कानपुर। मर्चेन्ट्स चौम्बर आफ उत्तर प्रदेश की फिस्कल एवं कार्पोरेट अफेयर्स कमेटी द्वारा विदेश व्यापार का भारतीय रूपये में निपटान पर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन डा0 गौरहरि सिंघानिया कांफ्रेस हाल सिविल लाईन कानपुर में सायं 05:00 बजे से आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुये मर्चेन्ट्स चौम्बर आफ उत्तर प्रदेश श्री अतुल कानोडिया जी ने आये हुये सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं कहा कि आज की यह वार्ता व्यापारिक एवं उद्योग जगत के लिये बहुत ही उपयोगी साबित होगी जिसमें विदेश व्यापार का भारतीय रूपय में निपटान के बारे में जानकारी दी जायेगी।
सत्र के मुख्य वक्ता सीए हिमांशू कपूर ने भारतीय रूपये में अंतराष्ट्रीय व्यापार का निपटान, भारतीय रूपये को परिवर्तनीय बनाने हेतु एक पहल है यह अर्थव्यवस्था को मजबूत को करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा साथ ही व्यापारिक घाटे को कम करने में भी सहायता मिलेगी। हालांकि ईरान के साथ व्यापार की समान निपटान योजना भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पूर्व में लाई गई, जो सफल नही हो पाई। छोटी इक्विटी में ट्रेडिंग निवेशक के प्रकार और उसकी जोखिम लेने की क्षमता और निवेशक की इच्छा पर निर्भर है। इनमें से बहुत कुछ लोगों के व्यवहार पैटर्न अर्थव्यवस्थाओं और भविष्य को समझने के तरीकों पर है। यह समय सीमा पर भी निर्भर करता है और हमेशा निवेश करना एक कला है



छायाकार :राधा सिंह

और अर्जित की जा सकने वाली राशि अनंत है। आज भी आपके पास सावधि जमा की दर बेहतर साल दर साल लगातार लाभांश रिटर्न देने वाले सुरक्षित दांव है। अधिक महत्वपूर्ण यह है कि आप आस–पास देखें कि लोगों के व्यवहार के तरीके कैसे बदल रहे है।
शार्ट टर्म में पब्लिक सेक्टर के बैंक फार्मा और कमोडिटी सेक्टर के अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिानिक वाहन, सौर ऊर्जा, कम्पोस्टेबल पैकेजिंग जैसे उभरते क्षेत्र में यह दीर्घकालिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छे परिणाम साबित होंगें।
फिस्कल एवं कार्पोरेट अफेयर्स कमेटी के चेयरमैन– श्री सुधीन्द्र जैन ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फिस्कल एवं कार्पोरेट अफेयर्स कमेटी के एडवाईजर– श्री राकेश गर्ग उपाध्यक्ष– श्री आदेश टंडन एवं समन्वयक– श्री ए के सक्सेना आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी मर्चेन्ट्स चौम्बर आफ उत्तर प्रदेश के सचिव– महेन्द्र मोदी ने दी।

# संक्षिप्त समाचार

## एसएचओ ने थाना परिसर में रखी मंदिर निर्माण की नींव



नवीन भसीन सम्पूर्णानगर,खीरी। स्थानीय सम्पूर्णानगर थाना परिसर में विगत दो दशकों से ज्यादा पुराना मंदिर बना हुआ था, लेकिन आज तक इस मंदिर का जीर्णोद्धार नहीं हुआ था। मंदिर में रखे पत्थरों की ही पूजा होती रहती थी, जिसको मद्देनजर रखते हुए प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया। मंगलवार को सावन माह के पवित्र महीने में श्री शाही ने थाना परिसर में शिव मंदिर के निर्माण की नींव रखी। उन्होंने बताया कि मंदिर का निर्माण क्षेत्र के लोगों के सहयोग से कराया जाएगा। जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। प्रभारी निरीक्षक द्वारा थाना परिसर में मंदिर निर्माण को लेकर उठाए गए कदम की क्षेत्र के लोगों ने काफी सराहना की है।

## डीएम व एसपी ने थाना बिधूना व बेला क्षेत्र में किया भ्रमण

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। जिलाधिकारी औरैया प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक औरैया रूचारू निगम द्वारा आगामी त्योहारों– मुहर्रम व रक्षाबंधन के दृष्टिगत थाना बेला के अन्तर्गत ग्राम पुर्वा राउत



चौकी सहार व थाना बिधूना में स्थिति इमाम चौक व कर्बला स्थल का निरीक्षण किया गया तथा शांति व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते हुए आम जनमानस को शांति व सौहार्द के साथ त्योहारों को मनाने की अपील की गयी, तथा भ्रमण के दौरान रास्तों व व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित अधि0ध्कर्म0गणों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान उपजिलाधिकारी बिधूना व क्षेत्राधिकारी बिधूना महेन्द्र प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षको की स्मस्याओ का सौपा ज्ञापन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद औरैया। अगस्त शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिलाध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव व जिला मंत्री अरविंद राजपूत के नेतृत्व में 12 सूत्री ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री विपिन कुमार को सौपा ज्ञापन में अध्यापकों के चयन वेतनमान के एरियर का भुगतान कराने सभी शिक्षकों के एरियर इलाकों पर भेजे जाएं जिससे उनकी कमियों को दूर कर समय से भुगतान हो सके खाद्यान्न कन वर्जन कॉस्ट रसोईया मानदेय समय से एसएमसी खातों में भेजा जाए ऑफलाइन अवकाश व अनऑथराइज्ड अवकाश में जिन अद्यापको के वेतन कटे है ।उनका आदेश बना कर भुगतान कराया जाए ।निरीक्षण के नाम पर अनुपस्थित या कुछ लेट होने पर अद्यापको वेतन काटना न्याय संगत नही है ।बिना नोटिस जबाब के बाद कोई कार्यवाही की जाए ।सभी प्रकार का एरियर का भगतान समय से वे क्रमागत रूप से कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में सुनील कुमार वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, दीपक दुबे ब्लॉक अध्यक्ष अजीतमल, अरविंद दुबे ब्लॉक अध्यक्ष औरैया विष्णु दत्त उपस्थित रहे।





## डीपीआरओ पर कार्यवाही की प्रधान संघ ने की मांग

- एडीएम और एडिशनल एसपी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद (औरैया)। औरैया ब्लाक की ग्राम पंचायत रौतियापुर के प्रधान पति की मौत का मामला गरमाने लगा है ।डीपीआरओ द्वारा प्रधानपति को हड़काने की बजह से प्रधानपति की मौत होने का परिजनों के आरोप से प्रधान संघ भी आक्रोशित हो उठा है। कार्यवाही की मांग को लेकर तमाम प्रधानों ने ककोर मुख्यालय पहुंचकर एडीएम और एडिशनल एसपी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। मंगलवार को अखिल भारतीय प्रधान सँगठन के जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह,प्रधान संगठन के ब्लाक भाग्यनगर अध्यक्ष राजकुमार सिंह के साथ जनपद के सौ से अधिक प्रधान गांव रौतियापुर पहुंचे और प्रधानपति को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों से जानकारी की ।इसके बाद सारे प्रधान ककोर मुख्यालय पहुंचे और डीएम को सम्बोधित एक ज्ञापन एडीएम रेखा एस चौहान को सौंपते हुए बताया कि डीपीआरओ ने निरीक्षण के दौरान प्रधानपति को गलत तरीके से धमकाया जिससे उन्हें हार्ट अटैक पड़ा और उनकी म्रत्यु हो गयी डीपीआरओ के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की जाए ।प्रधान एसपी कार्यालय भी पहुंचे जहाँ अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल सिंह को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की ।प्रधान अशोक चक,रंजना,कमला देवी,मोहित सिंह,सुनील कुमार दोहरे,मोहम्मद वसीम,संत कुमार नायक,महाराज सिंह ,कौशलेंद्र सिंह,अवनीश सिंह,पिंकू यादव,यशपाल सिंह प्रधान और भीम आर्मी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह मौजूद रहे।





## बाल स्वास्थ्य पोषण माह के अंतर्गत पिलाई जाएगी विटामिन ए की खुराक

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। बाल स्वास्थ्य पोषण माह के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। वहीं इस दौरान सभी बच्चों को आयरन की सिरप व सत्र स्थलों पर माताओं को बच्चों के पोषण संबंधी जानकारी भी दी जाएगी।

एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में एक साथ बाल स्वास्थ्य पोषण माह 3 अगस्त से मनाया जा रहा है।

यह अभियान खीरी जिले में भी सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में चलाया जाएगा। 3 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान में 9 माह से 5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। वहीं सभी को आयरन की सिरप के साथ ही बच्चों की माताओं को पोषण संबंधी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खासकर ग्रामीण और गरीब परिवारों के बच्चों में कुपोषण को रोकना है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त उपकेंद्रों पर लगने वाले टीकाकरण सत्र के साथ ही विशेष सूत्रों का भी आयोजन किया जाएगा।

## दो हजार की आवादी वाले गांव के 40 वर्ष पुराने चकरोड को लेखपाल व कानून गो ने जेसीबी से करवाया बन्द, ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री व जिला के अधिकारियों से लगाई गुहार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद (औरैया)। थाना क्षेत्र के गांव नगला पाठक से डेरा बंजारन के लिए 40 वर्ष पुराने चकरोड को लेखपाल व कानून गो की मिली भगत से कब्जा करवा दिया गया है। जिससे डेरा बंजारन के लोगो के निकलने के लिए कोई रास्ता नही है। पीडित ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को प्रर्थना पत्र भेज कर रास्ता खुलवाए जाने की मांग की है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत नगला पाठक के गांव विजयपुर (डेरा बंजारन) 2000 की आवादी व 510 वोटर निवास करते हैं। नगला पाठक से विजयपुर डेरा बंजारन जाने वाले चकरोड को लेखपाल व कानून गो ने विगत दिनो जेसीबी व टैक्टर की मदद से खुदवा दिया। तथा बेबी पाठक को कब्जा दे दिया। और चकरोड बगल के खेत मालिक नित्यानंद पाठक के खेत मे निकाल दिया। जिसपर अतिक्रमण है। ऐसी स्थिति में गांव के लोगो को निकलने में परेशानी हो रही है तथा दूसरों के खेतों से होकर निकल रहे हैं। जब की विगत 40 वर्षों से इसी चकरोड से होकर डेरा बंजारन के लोग निकलते थे। डेरा बंजारन जाने के लिए केबल एक ही रास्ता था। वह भी अब बन्द कर दिया है। जिससे डेरा बंजारन के लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डेरा बंजारन निवासी ऊदल सिह,नरेंद्र सिह,लेखपाल सिह,अशोक कुमार,विष्णु दयाल,नेत्रपाल सिह,शिव सिह,विसम्भ सिह,राजू नायक, मुलायम नायक,राजा सिह,कुँवर पाल आदि ने मुख्यमंत्री व एसडीएम सदर को प्रर्थना पत्र भेज कर समस्या से निजाद दिलाये जाने की मांग की है।



## शौच के लिए गई महिला पर आवारा गोवंश ने किया हमला गंभीर घायल उपचार के दौरान हुई मौत



संवादाता सभा जीत बर्मा

फतेहाबाद। फतेहाबाद के मोहल्ला काली नगर निवासी एक 68 वर्षीय महिला मंगलवार सुबह शौच के लिए गई। जहां खेत में बैठे का आवारा गोवंश ने महिला पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई । परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई ।घटना की जानकारी पर पहुंचे एसडीएम तथा वन विभाग की टीम ने आवाज को पकड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विमला देवी उम्र करीब 68 वर्ष पत्नी दाताराम निवासी मोहल्ला काली नगर मंगलवार सुबह घर से थोड़ी दूरी पर खेतों में शौच के लिए गई ।जब वह खेतों में शौच के लिए पहुंची तभी खेत में बैठे एक आवारा गोवंश ने विमला देवी पर हमला बोल दिया। तथा उसे सींगो से पटक कर जमीन पर गिरा दिया। तीन चार बार किये हमले में विमला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना की जानकारी पर ग्रामीण तथा उनके परिजन मौके पर पहुंचे। तथा आवारा गोवंश को भगाकर दूर किया तथा विमला को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान विमला देवी की मौत हो गई। घटना की जानकारी थाना फतेहाबाद पुलिस एसडीएम, जेपी पांडे तथा वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने इंजेक्शन लगा कर उसे जंगल में भेजे जाने की तैयारी शुरू कर दी है। स्थानीय निवासी गिर्राज मोदी ने बताया कि उक्त आवारा गोवंश ने पहले भी कई लोगों पर हमला कर दिया है ,करता वह लोगों के साथ–साथ अन्य जानवरों पर भी हमला कर देता है।

## लालपुरा में विषबेल के इलाज के लिए बजी ढाक, उमडी भीड सुखभान के थान पर हुई पूजा

जैतपुर । मंगलवार को जैतपुर के लालपुरा गांव में सुखभान और पहलवान के थान पर नागपंचमी के मेले का आयोजन हुआ। पृथ्वीराज चौहान के कालखण्ड में बने थान पर दिन भर पूजा पाठ का दौर चला। परंपरागत मेला लगा। पीपल के पेड के नीचे विषबेल के इलाज के लिए ढाक बजाई गई।



इटावा , भिण्ड, मुरैना, फिरोजाबाद, धौलपुर तक के लोग यहां पर पहुंचे। ढाक के गीत गाने वाले कमल सिंह नरवरिया, अतर सिंह नरवरिया, शिवराम, कल्यान सिंह, रामविजय आदि ने बताया कि पूर्व जन्म में सर्प के काटने से होने वाली विषबेल से नाग देवता के दाबे के आधार पर मुक्ति मिलती है। लालपुरा के अलावा नौगवां के राधा कृष्ण मंदिर पर भी मंगलवार देर शाम से धार्मिक आयोजन शुरु हुए जो बुधवार को भी जारी रहेंगे।

# अनियंत्रित ट्रक चौकी बेहजम की बाउंड्रीवाल में घुसा

- लैट्रीन, बाथरूम समेत बाउंड्रीवाल ध्वस्त

ब्रजेश सिंह बेहजम,खीरी। थाना नीमगांव की चौकी बेहजम में अलसुबह एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया। मंगलवार की सुबह छह बजे चौकी के सभी कर्मचारी जब अपनी बैरक में आराम कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार ओवरलोड गिट्टी से भरा ट्रक चौकी की बाउंड्रीवाल और उससे सटे बाथरूम व पेशाब घर को तोड़ दिया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई भी पुलिस कर्मी घायल नहीं हुआ। तेज आवाज सुनकर चौकी प्रभारी सुनील बाबू अवस्थी अपने सिपाहियों के साथ आये और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। बताते चले ग्वालियर मध्यप्रदेश से गिट्टी भरकर लखीमपुर आ रहे ट्रक एमपीएस 7 एचबी 8114 जब कस्बे में पुलिस चौकी के नजदीक पहुंचा तो अचानक ड्राइवर की आंख लग जाने के कारण गिट्टी भरा ट्रक ने बिजली का पोल तोड़ते हुए पुलिस चौकी की बाउंड्री लैट्रीन, बाथरूम, पेशाब घर तोड़ते हुए समरसेबुल की बोरिंग को ध्वस्त कर दिया। पुलिस चौकी के गेट से टकरा गया। ड्राइवर गुरुलाल पुत्र बलजीत निवासी निवासी मोहल्ला पुरानी छावनी ग्वालियर इंद्रजीत पुत्र प्रीतम निवासी ग्वालियर ट्रक को लेकर लखीमपुर गिट्टी उतारने के लिए जा रहे थे। ट्रक चालक को हिरासत में लेकर उसके मालिक को सूचना दी गई और पुलिस ने जिला मुख्यालय से क्रेन को मंगाकर ट्रक को हटवाया और ट्रक चालक और उसके मालिक के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की गई। इसी बीच सड़क पर जाम लगने से लोगों को दिक्कत भी हुई, जिससे आवागमन बाधित भी हुआ। बाईपास के द्वारा वाहनों को निकाला गया। घटना की सूचना पर इंस्पेक्टर अवधेश कुमार भी मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली।



# प्रदेश को बालश्रम से मुक्तकराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : अनीता



- आयोग सदस्य ने अफसरों संग की बैठक, दिए निर्देश

श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। मंगलवार को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य अनीता अग्रवाल अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद खीरी पहुंची, जहां उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों संग सीएम बाल सेवा योजना, 'एक युद्ध नशे के विरूद्ध', पीकू वार्ड व बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की और संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में सदस्य अनीता अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ बच्चों एवं महिलाओं की समस्याओं के प्रति काफी संवेदनशील हैं। सरकार द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के कल्याण हेतु विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनायें चलाई जा रही हैं। बच्चों को बालश्रम से बचाना तथा उनके पुनर्वास की जिम्मेदारी हम सभी की है। जब हम अपने कर्तव्यों को समझेंगे, तभी अपनी भूमिका का निर्वहन सही तरीके से कर सकेंगे। बाल श्रम को समाप्त करने के लिए बने कानूनों का कड़ाई से पालन किया जाये। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए सदस्य ने निर्देश दिया कि पीकू वार्ड, एनआरसी, सीएससी केन्द्र व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये। सदस्यों द्वारा यह भी सुझाव दिया कि सरकारी चिकित्सकों के प्राईवेट प्रैक्टिस पर भी प्रभावी अंकुश लगायें। सदस्यों द्वारा बालश्रम पर प्रभावी अंकुश के लिए आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित करने का सुझाव देते हुए बालश्रम से सम्बन्धित मामलों में कड़ी कार्रवाई कराये जाने की भी अपेक्षा की। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आहवान्ह किया कि प्रदेश को कुपोषण मुक्त करने के उद्देश्य से संचालित किये जा रहे कार्यक्रमों को सफल बनाये जाने के लिए सक्रिय सहयोग प्रदान करें। बैठक के दौरान 'एक युद्ध नशे के विरूद्ध' अभियान के सम्बन्ध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन यह सुनिश्चित कराए कि स्कूल ड्रेस में पार्क, होटल, और थियेटरो में बच्चों की नो एंट्री रहे। बच्चे स्कूल टाइम में बंक न मारे यह सुनिश्चित कराएं। बैठक में सीओ सदर संदीप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम, डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी पासी, डीआईओएस डॉ. अमरकांत सिंह, बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत पांडेय, सहायक श्रमायुक्त डॉ. महेश कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

- सदस्य ने बा विद्यालय का निरीक्षण कर जानी हकीकत

लखीमपुर–खीरी। मंगलवार को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की न केवल मूलभूत आवश्यकताओं की पड़ताल की, बल्कि शैक्षिक गुणवत्ता परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षिकाओं को निर्देश दिया कि बालिकाओं को रचनात्मक व सुरुचिपूर्ण ढंग से पढ़ाए। उन्होंने बालिकाओं से कई प्रश्न करके उनकी शैक्षिक गुणवत्ता जांची। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की उपस्थिति स्टॉक सहित विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन करके संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम के साथ मां काली सेवा संस्थान द्वारा संचालित बालग्रह बालक दत्तक ग्रहण इकाई का औचक निरीक्षण किया। वहां संवासित बच्चों से बातचीत करके व्यवस्थाओं की पड़ताल की, जरूरी निर्देश दिए।

# धात्री माताओं को बताए जा रहे हैं स्तनपान के फायदे

- सात अगस्त तक मनाया जायेगा विश्व स्तनपान सप्ताह
- अगस्त के प्रथम सप्ताह से शुरू हुआ विश्व स्तनपान सप्ताह


श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। स्तनपान कराने के कितने लाभ है, इसके बारे में धात्री माताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी धात्री माताओं को जागरूक किया जा रहा है, इसलिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित भी किया गया है।

सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह की शुरुआत एक अगस्त दिन सोमवार से हो गई है और यह सप्ताह सात अगस्त दिन रविवार तक मनाया जायेगा। जिसमें समस्त धात्री माताओं (प्रसूताओं) को स्तनपान से मां एवं शिशु को होने वाले फायदे के बारे में आशा, आशा संगिनी, एएनएम, सीएचओ के द्वारा बताया जाएगा। सामुदायिक स्तर पर तथा स्टाफ नर्स व नर्स मेंटर के द्वारा प्रसव कक्ष व जननी शिशु सुरक्षा वार्ड में माताओं बता रही हैं। विश्व स्तनपान सप्ताह के प्रथम दिन में जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता लल्ला सिंह के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पसगवां में समस्त एएनएम, सीएचओ, स्टाफ नर्स तथा नर्स मेंटर को स्तनपान से माँ एवं शिशु को होने वाले फायदे के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में अधीक्षक डॉ. अश्विनी वर्मा सहित बीसीपीएम, बीएएम, डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा सहयोगी पार्टनर एजेंसी के ब्लॉक पार्टनर यूनिसेफ, यूपीटीएसयू, डब्ल्यूएचओ के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता लल्ला सिंह द्वारा प्रशिक्षण देने के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रसव कक्ष व जननी शिशु सुरक्षा वार्ड में जाकर धात्री माताओं को स्तनपान से माँ एवं शिशु को होने वाले फायदे के बारे में भी बताया।



# विश्वकर्मा जयंती पर अवकाश करने की मांग



विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भगवान विश्वकर्मा जयंती पर पूर्ण रूप से अवकाश की घोषणा करने की मांग की है। बताते चले 2017 में उत्तर प्रदेश के विधान सभा के चुनाव में भारी बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनी थी। तब मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने भगवान विश्वकर्मा जयंती की छुट्टी आंशिक रूप में कर दी थी। यह आदेश दिया था कि 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा जयंती के दिन सभी ऑफिस खुले रहेंगे। भगवान विश्वकर्मा के बारे में सभी ऑफिस में और विद्यालयों में बताया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार जब थी, तब हमारे संगठन व विश्वकर्मा समाज के अनुरोध पर मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा जयंती को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। विश्वकर्मा जयंती के दो चार दिन पहले पूरे प्रदेश में विद्यालय और ऑफिसों में भगवान विश्वकर्मा जयंती की चर्चा होने लगती थी।

प्रशासनिक तैयारियां जोरों शोरों से होने लगती थी। प्रदेश में तमाम जगह पर अधिकारी व बड़े नेता कार्यक्रम में स्वयं भाग लेते थे। 2017 से जब से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा जयंती की छुट्टी आंशिक रूप से कर दी है। तब से किसी विद्यालय व ऑफिस में भगवान विश्वकर्मा का हवन पूजन नही किया गया। और न ही अधिकारियों के द्वारा ऑफिसों में चर्चा की गई। 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा जयंती 2022 को कुछ समय रह गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उत्तर प्रदेश के सभी ब्लाकों, सभी नगर पालिकाओं, सभी प्राथमिक विद्यालय, कॉलेजों, सभी विभागों के ऑफिस में 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा जयंती पर अधिकारियों की देख रेख में हवन पूजन कराने के साथ अवकाश की घोषणा की मांग की है।

# सम्पादकीय....

## रोजगारोन्मुखी शिक्षा युवाओं की बन सकती है सफलता की कुंजी

"युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगारपरक शिक्षा पर देना होगा विशेष ध्यान"

स्वामी विवेकानन्द जी का कहना था कि युवाओं को ऐसी शिक्षा देना चाहिए जिससे युवा आत्मनिर्भर बन सके, उन्हें आजीविका के लिए संघर्ष न करने पड़ें ।

शिक्षा मनुष्य को अपने जीवन को उज्जवल करने का मार्ग सशक्त करती है ।शिक्षित व्यक्ति अपने आप को औरों से हटकर समाज में अपना एक अलग मुकाम हासिल करता है । शिक्षा प्राप्त करने के बाद मनुष्य में बुद्धि का विकास हो जाता है वह अपने जीवन के अच्छे एवं बुरे का अंतर भली भांति समझने लगता है, यह तभी संभव होगा जब मनुष्य को सही दिशा में और वास्तव शिक्षा का कौशल प्रदान किया जाए ।

महाभारत और रामायण काल के लेखो के आधार पर हमें साक्ष्य मिलता है कि पुरानी शिक्षा पद्धति का साक्षर होना मात्र उद्देश नहीं था वल्कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ उन्हें जीवन जीने की कला भी सिखाई जाती थी । अस्त्र, शस्त्र, शास्त्र, हुनर, रोजगारपरक ज्ञान, संस्कार, व्यावहारिकता और आनंदमय जीवन के मुख्य लक्ष्यों का ज्ञान गहनता से प्रदान किया जाता था । यही कारण था कि हमारे पौराणिक ग्रंथों में एक–एक किरदार अपने विशिष्ठ गुण के साथ एक विशेष पहचान एवं विशेषज्ञता की छबि को स्पस्ट करते थे । हम सभी भगवान राम, कृष्ण, सुदामा, हनुमान आदि को एक आदर्श की तरह मानते है, उनका जीवन से हमें बहुत सा प्रासंगिक ज्ञान एवं कौशल के बारे में पता चलता है एवं जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है । इन सभी बातों को यहाँ कहना इस लिए जरूरी है क्योकि इन सभी को आदर्श मानने के पीछे उनके गुण, आचरण एवं ज्ञान को आधार माना गया है । और उनका यह सब गुण हमारे लिए लाभदायक होता है इसीलिए हम सब इन किरदारों का अनुशरण करते है । उनका यह कौशल, ज्ञान एवं काबलियत के पीछे की बात करें तो उनके पीछे उनके महान गुरुओं, उनको इस प्रकार के राह प्रदान करने वाले गुरुकुलो, आश्रम, एवं उबके आचार्यों का समर्पण था जिन्होंने ऐसे आदर्शों को बनाने के लिए अपना सर्वश्व प्रदान किया । हमें आज इसी प्रकार की शिक्षा एवं गुरुकुलो की आवश्यकता है जो वास्तविक शिक्षा की और अग्रसर करें ।

आज हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था की जर–जर हालत को देख लीजिये, सरकारी स्कूल की पढ़ाई और यहाँ की सुविधाओं के बारे में तथ्य किसी से छिपा नहीं है । सरकारी स्कूल के भवनों की जर–जर हालत, छतों से टप–टप रिसता पानी और बाकि सुविधाओं राह देखते स्कूल के फर्श पर किसी दरी एवं चटाई में बैठे बेचारे बच्चे अपनी किस्मत को कोसते मिल जायेंगे । वास्तवित स्थिति देखना है तो किसी ऐसे दूर–दराज गाँव के स्कूलों को जाकर देख लीजिये, वहाँ के बच्चे जिनको स्कूल की ड्रेस तो मिली है परन्तु वह ड्रेस में कम सामान्य कपड़ो में स्कूल में मिलेंगे, बच्चे स्कूल के समय बच्चे अपने माता–पिता के साथ खेतों में या मजदूरी के काम में लगे हुए मिल जायेंगे । इन सबका कारण शायद शिक्षा के प्रति उनकी उदासीनता हो सकती है या बच्चों के प्रति स्कूल की उदासीनता हो सकती है स बात कोई भी हो परन्तु इस प्रकार के माहौल में शिक्षक ही एक ऐसी कड़ी होती है जिसका पूर्ण दायित्व हो जाता है कि इस प्रकार के गाँव या शहर में बच्चों को वास्तविक शिक्षा देने के लिए प्रेरित करें ।

पारम्परिक शिक्षा पद्धति में अधिकतर देखा गया है कि बच्चों को केवल रट्टू पंडित बना दिया गया है। हर वर्ष विद्यालय–महाविद्यालयों से लाखों की संख्या में विद्यार्थीयों की भीड़ निकल रही है परन्तु इनने से कितनो को नौकरी मिल पाती है शायद बहुत कम स परन्तु बाकि का क्या? ये अपने को साबित करने के लिए चक्कर काटते–काटते आत्मग्लानी के बोध से ग्रसित हो जाते है । युवावस्था में युवों की सबसे बड़ी चुनौती रोजगार पाना एवं अपने को समाज में स्थापित करने के लिए सामंजस बनाना होता है । स्कूल की डिग्री वाली शिक्षा उन्हें पढ़े–लिखे तो बना देती है परन्तु पूर्ण कौशल से पूर्ण करने में कहीं न कहीं कुछ कसर बाकी रह जाती है । इस कारण से वह अपने रोजगार के लिए संघर्ष करता रहता है । पढ़ाने के बाद सभी की एक ही सोच होती है कि सरकारी नौकरी मिल जाए या किसी निजी कम्पनी में जॉब मिल जाये स दोनों जगह युवाओं को संघर्ष करना पडता है । सरकारी नौकरी के लिए डिग्री का बहुत अधिक महत्व रहता है, बिन डिग्री यहाँ कुछ नहीं होताय वही निजी कामों के लिए कौशलता का विशेष महत्व होता है । आज के संस्थानों में बच्चे कौशल सीखने के बजाये डिग्री के लिए अधिक दिलचस्वी लेते नजर आते है इसीलिए निजी क्षेत्रों में इस प्रकार के डिग्रीधारी अधिक देर तक नहीं टिक पाते है ।

जब तक हम युवावर्ग को उनकी शिक्षा में रोजगारपरक शिक्षा में माध्यम से तैयार नहीं करेंगे, युवाओं की पढ़ी–लिखी फौज यूँ ही बढती जाएगी और एक दिन बेरोजगारी का ऐसा बिस्फोट होगा कि सब ओर तवाही मच जायेगी । बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या के रूप में बिकराल रूप में देश के समक्ष आने में देर नहीं लगेगी । स्कूल एवं महाविद्यालयों में रोजगार के लिए वास्तविक शिक्षा दिए जाने की आवश्यकता है । जिसको सरकारों को गंभीरता से लेकर युवाओं को आगामी समय में देश की उन्नति के लिए तैयार करने की आवश्यकता है । तभी देश का वास्तविक विकास संभव है ।

लेखक

श्याम कुमार कोलारे




# सावधान रहें करोना की तीसरी लहर सेस

भारत में विशाल जनसंख्या है उसके मद्देनजर यदि अतिरिक्त सावधानी नहीं बरती गई तो कोविड–19 और को आने से रोकना कठिन हो जाएगा और संक्रमण फिर आमजन की जान लेने लगेगास कोविड–19 का संक्रमण विदेशों में अभी भी कहर ढा रहा है ।उत्तरी कोरिया, चीन, ब्रिटेन ,अमेरिका, इसराइल, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया और न जाने कितने देश कोरोना संक्रमण की विभीषिका अभी भी झेल रहे हैं। भारत में भी दिल्ली ,मुंबई, कोलकाता, उत्तर प्रदेश मैं भी कोविड–19 का संक्रमण फैला हुआ है। अमेरिकी तथा ब्रिटिश वैज्ञानिकों के अनुसार कोविड–19 की लहर जून में फिर से आने की संभावना है अतः विशेष तौर पर भारत में सावधानी रखने की आवश्यकता है। कोविड–19 के संक्रमण ने पूरे विश्व में पिछले दो ढाई वर्षो से तहलका मचा कर रखा है। लाखों लोगों को मौत के मुंह में धकेल दिया है। करोना संक्रमण अत्यंत खतरनाक है,वह अभी तक पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। चीन में अभी भी लोगों को संक्रमित कर लोगों की जान का खतरा बना हुआ है। इसी तरह अन्य कई देशों में भी अभी भी करोना का संक्रमण बुरी तरह व्याप्त है। भारत में भी यह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है अभी भी करोना के संक्रमित मरीज विस्तृत जांच करने पर पाए जा रहे हैं, मेहरबानी इतनी है कि इससे जान का नुकसान लगभग नगण्य हैं, पर खतरा जरूर है, हमें सावधानी जरूर रखनी होगी और कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन करना होगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने फिर कहा है कि वे करोना वायरस के स्वरूपों के वंशानुगत नए नए रूपों पर नजर रख रहा है इन स्वरूपों के दो उप स्वरूप भी सामने आए हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली से बचकर निकलने की क्षमता के साथ उत्परिवर्तन भी होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की साप्ताहिक महामारी विज्ञान अपडेट में कहा गया है कि ओमी क्रोन का नया स्वरूप दुनिया में संक्रमण का प्रमुख कारण बन सकता है। एजेंसियों के अनुसार यह स्वरूप इं2,इं3 के साथ–साथ ठं4 तथा इं5 जैसे ओमिक्रोन के चिंता जनक स्वरूपों के तहत कई अन्य स्वरूपों के रूप में सामने आ सकता है। इस नए स्वरूप में इ1 ए तथा बी ए टू का मिलाजुला एक्स स्वरूप भी शामिल है, जो मानव जीवन के लिए अति खतरनाक होने की संभावना रखता है। यदि हम भीड़ में लगातार बिना मास्क पहने और पर्याप्त सामाजिक दूरी रखने और वैक्सीन लगवाने से परहेज करेंगे तो हम भी इसके संभावित शिकार हो सकते हैं।

कुछ देशों में इं4 तथा इं.5 के स्वरूपों का मिलाजुला रूप भी सामने आ रहा है क्योंकि यह बड़े म्युटेंट हैं, इससे शरीर में अनेक लक्षण लेकर आ रहा है। यह पूर्व के लक्षणों से थोड़ा अलग होकर मानव जीवन के लिए खतरा बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैज्ञानिकों ने तथा शोधकर्ताओं ने कहा कि सारे स्वरूप मिलजुल कर एक नया स्वरूप बनाने में सक्षम होते हैं इस पर लगातार शोध का कार्य किया जा रहा है एवं मानव जीवन को बचाने की प्रक्रिया में यह महत्वपूर्ण शोध भी शामिल है। विश्व स्वास्थ्य संगठन चीन के साथ भारत तथा मलेशिया, अमेरिका ,ब्रिटेन ,कनाडा देशों के उपलब्ध डाटा बेस निकाल कर उसका अध्ययन जारी रखे हुये है। विश्व स्वास्थ्य संगठन में भारत, चीन, बांग्लादेश, मलेशिया, अमेरिका, ब्रिटेन, इजरायल तथा अन्य ऐसे देशों में चेतावनी जारी की है जहां अभी भी ओमीक्रोन संक्रमण के विषाणु पूरी तरह खत्म ना होकर अभी भी जिंदा है। जिससे इसके बड़े समुदायों में फैलने की गंभीर आशंका है। लाजमी है कि भारत जैसे बड़ी जनसंख्या जहां शिक्षित अशिक्षित दोनों लोग निवास करते हैं एवं चिकित्सा सुविधा यूरोपीय देशों की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। ज्यादा संवेदनशील देश माने जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सार्स–सी ओ वी2 का उत्परिवर्तन की प्रक्रिया के तहत जारी है। दुनिया में यह तेज गति से फैलने के कारण नए स्वरूप के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष मई तथा जून के माह में इस वैरीअंट के फैलने की संभावना बढ़ रही है। एजेंसी के अनुसार दुनिया भर में कोविड–19 विरोधी टीमों की 11 अरब पूरा कर वितरित की गई हैं तथा लोगों को वैक्सीनेट किया गया है फिर भी गरीब देशों में कम आय वाले देशों में यह खुराक 11ः ही दी गई है जो चिंताजनक है। इन कम आय वाले देशों को विशेष सावधानी रखने की आवश्यकता होगी। भारत के संदर्भ में यह विशेष बात होगी कि हमें अभी भी कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करके अपने को सुरक्षित रखना होगा।

संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक,

# ईडी का पीएमएलए कानून के तहत भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कसता शिकंजा

एक जमाना था जब हम छोटे थे तो सीबीआई का नाम बुलंदियों पर चलता था, इसका ऐसा डर समया रहता था कि सीबीआई की रेड के नाम से बड़ी–बड़ी हस्तियों के पसीने छूट जाते थे!! यह नाम इतना प्रसिद्ध और खौफ पैदा करता था कि हम बच्चे अपने बचपन के चोर सिपाही खेल में भी सीबीआई के नाम का उपयोग करते थे तो हम आज अंदाज लगा सकते हैं कि यह नाम कितना प्रसिद्ध होगा!! परंतु समय के बदलते चक्र में सब के दिन स्थिर नहीं होते आज के वर्तमान परिपेक्ष में सीबीआई का नाम ईडी के रूप में परिलक्षित हो गया है, क्योंकि आज ईडी का नाम सुनते ही भ्रष्टाचार में लिप्त बड़े बड़े अधिकारियों, नेताओं, व्यापारियों, व्यवसायियों सहित नशे मानव तस्करी ब्याज खोरी इत्यादि का काम करने वाले दो नंबरी दस नंबरी सभी पावरफुल लोगों के पसीने छूट जाते हैं क्योंकि हम आज देख रहे हैं कि बड़े–बड़े नेताओं पर ईडी का शिकंजा कस रहा है जो स्पष्टतः संकेत है कि भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने में अधिक समय नहीं लगेगा!! पिछले कुछ वर्षों से हम मीडिया के माध्यम से देख सुन रहे हैं कि संसद व विधायिका में बैठकर कानून बनाने वाले कुछ सदस्यों पर ही इसका शिकंजा अधिक कस रहा है इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस आर्टिकल के माध्यम से ईडी पर चर्चा करेंगे ।आओ जाने ईडी क्या है।

साथियों बात अगर हम ईडी की करें तो, यह भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में रेवेन्यू डिपार्टमेंट के तहत आने वाली एक स्पेशल जांच एजेंसी है, जो वित्तीय गड़बड़ियों से जुड़े मामलों की जांच करती है। ईडी का गठन 1 मई 1956 को किया गया था। पहले इसका नाम एन्फोर्समेंट यूनिट था। हालांकि, 1957 में इसका नाम बदलकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर दिया गया, प्रवर्तन निदेशालय मुख्य रूप से फेरा, फेमा और पीएमएलए कानूनों के तहत काम करता है। इन कानूनों में आर्थिक धोखाधड़ी को रोकने के लिए जो प्रावधान किये गये हैं उन्हीं के तहत यह आरोपितों पर कार्रवाई करता है। इस एजेंसी का मुख्यालय दिल्ली में है लेकिन इसके आफिस देशभर में है। दिल्ली के अलावा मुंबई, चेन्नई, कोलकाता में इसके रीजनल आफिस हैं। इसके अलावा लगभग हर राज्य में ईडी के जोनल और सब जोनल आफिस हैं। इस समय ईडी के तहत लगभग दो हजार आफिसर कार्यरत हैं जो विभिन्न सेवाओं से ईडी में डेपुटेशन पर आते हैं। इसमें आईआरएस, आईएएस और आईपीएस सेवाओं से आनेवाले अधिकारी होते हैं।

मालूम हो कि ईडी विदेश में प्रॉपर्टी खरीदने, विदेशी मुद्रा का गैरकानूनी कारोबार करने और मनी लॉन्ड्रिंग (पैसों का हेरफेर) के मामलों की जांच करती है। साथियों बात अगरहमपीएमएलए कानून की करें तो,पीएमएलए यानें प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट का मतलब है दो नंबर के पैसे को हेरफेर कर ठिकाने लगाने वालों के खिलाफ कानून। इस कानून को 2002 में एनडीए सरकार ने बनाया था, जिसे 2005 में यूपीए सरकार में वित्त मंत्री ने लागू किया था। उन्होंने ही इसमें पहली बार बदलाव करके इसके प्रावधानों को और सख्त कर दिया था। पीएमएलए के तहत ईडी के पास आरोपी को अरेस्ट करने, संपत्ति कुर्क करने, गिरफ्तारी के बाद जमानत की सख्त शर्तें और जांच अधिकारीके सामने रिकॉर्ड बयान को अदालत में सबूत के रूप में मान्य होने जैसे प्रवाधान उसे ताकतवर मानते हैं। 2012 में किए गए संसोधन के तहत सभी वित्तीय संस्थानों, बैंकों, म्यूचुअल फंडों, बीमा कंपनियों और उनके वित्तीय मध्यस्थों पर भी ये कानून लागू होता है, 2019 में किए गए ये बदलाव जुलाई 2019 में, सरकार ने वित्त विधेयक, 2019 में संशोधन के रूप में इस कानून में कुछ बदलाव किया था, जिसके तहत ईडी उन व्यक्तियों या संस्थाओं पर मुकदमा चला सकता है जिनका अपराध पीएमएलए के तहत न हो।(1) पीएमएलए एक्ट जांच एजेंसी ईडी को कई अधिकार देता है। इस कानून के तहत एजेंसी भ्रष्टाचार के आरोपी, पैसों का हेर–फेर करने वाले लोगों को गिरफ्तार करने की ताकत देता है। (2)इसके अलावा पीएमएलए एक्ट करप्शन के आरोपियों के घर छापा मारने और उनकी प्रॉपर्टी को जब्त करने का भी अधिकार देता है। (3)मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत ईडी को करप्शन के आरोपी नेताओं और अफसरों को तलब करने या उन पर मुकदमा चलाने के लिए सरकार की अनुमति की जरूरत नहीं है।

साथियों बात अगर हम ईडी के विस्तार की करें तो,1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद जैसे जैसे शेयर बाजार का महत्व बढा है वैसे वैसे ईडी के कार्यक्षेत्र में भी विस्तार हुआ है। विदेशी पूंजी निवेश के नाम पर की जाने वाली आर्थिक धोखाधड़ी को पकड़ने के लिए ईडी एक महत्वपूर्ण विभाग है। इसके अलावा मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में भी ईडी कार्रवाई करता है। 2018 में केन्द्र सरकार ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में पीएमएलए कानून में संशोधन करके ईडी को प्रापर्टी अटैच करने, आरोपी की गिरफ्तारी करने आदि के विशेष अधिकार भी दे दिये गये थे। फेरा, फेमा और पीएमएलए एक्ट के तहत ईडी को इतने असीमित अधिकार हैं कि वह आरोपी को तीन साल तक जमानत देने से रोक सकता है।

साथियों स्वाभाविक है जब इतने राजनीतिक लोगोंपर ईडी कार्रवाई करेगा तो उसके खिलाफ विपक्ष भी इकट्ठा होकर इसे बदले की कार्रवाई ही बतायेगा। सुप्रीम कोर्ट में ईडी की कार्रवाई को लेकर अनेक अधिक याचिकाएं दाखिल हुई थीं जिसपर एक साथ सुनवाई करते हुए 27 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में ईडी द्वारा की जाने वाली गिरफ्तारियां और अन्य कानूनी कार्रवाई बिल्कुल सही हैं।

साथियों बात अगर हम ईडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाओं की करें तो इस कानून में कुछ प्रावधान ऐसे सख्त हैं, जिसके लगने से ज्यादा विकल्प नहीं रह पाता। यही वजह है कि 242 लोगों की याचिका इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लगी थी, उसमें ईडी द्वारा गिरफ्तारी, जमानत और संपति जब्त जैसे अधिकारों पर सवाल उठाए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं के संबंध में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडी जो कार्रवाई कर रहा है वह वर्ष 2019 में मिले कानूनी अधिकारों के तहत कर रहा है। इन संशोधनों के बाद अब पीएमएलए एक्ट की धारा–24 के तहत अभियुक्त को ही यह साबित करना होता है कि जो उसके पास से जो धन मिला है वह कानूनी रूप से वैध है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट में इसी बात को चुनौती दी गयी थी कि जांच एजेंसी के सामनें आरोपी द्वारा कबूल की गयी किसी बात को प्रमाण कैसे माना जा सकता है? इस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि ईडी द्वारा की गयी कार्रवाई और दर्ज किये गये बयान कोर्ट में सबूत के रुप में स्वीकार्य है। स्मरण हो कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 545 पन्नों के आदेश में ये निर्देश जारी किए थे।

साथियों बात अगर हम मनी लांड्रिंग की करें तो, यह कैसे की क जा सकती है? सबसे पहले, अवैध धन को वित्तीय प्रणाली में पेश किया जाता है जिसे प्लेसमेंट का टर्म दिया जाता है, इसके बाद इन पैसों की लेयरिंग की जाती है, जिसमें काले धन को सफेद धन में बदलने के लिए पैसे का अलग तरह से लेन–देन किया जाता है, तीसरे और अंतिम चरण में, धन वित्तीय प्रणाली में इस तरह प्रवेश किया जाता है कि अपराध का पता ना चले यानी अपराधी या इसे प्राप्त करने वाला शख्स धन का इस्तेमाल स्वच्छ धन के रूप में कर सके।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ जाने ईडी क्या है ।ईडी का पीएमएलए कानून के तहत भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कसता शिकंजा,आज ईडी का नाम सुनते ही पावरफुल लोगों के भी पसीने छूट जाते हैं।

–संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

# बच्चों को सिखाएँ शिव आराधना का मूल मंत्र

आज के समय में हम सभी जीवन में प्राप्त और पर्याप्त के बीच संघर्ष करते दिखाई दे रहे है जिसमें हमारे जीवन में शांति और संतोष का अभाव है। उपलब्ध संसाधनों के बीच भी हमें धन्यवाद प्रेषित करना नहीं आता है। आगे जाकर यहीं चीज हमारे मन में उत्कंठा, निराशा और संत्रास को जन्म देने लगती है। हमारे बच्चे अंदर से बहुत कमजोर दिखाई दे रहे है क्योंकि वे बाहरी दुनिया में अपनी शांति की खोज कर रहे है जोकि केवल भ्रम मात्र है। जब आप बच्चों को भगवान से जोड़ना सीखा देते है तो उनमें जीवन को लेकर अलग ही आत्मविश्वास परिलक्षित होता है। वे अपनी हर अच्छाई–बुराई में ईश्वर को साक्ष्य रखते है और कुछ निर्णय वे स्वतंत्र रूप से लेना स्वयं सीख जाते है।

यदि आप अपने बच्चों को शिव की विशेषताओं से परिचित कराएंगे तो वे जीवन की सत्यता और सार्थकता को भली–भाँति समझ सकेंगे। शिव ईश्वर का सत्यम–शिवम–सुंदरम रूप है। शिव वो है जो सहजता एवं सरलता से सुशोभित होते है। वे ऐसे ध्यानमग्न योगीश्वर है जो नीलकंठ बनकर अपने भीतर विष को ग्रहण किए हुए है और भुजंगधारी बनकर विष को बाहर सजाए हुए है। इसके विपरीत भी उमापति की एकाग्रता, शांतचित्त रूप और ध्यान में कहीं भी न्यूनता परिलक्षित नहीं होती। वैभव देने वाले भोलेनाथ स्वयं वैरागी रूप में विराजते है। ध्यान की उत्कृष्ट पराकाष्ठा शिव अपने आराध्य श्रीराम के स्वरूप को अपने भावों की माला से ध्याते है। सृष्टि के कल्याण के लिए शांत भाव और सहजता से विषपान को स्वीकार करते है।

शिव की शिक्षाओं को अपनाना नहीं है आसान।

पर स्वीकार कर लेने से जीवन बन जाएगा वरदान।।

शिव की आराधना अत्यधिक सहज और सरल है जबकि उनके स्वरूप में अत्यधिक विचित्रता दिखाई देती है। शिव हमें विषमताओं में रहना सिखाते है। शिव बाहर झाँकने की बजाए भीतर ध्यान केन्द्रित करने पर बल देते है। शिव हमें आडंबर से मुक्ति दिलाते है। शिवतत्व ही सृष्टि के संहारक है। विषपान के पश्चात भी सहर्ष ध्यान साधना में लगे रहना ही शिव की उत्कृष्टता है। जीवन का भी यहीं सत्य है। जीवन तो सुख–दुरूख का विधान ही है। देवाधिदेव महादेव हमें ध्यान में मग्न होकर एकाग्र होने की प्रेरणा देते है। यदि आपका बच्चा भगवान के अस्तित्व में विश्वास करेगा तो वह चीजों के सिद्ध होने एवं प्रत्यक्ष होने में भी विश्वास करेगा। जब आप उसको शिव के चरित्र का वर्णन सिखाएँगे तो उसे ज्ञान होगा कि जब व्यक्ति कल्याण की ओर अग्रसर होता है तो वह महादेव की उपाधि से सुशोभित होता है। शिव की वेशभूषा आपके बच्चे को जीवन का सार सीखने में मदद करेगी और वह शिव की कृपा से जीवन को आनंद स्वरूप में स्वीकार करेगा। यदि हम उसके जीवन में आध्यात्म का रस घोलेंगे तो उसकी जीवन सरिता में आनंद का प्रवाह अभिभूत होगा।

असाध्य को साध्य बना सकती शिव की आराधना।

मनुष्ययोनि के द्वारा ही संभव है ध्यान,




योग और साधना।।

बच्चों में यदि एक बार अच्छी आदते विकसित की जाए तो वह उन्हें जीवनपर्यंत लाभान्वित करेंगी। तो क्यों न मनुष्ययोनि के ध्येय को सार्थक स्वरूप प्रदान करें और बच्चों को भगवत भक्ति का मार्ग प्रशस्त करें जिसके कारण वे असाध्य बाधाओं का भी पूर्ण आत्मविश्वास से सामना कर सकेंगे। शिव की सत्ता की व्यापकता हो अनंत है। वह अविनाशी, ओढरधानी, नीलकंठ और अर्धनारीश्वर स्वरूप है जो जीवन में त्याग और सच्चे प्रेम की सार्थकता को भी उजागर करते है।

मनोकामना पूर्ति का शिव पूजन तो है सरल उपाय।

डॉ. रीना कहती, भावों की माला से भजो ऊँ नमः शिवाय।।

डॉ. रीना रवि मालपानी (कवयित्री एवं लेखिका)


अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**

मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ

**मो. : 9956096265**

सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह

मो. : 9918523251

आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284

**DAVP CODE 133691**

डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23

E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com

Website: dainikayodhyatimes.page



## आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक



## : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## चिकित्सा शिविर में पशुओं को लगाये टीके

औरैया। चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र, औरैया द्वारा पशुपालन विभाग, अच्छदा, औरैया के सहयोग से ग्राम खुमानपुर, विकास खंड अछल्दा में बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा शिविर में कृषि विज्ञान केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक बृज विकाश सिंह, पशुचिकित्सा धिकारी, अछल्दा डा. सौरभ कठेरिया एवम केंद्र और चिकित्सालय की टीम ने पशुओं का उपचार किया साथ ही गलाघोटू बीमारी की रोकथाम हेतु टीकाकरण कराया तथा अंतः परजीवी नासको का वितरण किया। केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक ने पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन में वृद्धि और पशु बांझपन में कमी हेतु विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि पशुओं को संतुलित आहार के साथ साथ खनिज मिश्रण का सेवन कराएं तथा समय पर पशु चिकित्सक के परामर्श से कृमिनाशको का प्रयोग करें वार्ता के क्रम में डा सौरभ कठेरिया ने टीकाकरण का महत्व और वर्षा ऋतु की बीमारियों से अवगत कराते हुए रोकथाम के उपाय बताए पशु स्वास्थ्य शिविर में लगभग 50 पशुपालकों के 121 पशुओं को उपचारित एवम कृमिनाशक का सेवन कराया तथा 247 पशुओं को गलाघोटु बीमारी की रोकथाम का टीकाकरण कराया।



## अशुद्ध जल से होने वाली बीमारियों को लेकर किया गया जागरुक

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। कन्नौज स जल ही जीवन है जल का प्रत्येक जीव के लिए कितना महत्व यह सभी जानते हैं और वही जल अगर दूषित हो जाए तो वह प्रत्येक जीवधारी के लिए कितना घातक होता है विभिन्न बीमारियों को आमंत्रण देता है इसी को लेकर भूजल सप्ताह के समापन अवसर पर भारतीय संस्कृति सेवा सुरक्षा समिति द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। जनपद कन्नौज के तालग्राम क्षेत्र में जल को लेकर एक बैठक की गई। जिसमें दूषित जल के बारे में अवगत कराया गया ।भूजल सप्ताह के समापन जल जीवन मिशन के अंतर्गत संस्था भारती संस्कृति सेवा सुरक्षा समिति के माध्यम से जनपद कन्नौज के तालग्राम क्षेत्र के ग्राम पंचायत गदौर गांव में बैठक कर जगरूक किया गया। दूषित जल के बारे में अवगत कराया अशुद्ध जल से होने वाली बीमारियों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे ग्रामीणों को आजादी के अमृत महोत्सव मे शामिल होने के लिए हर घर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में भी सभी को जानकारी दी । इस महोत्सव को मनाए सभी लोग अपने घर तिरंगा अवश्य लगाएं ।इस मौके पर ग्राम प्रधान अह वरन शर्मा , कॉर्डिनेटर कुलदीप दुबे , आलोक कटियार , रनवेश कटियार सहित और समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।



## किसानों के मुआवजे को लेकर (भा कि यू ) किसान का धरना

- हम कमजोर नहीं बल्कि शासन प्रशासन हमें कमजोर बनाना चाहता है, जो कि असम्भव है : राजा शुक्ला
- क्रमिक अनशन भी होगा प्रारंभ

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

छिबरामऊ कन्नौज। प्रेमपुर में बन रहे हाईवे के दौरान आ रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पिछले हफ्ते भाकियू (किसान) द्वारा दिये ज्ञापन को शासन प्रशासन द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया, जिसके फलस्वरूप आज भाकियू(किसान) कन्नौज ने जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला की अध्यक्षता में प्रेमपुर में बम्बा के पास, निर्माणाधीन सर्विस रोड पर धरना प्रदर्शन आरंभ कर दिया, कल से धरना लगातार 24 घण्टे तक चलेगा, एवम क्रमिक अनशन भी प्रारम्भ होगा। जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने कहा कि हमने कोई भी गलत माँग नहीं उठाई है, हमारी हर माँग जायज है, जब तक किसानों को मुआवजा नहीं मिल जाता, चूंकि दिया हुआ समय अब समाप्त हो चुका है, ऊपर बैठे कुर्सीधारी लोग सोचते हैं कि किसान गरीब है कमजोर है चिल्लाने दो, कब तक चिल्लायेगा, चिल्ला–चिल्ला कर थक जाएगा और चुप हो जाएगा, लेकिन ये उनकी भूल है, हम न तो कमजोर हैं और न हम थकते हैं, हम न्याय पाने के लिए लड़ रहे हैं और न्याय नहीं मिलने तक अड़े रहेंगे। छभ।ए अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए जिला संरक्षक दिनेश प्रकाश मिश्रा ने कहा कि इस प्रेमपुर के किसानों के साथ जब तक न्याय नहीं हो जाता, इस मौजा में कोई भी निर्माण कार्य करने का विचार भी मत लाना, ये जुमलों की सरकार मत समझना, यहाँ किये गए वादे कैसे पूरे करवाने हैं हमें अच्छे से पता है इस दौरान जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला, जिला प्रभारी अनुराग त्रिपाठी,पुनीत दुबे, अभिषेक पाठक,नवीन त्रिवेदी, चंद्रप्रकाश सैनी,अजय गुप्ता, गिरेन्द्र शाक्य,शिवम शुक्ला, हरिओम दुबे, अनार सिंह, शनि कुमार, पंकज मिश्रा, गणेश यादव,अजीत कुमार, सुनील गुप्ता, भानु प्रताप सिंह एवं सैकड़ो किसान भाई उपस्थित रहे ।



## अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा फहराने की दिलायी शपथ

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज । हर साल की तरह 15 अगस्त को मनाया जाने वाला स्वतंत्रता दिवस अबकी बार और यादगार बनने जा रहा है।स्कूल बच्चों में देशभक्ति की भावना पैदा करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।बच्चों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महसौनापुर में पिंगली वेंकैया के जयन्ती के अवसर पर तिरंगा बनाकर सभी बच्चों को शपथ दिलवाई गई।साथ ही तिरंगे पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाध्यापक वैभव राजपूत ने कहा कि पिंगली वेंकैया ने ही हमारे राष्ट्रीय ध्वज का को डिजाइन किया था। उनकी अभिकल्पक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को रूप मिला है। इसलिए आज हम सभी लोग ध्वज जो साक्षी मानकर शपथ लेते है। तिरंगा हमारे देश की शान है ।इस दौरान शानू वर्मा, ओमी तिवारी,दीप्ति आदि लोग मौजूद रहे।



## किसान इण्टर कॉलेज सुबखा, गिलौला के छात्र छात्राओं को एनडीआरएफ की टीम ने बताए आपदा प्रबंधन के गुर





ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। आपदा जोखिम नियुनिकरण के अंतर्गत आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए एनडीआरएफ की टीमें लगातार मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है ।

साथ ही समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बच्चे एवं शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूलोंध्कॉलेजों में स्कूल सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उसी कड़ी में विकास खण्ड गिलौला के सुबखा स्थित किसान इन्टर कॉलेज में एनडीआरएफ टीम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से भूकंप, बाढ़, आग लगना, वाहन दुर्घटना, सर्पदंश, स्ट्रेचर बनाना, 3 व 4 आर्म्स चेयर बनाना, सीपीआर देना, रस्सी बचाव तकनीक, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, सड़क सुरक्षा, आकाशीय बिजली से बचाव के तरीके और दामिनी ऐप का इस्तेमाल आदि के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान भूकंप बचाव ड्रिल और आपातकालीन निकासी ड्रिल का भी अभ्यास किया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थीयों, शिक्षकों और स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए। इस अवसर पर किसान इन्टर कॉलेज सुबखा के प्रधानाचार्य ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है। इस कार्यक्रम से कॉलेज के विद्यार्थी व अध्यापक लाभान्वित होंगे और आपदा के दौरान अपने और अन्य लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर पाएंगे।

## ''बाल तस्करी से आजादी'' विषय पर आयोजित हुई प्रशिक्षण कार्यशाला





- सरकार द्वारा बाल तस्करी को रोकने हेतु किये जा रहे है प्रयास–मा0 सदस्या

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। मा0 सदस्या, उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, निर्मला पटेल की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत ''बाल तस्करी से आजादी'' कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया।इस अवसर पर मा0 सदस्या ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार द्वारा बाल तस्करी को रोकने हेतु विभिन्न प्रकार के प्रयास किये जा रहे है। सरकार की ओर से बाल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, महिला तस्करी आदि समस्याओं पर रोक लगाई जा सके। उन्होने कहा कि आज भी ऐसे बच्चे हैं जिन्हें मदद की आवश्यकता है। ऐसे बच्चों को चिन्हित कर सरकार की योजनाओं से जोड़ने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार की ओर से बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया है।

कार्यशाला में बाल तस्करी से आजादी विषय पर बच्चों की तस्करी, उत्पीड़न, बाल मजदूरी, बाल विवाह, लैंगिक उत्पीड़न आदि विषयों पर आयोग से नामित परामर्शदाता प्रशान्त द्विवेदी एवं महाराष्ट्र से आये परामर्श दाता विजय जादव के द्वारा पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें बाल तस्करी से आजादी विषय पर बच्चों की तस्करी, उत्पीड़न, बाल मजदूरी, बाल विवाह, लैंगिक उत्पीड़न आदि की रोकथाम व नियंत्रण के तरीके बताये गये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, बाल संरक्षण समिति के सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य सहित पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### कार्यालय- नगर पंचायत तिर्वागंज, कन्नौज

पत्रांक : मीमो/न0पं0ति0/2021–22 दिनांक: 28.07.2022

नोटिस अन्तर्गत धारा 147 म्यू0एक्ट 1916 सूचना पत्र

नामान्तरण हेतु एक प्रर्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जिसका विवरण निम्न है। 1.आवेदक प्रार्थी का नाम–श्रीमती उर्मिला यादव 2. पति का नाम– मलिखान 3.भवन सं0/सम्पत्ति सं0–आवासीय प्लाट, 4. नि0– सुभाष नगर तिर्वागंज,कन्नौज। 5. वर्तमान में पंचायत अभिलेख में उक्त भवन पर अंकित अध्याशी का नाम– श्री बेचेलाल पिता का नाम छोटे लाल यादव 6. मोहल्ला– गाँधी नगर,तिर्वागंज,कन्नौज। 7. नामान्तरण का आधार– क्रय विक्रय पत्र– बैनामा की छायाप्रति सलंग्न, विरासतन.......,आदेश न्यायालय.......,पंजीकृत वसीयत....., अन्य......, एदद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है। कि 30 दिवस के भीतर उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो उसके समर्थन में साक्ष्य संहित इस कार्यालय को उपलब्ध करा दें। निर्धारित समय व्यतीत होने के पश्चात् नामान्तरण/नाम संशोधन की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका विवरण वर्तमान अभिलेख में अंकित/विवरण की प्रविष्टि के स्थान पर पंचायत के प्रस्तुत पत्र में अंकित विवरण की प्रविष्टि कर दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज

# प्री-ट्रायल मीटिंग का हुआ आयोजन



दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर। दीवानी न्यायालय परिसर हमीरपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वावधान में दिनांक 13.08.2022 को होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में प्री–ट्रायल मीटिंग का आयोजन किया गया। प्री–ट्रायल मींटिग में वादों को अधिक से अधिक निस्तारित करने हेतु बल दिया गया। साथ ही लोक अदालत में किन – किन वादों को निस्तारित किया जा सकता है के बारे में भी अन्य न्यायिक अधिकारीगण के साथ चर्चा की गयी एंव प्रशासन स्तर पर अधिक से अधिक वादों को निस्तारण करने हेतु प्रशासनिक स्तर के अधिकारीयों के साथ विचार किया गया। पुलिस प्रशासन की ओर से उपस्थित सी0ओ0 सदर से नोटिस के तामीला को लेकर दिशा निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त प्री–ट्रायल मीटिंग में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायाधीश, हमीरपुर श्री चन्द्रभान सिंह, लोक अदालत के नोडल अधिकारीध्विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 एक्ट, हमीरपुर श्री मोहम्मद असलम सिद्दीकी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष नयायाधीश द0प्र0क्षे0, हमीरपुर श्री विनीत कुमार वासवानी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0 प्रथम, हमीरपुर श्री सुशील कुमार खरवार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, हमीरपुर, श्री नीरज कुमार महाजन, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हमीरपुर, श्रीमती स्वाती, सिविल जज (सी0डि0)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर श्री सुदेश कुमार ,सिविल जज (जू0डि0) हमीरपुर, श्रीमती दीप्ती सिंह, सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 हमीरपुर, सुश्री हर्षिता, सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 महिलाओं के विरूद्व अपराध, हमीरपुर आचल राना एंव स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष श्री उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे तथा इसके अलावा पुलिस प्रशासन, मुख्य चिकित्साधिकारी, ए0आर0टी0ओ0, ए0आर0एम0, बैंक अधिकारीगण व अन्य के द्वारा प्रतिभाग किया गया। अगामी लोक अदालत में होने वाले वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में कराया जायेगा। जबकि माननीय जनपद न्यायाधीश हमीरपुर श्री डा0 अनुपम गोयल द्वारा बताया कि जनपद न्यायालय, हमीरपुर परिसर में दिनांक 13.08.2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, पुलिस चालानी वाद, लघु आपराधिक वाद, अन्तिम रिपोर्ट, 138 एन0आई0एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, वैवाहिक वाद, भरण–पोषण वाद, श्रम वाद, विक्रय कर एवं आयकर सम्बन्धी वाद, सिविल वाद किरायेदारी से सम्बन्धित वाद, बैंक वसूली सम्बन्धी वाद, उत्तराधिकारी वाद, विद्युत अधिनियम वाद, आर0टी0ओ0 चालानी वाद, नगर पालिका से सम्बन्धित वाद, बांटमाप संबंधी वाद, रेलवे से सम्बन्धी वाद, वन विभाग से सम्बन्धित वाद, नहर विभाग से संबधित वाद, सेवा एवं पेंशन सम्बन्धी मामले, प्राकृतिक आपदा एवं क्षतिपूर्ति संबंधी मामले, मनोरंजन विभाग संबंधी मामले अगामी लोक अदालत में होने वाले वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में कराया जायेगा तथा वादकारियों का आवाहन किया कि वह लोक अदालत में बढ चढ कर भाग ले व लोक अदालत को सफल बनायें।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 11 से 17 , 2022 तक समारोहपूर्वक मनाया जायेगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम : जिलाधिकारी

- आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जनपदवासी 13 से 15 अगस्त, 2022 के बीच अपने घरों पर लगायें तिरंगा–जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि सरकार के मंशानुसार स्वतन्त्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत 11 अगस्त, 2022 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ''हर घंर तिरंगा'' का आयोजन किया जाना है। इसके लिए जनपद के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद के सभी सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं, स्वयं सेवी संस्थाओं, प्रत्येक घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाए।

इसके लिए कार्ययोजना बनाकर सभी तैयारियों को पहले से ही पूर्ण कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया है कि सभी जनपदवासी इस महा अभियान में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाते हुए अपने घरों पर तिरंगा लगायें और समरस भाव से इस आयोजन से जुड़ें और कार्यक्रम को सफल बनायें। उन्होने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नही है, अपितु देश के लिए हमारी भावनाओं का वह प्रतीक है, जिसके लिये अनेक सेनानियों ने अपना सर्वस्व बलिदान किया है। इसलिए हर घर तिरंगा आंदोलन को मजबूत करने हेतु अपने घरों में तिरंगा अवश्य फहराएं। उन्होने बताया है कि कार्यक्रम की सफलता हेतु हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत समस्त ग्राम पंचायतों के बैठक हेतु निर्धारित सार्वजनिक स्थान पर किया जायेगा, जिसमें राष्ट्रध्वज फहराने/लगाने के बार में बताया जायेगा।जनपद के समस्त प्राथमिक विद्यालय/उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालयों में तिरंगा मार्चध्रैली का आयोजन कर जनसमुदाय को ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया जायेगा। जनपद के समस्त विकास खण्डों में स्मारक स्थलों पर दीपों का प्रज्ज्वलन किया जायेगा। इसी प्रकार समस्त ग्राम पंचायत सचिवालयों पर दीपों का प्रज्ज्वलन कर उपस्थित जनसमुदाय को ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के आयोजन की शपथ दिलायी जायेगी। 10 अगस्त, 2022 को कलेक्ट्रेट परिसर में ''एक शाम तिरंगे के नाम'', सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जनपद के विद्यालयोंध्कालेजों के बच्चों द्वारा देश भक्ति पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम यथा–गायन/वादन, नाट्य प्रस्तुतीकरण आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। उन्होने बताया कि ''हर घंर तिरंगा'' के तहत श्रमदान एवं साफ–सफाई अभियान भी चलाया जायेगा। इसके लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शासकीय भवनों के छतोंध्दीवारों की साफ–सफाई हेतु विशेष अभियान चलाया जाये।

उन्होने बताया कि 11 से 17 अगस्त, 2022 तक ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत 13 से 15 अगस्त, 2022 के बीच जिले में प्रातः 09 बजे तिरंगा झण्डा लगायाध्फहराया जायेगा। इसके अन्तर्गत प्रत्येक नागरिक को अपने घर एवं शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी प्रतिष्ठानों पर झण्डा फहराया जाना है। सभी आवासीय भवनों पर राष्ट्र ध्वज 20X30 इंच आकार का लगाया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत अधिकारियों/ग्राम प्रधानों के माध्यम से तथा नगर/पालिकाध्नगर पंचायत क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारियों के माध्यम से हर घर को झण्डा उपलब्ध कराया जायेगा। झण्डा सीधा खड़ा अथवा 45 डिग्री के कोण में ही लगाया जायेगा। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए।

झण्डा लगाने/फहराने के अवसर पर झण्डागीत एवं राष्ट्रगान गायेंगे। ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित प्रभात फेरी स्थल, पार्कों एवं शहीद स्मारकों में विशेष साफ–सफाई की व्यवस्था की जायेगी। 11 से 17 अगस्त, 2022 तक पंचायत भवनों पर लाइटिंग की व्यवस्था भी की जायेगी। समस्त राजकीय भवनों यथाः–स्कूलों, पंचायत भवनों, ऑगनवाडी केन्द्रों, इत्यादि सार्वजनिक स्थानों पर विशिष्टजनों को आमंत्रित कर 15 अगस्त, 2022 को प्रातः तिरंगा झण्डा फहराया जायेगा। श्रमदान कार्यक्रम अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में सफाई कार्य, अपशिष्ट प्लास्टिक को इकट्ठा कराये जाने हेतु स्थान का चयन कर किया जायेगा।

## महिला चिकित्सालय में बना एसएनसीयू साबित हो रहा है नवजात बच्चों के लिए संजीवनी

- जिला महिला चिकित्सालय स्थित एसएनसीयू मैं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की तरह सुविधाएं डॉक्टर( शक्ति बसु)
- बेहतर इलाज और चिकित्सकों व स्टाफ की वजह से मेरी खुशियां लौट आई (नवजात शिशु की मां शालिनी)

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। नवजात शिशु के बेहतर उपचार के लिए सभी आधुनिक उपकरण एसएनसीयू में उपलब्ध

- जिला महिला चिकित्सालय कन्नौज में बना सिक न्यूबार्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) नवजात शिशु के लिए जीवन रक्षक बनकर अहम भूमिका निभा रहा है।

कन्नौज। जनपद मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल महिला चिकित्सालय में स्थित एसएनसीयू में वह सभी सुविधाएं उपलब्ध है।जिससें जन्म से किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित नवजात शिशुओं के जीवन को सुरक्षित किया जा सके। यहां जन्म के बाद से ही सांस लेने में समस्या, कम वजन, हृदय संबंधी समस्या व बर्थ एस्फीक्सिया जैसी कई बीमारियों का निरूशुल्क इलाज किया जाता है।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसहायगंज में ग्रामसकरौली निवासी सुमित कुमार की पत्नी शालिनी ने 22 जूलाई 2022को एक बच्चें को जन्म दिया। जन्म के बाद बच्चा रो नहीं पा रहा था और उसे सांस लेने में भीकठिनाई हो रही थी। नवजात शिशु की मां शालिनी बताती है कि यह देखकर मैं और मेरे परिवारजन घबरा गये। जिसके बाद वहां के चिकित्सकों की सलाह पर बच्चें को एसएनसीयू के लिए रेफर करवाकर भर्ती कर दिया। यहां पर तैनात चिकित्सकों व स्टाफ के सभी लोगों ने बेहतर इलाज के साथ ही काफी सहयोग भी किया। मुझे दोनों अस्पतालों में बेहतर सुविधा मिली।जिसकी वजह से मेरी खुशियां लौट आई।अब मेरा बच्चा स्वस्थ्य है। आज इसकी छुट्टी कर दी गई है। यह मेरा पहला बच्चा है। मैं अपने स्वस्थ्य बच्चे के साथ पहली बार घर जा रही हूं।एसएनसीयू प्रभारी व बाल रोग विशेषज्ञ डा.सुरेश यादव ने बताया कि नवजात शिशु बेबी आफ शालिनी प्राथमिक स्वास्थ्य गुरसहायगंज से रेफर होकर आया था। उस समय बच्चे की स्थिति बहुत ही नाजुक थी।वह सांस नहीं ले पा रहा था। आज दस दिन बाद उसे डिस्चार्ज किया जा रहा है। अब वह एकदम स्वस्थ हैं और अपना जीवन आसानी से जी सकता है। फिर भी 42 दिन तक यानि सातवें दिन बच्चें का फालोअप किया जायेगा।उन्होंने बताया कि एसएनसीयू में नवजात शिशुओं के बेहतर उपचार के लिए 24 रेडिएंट नार्मल,सी–पैप आदि शामिल है। जिससक माध्यम से जुलाई 2021से अब तक 835 बच्चों को



भर्ती कर इलाज किया गया है। एसएनसीयू में अधिकतर बच्चे दम घुटने,समय से पहले जन्म,कम वजन, व पीलिया के कारण भर्ती होते है।डा.यादव ने बताया कि एसएनसीयू में नवजात शिशु के उपचार के साथ ही मां को भी भोजन के अलावा सभी तरीके से स्तनपान व छ माह तक केवल स्तनपान व छ माह बाद पोषण आहार की जानकारी दी जाती है जिला अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डा. शक्ति वसु ने बताया कि महिला चिकित्सालय में स्थित एसएनसीयू में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की तरह सभी सुविधाएं उपलब्ध है।इसे विकसित करने में टीएसयू व यूनिसेफ का विशेष सहयोग है।

## छिबरामऊ से सौरिख इटावा मैनपुरी रोड़वेज बस सेवा शुरु, यात्रियों को मिली राहत

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

छिबरामऊ। आम लोगों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने रोडवेज बस सेवा की शुरुआत कर दी।यह बस छिबरामऊ से सौरिख इटावा मैनपुरी के बीच चलेगी। जिससे इलाके को लोगों का सफर आसान होगा।

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त अध्यापक थाना क्षेत्र के विजनौरा निवासी अभिलाषा सिंह यादव के प्रयास से छिबरामऊ डिपो की बस अब एक अगस्त से छिबरामऊ से सौरिख इटावा मैनपुरी के बीच चलेगी।यह बस सुबह 7 बजे छिबरामऊ से चलकर सौरिख ऊसहार होते हुए इटावा 10 बजे पहुंचेगी।11 बजे इटावा से चलकर 12.30 बजे मैनपुरी पहुंचेगी।

जिसके बाद 1.30 बजे मैनपुरी से चलकर 3 बजे इटावा पहुंचेगी।3.30 बजे इटावा से चलकर सौरिख छिबरामऊ 6 बजे पहुंचेगी । छिबरामऊ डिपो की इस बस के चलने से इलाके के लोगों को इटावा आने जाने में समय और पैसे की बचत होगी।

आवागमन कर रहे यात्रियों के लिए खुशी की खबर रही । बस सेवा शुरू होने से यात्रियों के लिए राहत है।

# संक्षिप्त समाचार

## दुकान मालिक पर चोरी करने आरोप लगाया किरायेदार ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एवं एसपी को भेजा शिकायती पत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। शहर के मुहल्ला तुलसीनगर निवासी एक दुकान किरायेदार दुकान मालिक पर दुकान से सामान चोरी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उरई एवं एसपी को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग उठाई है। शहर के मुहल्ला तुलसीनगर निवासी देवांशु गुप्ता पुत्र सुरेशचंद्र गुप्ता ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एवं एसपी को शिकायती पत्र भेजकर बताया है कि राठरोड़ रामजानकी मंदिर के पास रिंकू का खुला हुआ प्लाट किराये हेतु लिया था जिसके एक कमरे का मासिक किराया 2 हजार रुपये तय हुआ था जिसके पांच हजार रुपये एडवांस लिये थे जिसके निर्माण में लगे पैसे का खर्चा किराये से कटना तय हुआ था। पीड़ित ने बताया कि निर्माण करने मे लगभग 50 हजार रुपया खर्च हुआ तथा निर्माण होने के बाद से उन्होंने प्लाट का तोड़कर कई बार सामान चोरी किया जो लोहे की रिंग निकाल ले गये और दूसरे प्लांट में लगवा दी। पीड़ित देवांशु गुप्ता का आरोप है कि 2 अगस्त की सुबह 10 बजे अपना दुकान से सामान निकाल रहा था तो मालिक ने किराये के नाम पर दस हजार रुपये ले लिए तथा जब दोपहर में मजदूर खाना खाने के लिए तो दुकान मालिक रिंकू ने शराब के नशे में मेरी मोटर, डरम और कुछ लोहे का सामान चोरी करके घर ले गये। पीड़ित का कहना है कि जब सामान वापिस मांगा तो मुझ पर झूठा आरोप लगाने की धमकी देने लगे तथा दुकान मालिक रिंकू राजा ने मेरे साथ मारपीट करने लगे तथा मेरे ऊपर कुल्हाड़ी से हमला करने का प्रयास भी किया। पीड़ित देवांशु गुप्ता ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग उठाई है।

## संविदा कर्मचारी के साथ हुई मारपीट में पुलिस ने किया मामला दर्ज

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो जालौन। ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज उड़ने पर कुछ लोग बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी पर कार्यक्षेत्र न होने के बाद भी उस पर फ्यूज ठीक करने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर संविदा कर्मचारी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम हिंगुटा निवासी सोनू राठौर ने पुलिस को बताया कि वह बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। मंगलवार की सुबह बिजलीघर में ड्यूटी पर था। तभी वहां मिस्टर भिटारा व धर्मेंद्र जालौन आए और कहने लगे कि उनके यहां ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज खराब हो गया है। जिससे बिजली नहीं आ रही है। वह ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज चलकर सही कर दे। जब उसने बताया कि जिस जगह काम के लिए जाना है। वह उसका कार्यक्षेत्र नहीं है। उस जगह दूसरा लाइनमैन कार्यरत है। वह उनसे संपर्क कर लें उनका काम हो जाएगा। इस बात से नाराज होकर दोनों ने गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर मारपीट भी कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। मारपीट करने के बाद दोनों लोग जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उक्त संदर्भ में कोतवाल शैलेंद्र सिंह ने बताया कि संविदा कर्मचारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

### गल्ला मंडी में आढ़त की दुकान का टट्टर तोड़कर अज्ञात चोरों ने 20 बोरी मटर की चोरी

जालौन। गल्ला मंडी में आढ़त की दुकान का टट्टर तोड़कर अज्ञात चोरों ने 20 बोरी मटर की चोरी की। पीड़ित व्यापारी ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी पंकज दीक्षित ने पुलिस को बताया कि उनकी गल्ला मंडी में बांके बिहारी ट्रेडर्स के नाम से फर्म है। उक्त फर्म में अखलेश ट्रेडर्स फर्म के रामप्रकाश शुक्ला साझेदार हैं। साझेदारी में ही दोनों लोग गल्ला मंडी में आढ़त किए हैं। टट्टर की बनी दुकान में किसानों की 5 बोरी दंतेबाड़ा मटर एवं 15 बोरी सफेद मटर की रखी थी। जिनकी कीमत 40 हजार रुपये है। सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का टट्टर तोड़कर उसमें रखी सभी 20 बोरी मटर को चोरी कर लिया है। सुबह जब अन्य दुकानदारों ने टट्टर को टूटा देखा तो उन्हें सूचना दी। जब उन्होंने दुकान पर जाकर देखा तो उसमें रखी बोरियां गायब थी। आसपास देखा तो गल्ला मंडी की दक्षिणी चाहरदीवारी की ओर मटर के दाने फैले हुए थे। पीड़ित व्यापारी का आरोप है कि रात में गल्ला मंडी में सुरक्षा कर्मी तैनात रहते हैं। इसके बावजूद भी मंडी से टट्टर को तोड़कर मटर चोरी कर ली गई है। उन्होंने मामले की जांच कराकर चोरी गई मटर को बरामद कराने की गुहार कोतवाली पुलिस से लगाई है।

## किसान के खेत में सिंचाई के लिए पड़ी जीन एवं कटीले तार को चोरी करने की सूचना पीड़ित किसान ने कोतवाली में तहरीर देकर की

जालौन। किसान के खेत में सिंचाई के लिए पड़ी जीन एवं कटीले तार को चोरी करने की सूचना पीड़ित किसान ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी प्रवीण चौहान ने पुलिस को बताया कि गांव के बाहर उनका प्लांट व कोठी बनी है। उक्त कोठी में वह सिंचाई का सामान रखता है। सोमवार की रात वह खेत से घर चला गया। सुबह जब वह खेत पर बनी कोठी पर पहुंचा तो उसका ताला टूटा पड़ा था और कोठी में सिंचाई के लिए रखी 60 मीटर लंबी जीन व बेरीकेटिंग के लिए रखा 60 किग्रा कंटीला तार गायब था। जब उसने आसपास खेतों में काम करने वाले व्यक्तियों से जानकारी तो पता चला कि उसकी कोठी के पास रात में शेखपुरा गांव के दो लोग घूम रहे थे। पीड़ित किसान ने उक्त दोनों व्यक्तियों पर चोरी की आशंका जाहिर करते हुए उसका सामान वापस दिलाने की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं, किसान की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ग्राम गेरुहा चौराहे पर दो गुटों के बीच हो रही मारपीट में बीच-बचाव करने आये कमलेश पुत्र कीढी की जमकर की पिटाई




सीतापुर। गेरूही का निवासी आलम पुत्र मुस्तफा मोहम्मद राईश पुत्र यासीन जमील पुत्र यासीन मोहम्मद ताज पुत्र सैयद और दूसरे पक्ष के शादाब पुत्र यूनुस निवासी गेरूही से वाद विवाद के बाद मारपीट कर रहे थे इंसानियत के नाते कमलेश ने बीच–बचाव किया तो उपरोक्त लोगों ने कमलेश को जातिसूचक गालियां दी भद्दी भद्दी एवं गंदी गंदी गालियां देकर भागने को कहा कमलेश नहीं भागा तो उपरोक्त लोगों ने कमलेश को लाठी डंडों से मारा पीटा व जान से मार देने की धमकी दी क्योंकि घटना चौराहे पर की है वहां पर मौजूद तमाम प्रत्यक्षदर्शीओ ने उक्त घटना को देखा है जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है कमलेश ने कोतवाली लहरपुर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## मां के दूध पीने से बच्चे नहीं होते बीमार : डा. द्विजेंद्र नाथ




दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। मेडिकल कॉलेज के बाल रोग व भारतीय बालरोग अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में स्तनपान सप्ताह के तहत मंगलवार को गोष्ठी व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ द्विजेंद्र नाथ ने कहा कि अगर मां अपने बच्चों को सिर्फ अपना दूध पिलाती है तो वह अपने बच्चे होने वाली कई बीमारियों से उसे बचा सकती है। बालरोग विभागाध्यक्ष व भारतीय बालरोग अकादमी झांसी मंडल के अध्यक्ष डॉ.जीएस चौधरी ने कहा कि मां का दूध शिशु के लिए उपयोगी होने के साथ ही मां परिवार व एक सशक्त संतान के लिए हितकारी है। डॉ छवि जयसवाल ने कहा कि अगर मां या बच्चे में कुछ स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी हो भी बच्चे को का दूध दिया जा सकता है। कार्यक्रम में एमबीबीएस फाइनल वर्ष के छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें डॉ वैष्णवी साहू और मोहिनी चक्रवर्ती की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि हर्ष माहेश्वरी व प्रियांशी की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस दौरान डॉ शैलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ प्रशांत निरंजन,डॉ जितेंद्र मिश्रा मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ने ध्वज वितरण कर प्रारंभ किया हर घर तिरंगा अभियान, तिरंगा से गुजा सुल्तानपुर



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुल्तानपुर। जिले में रोटरी क्लब सुल्तानपुर ने श्हर घर तिरंगा अभियानश का प्रारंभ नगर के राधारानी कुंवर कृष्ण बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय ध्वज का वितरण करके किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्यों ने विद्यालय की सभी छात्राओं को सर्वप्रथम अपने राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में बताया तत्पश्चात उन सभी को राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया, और यह सुनिश्चित किया व शपथ दिलाई कि सभी छात्राएं राष्ट्रीय ध्वज को अपने घर पर 11 से 17 अगस्त तक अवश्य फहराएं। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन संजय केसरवानी ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्र आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। अमृत महोत्सव के अंतर्गत देश मे हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की गई है जिसमें प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराना हम सब का नैतिक दायित्व है। इसी परिप्रेक्ष्य में क्लब ने ध्वज वितरण अभियान का प्रारंभ आज किया। पूर्व अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि आज लगभग 400 छात्राओं को ध्वज वितरण किया गया व आगे भी इसी प्रकार ध्वज का वितरण अन्य संस्थाओं में व माध्यमों से किया जाएगा। सचिव वेद प्रकाश जायसवाल ने छात्राओं को ध्वज फहराने के नियम व प्रोटोकॉल बताए। छात्राएं बेहद उत्साहित थी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती विंदू श्रीवास्तव ने क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की ओर से श्रीमती रतन प्रिया पांडेय, श्रीमती रीता श्रीवास्तव, श्रीमती अलका श्रीवास्तव, श्रीमती शिखा सिंह, श्रीमती सीमा सिंह, श्रीमती रीना वर्मा, श्रीमती नफीस फातिमा, आराधना पांडेय , श्री धीरेंद्र बहादुर सिंह, श्री राहुल सिंह, श्री जितेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहे।

## नशीली दवाओं के साथ पुलिस ने एक युवक को धर दबोचा,भेजा जेल

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो सुल्तानपुर। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को दबोच लिया। पुलिस ने युवक के पास से 40 गोली नशीली दवा को बरामद कर लिया ।और आरोपी युवक को पुलिस ने जेल भेजने की कार्यवाही की है। पुलिस के मुताबिक सेमरी चौकी इंचार्ज अनिल सक्सेना टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीखूपुर टोल प्लाजा के पास हमराही पुलिसकर्मियों के साथ संदिग्ध व्यक्तियोंध्पदार्थो की चेकिंग कर रहे थे ।इसी दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध युवक को पकड़कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 40 गोली नशीली दवा बरामद हुई ।युवक की पहचान जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बरेहता फाजिलपुर निवासी शिवम दूबे पुत्र रत्नेश दूबे के रूप में हुई। इस संबंध में सेमरी चौकी प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी युवक के विरुद्ध एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। बता दें कि रविवार दोपहर को कथिल मोबाइल छिनैती के मामले में इससे पूर्व वरौसा चौराहे पर बाजार वासियों ने युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था।

## डीएम की अध्यक्षता में उद्योग तथा व्यापार बंधु की बैठक हुई सम्पन्न व्यापारियों ने विद्युत समस्या को रखा बैठक में



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चांदनी सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु तथा व्यापार बन्धु की बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मी बाई सभागार में संपन्न हुई। बैठक व्यापारियों द्वारा विद्युत की अत्यधिक समस्या बताने पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया जनपद में विद्युत की समस्या को तत्काल ठीक कराए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। व्यापारियों द्वारा लाइट की सूचना दिए जाने की बात कि जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि लाइट आने जाने की सूचना व्हाट्सएप ग्रुप पर नियमित रूप से की जाए। व्यापारियों द्वारा सड़को पर गड्ढे होने पर पानी भरे रहने की समस्या बताई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा पीडब्लूडी को निर्देशित किया की सड़को के गड्ढे को तत्काल रूप से ठीक कराए। व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण के नाम पर अवैध वसूली की समस्या बताने पर अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि व्यापारियों को किसी भी प्रकार से परेशान न किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त व्यापारियों से कहा कि जनपद में अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा मनाया जाना है। आप सभी लोग अपनी दुकानों पर तिरंगा जरूर लगाए और आप तिरंगा कही से भी ले सकते दुकानों से या फिर स्वयं सहायता समूह की महिलाओ से भी ले सकते है। जिलाधिकारी ने साफ सफाई की व्यवस्था के दृष्टिगत व्यापारियों से कहा कि आप कूड़े को नाली में या फिर दुकानों के बाहर न फेके, सभी लोग अपनी अपनी दुकानों पर दो कूड़ादान जरूर रखे। उन्होंने कहा कि हम सब लोगो को मिलकर के जनपद को सुंदर और स्वच्छ बनाना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी,जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश सिंह, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका उरई विमलपति सहित समस्त अधिकारी तथा समस्त व्यापारी बंधु मौजूद रहे।

## गांव के बाहर पशु चराने गए ग्रामीण का क्षत-विक्षत शव मिला माइनर में

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई, जालौन। खेतो पर पशु चराने गए लापता हुए ग्रामीण का शव बहादुरपुर नहर कोठी के पास माइनर में झाड़ियों के बीच फंसा मिला।

रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम लिडऊपुर निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र जसराम सिंह सेंगर 45 वर्ष का क्षत विक्षत शव कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर के निकट माइनर की झाड़ियों में मिला है । बताया जाता है कि मृतक जितेंद्र सिंह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। अविवाहित होने के कारण घर से वेफिक्र रहने वाला जितेंद्र सिंह लगभग सत्रह अट्ठारह वर्ष से इंदौर मध्य प्रदेश में ट्रक चलाते हुए वही रहकर जीवन यापन करता रहा। लेकिन गत 3 माह पहले पैरालाइसिस का अटैक होने से उसके दाहिने हाथ पैर ने आंशिक रूप से काम करना बंद कर दिया इस स्थिति में वह अपने गांव लिडऊपुर वापस अपने भाई बृजेंद्र सिंह उर्फ बल्ले एवं शिवसिंह के साथ रहने चला आया। कल सोमवार को सुबह लगभग 10 बजे जितेंद्र सिंह अपने खेतों पर जाते समय घर के पशुओं को भी चराने के लिए खोल कर ले गया, देर शाम जब वह वापस नहीं लौटा तो ग्राम वासियों को साथ में लेकर घर के लोगों ने उसे खोजना प्रारंभ किया, देर रात घर के पालतू पशु तो भटकते हुए मिल गए लेकिन जितेंद्र सिंह का कहीं पता नहीं चला । आज मंगलवार की सुबह कुठौंद थाना क्षेत्र के बहादुरपुर नहर कोठी के निकट माइनर में झाड़ियों के बीच जितेंद्र सिंह का शव क्षत–विक्षत स्थिति में मिला। अनुमान है कि नहर पर पशुओं को पानी से निकालने के प्रयास में पैर फिसलने से वह नहर में गिरकर पानी के तेज बहाव में बह गए, हाथ पैर से कमजोर होने एवं तैरना न जानने के कारण पानी में डूब कर उनकी मृत्यु हो गई । कटे फटे चेहरे को देखकर अनुमान है कि पानी के जंतुओं ने उनके चेहरे को नोच नोच कर शव को विकृत कर दिया। उक्त घटना की सूचना पाकर कुठौंद थाना प्रभारी इस्पेक्टर अखिलेश द्विवेदी, राजीव वैस थानाध्यक्ष रामपुरा, उपनिरीक्षक लाल बहादुर यादव चौकी प्रभारी कंझारी बहादुरपुर, जगम्मनपुर पुलिस चौकी स्टाफ ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को पानी से निकाल कर पोस्टमार्टम हेतु उरई भेजा है।

## आबकारी विभाग से सरकार ने की जबरदस्त कमाई, हासिल किया कई गुना अधिक का राजस्व




- आवकारी विभाग द्वारा अवैध शराव पर शिकंजा बनी राजस्व बढ़ोत्तरी की प्रमुख बजह

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार ने जालौन शराब की दुकानों पर लगे लाइसेंस शुल्क और आबकारी कर से कुल 96. 90 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया है. इस बार 110 फीसदी राजस्व बढ़ा है.

जालौन से यूपी सरकार ने की जबरदस्त कमाई हासिल किया पिछले बर्ष से अधिक का राजस्व जालौन के आबकारी विभाग से सरकार ने की जबरदस्त कमाई। आबकारी विभाग ने की रिकॉर्ड कमाई कई फीसदी बढ़ा राजस्व कोरोना,पलायन और नाइट कर्फ्यू के बावजूद जिला आवकारी अधिकारी प्रणवीर सिंह के सराहनीय प्रयाशों व आवकारी निरीक्षक मनोज कुमार,पी टन्डन,एन पी सिंह ,अमित मिश्रा आदि के कुशल नेतृत्व से आया जबरदस्त उछाल। देशभर में लगातार 3 कोरोना की लहरों और नाइट कर्फ्यू के बावजूद जालौन के आबकारी विभाग की कुशल कार्य क्षमता ने जबरदस्त राजस्व हासिल किया है. उत्तर प्रदेश की सरकार को जलौन की शराब विक्री से जबरदस्त कमाई हो रही है. वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान प्रदेश सरकार को शराब से हासिल राजस्व में कई फीसदी का उछाल आया है. आबकारी विभाग के अनुसार, वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान जालौन ने शराब की दुकानों पर लगे लाइसेंस शुल्क और आबकारी कर से कुल 96 करोड़ 90 लाख रुपये का राजस्व हासिल किया है. जालौन में पिछले साल की अपेक्षा इस बार जनपद में शराब से हासिल राजस्व विभाग में कार्यरत निरीक्षकों के शानदार प्रयाशों से बढ़कर कई गुना हुआ है. आवकारी विभाग द्वारा सरकार को अच्छा खासा राजस्व पहुंचाना यह साफ दर्शाता है कि जिले में तैनात आवकारी निरीक्षकों मनोज कुमार,पी टन्डन,एन पी सिंह व अमित मिश्रा ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ विभाग के अधिकारी प्रणवीर सिंह के नेतृत्व में अवैध शराव पर पूर्णतया प्रतिवंध लगाया है जिससे सरकार को राजस्व की बढ़ोत्तरी सम्भव हो पाई है।

## मूल्यांकन सूची का अवलोकन कर अपनी आपत्ति/सुझाव 3 अगस्त से 11 अगस्त तक कर सकते है :अपर जिलाधिकारी

ब्यूरोचीफ अनुज प्रताप सिंह कानपुर देहात 2 अगस्त 2022 उत्तर प्रदेश (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997 के नियम 4 एके अन्तर्गत मूल्यांकन सूची का पुनरीक्षण करने के उपरान्त जनपद कानपुर देहात की पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची माह अगस्त 2022 में लागू किया जाना है। उपरोक्त जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता ने जन सामान्य को सूचित किया है कि नवीन मूल्यांकन सूची लागू होने के पूर्व वर्तमान प्रचलित दरों पर बैनामा पजीकृत करा कर लाभ प्राप्त कर सकते है साथ ही जन सामान्य को यह भी सूचित किया जाता है कि माह अगस्त 2022 में लागू होने वाली मूल्यांकन सूची की प्रस्तावित मूल्यांकन सूची के सम्बन्ध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति / सुझाव हो तो कृपया जनपद कानपुर देहात के उप निबन्धक कार्यालयों में उपलब्ध प्रस्तावित मूल्यांकन सूची का अवलोकन कर अपनी आपत्ति / सुझाव दिनांक 3. 08.2022 से दिनांक 11.08. 2022 को सायंकाल तक अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कानपुर देहात के कार्यालय या सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, कानपुर देहात के कार्यालय कक्ष संख्या 207 कलेक्ट्रेट माती कानपुर देहात में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते है।

## भीषण सड़क हादसे में स्कार्पियो सवार युवक व नीलगाय की मौत



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बाबा संदीप श्रीवास्तव। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भीषण हुए सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई जिसके उपरांत यह सड़क हादसा अचानक स्कॉर्पियो गाड़ी के सामने नीलगाय के आने की वजह से हुआ यह मामला

नगर कोतवाली क्षेत्र के विनोवापूरी निवासी विनय तिवारी उर्फ सोनू उम्र (38)वर्ष पुत्र राजेंद्र तिवारी सोमवार की रात पंकज जायसवाल निवासी पौधन रामपुर थाना अखंडनगर व दो अन्य साथियों के साथ कादीपुर की तरफ से तरफ जिला मुख्यालय जा रहे थे।सोमवार की रात करीब 12:30 बजे जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ–बलिया राजमार्ग वरौसा चौराहे के आगे मर्यादी इंटर कॉलेज बखत का पुरवा के समीप पहुंचे। उसी समय सामने से आ रही नीलगाय से टक्कर होने के बाद स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर राजमार्ग के दाहिनी तरफ पेड़ से जा टकराई । टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कार्पियो वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया । हादसे में विनय तिवारी उर्फ सोनू व चपेट में आए नीलगाय की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रात में ही घायलों को इलाज के लिए जयसिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया ।जहां मौजूद चिकित्सक सभाराम पाल ने विनय तिवारी को मृत घोषित कर दिया।

जबकि गंभीर रूप से घायल पंकज जायसवाल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। खबर बोले जाने तक मृतक का शव जयसिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रखा गया था जिसके उपरांत इस घटना को लेते हुए क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मृतक के परिजनों में रो रो कर बुरा हाल है वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## सार्क जर्नलिस्ट फोरम इंडिया चौप्टर के संगठन महासचिव को मिला सम्मान

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बिहार विधान परिषद के सभागार में वेव जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बैनर तले डिजिटल मीडिया वर्तमान और भविष्य विषय पर सेमिनार सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह और राज्य के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय झा ने कार्यशाला का उद्घाटन किया ।इस अवसर पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्र ।(इंडिया चौप्टर) के संगठन महासचिव श्याम नाथ सिंह ने पत्रकारिता के बदले स्वरूप और पत्रकारों की गिरती गरिमा पर चिंता जाहिर की। उन्होंने नवोदित पत्रकारों से पत्रकारिता की गरिमा ,मर्यादा और अनुशासन का पालन करते हुए खबरों से समझौता नहीं करने की बात कही। इस अवसर पर वेब जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने श्री श्याम को सम्मानित किया। उन्हें अंग वस्त्र और मेमोंटो दिया गया। इस सम्मेलन में प्रसिद्ध पत्रकार ज्ञानेश्वर, अमिताभ ओझा ,रवि उपाध्याय, हेमंत इत्यादि ने अपने विचार व्यक्त किए।



## तिरंगे को अपना प्रोफाइल बनाये : भाजपा खगड़िया

- 15 अगस्त को राष्ट्र ध्वज फहराने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष खगड़िया सुनील कुमार सिंह ने किया आवाह्न

दैनिक आयोध्या टाईम्स / खगड़िया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने मंगलवार को लोगो से दो अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने शोशल मिडिया एकाउंट पर तिरंगा का इस्तेमालश प्रोफाइलश तस्वीर के तौर पर करने की अपील की साथ ही उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की गुजारिश की। अमित शाह के अपील पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह खगड़िया वासियों से कहे कि आजादी का अमृत महोत्सव एक जनआन्दोलन बन गया हैं। और लोगों से दो अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने शोशल मिडिया एकाउंट श प्रोफाइलश तस्वीर के रूप में तिरंगा को लगाने का आवाह्न किया। वहीं खगड़िया वासियों केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के अपील से ही अपना डीपी पर तिरंगा का श्प्रोफाइलश लगा रहे। इसके लिए खगड़िया वासियों का बहुत बहुत धन्यावाद।




## रेफरल अस्पताल के प्रभारी भूषण राणा को समारोह पूर्वक दी गयी विदाई

- विदाई समारोह में सैकड़ों कर्मी थे शामिल, सभी के आँखे हुई नम

सिमरिया। अनुमण्डल के एक मात्र रेफरल अस्पताल सिमरिया के प्रभारी डॉक्टर भूषण राणा को डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों ने दी विदाई। विदाई कार्यक्रम विधिवत डॉक्टरों और कर्मियों ने समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गयी। विदाई के दौरान प्रभारी भूषण राणा को अंगवस्त्र व अन्य जरूरत की सामग्री तथा माला पहना कर विदाई दी गयी। इस दौरान कर्मियों को आँखे नम हो गयी। वहीं स्वास्थ कर्मियों को संबोधित करते हुए श्री राणा ने बताया कि नोकरी एक पानी की तरह है ।जहां मेढ़ मिल जाती है वहीं ठहराव हो जाती है। जहां भी लोग रहे अपनी पहचान बना कर तथा सभी से स्नेह व प्यार से रहे। काम तो जिंदगी का एक अहम हिस्सा है उसे बाखूबी निष्ठा पूर्वक कार्य करे। जिससे सभी के दिलो में प्यार बना रहे। बता दें कि प्रभारी डॉक्टर भूषण राणा सिमरिया रेफरल अस्पताल में सन 2013 में योगदान दिए थे। जिनका व्यवहार व ईलाज तथा कार्यकुशलता से क्षेत्र के लोग काफी खुश थे। वहीं स्वास्थ कर्मियों में इनके कार्य से काफी सन्तुष्ट थे ।इनका तबादला हजारीबाग जिला के सुलताना अस्पताल में की गयी है। मौके पर डॉक्टर अफान अहमद, डॉक्टर चन्दन,डॉक्टर इनामुल हक,विनोद कुमार पांडेय, मुकेश लाल, फुजैल अहमद,धीरेंद्र सिंह,संगीता, पवन प्रभात,विकास कुमार,संगीता कुमारी, चिंता देवी के अलावे सभी सीएचओ,एएनएम, तथा सहिया साथी के अलावे अन्य स्वास्थ कर्मी मौजूद थे।

## समस्तीपुर नगर थाना के हाजत में गिरकर एक आरोपी युवक गंभीर रूप से जख्मी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल। समस्तीपुर नगर थाना के हाजत में गिरकर एक आरोपी युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद आनन–फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। मामला नगर थाना क्षेत्र के पंजाबी कॉलोनी गली संख्या–1 की है जहां स्थानीय लोगों के द्वारा 112 नंबर पर फोन कर शराब कारोबार की सूचना दी गई थी। जिसके बाद 112 नंबर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवक को हिरासत में लिया इसके बाद नगर थाना के हाजत में उसे रखा गया था। देर रात हाजत में टॉलेट करने उठा युवक चक्कर खाकर गिर गया। जिससे उसके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आ गई। हाजत में बंद अन्य आरोपी द्वारा हल्ला करने पर आये पुलिसकर्मियों द्वारा घायल को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। जख्मी आरोपी की पहचान पंजाबी कॉलोनी के कन्हैया शाह के रूप में हुई है। घटना के बाद से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। वहीं सदर डीएसपी शहबान हबीब फखरी मौके पर पहुंचे मामले की जांच में जुट गए है।



## सेना में अग्नि वीरों के बहाली को लेकर सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों के द्वारा मोतिहारी एवं शिवहर में युवाओं को किया गया जागरूक प्रेरित

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। सेना भर्ती निर्देशक कर्नल बॉबी जसरोटिया सेना मेडल ने जानकारी दी कि सेना के अधिकारियों द्वारा आज शिवहर एवं मोतिहारी के युवाओं को सेना में बहाली को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने को प्रेरित भी किया गया।



शिवहर के डीएवी कॉलेज में मेजर डॉक्टर प्रवीण बजाज ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेना में अग्नि वीरों की बहाली पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी। उन्होंने बहाली की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी युवाओं के साथ साझा की। वही मोतिहारी के 25 बिहार बीएन एनसीसी मोतिहारी में नायक सूबेदार जीबी बंकर एवं एनके लाखन सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए सेना बहाली में भर्ती होने को प्रोत्साहित किया एवं उनकी हौसला अफजाई की। इन दोनों ही स्थानों पर सैकड़ों की संख्या में युवा उपस्थित थे।

इन दोनों अधिकारियों ने उपस्थित विद्यार्थियों को दलालों से सावधान और सचेत रहने को कहा। कहा कि सेना में सैनिकों की भर्ती पूरी पारदर्शिता के साथ की जाती है। बिचौलियों से सावधान रहें। अपने मेहनत और काबिलियत पर भरोसा रखें।

अपने मजबूत आत्मविश्वास के साथ सेना में बहाली की प्रक्रिया में भाग लेकर, सैनिक बनकर राष्ट्र की सेवा में खुद को समर्पित करें।

## अनियमित मॉनसून को लेकर जिला प्रशासन सजग समाहरणालय सभा कक्ष में जिला कृषि टास्क फोर्स की विशेष बैठक आयोजित

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जिला कृषि टास्क फोर्स की विशेष बैठक आयोजित की गई,जिसमे संबधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवम सभी कृषि समन्वयकों ने भाग लिया। बैठक में अनियमित मॉनसून को देखते हुए वर्तमान में हो रही वर्षापात एवम धान की रोपनी की स्थिति, डीजल अनुदान, खाद की उपलब्धता, खाद विशेषकर यूरिया का निर्धारित मूल्य पर बिक्री , कृषि फीडर में 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति ,नलकूप की मरम्मती सहित पीएम किसान सम्मान निधि योजना,पशुपालन एवम डेयरी से संबधित योजना आदि को लेकर जिलाधिकारी द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम वर्तमान में हो रही वर्षापात एवम धान रोपनी को लेकर प्रखंडवार सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक से बारी–बारी से समीक्षा की गई । समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि विगत दो दिनों में जिले में अच्छी वर्षापात हुई है एवम धान की रोपनी का प्रायः अच्छा आच्छादन हो चुका है,परंतु कुछ प्रखंड में अभी भी रोपनी की स्थिति अच्छी नहीं है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वर्तमान में अच्छी वर्षा हो रही है अतः कम रोपनी वाले प्रखंड सहित शेष सभी प्रखंड एक सप्ताह के अंदर सभी प्रखंडों में शत–प्रतिशत धान रोपनी का आच्छादन सुनिश्चित करे,साथ ही वास्तविक रुप से प्रतिदिन इसकी इंट्री करना भी सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी कृषि समन्वयकों को निर्देश दिया कि दो दिनो के अंदर अपने अपने क्षेत्र में यह सर्वे कर ले कि कितने डीजल पंप सेट है। उन्होंने डीजल अनुदान को लेकर विस्तृत जानकारी भी दिया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 22–23 अंतर्गत खरीफ मौसम के फसलों में अल्प वृष्टि के कारण सुखाड़ जैसी उत्पन्न स्थिति को देखते हुए डीजल चालित पंप सेट से पटवन करने के लिए सरकार द्वारा किसानों को डीजल अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। खरीफ फसलों की डीजल पंप सेट से सिंचाई के लिए क्रय किए गए डीजल पर 60 प्रति लीटर की दर से 600 प्रति एकड़ प्रति सिंचाई डीजल अनुदान दिया जाएगा। यह अनुदान प्रति किसान अधिकतम 8 एकड़ सिंचाई के लिए ही देय होगा। इस योजना का लाभ कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल में ऑनलाइन पंजीकृत किसानों को ही दिया जाएगा । वैसे किसान जो पूर्व में डीबीटी पोर्टल पर पंजीकृत हैं उन्हें पुनः पंजीकरण नहीं करना है वे सीधे डीजल अनुदान के लिए पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। डीजल अनुदान की राशि आवेदक के आधार से जुड़े बैंक खाते में ही अंतरित की जाएगी ,अगर बैंक खाता आधार संख्या से जुड़ा नहीं होगा तो वैसे किसानों को को इस योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। डीजल अनुदान योजना खरीफ 2022 के लाभ के लिए दिनांक 29 जुलाई 2022 से सिंचाई के लिए क्रय किये गए डीजल के लिए ही मान्य होगा ।इसी तरह दिनांक 30 अक्टूबर 2022 तक सिंचाई के लिए किए गए डीजल के लिए ही अनुदान का लाभ मान्य होगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी किसान को अपने आवेदन के संदर्भ में किसी प्रकार की शिकायत होगी तो वे लिखित रूप से शिकायत संबंधित डीजल अनुदान अनुशंसा निगरानी समिति के समक्ष रखेंगे। ऐसे सभी शिकायतों का 15 दिनों के अंदर संबंधित कृषि समन्वयक के द्वारा जांच की जाएगी ।जो किसान वांछित अहर्ता रखते हैं उन्हें अनुदान के भुगतान हेतु विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उर्वरक की उपलब्धता एवम कालाबाजारी आदि की समीक्षा के क्रम में डीएम ने निर्देश दिया कि कृषि समन्वयक एवम किसान सलाहकार द्वारा उर्वरक विक्रेताओं पर नजर रखें।किसी भी सूरत में खाद की काला बाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गड़बड़ी करने वालो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में जिले में खाद उपलब्ध करवाया गया है। खाद की कालाबाजारी पर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन कि कड़ी नजर है। उन्होंने निर्देश दिया कि खाद की दुकानों पर की जाने वाली छापेमारी का प्रतिदिन रिपोर्ट उपलब्ध करवाएं। डीएम ने निर्देश दिया कि बंद पड़े नलकूप को शीघ्र ठीक करवाये ताकि किसान सिंचाई में उपयोग कर सकें। किसान सम्मान निधि योजना के समीक्षा के क्रम में डीएम ने निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों का ससमय निष्पादन करें। साथ ही, पुराने किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों का भौतिक सत्यापन भी ससमय कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में प्रतिदिन कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे ताकि सभी स्थितियों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि कृषि टास्क फोर्स से संबंधित अधिकारी क्षेत्र में जाकर धान की रोपनी की स्थिति, कृषि फीडर से बिजली की उपलब्धता, स्टेट ट्यूबवेल की जांच, नहरों से पानी की उपलब्धता, उर्वरक दुकानों में छापेमारी, वर्षा मापी यंत्र की जांच आदि कार्य करेंगे ।इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा पशुपालन विभाग की योजनाएं,डेयरी विभाग की योजनाएं,उद्यान विभाग की योजनाएं आदि का भी समीक्षा किया गया एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। उक्त बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, एलडीएम, सभी कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण व जल निस्सरन कार्य पालक अभियंता विधुत, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी कृषि समन्वयक आदि उपस्थित थे।



## राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर 17 बालक प्रतियोगिता जो 06 से 10 अगस्त 2022 तक आयोजित है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। कला , संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण , पटना के तत्वावधान में 02.08.2022 से पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर 17 बालक प्रतियोगिता जो 06 से 10 अगस्त 2022 तक आयोजित है । जिसमें सीतामढ़ी जिले के खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सीतामढ़ी जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर 17 ( बालक ६ बालिका ) चयन प्रतियोगिता 2022–23 जानकी स्टेडियम डुमरा , सीतामढ़ी में दिनांक 02.08. 2022 को आयोजित किया गया । जिसमें उच्च विद्यालय रेवासी रीगा एवं उच्च विद्यालय वभनगामा रीगा के बीच फाईनल मैच हुआ जिसमें उच्च विद्यालय वभनगामा को 8–6 से हरा कर उ०वि० रेवासी रीगा ने जीत हासिल किया तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ । राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में सीतामढ़ी का मुकाबला 07.08.2022 को रोहतास से होगा। यह जानकारी जिला खेल पदाधिकारी जयनारायण कुमार द्वारा दी गई । विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी जयनारायण कुमार , समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र सीतामढ़ी अभिषेक कु व गौतम , पंकज कुमार सिंह सचिव जिला कबड्डी संघ , सतीश कुमार सचिव जिला भारोत्तोलन संघ , रणजीत कुमार सिंह शारीरिक शिक्षक , बीरेन्द्र कुमार चौधरी शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षक विक्रम कुमार एवं गौतम कुमार ,घुनंदन कुमार आदि ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया।




## उप विकास आयुक्तमुजफ्फरपुर आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जल शक्ति अभियान की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई



उप विकास आयुक्त मुजफ्फरपुर आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जल शक्ति अभियान की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि जल शक्ति अभियान के तहत जिस विभाग को जो जिम्मेदारी मिली है उस जिम्मेदारी का बेहतर निर्वहन करें। अधिकारी अपने विभागों से संबंधित टारगेट को निर्धारित समय पर पूरा करें उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को उनके विभाग के तरफ से जो दायित्व मिला है उसे पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। बैठक में लघु जल संसाधन विभाग, नगर निगम मुजफ्फरपुर, नगर परिषद मोतीपुर ,नगर परिषद कांटी, नगर परिषद साहेबगंज, पी एच ई डी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, कृषि विभाग, जिला उद्यान कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा एवं योजनाओं को जल शक्ति अभियान पोर्टल पर एंट्री करने से संबंधित जानकारी ली गई।

उक्त सभी विभागों द्वारा कुल 3255 योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया परंतु उन योजनाओं को पोर्टल पर इंट्री की गति नगर निगम को छोड़कर बाकी विभागों की बहुत धीमी है।

नगर निगम द्वारा कुंओ का जीणोद्धार, सोकपिट एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सभी 245 योजनाओं के विरुद्ध शत–प्रतिशत इंट्री की गई है जबकि नगर परिषद मोतीपुर ,कांटी और साहेबगंज की स्थिति ठीक नही पाई गई। वहीं जिला पंचायती राज विभाग, भवन निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पी एच ई डी की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। उन्हें पोर्टल पर इंट्री को लेकर सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया की आगे किए जाने वाले कार्यों से संबंधित कार्य योजना बना कर शीघ्र उपस्थापित की जाए।

## स्वतंत्रता दिवस-2022 की तैयारी एवं सफलतापूर्वक आयोजन के मद्देनजर जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। स्वतंत्रता दिवस–2022 की तैयारी एवं सफलतापूर्वक आयोजन के मद्देनजर जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, सिविल सर्जन मुजफ्फरपुर यूसी शर्मा ,अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार ,अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन अजय कुमार सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9:00 बजे पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम सिकंदरपुर में किया जाएगा। मुख्य समारोह स्थल पर बीएमपी, डीएपी, होमगार्ड पुरुष, फायर ब्रिगेड, होमगार्ड बैंड, सीआरपीएफ ,एसएसबी के प्लाटून परेड में भाग लेंगे। 15 अगस्त– 2022 स्वतंत्रता दिवस समारोह में कोविड–19 गाइडलाइन का पालन करने का निर्देश दिया गया है ।सभी सरकारी भवनों पर उजला, नारंगी और हरे रंग की बल्ब की लड़ी लगाई जाएगी।

बैठक में नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि मुजफ्फरपुर परेड ग्राउंड की पूर्ण सफाई और मैदान की जल निकासी का कार्य करना सुनिश्चित करेंगे तथा सभी पहुंच पथ की साफ–सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करवाने की व्यवस्था कराई जाएगी।

इसके साथ ही सभी प्रमुख कार्यालयों के अतिरिक्त शहर के प्रमुख मार्गों की सफाई ,जल निकासी एवं ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया गया।



निर्देश दिया गया कि पीएचईडी से समन्वय स्थापित कर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था स्टेडियम में सुनिश्चित कराने का करवाया जाए। बैठक में मुख्य समारोह स्थल पर अन्य अन्य सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। अग्निशमन एवं आपात सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया गया है। वही विधि व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं आरक्षी उपाधीक्षक नगर विधि व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। यातायात नियंत्रण को लेकर जिला परिवहन अधिकारी और ट्रैफिक डीएसपी को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त परेड ग्राउंड की सजावट, राष्ट्रगान, एंबुलेंस एवं चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति ,महादलित टोलों में झंडोत्तोलन को लेकर विशेष निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए।

## महावीरी झंडा का हुआ आयोजन, कड़ी सुरक्षा के बीच लोगों ने दिखाया करतब, कोरोना के कारण दो साल बाद लोगों में उत्साह




(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। नाग पंचमी के अवसर पर सिरहा में लगी 2 वर्षों बाद मेला बच्चों महिलाओं युवाओं ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा। सिरहा पंचायत में क्रोना के चलते 2 वर्षों के बाद नाग पंचमी के अवसर पर महावीर जी की पूजा अर्चना धूमधाम से ग्रामीणों के द्वारा किया गया। नाग पंचमी के अवसर पर सिरहा नारायणी नदी के तट पर स्थित आदि शक्ति मंदिर एवं पंचायत भवन के परिसर में मेला का आयोजन हुआ उक्त मेले में बच्चों एवं महिलाओं एवं युवाओं ने 2 वर्षों के बाद खुलकर आनंद लिया तथा मेले में पकवान बनाने वाले मिस्त्री खरीदार के आगे भावना नजर आने लगे। शिक्षक मनीष कुमार,मनोज कुमार कुशवाहा, रमेश प्रसाद कुशवाहा, वीरेंद्र प्रसाद पैक्स अध्यक्ष, चंदन कुमार नवयुवक समिति अध्यक्ष, रामजी प्रसाद कुशवाहा, गोवर्धन प्रसाद कुशवाहा, मुखलाल प्रसाद कुशवाहा, राम नारायण प्रसाद कुशवाहा, राजदेव शाह, संतोष कुमार यादव, मनोज कुमार कुरील, ने बताया कि मेले में जो भी सामग्री आई थी उसकी बिक्री खूब हुई है महिलाओं ने श्रृंगार के दुकान पर अपनी श्रृंगार के सामान खरीदी हुई नजर आई तो बच्चों ने खिलौना की दुकान पर प्लास्टिक की खिलौना बंदूक आधी खरीदते हुए नजर आए। वहीं दूसरी तरफ कोरोना के कारण दो वर्षों बाद नागपंचमी के अवसर पर मोतिहारी, अरेराज, संग्रामपुर पताही सहित कई प्रखंडो में महावीरी झंडा का आयोजन किया गया। बहाथी घोड़ा व लाठी डंडे से लोगों ने करतब दिखाया। महावीरी झंडा को लेकर डीएम व एसपी के निर्देश पर सभी स्थलों पर कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। चप्पे चप्पे पर पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिला के सभी प्रखंडों में महावीरी झंडा शांतिपूर्ण माहौल में सम्प्पन हुई। नागपंचमी के अवसर पर महावीरी झंडा का अरेराज में गोबिंदगंज विधयक सुनील मणि तिवारी द्वारा लाठी खेल शुरुआत किया गया। वहीं संग्रामपुर के दुबेटोला में पहलवानों द्वारा करतब दिखाया गया।

महावीरी झंडा की झांकी में हाथी घोड़ा उट रथ सहित बड़ी संख्या में भक्त जय श्री राम के नारे के साथ क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे। वहीं पताही में सबसे उच्ची झंडा आकर्षक का केंद्र बना रहा। झंडा जुलूस में विधि व्यवस्था को लेकर एसडीओ, डीएसपी, बीडीओ, सीओ संबंधित थाना पुलिस तैनात दिखे। कोरोना काल के बाद महावीरी झंडा को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिला।

# संक्षिप्त समाचार

## क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया नाग पंचमी का त्यौहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। नागपंचमी (गुड़िया) त्यौहार क्षेत्र में उल्लास के साथ मनाया गया जगह जगह बालिकाओं ने कपड़ो की बनी गुड़ियों को फेंका जिन्हें बच्चो ने पीटा घर घर पकवान बनाये गये एव नाग देवता की पूजा की गयी। क्षेत्र के कस्बा मसौली, बांसा, बड़ागाँव, त्रिलोकपूर, भयारा,सआदतगंज, जकरिया आदि जगहों पर परम्परागत ढंग से नागपंचमी का त्यौहार मनाया गया तथा घर घर पूड़ी पकवान पकाये गये।




## राहगीरों के लिए मुसीबत साबित हो रहे हैं आवारा गौवंश

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। राजमार्गों पर आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी राहगीरों एव वाहनों चालको के लिए भारी साबित हो रही है आये दिन आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाएं हो रही है।



मंगलवार को हसनापुर मोड़ के निकट आवारा पशुओं की चपेट में आने से बाईक सवार पिता पुत्र घायल हो गये जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार को रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गरी निवासी दृगपाल सिंह पुत्र सूर्य प्रकाश सिंह अपने 25 वर्षीय कृष्णपाल सिंह के साथ बाईक से बाराबंकी की ओर जा रहे थे कि हाईवे पर स्थित हसनपुर मोड़ के निकट अचानक आवारा पशु आ जाने से बाइक चपेट में आ गयी जिससे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर स्थानीय लोगों ने अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## जनकल्याण किसान एसोसिएशन ने नागपंचमी पर किया पौधरोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। आए दिन ऑक्सीजन की समस्या को देखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाना बहुत जरूरी हो गया है इसलिए सभी पर्वों पर कम से कम एक– एक पौधा अवश्य लगाया जाए। उक्त विचार जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव ने नागपंचमी पर्व के अवसर पर अपने संगठन के कार्यालय परिसर में कंजी सागौन एवं केशिया के करीब दो दर्जन पौध रोपित करने के उपरांत व्यक्त किए।वही चेयरमैन की नन्ही मुंन्ही नातिन आराध्या यादव ने कहा कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन, लकड़ी, फल व फूल मिलते हैं।इस अवसर पर प्रदेश सचिव अवधेश कुमार यादव,महेंद्र यादव,शिवबरन सिंह,पिंकी यादव,रिंकी यादव,मोनू यादव,आर्यन यादव,अर्पित यादव,नैनी यादव आदि उपस्थित रहे।इसी क्रम में अछेछा में मातृशक्ति जिला संयोजक नीलम वर्मा ने प्रदेश महासचिव राज बहादुर यादव,युवा जिलाध्यक्ष जमुना सिंह,अंकुर यादव,सुरेश रावत,राम बचन वर्मा,मनोरथ रावत,नौमीलाल,शोभित,आयूष, वंशीधर की मौजूदगी में नागपंचमी पर्व पर आम व नींबू के दर्जनों पौधे रोपित किये।



## फूलपुर नगर पंचायत में फिर चला पॉलिथीन विरोधी अभियान

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स

फूलपुर। पिछले एक पखवारा पूर्व प्रदेश सरकार के निर्देश पर नगर पंचायत में पॉलिथीन विरोधी अभियान ई.ओ, रश्मि सिंह की टीम द्वारा फूलपुर की प्रमुख बाजारों में चला नगर को स्वच्छ रखने में दुकानदारों से सहयोग मांगा था और पन्नी की थैली प्रयोग करने की मनाही सख्ती से की थी परंतु उसका असर ना होता देख मंगलवार को पुनः एसडीएम शुभम श्रीवास्तव के साथ ई.ओ रश्मि सिंह द्वारा अभियान चलाकर कई दुकानदारों बीकानेर मिष्ठान भंडार आठ हजार, लोकनाथ मिष्ठान, भंडार दो हजार राजन किराना स्टोर दो हजार एवं अन्य से कुल चौदह हजार का चालान काटा गया मौके पर जिला को ऑर्डिनेटर नेहा कपूर सफाई नायक मोहम्मद शाबान, लिपिक शिव बहादुर अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग ने फूलपुर को दो खंडों में बांटा

प्रयागराज रिपोर्टर हिमांशु चौरसिया दैनिक अयोध्या टाइम्स

फूलपुर। फूलपुर विद्युत उपखंड द्वारा जहां फूलपुर सिकंदरा घोषडा करनाईपुर खंसार प्रतापपुर बरिस्ता आदि विद्युत उप केंद्र का संचालन एवं निगरानी एक ही एसडीओ द्वारा की जाती थी अब प्रदेश सरकार ने , वर्क लोड देखते हुए कई उपखंड बना दिए फिलहाल फूलपुर उपखंड के एसडीओ प्रांजल मिश्रा बने रहेंगे इस बीच नए उपखंड करनाईपुर से खंसार और प्रतापपुर को संबध्ध करते हुए नवागत एसडीओ मैनेजर प्रसाद एवं अवर अभियंता बिकास गुप्ता को कार्यभार सौंपा गया सोमवार को दोनों अधिकारी खंसार उप केंद्र के मैलहन गांव , पहुचे तो कर्मचारियों ने फूल माला से उनका स्वागत किया मौके पर उदय यादव, आशीष यादव, दिलीप ,दूधनाथ, मुलायम पाल आदि मौजूद रहे।

# मोहर्रम को लेकर हुई तैयारियां

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। मोहर्रम कमेटी अहले सुन्नत की एक मीटिंग ताज बाबा राईन के आवास पर की गई जिसमें कमेटी के अध्यक्ष ताज बाबा राईन ने मोहर्रम से संबंधित सभी कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जनता से अपील की वहीं उन्होंने बताया की मोहर्रम पर निकलने वाले जुलूसो की तैयारियां पूर्ण रूप से कर ली गई है और जुलूस में सभी वॉलिंटियर और जुलूस में शामिल होने वाले लोगों से खास अपील की के जुलूस के मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द बनाने और शहर में भाई चारे के साथ जुलूस निकालने पर जोर दिया इस मौके पर तीन मोहर्रम से लेकर 10 मोहर्रम तक होने वाले सभी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी उसामा अंसारी ने भी बैठक में आने वाले सभी लोगों का खैर मकदम किया और मोहर्रम को सादगी और सद्भावना से मनाने के लिए लोगों से खास निवेदन किया इस मौके पर संरक्षक शुऐब राईन व संगठन मंत्री सलमान उर्फ सल्लू व मंत्री शकील सलमानी विशेष आमंत्रित सदस्य मोहम्मद हारून राईन कोषाध्यक्ष रईस अंसारी नसीम खान करबला कमेटी के अध्यक्ष आसिफ हाजी इदरीश बाबू राईन, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. बिलाल साहब आदि लोग मीटिंग में मौजूद रहे।



# बंदियों के मृत्यु की होगी मजिस्ट्रीयल जांच

प्रयागराज रिपोर्टर हिमांशु चौरसिया दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रयागराज। उप जिला मजिस्टेट–करछना रेनू सिंह बताया है कि विचाराधीन बन्दी पुदई वनवासी पुत्र झल्लर उम्र लगभग 51 वर्ष निवासी ऊंचडीह थाना पवारा जिला जौनपुर, उ0प्र0 की दिनांक 18.04.2022 की रात्रि 21:34 बजे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में हुई मृत्यु के प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु मुझे नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि जो भी व्यक्ति उक्त घटना के सम्बंध में कोई जानकारी रखता हो, वह दिनांक 16.08.2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे के मध्य मेरे न्यायालय /कार्यालय में उपस्थित होकर अपना बयान अंकित करा सकता है एवं साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। विचाराधीन बन्दी अजायब लाल पटेल पुत्र केवला प्रसाद झल्लर उम्र लगभग 73 वर्ष निवासी ग्राम बारी बजहिया थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज की दिनांक 28.04.2022 की रात्रि 11:30 बजे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में हुई मृत्यु के प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु मुझे नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि जो भी व्यक्ति उक्त घटना के सम्बंध में कोई जानकारी रखता हो, वह दिनांक 19.08.2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे के मध्य मेरे न्यायालय/कार्यालय में उपस्थित होकर अपना बयान अंकित करा सकता है एवं साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

# बिजली का पोल दे रहा है मौत को दावत



• तम्बौर सीतापुर विकास खण्ड बेहटा के ग्राम लौकी मजरा दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर। कुरतैहिया बैजू पुत्र मालती प्रसाद का खेत करेहका के पास मेन रोड से है जो यह रोड करेहका से चकपुरवा जाती है इसी रोड के किनारे से 11000 हजार के वी की लाइन भी आई हुई है जो बैजू के खेत मे एक बिजली का खम्भा लगा हुआ है जो खतरे के कगार पर है खम्भा इतना झुक गया कि कब गिर जाए किसी को पता भी नही सबसे शर्मनाक बात यह है कि बिजली बिभाग के कर्मचारी लैन मैन ये सब देखते हुए भी इस पर कोई ध्यान नही दे रहे है जो ज्यादा बारिश होने पर गिर सकता है बैजू ने कई बार बिजली विभाग को अवगत भी करया लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है खेत मे काम कर रहे मजदूर अगर ये खम्भा गिर जाए अगर हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार स्वंम बिजली विभाग होगा। सच की आवाज 11,000 लायन निकली हुई है जिसने काफी खतरा है अब देखते हैं क्या इस बार कार्रवाई होती लोगों का कहना है मेरे खेतों में 11000 की लाइन बिछी हुई है जो खतरे का संकेत कर रही है।

## वीरांगना उद्धा देवी पासी नगर का बोर्ड स्थापित किया गया

ओंकार नाथ चौधरी। पासी समाज विवाह कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आज दिनांक 2/08/2022 को ग्राम सभा टोडरपुर कोटवा रोड हनुमानगंज प्रयागराज में समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में वीरांगना ऊदा देवी पासी नगर का बोर्ड स्थापित किया गया। उद्घाटन के पश्चात संस्था के महामंत्री राम अभिलाष सरोज जी एवं मदन सरोज एडवोकेट ने उपस्थित जनमानस को वीरांगना उदा देवी पासी के बारे में विस्तार से जानकारी दिया इस अवसर पर ग्राम प्रधान पारसनाथ , सूर्य बली पासी अध्यक्ष ब्लॉक बहादुरपुर,छोटे लाल अलबेला मोतीलाल ,अरविंद, अनिल कुमार ,भोलानाथ ,राजदेव ,मुरली भारती, फिरोज खान ,पवन कुमार , बिजली सिंह, संगम लाल यादव, केशव गुप्ता,धर्मराज, मुकेश , दिलीप कुमार, रमेश विश्वकर्मा ,दिनेश विश्वकर्मा ,जवाहर लाल विश्वकर्मा, रजनीश यादव, राजदेव, कुलदीप, अमरनाथ विश्वकर्मा,लालता प्रसाद,राजेश कुमार, पिंटू पाल ,आशीष साहू ,श्याम लाल यादव कुमार, मोबीन अहमद, फैयाज अहमद, सुहेल अहमद, राम चरन पाल, रमाशंकर यादव एडवोकेट, जियालाल पासी, तेज प्रताप, विकास विश्वकर्मा, ज्ञान सिंह आदि लोग उपस्थित रहे अंत में समिति के अध्यक्ष विनय प्रकाश ने उपस्थित लोगों का आभार प्रकट किया।



# परियोजना निदेशक के द्वारा लिया गया अमृत सरोवर के कार्यो का जायजा

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना अमृत सरोवर के कार्यों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को परियोजना निदेशक मनीष कुमार ने खण्ड विकास अधिकारी डॉ0 संस्कृता मिश्रा के साथ ग्राम पंचायत रसौली एव अकबरपुर धनेठी के अमृत सरोवरों का जायजा लिया तथा कार्यो से संतुष्ट दिखे पीडी ने कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये। मंगलवार को परियोजना निदेशक मनीष कुमार ने ग्राम पंचायत रसौली में बन रहे अमर शहीद कामता प्रसाद अमृत सरोवर का जायजा लिया उन्होंने कार्य पर सन्तोष जताते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि जल संरक्षण के प्रयासों को धरातल पर उतारकर कार्य को जल्द पूरा कराया जाए। निदेशक द्वारा अमृत सरोवर पर किए जा रहे कार्य को लेकर ग्राम प्रधान जियाउल हक एव पंचायत सचिव आशीष वर्मा की प्रशंसा की।



खण्ड विकास अधिकारी डॉ0 संस्कृता मिश्रा ने बताया कि रसौली में बन रहे अमृत सरोवर का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा इंटरलॉकिंग का कार्य प्रगति पर है। तालाब की खुदाई एव चाहरदीवारी का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके पश्चात परियोजना निदेशक मनीष कुमार ने बीडीओ डॉ0 संस्कृता मिश्रा के साथ ग्राम पंचायत अकबरपुर धनेठी के अमृत सरोवर, परिषदीय विद्यालय, मनरेगा पार्क, ओपन जिम पार्क का जायजा लिया तथा कार्य पर सन्तोष जताया। निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता लघु सिंचाई आर के प्रकाश, ग्राम प्रधान जियाउल हक, ग्राम पंचायत सचिव आशीष वर्मा, तकनीकी सहायक अजय कुमार वर्मा, दिलीप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# सीतापुर गौशालाओं में आवारा पशुओं की स्थित बद से बद्तर्



दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर। संयुक्त किसान मोर्चा सीतापुर, संयुक्त किसान मोर्चा सीतापुर की अगुवाई में क्लार्क नगर विकास खंड ऐलिया व इलसिया ग्रंट विकास खंड खैराबाद का निरीक्षण मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू, किसान मंच प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह,सिख संगठन जिला अध्यक्ष गुरुपाल सिंह द्वारा किया गया!पिंदर सिंह सिद्धू ने क्लार्क नगर गौशाला का निरीक्षण करने के बाद वहां की देखभाल कर रहे जिम्मेदारों से वार्ता करने पर पता चला कि इस गौशाला में तीन सौ पचास के लगभग जानवर है! गौशाला में पांच लोगों के पास दिन और रात सेवा की जिम्मेदारी है! गौशाला में चारा तैयार करने की कोई मशीन नहीं है!और भूसा भी नाम मात्र का मिला,गौशाला में कार्यरत लोगों को विगत एक वर्ष से मजदूरी नहीं मिली और गौशाला में हर तरफ कीचड़ फैला हुआ था! सिध्दू ने कहा कि इस तरह से गौशालाओं के नाम पर खानापूर्ति कर जनता जनार्दन को गुमराह किया जा रहा है!

किसान मंच प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि इलसिया ग्रंट गौशाला निरीक्षण में मिली अनियमित ताओं से नायब तहसीलदार सदर और बी डी ओ खैराबाद को अवगत कराने पर लेखपाल को भेजकर सत्यापन में सात जानवर गौशाला में मृतक पड़े मिले!खैराबाद ब्लाक मुख्यालय घेराव के समय ए डी ओ पंचायत ने लिखित रूप से 362 पशुओं को दर्शाया गया था! जबकि मौके पर लगभग 250 जानवर पर पाए गए!किसान नेता गुरुपाल सिंह ने कहा कि झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर शासन और प्रशासन को गुमराह किया जा रहा है! आज मृत जानवरों का पी एम करवाकर इस बात बात की पुष्टि होनी जरूरी है कि जानवर भूख से मर रहे हैं या बीमारी से?उपरोक्त मुद्दों पर जिला प्रशासन ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कर एफ आई आर हेतु आदेशित किया जाए!

# यूपी सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में नियुक्त841 सरकारी वकीलों को हटाया

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट में नियुक्त सरकारी वकीलों को बड़ा झटका दिया है।सरकार ने लगभग साढ़े आठ सौ राज्य विधि अधिकारियों यानी सरकारी वकीलों को हटा दिया है। यूपी सरकार ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में नियुक्त किए गए 841 सरकारी वकीलों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधान पीठ से 505 राज्य विधि अधिकारी हटाए गए,तो वहीं हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच से 336 सरकारी वकीलों की छुट्टी हो गई है। बरहाल किन वजहों से इन वकीलों को हटाया गया है।ये कारण अभी पता नहीं चल पाया है। गौरतलब है कि आदेश राज्य के विधि एवं न्याय विभाग के विशेष सचिव निकुंज मित्तल की तरफ से जारी किया गया।इस बड़ी कार्रवाई में इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपर महाधिवक्ता विनोद कांत को भी हटा दिया गया है।साथ ही प्रधान पीठ प्रयागराज में 26 अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता को हटाया गया हैं। 179 स्थाई अधिवक्ताओं की भी छुट्टी हो गई है,111 ब्रीफ होल्डर सिविल की सेवाएं समाप्त हुई हैं,क्रिमिनल साइड के 141 ब्रीफ होल्डर हटाए गए,47 अपर शासकीय अधिवक्ताओं की छुट्टी हुई है। आदेश के अनुसार लखनऊ बेंच के दो चीफ स्टैंडिंग काउंसिल की सेवा खत्म कर दी गई है। 33 एडिशनल गवर्नमेंट एडवोकेट को हटाया गया हैं।लखनऊ बेंच के क्रिमिनल साइड के 66 ब्रीफ होल्डर को हटाया गया है।176 सिविल ब्रीफ होल्डर को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। 59 एडिशनल चीफ स्टैंडिंग काउंसिल और स्टैंडिंग काउंसिल को भी हटाने की बात है। जानकारी के अनुसार अब इन पदों पर अब जल्द ही दूसरे वकीलों की नियुक्ति की जाएगी।नई नियुक्तियों के जरिए सरकार वकीलों को साधने की कोशिश करेगी।वहीं इलाहाबाद हाईकोर्ट को दो अतिरिक्त न्यायाधीश मिले हैं।केंद्र सरकार ने इलाहाबाद भ्ह के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में दो वकीलों की नियुक्ति को अधिसूचित किया है।इसमें सौरभ श्रीवास्तव और ओम प्रकाश शुक्ला को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। 18 जुलाई 2022 को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की सिफारिश की गई थी। आपको बता दे कि इसी साल अप्रैल–मई में सरकार ने वकीलों का साक्षात्कार लेना शुरू किया था, जिसको लेकर काफी आपत्ति की गयी थी।

# देश भर में मनाया गया धूम धाम से नाग पंचमी का त्योहार : राघवेन्द्र सिंह

ओंकार नाथ चौधरी

नागपंचमी का त्योहार पूरे भारत में बड़े धूमधाम से मनाया गया। यह हिंदुओं का एक प्रसिद्ध त्योहार है। नाग हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है। नागों को धारण करने वाले भगवान भोलेनाथ की पूजा–आराधना करना भी इस दिन विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इन्हें शक्ति एवं सूर्य का अवतार भी माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व हर साल मनाया जाता है, इस दिन भगवान शिव के साथ–साथ नाग देवता की पूजा करने का विधान है, इस दिन पूजा करने से कुंडली से कालसर्प दोष के साथ–साथ राहु–केतु के दुष्प्रभाव कम हो जाते है. इसके साथ ही सांपों से संबंधित हर तरह का भय खत्म हो जाता है, नाग पंचमी मनाने के पीछे कई कथाएं प्रचलित है। भविष्य पुराण के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान नागों ने अपनी माता की बात नहीं मानी थी जिसके चलते उन्हें श्राप मिला था. नागों को कहा गया था कि वो जनमेजय के यज्ञ में जलकर भस्म हो जाएंगे. घबराए हुए नाग ब्रह्माजी की शरण में पहुंच गए और उनसे मदद मांगने लगे. तब ब्रह्माजी ने कहा कि नागवंश में महात्मा जरत्कारु के पुत्र आस्तिक सभी नागों की रक्षा करेंगे. ब्रह्मा जी ने यह उपाय पंचमी तिथि को ही बताया था. वहीं, आस्तिक मुनि ने सावन मास की पंचमी तिथि को नागों के ऊपर दूध डालकर उन्हें यज्ञ में जलने से बचाया था. तब से लेकर आज से नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार, जब समुद्र मंथन हुआ था तब किसी को भी रस्सी नहीं मिल रही थी। इस समय वासुकि नाग को रस्सी की तरह इस्तेमाल किया गया था. जहां देवताओं ने वासुकी नाग की पूंछ पकड़ी थी वहीं, दानवों ने उनका मुंह पकड़ा था. मंथन में पहले विष निकला था जिसे शिव भगवान में अपने कंठ में धारण किया था और समस्त लोकों की रक्षा की थी. वहीं, मंथन से जब अमृत निकला तो देवताओं ने इसे पीकर अमरत्व को प्राप्त किया. इसके बाद से ही इस तिथि को नाग पंचमी के पर्व के तौर पर मनाया जाता है। शास्त्रों के मुताबिक नाग पंचमी का एक किस्सा भगवान कृष्ण से भी जुड़ा हुआ है। कहते हैं कि भगवान कृष्ण अपने दोस्तों के साथ खेल रहे थे तब ही खेलते समय उनकी गेंद नदी में जा गिरी। इस नदी में कालिया नाग का वास था। भगवान श्री कृष्ण गेंद को लाने के लिए नदी में कूद पड़े। तब ही कालिया नाग ने भगवान श्री कृष्ण पर हमला कर दिया। लेकिन भगवान श्री कृष्ण ने कालिया नाग को सबक सिखा दिया। जिसके बाद भगवान कृष्ण से कालिया नाग ने मांफी मांगी और वचन दिया कि वो अब से किसी को भी नुकसान नहीं पहुंचाएगा। कहते है कि कालिया नाग पर श्री कृष्ण की विजय को भी नाग पंचमी पर्व के रूप में मनाया जाने लगा।

आज के दिन महिलाएं नाग देवता की पूजा के साथ अपने अपने घरों की दीवारों पर नागों की आकृति बनाकर उनकी पूजा की हैं और घर में सुख–शांति के लिए उनकी प्रार्थना की, नागपंचमी मनाई तो पूरे देश में ही जाती है लेकिन उत्तर प्रदेश में इस त्योहार को कुछ अलग तरीके से मनाया जाता है, दरअसल, नागपंचमी के दिन उत्तर प्रदेश में गुड़िया को पीटा जाता है। गुड़िया को पीटने की परंपरा– उत्तर प्रदेश में नागपंचमी के दिन एक अनोखी परंपरा निभाई जाती है. यहां पर इस दिन गुड़िया को पीटा जाता है. इसके पीछे कई तरह की कहानियां प्रचलित हैं. एक कथा के मुताबिक, तक्षक नाग के काटने से राजा परीक्षित की मौत हो गई थी. कुछ वर्षों के बाद तक्षक की चौथी पीढ़ी की कन्या का विवाह राजा परीक्षित की चौथी पीढ़ी में हुआ. विवाह के बाद उसने अतीत का यह राज एक सेविका को बता दिया. कन्या ने सेविका से कहा कि वो ये बात किसी और को ना बताए लेकिन सेविका से रहा नहीं गया और उसने यह बात एक दूसरी सेविका को बता दी. इस तरह बात फैलते–फैलते ये बात पूरे नगर में फैल गई। ये बात जब तक्षक के राजा तक पहुंची तो उन्हें क्रोध आ गया. उन्होंने नगर की सभी स्त्रियों को चौराहे पर इकट्ठा होने का आदेश दिया. इसके बाद कोड़ों से पिटवाकर उन्हें मरवा दिया. राजा को इस बात का गुस्सा था कि औरतों के पेट में कोई बात नहीं पचती और इस वजह से उसकी पीढ़ी से जुड़ी अतीत की एक पुरानी बात पूरे साम्राज्य में फैल गई. मान्यताओं के अनुसार, तभी से यहां गुड़िया पीटने की परंपरा मनाई जा रही है। परंपरा से जुड़ी एक अन्य कथा– गुड़िया पीटने की परंपरा से जुड़ी एक अन्य कथा भी प्रचलित है जो भोलनाथ के एक भक्त से जुड़ी है. इस कथा के मुताबिक, भोलेनाथ का एक परम भक्त हर दिन शिव मंदिर जाकर पूजा करता था और नाग देवता के दर्शन करता था. भक्त हर दिन नाग देवता को दूध पिलाता था. धीरे–धीरे दोनों में प्रेम हो गया. नाग देवता को भक्त से इतना लगाव हो गया कि वो उसे देखते ही अपनी मणि छोड़ उसके पैरों में लिपट जाता था। एक दिन सावन के महीने में वो भक्त अपनी बहन के साथ उसी शिव मंदिर में आया. नाग हमेशा की तरह भक्त को देखते ही उसके पैरों से लिपट गया. ये दृश्य देखकर बहन भयभीत हो गई. उसे लगा कि नाग उसके भाई को काट रहा है. बहन ने भाई की जान बचाने के लिए उस नाग को पीट–पीटकर मार



डाला. इसके बाद जब भाई ने अपनी और नाग की पूरी कहानी बहन को सुनाई तो वह रोने लगी. वहां उपस्थित लोगों ने कहा कि श्नागश देवता का रूप होते हैं. तुमने उसे मार दिया इसीलिए तुम्हें दंड मिलना चाहिए. हालांकि, यह पाप अनजाने में हुआ है इसलिए भविष्य में आज के दिन लड़की की जगह गुड़िया को पीटा जाएगा. इस तरह नाग पंचमी के दिन गुड़िया पीटने की परंपरा शुरू हुई।

## सोमवार की रात अचानक कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गूढ़ा की आधा दर्जन छात्राओं ने पेट दर्द व बुखार होने की शिकायत

जालौन। सोमवार की रात अचानक कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गूढ़ा की आधा दर्जन छात्राओं ने पेट दर्द व बुखार होने की शिकायत की। छात्राओं की बीमार होने की शिकायत पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जिनमें 4 छात्राओं के पेट में दर्द बंद न होने पर उन्हें मंगलवार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गूढ़ न्यामतपुर रोड पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय स्थित है। उक्त विद्यालय में पढ़ने वाली 6 छात्राओं ने सोमवार की रात अचानक पेट दर्द व बुखार होने की जानकारी स्कूल स्टाफ को दी। छात्राओं के बीमार होने की शिकायत पर वार्डन साधना निरंजन विद्यालय के स्टॉफ के साथ बीमार छात्रा पायल, प्रतिष्ठा, काजल, दिव्या, एकता व प्रीति को लेकर अस्पताल पहुंची। चिकित्सक डॉ. योगेश आर्या ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तो दिव्या व प्रीति को बुखार था। वहीं पायल, प्रतिष्ठा, काजल व एकता को पेट में दर्द था। जब छात्राओं से जानकारी ली गई तो छात्राओं ने भूखा रहने एवं खाना अच्छा न मिलने की शिकायत की। पेट दर्द का कारण कहीं दूषित भोजन नहीं था। यह जानने के लिए चिकित्सक ने छात्राओं का गहन परीक्षण कर उन्हें दवा दी। दवा से बुखार से पीड़ित छात्रा प्रीति व दिव्य को आराम मिल गया और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। जबकि अन्य चार छात्राओं की हालत सही नहीं हुई। उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिन्हें बीएसए अपनी निगरानी में जिला अस्पताल ले गए।

जहां उन्होंने छात्राओं का अल्ट्रासाउंड कराया। इस मौके पर बीईओ अमर सिंह भी मौजूद रहे।

## खुद नहीं करते नियमों का पालन आमजनता को कानून का पाठ पढाते अक्सर नजर आ जाते है दरोगा जी

• जी हां तस्वीरें कभी झूठ बोलती,जनाब यह पूरा मामला कैसरगंज कोतवाली का बताया जा रहा है।

कैसरगंज |थाना कैसरगंज अंतर्गत बस स्टॉप कोतवाली से चंद कदम दूरी पर का है यह दरोगा घीसू राम सरोज है,जो अपनी वर्दी की जोश में खुद को कानून की गिरफ्त से बाहर होकर लोगों का जबरदस्ती चालान काटने पर आमादा करते हैं,और तो और दरोगा जी खुद अपनी बुलेट गाड़ी बीच रोड पर खड़ी करके बिना हेलमेट व मास्क के आने जाने वाली दो पहिया वाहनों का ऑनलाइन चालान काटते तस्वीरों में देखा जा सकता है।

वह भी लखनऊ बहराइच नेशनल हाईवे मार्ग पर जो कि एक दूसरे देश को कनेक्ट करने वाली अंतर्राष्ट्रीय मार्ग एनएचआई 27 पर खड़े कैमरे में कैद हो चुके हैं,जो सीधे साधे लोगों को कानून का पाठ पढ़ाने वाली खाकी वर्दी खुद बेलगाम देखी जा सकती है,और लोगों का अवैध तरीके से चालान काटने पर आमादा हो चुके है,जी हां जब तक यह खाकी वर्दी वाले ही कानून के नियमों का पालन नहीं करेंगे तो आम जनमानस का क्या हाल होगा।

## 25वीं भैरव बाबा कूद प्रतियोगिता में महेंद्र, रोशन, लक्ष्य व खुँशी ने मारी बाजी

• भाजपा नेता विक्रांत सिंह ने प्रथम विजेताओं को बांटी साईकिल

लालगंज रायबरेली। क्षेत्र के पूरे नोखेराय मजरे बेंहटा कलां गांव में 25वीं भैरव बाबा कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चार वर्गो में आयोजित प्रतियोगिताओं में महेंद्र, रोशन, लक्ष्य तथा बालिका वर्ग मे



खुशी सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर बाजी मारी।

भैरव बाबा कूद प्रतियोगिता के 0–उचय12 वर्ग में रोशन ने प्रथम, श्रवण ने द्वितीय तथा अभय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12–उचय16 वर्ग आयु की प्रतियोगिता में लक्ष्य सैदापुर ने प्रथम, सुभम् साहू कल्याणपुर ने द्वितीय तथा अतुल बाजपेईपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही बालिका वर्ग में खुशी सिंह –हजयाबर हरदो पट्टी ने प्रथम, अंजू बरी ने द्वितीय तथा शिवानी ग्वालामऊ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 16 वर्ष से ऊपर की कूद प्रतियोगिता में महेंद्र पूरे घासी अटौरा ने प्रथम, सौरभ भवानी बक्स का पुरवा ने द्वितीय तथा सत्येंद्र बहराईच ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चारो वर्ग के प्रथम विजेताओं को आयोजको की ओर से साईकिल प्रदान की गई। जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियो को फर्राटा फैन व प्रेस आदि प्रदान कर उनकी हौसला आफजाई की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री भाजपा युवा मोर्चा विक्रांत सिंह ने ग्रामीणो व खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुदूवर्ती क्षेत्र में आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता खिलाडियों को आगे ब–सजयने के लिये अच्छा मंच साबित हो सकती है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नही है आवश्यकता है उन्हे सही प्रशिक्षण व मंच देने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राकेश सिह भदौरिया रहे वही अध्यक्षता सयुक्त रूप से लोकतंत्र सेनानी राधाकृष्ण तिवारी व रामवरदान सिंह ने की। कार्यक्रम के संयोजक/आयोजक राजेश प्रताप सिंह प्रबंधक भारतीय किसान विकास संस्थान ने आगतो के प्रति आभार प्रकट किया।

इस मौके पर उमेश सिंह, शिवकिशोर चौरसिया, श्रीकृष्ण चौरसिया, सुरेंद्र सिंह, बुद्दी सिह, विमल तिवारी, युवराज सिंह, अनंत विजय सिंह बीडीसी, अवधेश सिंह समेंत भारी संख्या में ग्रामीणो ने खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया।

## प्रधान के घर आगजनी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

लालगंज रायबरेली। पुलिस चौकी से महज कुछ कदमों की दूरी पर आवास बनाकर निवासी करने वाले वर्तमान प्रधान के घर हुई आगजनी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा है।

कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि बीती 14 जून का प्रधान प्रतिनिधि पंकज सोनी ने कोतवाली में तहरीर देकर गांव के ही दो लोगो पर घर में जानलेवा हमले की नीयत से आगजनी का आरोप लगाया था जिसमें उसकी चार पहिया व एक बुलेट बाईक पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। मामले में दो लोगो के खिलाफ धारा 436, 506 व 120 बी के तहत मामला पंजीकृत किया गया था।

जांच के दौरान विजय प्रताप सिंह उर्फ बबलू पुत्र सुरेंद्र बहादुर सिंह निवासी भीरा गोविंदपुर की संलिप्तता भी उजागर हुई। जिसके चलते उसे आज गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया है।

## मंदिर की जमीनों पर हो रहा दबंगों का कब्जा, हिंदू धर्म के लिए उठ रहा सबसे बड़ा सवाल

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य

• 'भ्रष्टअधिकारियों ने नहीं लिया शिकायत पर संज्ञान'

बछरावां/रायबरेली बछरावां क्षेत्र के रामपुर सुदौली में स्थित प्रख्यात शिव मंदिर भँवरेश्वर में श्रावण मास शुरू होते ही दूरदराज के श्रद्धालुओं का आगमन जोरों पर हजारों की संख्या में पहुंच रहे इन शिव भक्तों को मंदिर परिसर में कब्जा कर के बैठे ठगों का शिकार भी होना पड़ रहा है।जालसाज भक्तों को आस्था के नाम पर भ्रमित कर के मोटी कमाई कर रहे हैं यही नहीं कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर में आई महिलाओं और पुरुषों के गले में पड़े स्वर्ण आभूषण भी भीड़भाड़ की आड़ में चोरी किये जा रहे हैं। मंदिर के आसपास की ग्रामपंचायत की जमीनों पर कब्जा करके अवैध



निर्माण भी करवाए जा रहे हैं। फर्जी सेवा समिति के नाम पर भक्तों से धन उगाही की जा रही है जागरूक लोगों की शिकायत पर अभी तक स्थानीय प्रसाशन ने कोई भी कार्यवाही नहीं की है।मंदिर परिसर के अंदर और आसपास के दायरे में चल रहे इस गोरखधंधे को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।शिकायत के बाद भी प्रसाशनिक महकमे की चुप्पी साधे रहना भी बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

# वर्ष 2022-23 हेतु शासन को गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाएं

• 'मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों का चयन किया जाए।'

कानपुर देहात दिनांक 02 अगस्त 2022 । उक्त निर्देश आज जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के निर्देशों के क्रम में मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों का चयन कर प्रस्ताव गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु भेजे जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को दिए। गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार दिये जाने हेतु शासन द्वारा पूर्व में परिचालित किये गये मार्गदर्शी सिद्धान्त के आधार पर प्रश्नगत पुरस्कार प्राप्त करने की अर्हताएं है कि संबंधित नागरिक भारत का मूल नागरिक हो, उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हों।

मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान रहा हो तथ गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार न दिया जा चुका हो।

उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव हेतु वह व्यक्ति ही पात्र है जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इस हेतु पूर्णतः समर्पित रहे हो, ऐसे संभ्रांत नागरिकों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस (5 जनवरी) पर ष्गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किये जाने व रुपये एक लाख का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिये जाने की व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि जनपद से इस पुरस्कार के मापदण्डों को पूरा करने वाले पात्र महानुभावों के प्रस्ताव उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों का तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट आख्या एवं संस्तुति सहित शासन को प्रत्येक दशा में दिनांक 30 सितम्बर, 2022 तक चार प्रतियों में उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि जिन महानुभावों का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जा रहा है, उनके सम्बन्ध में व्यापक जाँच कर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त रिपोर्ट के माध्यम से तथ्यात्मक विवरण अभिलेखीय साक्ष्यों सहित यह भी प्रमाण–पत्र अंकित किया जाय कि उनके विरुद्ध कोई अपराधिक मामला प्रचलित ध लम्बित नहीं है और किसी भी अपराधिक मामले में किसी न्यायालय द्वारा उन्हें दण्डित नहीं किया गया है।

# आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में सभी लोग करें प्रतिभाग: जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने युवा उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया प्रोत्साहित

कानपुर देहात। 2 अगस्त 2022

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हिन्दी भवन में किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस कार्यक्रम में उन प्रतिभाओं की खोज की गई जिनकी पृष्ठभूमि प्रायः जनपद के सुदूर क्षेत्रों से आती हैं, इस कार्यक्रम में संगीत, नृत्य, वादन जैसे प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया, इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल द्वारा विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कृत भी किया गया जिनका विवरण इस प्रकार है एक्सटेम्पोर में प्रथम प्राची, द्वितीय सुप्रिया, नैन्सी, लोकनृत्य में प्रथम क्षमा, सोनल, अनुभव, शास्त्रीय वादन में श्रीकृष्ण श्रीवास्तव, हर्षित, शास्त्रीय गायन में राहुल प्रथम, जीजीआईसी टीम, स्रष्टि, नाटक (एकांकी) कठपुतली सरवनखेड़ा, मिशन शक्ति एवं सड़क सरुक्षा में जीजीआईसी पुखरायां, बेटी बचाओ में श्रीमती शिवकली देवी इण्टर कालेज विजयी रही। इस कार्यक्रम में र जिलाधिकारी नेहा जैन ने सभी प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया और उनकी कला की सराहना की। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलाया जायेगा इसमें सभी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा अवश्य ले तथा सभी लोग अपने घरो में तिरंगा झंडा अवश्य लगाये। इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी मनोज कुमार यादव, डीआईओएस अरविंद कुमार द्विवेदी इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। कार्यक्रम में समाजसेवी कंचन



मिश्रा व विभिन्न क्षेत्रों से आये प्रतिभागी, युवा आदि उपस्थित रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भारत के राष्ट्रीय ध्वज के अभिकल्पक, देशभक्तएवं कृषि वैज्ञानिक, पिंगली वेंकैया का जन्मदिवस मनाया गया

कानपुर देहात दिनांक 02 अगस्त 2022 । आज जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय ध्वज के अभिकल्पक पिंगली वेंकैया का जन्मदिवस समारोह के आयोजन की अध्यक्षता करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए उपस्थित अधिकारियों व कार्मिकों को उनके जीवन के मूल रहस्यों को उजागर करते हुए कहा कि पिंगली वेंकैया ऐसे अनसंग वारियर थे जिन्होंने देश को पहचान दिलाने हेतु अपना बहुमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पिंगली वेंकैया का जन्म 2 अगस्त 1876, को आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम के निकट भटलापेनुमारु नामक स्थान पर हुआ, इनके पिता का नाम हनुमंतरायुडु और माता का नाम वेंकटरत्नम्मा था और यह तेलुगू ब्राह्मण कुल से थे। उन्होंने बताया कि वह कई विषयों के ज्ञाता थे, उन्हें भूविज्ञान और कृषि क्षेत्र से विशेष लगाव था। वह हीरे की खदानों के विशेषज्ञ थे। उन्होंने बताया कि आम सभी के मन में देश के अभिमान तिरंगे के प्रति भावनाओं का प्रवाह होना चाहिए कि जिस तिरंगे को इस बार फहराएं उस तिरंगे को आजादी के 75वें वर्षगांठ



का प्रतीक मानते हुए इसे हमेशा के लिए अपने अपने घरों में सम्मान सहित संरक्षित करें, और यह गर्व की बात है कि जो जिस प्रकार आजादी के अमृत महोत्सव में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं, पूर्ण तन्मयता से अपना योगदान दें।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) जे0पी0 गुप्ता द्वारा ष्आजाद है भारत मेरा अभिमान तिरंगाष गीत गुनगुनाकर समारोह को देश भावना की तरंग से उत्साहित कर दिया। उन्होंने गीत के माध्यम से अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि देश के अभिमान को तिरंगे के स्वरूप में हमेशा बनाये रखना हम सभी का कर्तव्य। उन्होंने कहा कि देश के कई सपूतों ने देश का भविष्य उज्ज्वल बनाने हेतु अपना योगदान दिया है, आज इस अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव में हमारे पास उन सपूतों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक अवसर है, जिसे हमें नष्ट नहीं करना चाहिए।तत्पश्चात जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहन द्वारा उनके महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन सार का संक्षिप्त दर्शन समारोह में उपस्थित सभी के समक्ष दिया। उन्होंने बताया कि भारत के राष्ट्रीय ध्वज के अभिकल्पक, देशभक्त एवं कृषि वैज्ञानिक, पिंगली वेंकैया को आज हम सभी याद करने, उनके द्वारा दिये गए योगदान को याद करने हेतु यहां एकत्रित हुए हैं, उनके द्वारा तिरंगे के संरचना को शोध उपरान्त अमल में लाया, उन्होंने बताया कि इसमें तीन समान चौड़ाई की क्षैतिज पट्टियाँ हैं, जिनमें सबसे ऊपर केसरिया रंग की पट्टी जो देश की ताकत और साहस को दर्शाती है, बीच में श्वेत पट्टी धर्म चक्र के साथ शांति और सत्य का संकेत है ओर नीचे गहरे हरे रंग की पट्टी देश के शुभ, विकास और उर्वरता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि पिंगली वैंकया ने पाँच सालों तक तीस विभिन्न देशों के राष्ट्रीय ध्वजों पर शोध किया और अंत में तिरंगे के लिए सोचा। 1921 में विजयवाड़ा में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में पिंगली वेंकैया महात्मा गांधी से मिले थे और उन्हें अपने द्वारा डिजाइन लाल और हरे रंग से बनाया हुआ झंडा दिखाया। इसके बाद ही देश में कांग्रेस पार्टी के सारे अधिवेशनों में दो रंगों वाले झंडे का प्रयोग किया जाने लगा लेकिन उस समय इस झंडे को कांग्रेस की ओर से अधिकारिक तौर पर स्वीकृति नहीं मिली थी। इस बीच जालंधर के हंसराज ने झंडे में चक्र चिन्ह बनाने का सुझाव दिया। इस चक्र को प्रगति और आम आदमी के प्रतीक के रूप में माना गया। बाद में गांधी जी के सुझाव पर पिंगली वेंकैया ने शांति के प्रतीक सफेद रंग को भी राष्ट्रीय ध्वज में शामिल किया। 1931 में कांग्रेस ने कराची के अखिल भारतीय सम्मेलन में केसरिया, सफेद और हरे तीन रंगों से बने इस ध्वज को सर्वसम्मति से स्वीकार किया। बाद में राष्ट्रीय ध्वज में इस तिरंगे के बीच चरखे की जगह अशोक चक्र ने ले ली।

समारोह के दौरान कलेक्ट्रेट के कार्मिक व अधिकारी उपस्थित रहे।

# समान नागरिक संहिता पर बोले पुष्कर सिंह धामी, जल्द आएगा कानून, कमेटी कर चुकी है 2 बैठकें

देहरादून। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार समान नागरिक संहिता को लेकर प्रतिबद्ध है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इस दिशा की तरफ आगे बढ़ चुके हैं। न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी ने अपना काम करना शुरू कर दिया है। इस कमेटी की दो बैठकें हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, सैनिकों का प्रदेश है। प्रत्येक परिवार से कोई–न–कोई सेना में काम करता है। ऐसे में हमने चुनाव से पहले ही हमने प्रदेशवासियों के समक्ष संकल्प रखा था कि हमारी नई सरकार के गठन के बाद हम सबसे पहले समान नागरिक संहिता की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्णय लेंगे।उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता को लेकर कमेटी अपना काम करना शुरू कर चुकी है।



## कबड्डी से शारीरिक विकास ही नहीं व्यक्तित्व विकास,मांसपेशियां मजबूत और शरीर फुर्ती बनता है नागपंचमी पर फुलतारा में आयोजित कबड्डी के विजेता बनी तेवरिया करछना टीम

• उपविजेता टीम बनी टौगा,8 टीमो ने लिया भाग,बुजुर्ग ने दिखलाई जाबाजीं

• विजेता–उपविजेता टीम को नगद पुरस्कार के साथ सील्ड और टी शर्ट प्रदान किया गया

प्रयागराज। नागपंचमी के पावन पर्व पर विलुप्त होती खेल–कूद के विभिन्न स्पार्धाओ को जीवंत रखने हेतू कबड्डी टूर्नामेंट फुलतारा नारीबारी मे आयोजित कर फीता काट कर शुभारंभ करते हुए फाइनल मे विजेता–उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरित कर प्रोत्साहित किया गया।

नागपंचमी पर ग्रामीण क्षेत्रों में विलुप्त होती जा रही खेल–कूद के परम्पराओं को जीवांत रख गति देने के लिए युवा समाजसेवी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अतर सिंह कुशवाहा ने युवा एकता कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन ग्रामीणों संग मंगलवार को फुलतारा में किया। पुलिस चौकी नारीबारी प्रभारी संतोष कुमार सिंह, भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी आदि ने फीता काटकर कबड्डी टूर्नामेंट कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं आयोजकों ने अतिथियों का स्वागत किया। चौकी



प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि खेलों से केवल शारीरिक विकास ही नहीं होता बल्कि व्यक्ति का बौद्धिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास भी होता है। जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने कहा खेल और विभिन्न प्रतियोगिताएं हम–सबके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परम्पराओ का आगे बढ़ाते रहना चाहिए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा युवाओं को कबड्डी खेल से एकाग्रता और आंतरिक बल को बढ़ाता है। खिलाड़ियों की गति बढ़ती है,जिसके कारण मानसिक और शारीरिक क्षमता मजबूत बनती है।

कबड्डी खेलने से मांसपेशियां मजबूत बनती है,यह खेल फुर्ती को बढ़ाता है। इसे सभी युवाओं को अपनाना चाहिए। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच तेवरिया करछना व युवा एकता कबड्डी के मध्य हुआ। जिसमें तेवरिया करछना टीम ने उदघाटन मैच के साथ फाईनल मे जीत दर्ज कर टूर्नामेंट की विजेता बनी। उपविजेता टौंगा कलां की टीम रही। बिजेता व उपविजेता टीम को नगद राशि के साथ सील्ड और टी शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ली

इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक व ग्राम प्रधान संतोष सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, अंजनी लाल, धर्मराज पाल, सुधाकर सिंह, दिवाकर त्रिपाठी,लल्लू पंडित,धीरेन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे। एम्पायर की कुशल भूमिका दिवाकर त्रिपाठी ने निभाई। कार्यक्रम संयोजक अतर सिंह कुशवाहा एवं फुलतारा ग्राम प्रधान सुबेदार सिंह,सुरवल साहनी प्रधान राजकरन सिंह कुशवाहा, रजनीश चौधरी, राकेश चौधरी,शेषमणि कुशवाहा,रवीश पाल,उकेश,जय सिंह,संदीप कुशवाहा, राजेश कुशवाहा महेंद्र कुशवाहा एवं भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

कबड्ड़ी देख बुजुर्ग भी आया मैदान में,सबपे पड़ा भारी

कबड्डी खेल देख अपने समय मे कबड्ड़ी के शौकीन रहे बुजुर्ग ने भी मवैया के टीम की तरफ से मैदान में उतरा पड़े। मैदान में सब खिलाड़ियों के उपर बुजुर्ग भारी पड़े। मौजूद क्षेत्रीय जन यह खेल देख खूब तालियां बजाकर उत्साहित करते दिखें।

# संक्षिप्त समाचार

## '25 अगस्त 2022 को तहसील सभागार डेरापुर में आयोजित होगा मत्स्य पालन हेतु तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा आवंटन शिविर

### मछुआ समुदाय के सदस्यों को मिलेगी वरीयता

कानपुर देहात दिनांक 02 अगस्त 2022 ।

उपजिलाधिकारी डेरापुर द्वारा सर्व साधारण हेतु अवगत कराया गया है कि आगामी दिनांक 25 अगस्त 2022 को मत्स्य पालन हेतु तालाबों का 10 वर्षीय पटटा ध आवंटन शिविर तहसील परिसर डेरापुर के सभाकक्ष में दिनांक 25.08.2022 को 11 बजे आयोजित किया जायेगा। तालाबों का आवंटन समय समय पर निर्गत शासनादेशों व मा० उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न रिट याचिकायों में पारित आदेशों के अधीन होगा। मत्स्य पालन आवंटन उ०प्र०राजस्व सहिता 2006 व राजस्व सहिता नियमावली 2016 में निहित प्रविधानों के अन्तर्गत पात्र व्यक्तिओ को नीलामी के माध्यम से किया जायेगा नीलामी में 5 एकड़ से छोटे तालाबों की नीलामी दर 5000.00 रूपये प्रति वर्ष प्रति हेक्टयर तथा 5 एकड से बड़े तालाबों के लिये 10000.00 रुपये प्रति वर्ष प्रति हेक्टयर होगी नीलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागिओं को नवीनतम आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र (जो विज्ञापन की तिथि से 6 माह से पुराना न हो) अपने प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत करना होया शिविर में मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी। नियत तिथि पर यदि किसी तालाब की नीलामी नही हो सकेगी तो पुनः ऐसे अवशेष तालाबों की नीलामी दि० 29 अगस्त 2022 को करायी जायेगी। आवंटन ध नीलामी हेतु नियत तालाबो का विवरण व अन्य आवंटन संबंधित नियम एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस में तहसील नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएंगी।

## हाई स्कूल व इंटर मे उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी ने किया पुरस्कृत

### विद्यालय में छात्र छात्राओं हेतु संपूर्ण व्यवस्थाएं करें सुनिश्चित: जिलाधिकारी

### आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत छात्र छात्राओं को देश भक्ति कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाए जागरूक: जिलाधिकारी

कानपुर देहात 02अगस्त 2022। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय नबीपुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें विद्यालय की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ तथा जिलाधिकारी द्वारा उनको निस्तारण करने के लिये निर्देशित





किया गया, विद्यालय के प्राचार्य सुमन कुमार द्वारा क्रमशः विद्यालय की जरूरत व आवश्यकता को जिलाधिकारी को बताया कि विद्यालय की बाउंड्रीवाल की ऊंचाई कम है तथा पिछली बैठक में भी यह प्रश्न उठाया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई.जिलाधिकारी ने मौके पर संबंधित को निर्देश दिए, विद्यालय में सीसी टीवी कैमरे, भंडारगृह में पंखा, एसी लगाए जाने, सुरक्षा व्यवस्था हेतु होमगार्ड रखे जाने, नबीपुर से नवोदय विद्यालय तक की सड़क के चौड़ीकरण, सड़क के दोनों तरफ स्ट्रीट लाइट, हैंड पंप आदि के संबंध में बात बैठक में रखी गयी। कीटनाशक व मच्छर मारक दावा का विद्यालय में छिड़काव के लिए डीपीआरओ को निर्देशित किया, जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम का तिथि वार कार्यक्रम आयोजित किया जाएं, उन्होंने कहा कि इसी दौरान देश भक्ति फिल्म प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाएं जिससे की बच्चों को देश की आजादी की जानकारी हो सके उन्होंने कहा कि विद्यालय में आजादी कार्नर बनाया जाए जिसमें आजादी से संबंधित पुस्तके, पेंटिंग आदि रखें इसके माध्यम से बच्चों को आजादी के संबंध में जानकारी होगी, उन्होंने कहा कि विद्यालय में हुमन लाइब्रेरी का भी निर्माण किया जाए जिसमें जनपद के 80 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों के विचारों को सुना जाए। बैठक से पूर्व जिलाधिकारी विद्यालय के कक्षा 10 एवं 12 में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। वही जिलाधिकारी को कक्षा 11 के छात्र अनुपम शर्मा द्वारा जिलाधिकारी के स्क्रैच की गई चित्र को जिलाधिकारी को भेंट की , जिसकी सभी ने प्रशंसा की। वहीं जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया तथा मेस में पहुंचकर भोजन किया तथा गुणवत्ता का जायजा लिया। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी के के पाण्डेय, केन्द्रीय विद्यालय प्राचार्य एके राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी ,पीडब्ल्यूडी से आशुतोष चतुर्वेदी, केएस चौहान, सीमा शुक्ला, गोल्डन द्विवेदी आदि अधिकारीगण व अभिभावक सदस्य उपस्थित रहे।

## सपा उम्मीदवार कीर्ति कोल का नामांकन खारिज होने के बाद बीजेपी ने सवाल उठाया है. डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा अपने चरित्र और चेहरे को बदल नहीं पा रही है

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने विधान परिषद चुनाव में आदिवासी महिला उम्मीदवार को उतारकर जो दांव चला था वह उल्टा पड़ गया है.



कीर्ति कोल का नामांकन खारिज हो गया है, कीर्ति कोल का नामांकन रद्द होने की जो वजह सामने आई है उसके मुताबिक कीर्ति की उम्र उतनी नहीं थी जितनी विधान परिषद का चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम उम्र होनी चाहिए. ऐसे में सवाल समाजवादी पार्टी इलेक्शन मैनेजर्स पर उठ रहा है वहीं बीजेपी ने भी इसे लेकर सपा पर निशाना साधा है।

ब्रजेश पाठक का सपा पर जोरदार निशाना

यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का साफ तौर पर कहना है कि समाजवादी पार्टी अपने चरित्र और चेहरे को बदल नहीं पा रही है जिस प्रकार सपा सत्ता में रही है उसी ढंग से आज भी काम कर रही है .पाठक ने कहा कि उन्होंने सदन में कहा था जब नाश मनुज पर छाता है पहले विवेक मर जाता है कुछ ऐसी स्थिति सपा की है. वह साफ तौर पर कह रहे हैं कि सपा को पहले से ही पता था कि उनकी उम्मीदवार जीत नहीं पाएंगी, लेकिन उसके बावजूद एक आदिवासी बहन को मानसिक रूप से प्रताड़ना पहुंचाने का काम किया. यही नहीं नामांकन पत्र भरते समय भी सतर्कता नहीं बरती उसमें इतनी बड़ी त्रुटि कर दी।

डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा डूबता हुआ जहाज है और अपने कर्मों के चलते ही पार्टी की आज ये स्थिति हुई है. वहीं बीजेपी की विधान परिषद की उम्मीदवार निर्मला पासवान ने भी सपा पर हमला बोला और कहा कि सपा को संविधान की जानकारी नहीं है, इसीलिए उनके उम्मीदवार का पर्चा खारिज हुआ है. इसके साथ ही महिला उम्मीदवार का नामांकन पत्र जानकारी ना होने की वजह से खारिज होने पर उन्होंने दुख भी जाहिर किया।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## आज से पिलाई जाएगी विटामिन-ए की खुराक बुधवार से शुरू होकर तीन सितंबर तक जनपद में चलेगा अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा।बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और रतौंधी सहित अन्य बीमारियों से बचाने के लिए जनपद में नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन –ए की खुराक पिलाए जाएगी। इसके लिए बुधवार से अभियान शुरू होगा जो तीन सितंबर तक चलेगा।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि विटामिन–ए वसा में घुलनशील विटामिन है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। अभियान के दौरान सभी अभिभावक अपने नौ माह से पांच साल तक की उम्र के बच्चों को विटामिन–ए की खुराक अवश्य पिलाएं, जिससे कि वह पोषित रह सकें। उन्होंने बताया कि बच्चों में विटामिन–ए की कमी को दूर करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस पी राठौर ने बताया कि नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन–ए की कुल नौ खुराक दी जाती हैं। इसकी कमी से बच्चों में नजर का कमजोर होना, रात्रि के समय कम दिखाई देना, अंधेपन का शिकार हो जाना, रूखी आंख, रूखी त्वचा और त्वचा से संबन्धित अन्य समस्या हो सकती है। इसकी कमी से बचपन में होने वाली दस्त और कुपोषण जैसी आम बीमारियां भी जानलेवा हो सकती हैं। इन सभी कमियों को पूरा करने के लिए बच्चों को विटामिन ए की खुराक देना बेहद आवश्यक है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिनव मिश्रा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जनपद में नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को प्रत्येक बुधवार व शनिवार को नियमित टीकाकरण के साथ विटामिन –ए की खुराक पिलाई जाएगी। विटामिन ए की खुराक देने के लिए हर बच्चे के लिए अलग डिस्पोजेबल चम्मच का प्रयोग किया जाएगा। अभियान में न्यूट्रिशनल इंटरनेशनल संस्था का सहयोग रहेगा।

## आजादी का 75 वां वर्ष महोत्सव 3 अगस्त को उड़िया बाबा आश्रम में

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा।वृन्दावन में दावानल कुंड क्षेत्र स्थित उड़िया बाबा आश्रम में राष्ट्रीय ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल के द्वारा





आजादी का 75 वां वर्ष महोत्सव 3 अगस्त को अपरान्ह 2.30 बजे से आयोजित किया गया है।

राष्ट्रीय ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित जुगेंद्र भारद्वाज व राष्ट्रीय संरक्षक पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने बताया है कि इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम एवं उसके विभिन्न पहलुओं पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अविस्मरणीय सेवा कार्य करने वाली अनेक विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा।यह जानकारी महोत्सव के समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने दी !

## शौचालय बनकर खड़ा है लेकिन उसके सामने पानी भरा

जालौन। गांव को खुले में शौच मुक्त कराने के लिए ग्राम गायर में 4 लाख की लागत से सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है। शौचालय बनकर खड़ा है लेकिन उसके सामने पानी भरा हुआ है। रास्ते में पानी भरे होने के कारण लोगों का उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

विकास खंड के ग्राम गायर में लोगों की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है।

शौचालय के निर्माण से पूर्व स्थान को चयन करने में लापरवाही की गयी। ऐसी जगह का चयन कर लिया गया कि चारों ओर पानी भरा रहता है। 4 लाख की लागत से गांव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण करा दिया गया। निर्माण पूरा होने के रंग रोगन कर जिम्मेदारों के नाम लिखा दिये गये हैं। नाम लिखाने के बाद उसको भूल गए और उसमें ताला लटक रहा है। अभी तक ताला लटक रहा है।

अब बरसात होते ही चारों ओर पानी भर गया है। पानी भरने के कारण अब शौचालय तक पहुंचना भी मुश्किल है। गांव में 4 लाख की लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है किन्तु उसके चालू न होने के कारण उसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण सत्तार, विनोद, लालाराम सेंगर देवेंद्र, बसंत लाल, अमर सिंह बताते हैं कि सरकारी पैसा लगने के बाद भी उसका लाभ ग्रामीण को नहीं मिल पा रहा है तथा शौचालय सफेद हाथी साबित हो रहा है।

## विवाहित को आत्महत्या के लिये उत्प्रेरित करने वाला आरोपी पति को चौकी फगुरम पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया

जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ के चौकी फगुरम के मर्ग क्रमांक 38/2022 धारा 174 जा, फौ, की जांच पर मृतिका को उसके पति भरतलाल बरेठ छोटी छोटी घरेलू बात के नाम से प्रताड़ित करने से



तंग आकर जहर सेवन कर आत्महत्या करना पाया गया जिस पर आरोपी के विरुद्ध चौकी फगुरम में अपराध क्रमांक 232/2022 धारा 498 क, 306 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्रकरण महिला अपराध से संबंधित होने एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये तत्काल पुलिस टीम फगुरम द्वारा आरोपी के मोबाइल लोकेशन के आधार पर टीम जम्मू–कश्मीर रवाना किया गया था जो आरोपी भारत लाल बरेठ बिलासपुर रेलवे स्टेशन में गिरफ्तार किया गया आरोपी भरत लाल बरेठ निवासी सुखदा को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने व आरोपी के विरुद्ध अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों को दिनांक 02/08/2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया आरोपी को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक एस, सी, चौहान चौकी प्रभारी फगुरम, प्रधान आरक्षक टीकम सिंह साव, आरक्षक अविनाश देवांगन, संतोष गोड़ का सराहनीय योगदान रहा।

## डीपीएस की मुस्कान यादव और भारत सिंह बने एक दिन के एसएसपी

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा में पुलिस की पुलिस पाठशाला के बेहद सफल कार्यक्रम के बाद स्कूल के बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए स्कूल के कुछ बच्चों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा जय प्रकाश सिंह ने अपने कार्यालय बुलाकर एक दिन का एसएसपी बनाया। जिसमे दिल्ली पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 की मुस्कान यादव व कक्षा 12 के ही भारत सिंह को एक दिन का पुलिस कप्तान बनाकर इन मेधावी बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया। आज एसएसपी कार्यालय में एक दिन का एसएसपी बनने का सौभाग्य मुस्कान यादव व भारत सिंह को मिला। मुस्कान और भारत ने कार्यालय में आई अन्य समस्याओं के साथ बाल समस्याओं को भी सुना और फरियादियों को सही सलाह भी दी। विद्यालयों के बच्चों का मनोबल बढ़ाने व प्रसाशनिक सेवा में आगे बढ़ने के उद्देश्य से इन बच्चों को यह मौका दिया गया। जिससे ये भविष्य में लोक प्रशासन की सेवाओं में भी आगे बढ़कर अच्छा प्रदर्शन करें। आज एसएसपी से मिलने वाले बच्चों में मुख्य रूप से आरुषि मिश्रा, नंदिता ऋषीश्वरशिवम बघेल को पुलिस लाइन स्थित महिला थाना में भी मामले देखने का कार्य सौंपा गया। एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने कहा कि, इस प्रकार के प्रयास बच्चो के जीवन में प्रेरणादायक बदलाव लाते है। इस विद्यालय के बच्चे मेधावी है अतः मैं चाहूँगा कि, मेधावी बच्चे खूब पढ़ें और आगे बढ़ें। अंत मे एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने सभी बच्चों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया व बच्चों को आशीर्वाद देकर अपनी शुभकामनाएं दी।





## चारागाह और तालाब की जमीन पर कब्जा मुक्तकराने के लिए किसान ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, महराजगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के ओया ग्राम सभा निवासी अमरदीप सिंह ने जिला अधिकारी माला श्रीवास्तव को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि तालाब की भूमि व चारागाह पर कुछ लोगों ने अवैध निर्माण एवं खेती का कार्य कर रहे हैं भगौती प्रसाद रामपाल रवि यादव पुत्र जगदीश यादव मोनी सत्येंद्र राजेश बाबू आदि लोग निवासी ओया द्वारा भूमि गाटा संख्या 276, 297, 425, 84 स्थित भूमि जो चारागाह एवं तालाब भूमि गाटा संख्या 3,71, 145, 396,402, 443 मीटर 471, 494, 530, 541 मीटर स्थित भूमि ओया की भूमि सरकारी अभिलेखों में दर्ज है जिस पर विपक्षी गढ़ अवैध रूप से अपना कब्जा कर रखा है अमरदीप सिंह ने शिकायती पत्र देते हुए जिला अधिकारी से अनुरोध किया इनका अवैध कब्जा हटवाया जाए शिकायती पत्र में अमरदीप सिंह ने बताया प्रधान व हल्का लेखपाल जनता व अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं।

कई बार शिकायती पत्र देने के बावजूद भी अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है और फर्जी रिपोर्ट लेखपाल द्वारा लगाकर उच्च अधिकारियों को संतुष्ट कर दिया जाता है प्रार्थी ने जिला अधिकारी से अनुरोध किया अवैध कब्जा चारागाह भूमि एवं तालाब की भूमि को सुरक्षित किया जाए वही शिकायती पत्र में अमरदीप सिंह ने बताया कि अगर उच्च अधिकारियों द्वारा इस मामले का संज्ञान नहीं लिया गया तो मजबूरन आमरण अनशन पर बैठने के अलावा कोई रास्ता नहीं रह जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।




## जिले में 30 सितम्बर तक धारा 144 लागू, आदेश का हो कड़ाई से पालन - डीएम

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी

संत कबीर नगर। जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने आगामी 30 सितम्बर तक जिले में धारा 144 लागू कर दिया। जिलाधिकारी ने प्रतिबंधात्मक आदेश के कड़ाई से अनुपालन करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त को मोहर्रम, 12 अगस्त को रक्षाबंधन, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, 18 अगस्त को जन्माष्टमी तथा कोविड–19 वैश्विक महामारी के प्रभाव को निष्प्रभावी रखने एवं आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद में शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से यह प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह एकत्रित नही होगा। कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नही होगा। जिसका उद्देश्य किसी विधि विरूद्ध गतिविधि में भाग लेना हो। कोई भी सभा करने से पूर्व संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट अथवा जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। डीएम ने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का प्रतिबन्धित एवं अवैध अस्त्र–शस्त्र जैसे आग्नेयास्त्र, बन्दूक, पिस्टल, राइफल, रिवाल्वर, तलवार, कटार, गुप्ती, चाकू, लाठी, स्टिक, भाला, बरछा, फरसा, गड़ासा लेकर नहीं चलेगा। इसके साथ ही किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ जैसे हथगोला, बारूद, तेजाब आदि लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होने कहा कि लाइसेंसी शस्त्र धारको को खुलेआम शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबन्धित किया गया है। कोई भी व्यक्ति किसी भी माध्यम से अफवाह नही पैदा करेंगा और ना ही अफवाहों को फैलाएगा। कोई भी सार्वजनिक स्थलों अपने भवनों अथवा छतों पर कंकड़, पत्थर, खाली बोतल का संग्रह नही करेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों एवं परीक्षकों तथा परीक्षा संचालन से संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति प्रवेश नही करेगा। कोई भी व्यक्ति अनुचित मुद्रण अथवा प्रकाशन द्वारा परीक्षार्थियों को गुमराह नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्रों के आस–पास ध्वनि विस्तारण यंत्रों का प्रयोग तथा परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित है।उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों धार्मिक संगठनों तथा समस्त विभागों के समस्त सरकारी सेवको तथा मान्यता प्राप्त संघ/ महासंघ /परिसंघ को धरना, सांकेतिक प्रदर्शन अथवा हड़ताल का आयोजन पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। जिससे किसी जाति विशेष अथवा धर्म विशेष व्यक्तियों को आघात पहुँचे तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था कुप्रभावित हो। इसका उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा–188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। उन्होंने बताया है कि यह आदेश ड्यूटी पर तैनात सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, सिक्ख समुदाय के धार्मिक हथियार के रूप में कृपाण धारण करने, बुजुर्ग, दिव्यांग के छड़ी तथा लाठी का प्रयोग करने, शव यात्रा, वैवाहिक कार्यक्रम करने वाले लोगों पर लागू नहीं होगा। लेकिन ध्वनि विस्तारक यत्रों के प्रयोग के लिए पूर्व अनुमति लेनी होगा।



## प्रदेश कार्यालय पर मनाया गया तृतीय स्थापना दिवस काटा केक दी बधाई

दैनिक अयोध्या टाईम्स संवाददाता अंकित तिवारी राजधानी उप्र।

आज 2 अगस्त को पत्रकार समाज कल्याण समिति लखनऊ जिला कमेटी जिला समस्त टीम के साथ प्रदेश अध्यक्ष कोर कमेटी प्रदेश महासचिव जिला उपाध्यक्ष लखनऊ टीम द्वारा प्रदेश कार्यालय पर पत्रकार समाज कल्याण समिति (राजि0) पत्रकारों के हित में निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही जिसका सफलतापूर्वक 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आज लखनऊ तेलीबाग क्षेत्र संगठन के तृतीय स्थापना दिवस का कार्यक्रम माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजभान बघेल नेतृत्व में व प्रदेश अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार मिश्रा जी के सानिध्य सेतेलीबाग प्रदेश कार्यालय पर मनाया गया साथ ही वरिष्ठ



पत्रकारों को सम्मानित किया गया नए व पुराने पत्रकारों को जोड़कर एकजुट रहने की बात कही देवेंद्र कुमार मिश्रा जी ने सभी को एक आग्रह भी किया जिस तरह देश में हर प्रदेश हर जिले हर क्षेत्र में हमारे संगठन का विस्तार हो रहा है ऐसे ही एक दूसरे की ताकत बने रहने की आवश्यकता है तृतीय स्थापना दिवस पर जिसका शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार मिश्रा जी ने केक काटकर किया आए हुए सभी वरिष्ठ पत्रकारों को अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर पत्रकारों को दी बधाई और सभी का किया सम्मान पत्रकारों के हित में कार्यालय पर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी करी चर्चा। आपको बता दें उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ में ही नहीं प्रदेश के कई जनपदों में मनाया गया स्थापना दिवस जैसे कि लखीमपुर खीरी रायबरेली बनारस अमेठी चंदौली रायबरेली कानपुर अलीगढ़ आगरा सीतापुर गाजीपुर गोंडा बस्ती मैनपुरीअयोध्या मथुरा दिल्ली अलीगढ़ नोएडा गाजियाबाद कुशीनगर देवरिया बरेली पीलीभीत महाराजगंज जौनपुर फर्रुखाबाद प्रतापगढ़ शाहजहांपुर रामनगर बाराबंकी बिजनौर रामपुर औरैया कौशांबी प्रतापगढ़ जालौन झांसी ललितपुर सुल्तानपुर अमेठी हाथरस एटा कासगंज अंबेडकर नगर संत कबीर नगर व हरियाणा पंजाब मध्य प्रदेश महाराष्ट्र जैसे कई प्रदेश व कई जनपदों में मनाया गया तृतीय स्थापना दिवस प्रदेश कार्यालय पर उपस्थित पत्रकार समाज कल्याण समिति ( राजि0) देवेंद्र कुमार मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष की कोर कमेटी प्रदेश महासचिव गीतांजलि सिंह जी गोंडा से आए अमित गर्ग जिला सचिव मंडल प्रभारी राम दत्त दिवेदी जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी राजधानी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव जिला सचिव लखनऊ सक्रिय सदस्य तबरुसुम बानो, पूजा प्रजापति, सोनिया रस्तोगी, पुष्पेंद्र शर्मा ,रामचंद्र शर्मा ,अमित पाल, मो0 फुरकान, जैसे वरिष्ठ उपस्थिति में मनाया गया स्थापना दिवस।

# संक्षिप्त समाचार

### मथुरा मंकीपाक्स के मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्कता बरतेगी आने वाले विदेशी पर्यटकों पे नजर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा। कोरोना वायरस की गति में ब्रेक लगाने के बाद केंद्र एवं प्रदेश सरकार राहत की सांस भी नहीं ले पाई कि अब उसके सामने मंकीपॉक्स नामक बीमारी का सामना करना पड़ रहा है।

देश विदेश में मंकी पॉक्स के मामले को देखते हुए योगी सरकार ने



स्वास्थ्य विभाग को संक्रमण को लेकर दिशा–निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश में भले ही इस संक्रमण को लेकर अभी कोई भी मरीज नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग बीमारी से लड़ने के लिए पूरी तरह से अलर्ट है। जिसके तहत पीएचसी–सीएचसी के प्रभारियों को सतर्कता बरतते हुए मरीज मिलने पर तुरंत ही सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। मथुरा धार्मिक नगरी है इसलिए यहां देश के साथ ही अन्य देशों से विदेशी भी भारी संख्या में आते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इससे निपटने को कमर कस ली है। सीएमओ डॉ अजय कुमार वर्मा ने गत दिवस जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी सेंटरों पर दो बैड ऐसे मरीजों के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संभावित मरीज की जांच करने से पहले पूरी सावधानी बरतने को कहा है। उन्होंने बताया कि संभावित मरीज की जांच करने से पहले पीपी किट का इस्तेमाल करें। मरीज को अन्य मरीजों से दूर रखें और इसकी जानकारी तत्काल सीएमओ आफिस में दें। ताकि मुख्यालय से टीम जाकर मरीज की जांच कर सकें और यदि मरीज को मंकी पॉक्स से पीडित है तो उसका समुचित उपचार हो सके। उन्होंने बताया कि अभी तक मंकी पॉक्स वाले लक्षण का कोई मरीज नहीं मिला है। यदि इस तरह का कोई मरीज मिलता है तो उसके लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है।

### आर्बिट्रेशन मामलों की विशेष लोक अदालत 6 अगस्त को

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

संत कबीर नगर। आगामी 6 अगस्त को दीवानी न्यायालय परिसर में आर्बिट्रेशन मामलों से संबंधित विशेष लोक अदालत लगाई जाएगी। यह लोक अदालत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी सोनकर ने दिया। उन्होंने बताया कि यह लोक अदालत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवम उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश पर आयोजित होगी। इस विशेष लोक अदालत में ऐसे मामलों का निस्तारण किया जाएगा जो व्यवसायिक लेन देन एवं बैंक ऋण आदि से संबंधित होंगे। जिले में इस प्रकार के मामले जनपद न्यायाधीश और अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में लंबित हैं। पक्षकार स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय के माध्यम से बैंक प्रतिनिधियों से सुलह समझौता कर मामलों का निस्तारण करा सकते हैं। यह विशेष लोक अदालत न्यायालय परिसर में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक लगाई जाएगी।



### पीएम किसान सम्मान निधि का डीएम ने किया समीक्षा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

त्रुटि रहित भूलेख एवं डाटा को पीएम किसान पोर्टल पर अपलोड करने का दिया निर्देश

संत कबीर नगर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों के भूलेख सत्यापन एवं डाटा को पी एम किसान पोर्टल पर अपलोड करने के संबंध में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने किसानों के भूलेख एवं डाटा को त्रुटि रहित पीएम किसान पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने उप जिलाधिकारी को लेखपालों के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के किसानों की सूची पर भौतिक रूप में कृषि के भूमि विवरण, मृतक, भूमिहीन होने आदि की जो सूचना भरी जा रही है। उसकी गहनता से निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही एक्सल शीट में भरने एवं एक्सल शीट को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पोर्टल पर तहसीलदार के आईडी पासवर्ड से अपलोड करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के समस्त क्षेत्रीय लेखपाल और कार्मिक को आपसी समन्वय बनाकर इस कार्य को निर्धारित समय अवधि में शत प्रतिशत त्रुटि रहित पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने डाटा फीडिंग हेतु आवश्यक सहयोग हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया।



इस दौरान अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी, अप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह, उप जिलाधिकारी धनघटा रविंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित समस्त तहसीलदार उपस्थित रहे।

### बी डी ओ की हर-घर तिरंगा फहराने की अपील

भानु प्रताप बढ़पुरा संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स

बढ़पुरा,इटावा। केंद्र एवं प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव एवं हर –घर तिरंगा फहरानें के कार्यक्रम को सफल बनाने की बढ़पुरा खंड विकास अधिकारी सूरज सिंह द्वारा



जनमानस से अपील की गयी है। खंड विकास अधिकारी सूरज सिंह ने कहा कि अमृत महोत्सव सप्ताह में 11अगस्त से 17 अगस्त तक हर –घर पर तिरंगा पहराय जायेगा। तिरंगा जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें क्षेत्रीय ग्राम पंचायत,क्षेत्र पंचायत सहित समस्त प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों का समस्त जनता सहयोग करे।इसी के साथ कामेत मिली सचिवालय में भी झंडा फहराया गया जिसमें प्रधान पति बीरेन्द्र सिंह व सचिव आयुशी अग्रवाल सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## नागपंचमी पर्व पर गांव अमरैयाकलां में मेले के साथ दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

क्षेत्र के कई गांवों के पहलवानों ने दंगल प्रतियोगिता में कुश्तियां जीती, कुश्तियों में अमरैयाकलां का दबदबा रहा

पीलीभीत पूरनपुर की ग्राम पंचायत अमरैयाकलां में नागपंचमी पर्व पर देवीस्थान पर मेला लगा। मेले में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। जिसमें क्षेत्र के कई गांवों के पहलवानों ने पहुंचकर दंगल प्रतियोगिता में अपनी किस्मत आजमाई। दंगल में अमरैयाकलां के हर्षित कुशवाहा ने तकियादीनारपुर के प्रेमपाल को, अमरैयाकलां के पवन कुशवाहा ने तकियादीनारपुर के कपिल यादव को, अमरैयाकलां के हर्षित कुशवाहा ने धरमंगदपुर के पवन श्रीवास्तव को, अमरैयाकलां के हर्षित कुशवाहा ने तकियादीनारपुर के शाकिर खां को, अमरैयाकलां के धर्मपाल ने रुद्रपुर के शेरसिंह सक्सेना को, अमरैयाकलां के अनिकेत कुशवाहा ने धरमंगदपुर के विकास को, अमरैयाकलां के धर्मपाल ने तकियादीनारपुर के पवन यादव को, महादिया के छोटू ने अमरैयाकलां के अमित को पटखनी दी। इसके अलावा अमरैयाकलां के धर्मपाल तथा नवदिया धनेश के प्रदीप की कुश्ती बराबर पर छूटी। दंगल में



क्षेत्र के गांव खाता, अमरैयाकलां, महादिया, सुखदासपुर, गौटिया, तकियादीनारपुर, लोधीपुर, धरमंगदपुर, नरायनपुर बुजुर्ग, रुरियासलेमपुर, रुद्रपुर, रघुनाथपुर, पूरनपुर आदि कई जगह के लोग मौजूद थे। दंगल में रामशरण, प्रेमपाल राजपूत, पवन कुशवाहा, दयाराम, सरनाम सिंह, हर्षित कुशवाहा, अर्पित कुशवाहा, शिवम, हरीश कुशवाहा, राजन, राजेश कुमार, महेश, कपिल यादव, सियाराम आदि मौजूद रहे।

## पीलीभीत तृतीय सोमवार को पांचवी डाक कावड़ यात्रा निकाली गई

- पीलीभीत पुरनपूर सावन के तृतीय सोमवार को पांचवी डाक कावड़ यात्रा निकाली गई



रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया पूरनपुर से गोमती उद्गम स्थान में जाकर वहां पर जल भर के कावड़ यात्रा प्रारंभ हुई जोकि अशोक कॉलोनी पूरनपुर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक के उपरांत समाप्त हुई।

यह डाक कावड़ पिछले 5 वर्षों से पूरनपुर के नितिन अग्रवाल अंकुर गुप्ता विशाल गुप्ता के अथक प्रयासों से सफलतापूर्वक निकाली जा रही है इस वर्ष भी नितिन अग्रवाल और उनकी टीम ने लगभग 100 कांवरियों के साथ यह डाक कावड़ निकाली सभी कांवरियों ने गोमती उद्गम स्थान से जल भर कर पूरनपुर अशोक कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में आकर जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना की।

## आधा दर्जन गांवों में देखी गई बदमाशों की चहलकदमी

- गांवों में समूह वना कर रात को रखवाली कर रहे ग्रामीण

पूरनपुर ।हथियारों से लैस बदमाशों की चहल कदमी देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत वनी हुई है ।बीती रात तीन गांव में बदमाशों के घुसने की सूचना पर खलबली मच गई ।समूह बनाकर ग्रामीणों ने शोर–शराबा शुरू कर दिया ।इस पर बदमाश दबे पांव वापस लौट गए ।कुछ लोग इसे अफवाह तो कुछ सच्चाई मान रहे हैं ।फिलहाल पुलिस के लिए मामला मुसीबत का सबब बना हुआ है।

पूरनपुर सर्किल क्षेत्र में इन दिनों बदमाशों की चहल कदमी से ग्रामीण दहशत में है ।कोतवाली क्षेत्र के गांव दिलावरपुर,सिमराया,नरायनपुर,फत्तेपुर,निरंजनपुर सहित कई गांवो में बीती रात बदमाशों की गांव के बाहर चहल कदमी देखी गई ।इसको लेकर ग्रामीण सतर्क हो गए। घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई ।ग्रामीणों ने समूह बनाकर इधर–उधर खड़े होकर शोर–शराबा शुरू कर दिया ।इस पर बदमाश दाएं वाएं के रास्तों से होकर फरार हो गए ।लगातार ग्रामीण अंचलों में बदमाशों की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।

बदमाश किसी अप्रिय घटना घटित ना करें इसको लेकर ग्रामीण समूह बनाकर पूरी रात तक रखवाली कर रहे हैं ।हालांकि कुछ लोग इसे कोरी अफवाह मान रहे हैं,तो कुछ लोग इसे सच्चाई भी मान रहे हैं ।बदमाशों की लगातार चहलकदमी पुलिस के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है ।हालांकि पुलिस लगातार सर्किल क्षेत्र में जायजा ले रही है ।चौकी प्रभारी मंगल सिंह ने बताया कि गांव में चोरों की कोई सूचना पुलिस को नहीं दी गई है ।कुछ गांव में अफवाह फैलाई जा रही है।

## गुलडिया भूपसिंह के चोर को तीन साल की सजा

गुलडिया भूपसिंह ।घर में घुसकर लूटपाट करने व जान से मारने की नियत के मामले में कोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई है ।साथ ही दस हजार दो सौ पचास रुपये का जुर्माना लगाया गया है ।इसको लेकर आरोपी पक्ष में खलबली मची हुई है।

मामला पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह का है गांव निवासी बुद्धा लाल का वर्ष 2015 में पड़ोस में रहने वाले सुरेंद्र कुशवाहा से विवाद हो गया था ।जिस पर आरोपी सुरेंद्र कुशवाहा पुत्र र

रामू कुशवाहा ने बुद्धा लाल के घर में घुसकर परिजनों के साथ मारपीट करते हुए लूटपाट की,जान से मारने की नियत से पीड़ित पर फायर कर दिया था ।इस मामले की पूरनपुर कोतवाली में धारा 323,504,336,452,25 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी ।विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। कोर्ट ने 7 साल बाद 18 जुलाई को साक्ष्य के आधार पर आरोपी सुरेंद्र कुशवाहा को आरोपी करार देते हुए तीन साल की कैद की सजा सुनाई है ।साथ ही दस हजार 250 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है ।कार्रवाई को लेकर आरोपी पक्षों में खलबली मची हुई है।

## मा0 राज्य महिला आयोग द्वारा की जायेगी जनसुनवाई

पीलीभीत जनपद में मा0 राज्य महिला आयोग की सदस्या द्वारा दिनांक 03.08.2022 को होने वाला प्रस्तावित जागरूकता चौपाल एवं महिला जनसुनवाई कार्यक्रम जनपद में स्थानी उपचुनाव होने के कारण दिनांक 06.08.2022 को प्रातः 10:00 बजे महिला जनसुनवाई पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में व सांय 4:00 बजे ग्राम पंचायत कल्यानपुर नौगवा में मिशन शक्ति के अन्तर्गत जागरूकता चौपाल का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला, क्षेत्राधिकारी सदर, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तीकरण अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी व जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, थानाध्यक्ष महिला द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

## वृक्षारोपण कर मनाया पत्रकार समाज कल्याण समिति का तृतीय स्थापना दिवस

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पत्रकार समाज कल्याण समिति जनपद श्रावस्ती की जिला कमेटी तथा तहसील भिनगा कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजभान बघेल तथा पत्रकार समाज कल्याण समिति के तृतीय स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसकी मुख्य अतिथि निर्मला पटेल सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी व अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज के प्राचार्य ज्योति प्रकाश पांडे, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मंजू पांडे रही। जिन्होंने अपने कर कमलों से वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वृक्षारोपण करने के पश्चात सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग निर्मला पटेल ने



पत्रकार समाज कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई देते हुए संगठन को दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की का आशीर्वाद दिया और कहा कि देश के संविधान में पत्रकार चौथा स्तंभ है। तो वही अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती केशव चंद्र गोस्वामी ने वृक्षारोपण करने के पश्चात संगठन के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की मुबारकबाद पेश की उसके बाद अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज के प्राचार्य ज्योति प्रकाश पांडे, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मंजू पांडे ने वृक्षारोपण कर संगठन के पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया उन्होंने कहा सभी को कम से कम एक वृक्ष प्रतिवर्ष लगाना चाहिए, जिला प्रबोशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह ने वृक्षारोपण करने के बाद संगठन को कोटि कोटि बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की मुबारकबाद पेश की तत्पश्चात जिला अध्यक्ष हसमत हुसैन खान ने वृक्षारोपण करने के बाद कहा की एक वृक्ष सौ पुत्र समान होते हैं हम लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्र के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर इस शुभ घड़ी के अवसर पर कार्यक्रम संपन्न किया गया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी पी एन पाठक,जिला अध्यक्ष हसमत हुसैन खान ,जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला जिला महामंत्री आरिफ खान, जिला मंत्री सलमान खुर्शीद, जिला संगठन मंत्री मुजम्मिल अहमद तथा रईस अहमद, गुलफाम अहमद ,तहसील अध्यक्ष भिनगा नसीम अहमद, फैयाज उल हक अंसारी, गंगेश कुमार ,नान बाबू राव उपस्थित रहे।

## वांछित चल रहे 10-10 हजार रूपये के पुरस्कार घोषित 02 अभियुक्तगणों को थाना न्यूरिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

पीलीभीत थाना न्यूरिया पर8 पंजीकृत मु0अ0स0 279/22 धारा 2/3 गैगं0 एक्ट के नामित अभियुक्तगणों 1. जाहिद उर्फ छोटे ˜ध्‍ मो0 साबीर उर्फ आबिद नि0 मौ0 खब्बापुर कस्वा व थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत, 2. राशिद कुरैशी पुत्र जमील अहमद नि0 मो0 तिगडी कस्बा व थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत वांछित चल रहे थे। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 10000–10000 हजार के पुरस्कार से इनाम घोषित किया गया था। अभि0 जाहिद उर्फ छोटे ˜ध्‍ मो0 साबिर उर्फ आबिद नि0 मौ0 खब्बापुर कस्बा व थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत को एक तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस व अभि0 राशिद कुरैशी पुत्र जमील अहमद नि0 मौ0 तिगडी कस्बा व थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत को एक नाजायज चाकू सहित गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0स0 356/22 धारा 3ध्25 शस्त्र अधि0 बनाम जाहिद उर्फ छोटे व मु0अ0स0 357/22 धारा 4/25 शस्त्र अधि बनाम राशिद कुरैशी पंजीकृत किया गया।



## पुलिस अधीक्षक ने त्रिस्तरीय पंचायत उप-निर्वाचन-2022 के मतदान की सुरक्षा-व्यवस्था में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया

पीलीभीत। पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में पुलिस अधीक्षक पीलीभीत दिनेश कुमार पी0 द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप–निर्वाचन –2022 के मतदान की सुरक्षा–व्यवस्था में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिसकर्मियों को चुनाव आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए अनुशासन में रहकर अपनी–अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि निष्पक्ष व निर्विघ्न मतदान संपन्न हो सके।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 पवित्र मोहन त्रिपाठी भी मौजूद रहे।



## कार्यो को मानक के अनुरूप व निर्धारित समय सीमा में किया जाये पूर्ण-जिलाधिकारी

पीलीभीत। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा विकास कार्यो हेतु की गई घोषणाओं से सम्बन्धित निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रभावी अनुश्रवण, समयबद्व एवं गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण कराने हेतु नामित नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने ट्रांसमिशन सबस्टेशन का निर्माण की समीक्षा के दौरान अवशेष कार्यों को 15 अगस्त से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस कार्य में किसी भी प्रकार शिथिलता न बरती जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने योग वेलनेस सेन्टर संचालन की समीक्षा गई और निर्देशित किया गया कि उ0प्र0 राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा आंवटित के सापेक्ष माह जून तक मानदेय भुगतान कराना सुनिश्चित



किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा राजकीय डिग्री कॉलेज की समीक्षा के दौरान कालेज के अवशेष कार्यों में तेजी लाने के साथ ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा पुलिस के ट्रांजिस्ट हास्टल की समीक्षा करते हुये कार्यों में तेजी लाने व ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान पीएससी कुकरीखेडा व राजकीय मेडिकल को निर्धारित समय तक पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि मा0 मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यों को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, अधिशासी अभियन्ता पीडब्लूडी, अपर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, अधिशासी अभियन्ता जल निगम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सरकार के 100 दिवस पूर्ण होने के अवसर पर प्रेस वार्ता का आयोजन, जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया प्रतिभाग

पीलीभीत। असीम अरूण जी, मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण उ0प्र0 सरकार द्वारा वर्तमान सरकार के 100 दिवस पूर्ण होने के अवसर पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया था।

उक्त प्रेस वार्ता में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मा0 जन प्रतिनिधियों द्वारा मा0 राज्यमंत्री जी के संज्ञान में लाया गया कि जनपद की तहसील कलीनगर (माधौटांडा) में स्थित मॉ गोमती उद्गम स्थल का जीणोद्वार किये जाने के उपरान्त तट पर संध्या आरती एवं पार्क /कैन्टीन आदि का सौन्दर्यीकरण जिला प्रशासन द्वारा कराया गया। यह स्थल धार्मिकध्पर्यटन विकास की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थल है, परन्तु परिवहन विभाग द्वारा उक्त स्थल पर कोई भी बस सेवायें संचालित न होने के कारण जनसामान्य को स्थल तक पहुंचने में अत्यन्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा निर्देश दिये गये कि मॉ गोमती उद्गम स्थल के पर्यटन विकास हेतु लखनऊ से पीलीभीत हेतु साप्ताहिक बस सेवा अथवा पूर्व से संचालित बसों को उक्त पर्यटन के स्थल रास्ते संचालित किये जाने हेतु समक्ष स्तर से पत्राचार किया जाये। मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों में मॉ गोमती उद्गम स्थल के धार्मिक महत्व एवं जनपद के पर्यटन के विकास के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा बस सेवायें संचालित करने हेतु परिवहन आयुक्त उ0प्र0 शासन लखनऊ को पत्र प्रेषित किया गया।

## पूरनपुर-धौरी कंचनपुर मार्ग निकट धनाराघाट पर शारदा नदी सेतु पहुंच मार्ग के अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षा कार्य के निर्माण हेतु जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा शासन को प्रस्ताव प्रेषित

पीलीभीत जनपद में पूरनपुर–धौरी कंचनपुर मार्ग निकट धनाराघाट पर शारदा नदी सेतु पहुंच मार्ग के अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षा कार्य के निर्माण हेतु जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। सेतु की अनुमानित लागत रू0 24971 लाख है। उप परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, सेतु निर्माण इकाई प्रथम बरेली द्वारा प्रस्तुत प्रारम्भिक आगणनध्प्रस्ताव के अनुसार वर्तमान में इस मार्ग पर कोई सेतु न होने के कारण सूखे के मौसम में 300.00 मी0 एवं 80.00मी0 लम्बाई के दो पीपों के पुलों का लो0नि0वि0 द्वारा प्रतिवर्ष निर्माण किया जाता है। जिसके माध्यम से आवागमन होता है। दोनों पीपों के पुलों के बीच की दूरी लगभग 2.00 किमी0 पड़ती है, लो0नि0वि0 द्वारा बर्षा ऋतु में पीपों के पुल को हटा लिया जाता है, जिस कारण मार्ग पूरी तरह अवरूद्व हो जाता है। बाढ़ के समय उक्त पूरा क्षेत्र जनपद से कट जाता है ग्रामवासियों को जनपद मुख्यालय पहुंचने हेतु जनपद लखीमपुर खीरी होकर आना होता है जिसमें लगभग 180 कि0मी0 की दूरी तय करनी होती है।

उक्त सेतु निर्माण से यह दूरी 70 किमी0 रह जायेगी। प्रस्तावित सेतु निर्माण होने से ग्राम हजारा, भरतपुर अशोकनगर, अयोध्यापुरी, चंदननगर, लक्ष्मणनगर, नहरूनगर, रामनगर विनोवानगरद्व राघवपुरी तथा धर्मपुरी आदि लगभग 80–85 गां0 जिनकी आबादी लगभग 2.50 लाख होगी, जिससे निर्माण क्षेत्र का



सर्वागीण विकास होगा तथा प्रस्तावित उक्त सेतु के निर्माण के उपरान्त भारत से नेपाल राष्ट्र की सीमा हाइवे के माध्यम से जुड जायेगा। जिससे आवागमन सुगम हो जायेगा तथा सुरक्षा के दृष्टि से गाड़ियो का आवागमन सुगम हो जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

### महिला समूह द्वारा किया रहा झंडा तैयार इसकी क्वालिटी सर्वोत्तम है नेकी की दीवार

पीलीभीत पुरनपूर आजादी का अमृत महोत्सवश प्रगतिशील भारत के 75 साल और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने और मनाने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच श्हर घर तिरंगाश आंदोलन होगा। आप इस आंदोलन का हिस्सा बनें और अपने घर पर



राष्ट्रीय ध्वज फहराएं ।श्नेकी की दीवार सामाजिक संस्था द्वारा अमृत महोत्सव में अपने योगदान के तहत एसएसबी वाह जैन जनार्दन के लिए 1000 भारतीय झंडा बनाकर बांटने लक्ष रखा गया है पूरनपुर स्थित कौर बुटीक के माध्यम से हरजीत कौर की देखरेख में महिला समूह द्वारा किया झंडा तैयार किया जा रहा है इसकी क्वालिटी सर्वोत्तम हैनेकी की दीवार वाह चढ़दी कला एन आर आई टीम पिपरिया मजरा भी सहयोग कर रही है यह कार्यक्रम गुरमेल सिंह अमनदीप सिंह कपिल कक्कड़ चेहल कार केयर सिमरनजीत सिंह अमृत सिंह सोनू सिंह सौरभ पांडे सुखदेव सिंह खालसा राइस मिल।

### ग्रामीण क्षेत्र में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया लोगों ने घरों में नागदेवता की पूजा-अर्चना कर उनको दूध और चने का प्रसाद खिलाया।

पीलीभीत पुरनपूर ग्रामीण क्षेत्र में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने घरों में नागदेवता की पूजा–अर्चना कर उनको दूध और चने का प्रसाद खिलाया।



पर्व पर तकियादीनारपुर के नागराज मन्दिर, अमरैयाकलां के लालबाबा मन्दिर, कलीनगर रोड पर तकिया के गुरु कृपा धाम मंदिर और लम्बौआ के मन्दिर पर लोगों ने पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया।।

गांव अमरैयाकलां के देवीस्थान पर हर वर्ष की भांति नागपंचमी पर्व मनाया गया। जिसमें बच्चों ने खेल–खिलौनों की दुकानों पर खरीददारी की और बच्चों ने झूला झूले तथा क्षेत्र में सर्प दंश का शिकार हुए लोगों के उपचार के समय लगाए गए बंधों को बैगियों ने झाड़ फूंककर मंत्रों के माध्यम से करीब 20 लोगों को बंधों से मुक्त किया। इस मौके पर ओमकार कुशवाहा, हरभजनसिंह, रामप्रसाद, ख्यालीराम, चेतराम, श्यामबिहारी, इतवारीलाल, सरोज यादव, वासुदेव कुशवाहा, विजयकुमार, प्रमोद कुमार, जगदीश प्रसाद, पप्पू, वीरपाल राजपूत आदि मौजूद रहे।

### मोबाइल की दुकान में लगी आग,लाखों का सामान राख मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने बमुश्किल पाया आग पर काबू

पूरनपुर ।मोबाइल शॉप की दुकान में संदिग्ध परस्थितियों में आग लग गई ।आग की तेज लपटें देख खलबली मच गई। मामले की सूचना दुकान स्वामी को दी गई ।जब तक आग पर काबू पाया जाता है ।तब तक दुकान में रखा सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया ।दुकानदार ने लाखों रुपए के नुकसान होने का अंदेशा जताया है ।पीड़ित ने तहसील प्रशासन को सूचना देकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला पंकज कॉलोनी निवासी अनिल रस्तोगी की पूरनपुर कोतवाली के सामने मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है ।पिछले कई सालों से वह दुकान के सहारे अपने परिवार का भरण पोषण करता है ।कुछ दिन पहले अनिल ने मोबाइल रिपेयरिंग के साथ ही नए मोबाइलों की बिक्री भी शुरू कर दी थी ।रोजाना की भांति वह सोमवार की देर शाम दुकान बंद करके अपने घर चला गया ।इसी दौरान बीतीरात दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई ।आग की तेज लपटें देख लोगों में खलबली मच गई ।बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए ।मामले की सूचना दुकान स्वामी को दी गई ।सूचना पर फायर ब्रिगेड पहुंच गई ।जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दुकान में रखी चार फोटो स्टेट मशीन,एक लैमिनेशन मशीन,एक फोल्डर मशीन,80 नए मोबाइल,300 सौ पुराने मोबाइल सहित करीव चार लाखों रुपए का दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया ।दुकान स्वामी ने इस मामले की सूचना तहसील प्रशासन को देखकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है ।लाखों रुपए का सामान जल जाने से पीड़ित दुकान स्वामी काफी परेशान है।

### चकरोड के विवाद पर दो पक्षों में हुआ विवाद झगडे में कई घायल,मेडिकल के बाद रिपोर्ट दर्ज

पूरनपुर ।चकरोड काटकर खेत में मिलाने को लेकर विवाद हो गया ।घर में घुसकर दबंगों ने मारपीट करते हुए कई को घायल कर दिया ।दूसरे पक्ष ने भी मारपीट का आरोप लगाया है ।पुलिस ने मेडिकल के बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अमृतपुर ता.घुंघचाई निवासी बलविंदर सिंह ने बताया कि उसके घर व खेत को जाने वाले रास्ते को पड़ोसी के खेत स्वामी गुरचरन सिंह,साधू सिंह चकरोड को काटकर अपने खेत में मिला रहा था ।इसकी जानकारी लगने पर उसने मौके पर जाकर रोड काटने का विरोध करने लगा ।इसी दौरान गुरचरन सिंह,साधू सिंह,अमरजीत सिंह सहित कई लोग मेड पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों को काटना शुरु कर दिया ।पीड़ित ने मना किया तो सभी ने एक राय होकर लाठी–डंडों से जमकर पीटा ।जान से मारने की नियत से फावडा से हमला कर दिया ।जिससे पीड़ित के कंधे और हाथ पर गंभीर चोटें आई हैं ।पीड़ित किसी तरह से चुंगल से छूटकर घर भागा ।इस पर सभी ने उसका पीछा भी किया ।कुछ देर बाद सभी असलहा,तलवारों से लेस होकर घर में घुस आए ।परिवार के लोगों को जमकर मारा पीटा ।झगडे को लेकर हडकंप मच गया ।शोर शरावा करने पर पुलिस में सूचना देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए ।घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरे पक्ष ने भी मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है ।पुलिस ने मेडिकल के बाद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है ।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है ।शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।

### किसान पर फायर करने के आरोपियों को भेजा जेल

पूरनपुर ।कोतवाली क्षेत्र के गांव खांडेपुर निवासी निवासी गुरमीत सिंह रविवार की दोपहर घर की रखवाली कर रहा था ।इसी दौरान दो संदिग्ध उसके घर के आसपास घूमते दिखे थे ।पीडित ने जब ललकारा तो दोनों संदिग्धों ने जान से मारने की नियत से उसके ऊपर फायर कर दिया था ।जिससे वह बाल–बाल बचा था ।घेरा बंदी करते हुए ग्रामीणों ने दो को मौके पर पकड़ लिया था ।पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम अलीशेर निवासी रसियाखानपुर व अलीजान निवासी कंजाखेड़ा बताया था ।तलाशी लेने पर दोनों के पास से 315 बोर तमंचा,दो कारतूस,एक खोखा,चाकू बरामद किया गया था ।कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर सोमवार को मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जेल भेज दिया ।कोतवाल अशोक पाल ने बताया दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा के आयोजन

पीलीभीत। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जवाहर भवन लखनऊ के अनुपालन में दिये गये दिशा निर्देशों के माध्यम से आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा के आयोजन हेतु विस्तुत दिशा निर्देश निर्गत किये गये है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्ग Pan India Awareness & Outreach Campaign कार्यक्रम संचालित करते हुए विभिन्न प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं। इसी क्रम में उ0प्र0 शासन के न्याय विभाग द्वारा निर्गत उपरोक्त निर्देशों के प्रकाश में पराविधिक स्वयं सेवकों, पैनल अधिवक्ताओं, विधि छात्रों लीगल एड क्लीनिक एवं स्वयं सेवी गैर शासकीय संगठनों इत्यादि के माध्यम से आम जनता तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम पहुंचाने तथा जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया।

## कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना द्वारा किया गया किसानों को बासमती धान की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी नगीना। कृषी विज्ञान केन्द्रनगीना पर बासमती को अधिक बढ़ावा देने हेतु केंद्र के तकनीकी पारक मे बासमती धान की18उन्नतशील प्रजातियों का प्रदर्शन किया जा रहा है।जिसका किसान अवलोकन करके अपने खेतों पर अच्छी से अच्छी प्रजातियों को अपनाकर अधिक उत्पादकता देसकते हैं। प्रजातियों में बासमती धान की पूसा बासमती 1692 पूसा 1637पूसा 1718 प्रमुख है। इस वर्ष जि०केकिसानों हेतु 3नई प्रजातियां पूसाबासमती 1885पूसा1886एवं पूसा 1847का प्रदर्शनभी केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा कराया जा रहा है।डा.के के सिंह नेबताया कि प्रजातियां निर्यात योग्य हैं इनका किसानअधिक सेअधिक उत्पादन जैविक मात्रा में करें या प्राकृतिक खेती केमाध्यम से करके अधिकलाभ प्राप्तकर सकते है।वैज्ञानिक डॉ शिवांगी ने बासमतीधान में लगने वाले प्रमुख खरपतवार के नियंत्रण के बारे में बताया कि खरपतवार का समय से



नियंत्रण करके उच्च उत्पादकता कोसुनिश्चित की जासकती है।केंद्र के फसल सुरछा वैज्ञानिक डॉ पिंटू कुमार ने बताया कि समय रहते बासमती में लगने वाले रोग एवं बीमारियों का नियंत्रण करना चाहिए इसके लिए उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने में ट्राईकोडरमा का उपयोग करने को कहा।

## तरहई मिसरें पर निशस्त का आयोजन

नगीना दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी प नगीना ।नगर के मुहल्ला शाहजहीर स्थित सफिरुउद्दीन के निवास स्थान पर अंजुमन हुसुल ए अदब की जानिब सेआ जाओ जो तुम मिलनें इस दिल को करार आयेश।इस तरहई मिसरें पर निशस्त का आयोजन उमरदीन सहर की सदारत व मुहम्मद शाहिद की निजामत में किया गया।निशस्त का आगाज अनीस अहमद तिशना की नाते पाक से हुआ।गजलियात के दौर में मुहम्मद असलम ने कहा– उस जुल्फें परेशा को सुलझा के जो घर लौटे/ऐसा लगा हम अपने हालात सवार आये। इनाम मजिद शाद ने कहा–गम की मेरी हालात पर तू तो शौक से हंस ले लेकिनः वक्त ऐसा कभी तुझ पर ना ए यार आये।मुहम्मद अशरफ बिजनौरी ने कहा–गुलशन में बिना तेरे पतझड़ का सा मौसम है/तू आये तो गुलशन में ए यार बाहर आये। मुहम्मद शाहिद ने कहा–कब रोके रुका हूँ मैं तूफानों हवादिस के/ अक्सर मेरे रस्ते में ये गर्दों गुब्बार आये।मुहम्मद यासीन रहबर ने कहा–इख्लास मुहब्बत पर मिट जाए ना क्यों उसके/मासूम से चहरें पर क्यों उसके ना प्यार आये।अनीस अहमद तिशना ने कहा–हर शाख पर गुल महकें कलियों पर निखार आये/जब सहने गुलिस्ता में वो जाने बहार आये।शकील आदिल ने



कहा–कुछ और तो पास अपने एक दिल के सिवा क्या था।महफिल में हसीनों कि हम उसको भी हार आये।उमरदीन सहर ने कहा–ये शम्मे इलाही है अब तक जो ना बुझ पाई/हालांकि बुझाने को तूफान हजार आये। देर रात तक चली इस निशस्त मे शायरों ने खूब दादो तहसीन लूटी।अगले माह–तुम्हारी खुशी में ही मेरी खुशी है।इस तरहई मिसरे पर निशस्त आयोजित की जायेगी।इस मौके पर मास्टर मुहम्मद अनवर,मुहम्मद शाहिद,बाबू ,विसाल अहमद, गुड्डू,नफीस ठेकेदार, हसनैन, सईद अहमद आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ से जुड़ने का किया आह्वान

किरतपुर। दैनिक अयोध्या टाइम्स शरीफ मलिक। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत के जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक शिक्षक एकजुटता के साथ एक झंडे के तले नहीं आते तब तक शिक्षकों का शोषण होता रहेगा



उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत शिक्षकों का एकमात्र ऐसा संगठन है जो सेवारत शिक्षकों को संरक्षण प्रदान करता है तथा उनके अधिकारों की लड़ाई तत्परता से लड़ता है।

आसिफ एम. जी. एम. पी.एम इंटर कॉलेज किरतपुर में शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत से जुड़कर अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं

इस अवसर पर संघ के संरक्षक विनेश त्यागी जिला मंत्री विनोद कुमार हाजी दानिश अख्तर पूर्व शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी ने भी शिक्षकों को अधिक से अधिक संख्या मे सेवारत संघ से जुड़ने का आह्वान किया इस अवसर पर बिलाल आसिफ मोहम्मद मोहताशीम अदिल अनवर अंसार अहमद महफूज खान नवेद अहमद दिलशाद अहमद नौशाद अख्तर अदिल अनवर फिरोज अहमद आदि शिक्षक उपस्थित थे अंत में प्रधानचार्य एम एम नामी ने सब का शुक्रिया अदा किया।

## तहसीलदार ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरिक्षण
### निरीक्षण के दौरान छात्राओं ने भोजन सही न मिलने की रखी शिकायत

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। तहसीलदार व खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय पंजीठ का निरीक्षण किया। इस दौरान छत्राओं ने भोजन व्यवस्था में सुधार कराने की मांग की मंगलवार को तहसीलदार कैराना प्रियंका जयसवाल व खण्ड शिक्षा अधिकारी सचिन त्यागी ने क्षेत्र के गाँव पंजीठ स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में दी जा रही शिक्षा,सुरक्षा, भोजन, स्वास्थ्य व साफ–सफाई आदि की गुणवत्ता की जांच की गई।हालांकि इस दौरान शिक्षा ग्रहण करने वाली छत्राओं ने



सुबह नाश्ते में मिलने वाले भोजन पर अपनी शिकायत दर्ज कराई और भोजन व्यवस्था में सुधार कराने की मांग की। शिकायत मिलने पर तहसीलदार ने तुरंत भोजन व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए हैं।

## आरोपी को रिमांड पर लेकर कैराना पहुँची जींद पुलिस
### आरोपी की निशानदही पर हथियार तस्कर की तलाश में कई स्थानों पर डाली दबिश,नहीं मिली सफलता

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। अवैध असलहा के साथ आठ माह पूर्व पकड़े गए आरोपी को रिमांड पर लेकर असलहा तस्कर की तलाश में कैराना पहुँची जींद पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ कई स्थानों पर दबिश डाली। सफलता न मिलने पर टीम वापस लौट गई मंगलवार को जनपद जींद से एएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में चार सदस्य टीम कैराना कोतवाली पहुँची और आमद दर्ज कराकर माह सितम्बर 2021 में अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार शंकर निवासी गाँव जिलाना को कोर्ट से रिमांड हासिल कर अपने साथ लेकर पहुंची। टीम ने उसकी निशानदही पर कई स्थानों पर छापेमारी की,लेकिन कोई सफलता हाथ नहीँ लगी। आरोपी ने बताया था कि उसने अहमद नामक युवक से तमंचा खरीदा था,जिसने पीएनबी बैंक के निकट मुख्य मार्ग पर ही दिया था। टीम में कॉन्स्टेबल लखमिन्द्र,हैड कॉन्स्टेबल वीरेंद्र व सिपाही मनोज शामिल रहे।



## बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर महिला से की लूट

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता हैदर राजा नूरपुर।ताजपुर मार्ग पर दो बाइक सवार बदमाशों ने सड़क किनारे खड़ी एक महिला से मोबाइल व रकम लूट ली और घटना को अंजाम देकर फरार होने की फिराक में थे।तभी शोर–शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को मौके से पकड़ लिया पकड़े गए दोनों बदमाशों को पब्लिक ने पुलिस के हवाले कर दिया ।

जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक निवासी नूरपुर अपनी पत्नी के साथ ससुराल जा रहा था जैसे ही युवक की बाईक कडुला पुल के पास पहुंची तभी उसकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया युवक ने अपनी पत्नी को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और पैदल अपने बाइक में तेल डलवाने के लिए चल पड़ा तभी पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर सड़क किनारे खड़ी महिला से लूटपाट करनी शुरू कर दी लूटपाट होता देख महिला ने शोर मचा दिया। जिससे आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग व राहगीर इकट्ठा हो गए और पब्लिक को आता देख दोनों बदमाश बाइक छोड़कर भाग रहे थे तभी दोनों को मौके से पब्लिक ने पकड़ लिया और दोनों के पास से लूटी गई रकम और मोबाइल बरामद हुआ पकड़े गए बदमाश सलीम पुत्र अबरार निवासी मोहल्ला पटवारीयान कस्बा रेहड और परवेज पुत्र शमीम निवासी मोहल्ला पटवारीयान कस्बा व थाना रेहड दोनों बदमाशों ने दिनदहाड़े आतंकित करके महिला से लूट का प्रयास करने की कोशिश की जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई बाद में सूचना पर दौड़ी पुलिस ने दोनों




बदमाशों को हिरासत में ले लिया पीड़ित युवक ने पुलिस में तहरीर देते हुए बताया कि मैं पेट्रोल डलवाने के लिए पैदल जा रहा था जैसे ही मेने शोर शराबा सुना तो वापस आया तभी दोनों बदमाशों को पब्लिक ने पकड़ लिया था शराफत की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज सिंह सोलंकी ने बताया कि दोनों बदमाशों को हिरासत में ले लिया है। और तहरीर के आधार पर मामला दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## सैनी समाज समिति शामली ने नो कुवा मे की महा बैठक

(रिपोर्ट जिला संवाददाता) दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली सैनी समाज समिति शामली ने हर महा होने वाली बैठक का आयोजन किया जिसमे शामली के नो कुवा जनेश्वर सैनी आडती के निवास स्थान पर हुई। अध्याकक्षा सुनील सैनी आडती ने की ओर संचालन सुभाष सैनी प्रवीण सैनी ने किया इस बैठक मे सभी ने अपने विचार–विमर्श किए ओर कहा की सैनी समाज मे प्रतिभाओ को आगे बढाने का काम करगे चाहे एजुकेशन मे हो चाहे कला श्रेत्र मे हो ओर बाबूराम सैनी आडती सैनी समाज अध्यक्ष ने कहा की 18/9/2022 को सैनी सम्मेलन होने जा रहा है बडे धूमधाम के साथ जिसमे मुख्य अतिथि जसवंत सैनी जी मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एव कल्पना सैनी जी राज्यसभा सांसद उत्तराखण्ड भाग ले रहे है ओर मुख्य नेता समाजसेवी भी भाग ले रहे है

जैसे दिल्ली हरियाणा उत्तराखंड पंजाब राज्यो से भी आ रहे है दीपक सैनी संगठन मंत्री ने कहा सैनी समाज किसान परिवारो आता है ईमानदारी ओर मेहनत करना ही अपना फर्ज मानते है खेत की मिटटी कडी मेहनत से शीश कर फसल को तैयार करते है सैनी समाज सुयॅवशी कहलाते है हम भगवान शत्रुघन जी के वशंज है । महाराजा भगीरथ जी जो गंगा जी लाए थे यह इनका भी सैनी समाज से महत्त्वपूर्ण टच है ।



कहने का मतलब है सैनी समाज का सम्मानित इतिहास है बैठक मे बाबूराम सैनी आभेराम सैनी, दीपक सैनी, पुरण सैनी, रामकुमार सैनी, जनेश्वर सैनी , युवा अध्यक्ष रामनिवास सैनी ,सुभाष सैनी रविन्द्र सैनी आचार्य ,चदकीराम सैनी, किरतपाल सैनी अमरसिंह सैनी सचिन सैनी एडवोकेट,सुनील सैनी श्याम सैनी अशोक सैनी डाक्टर रामकिशन सैनी राजेश सैनी अमित सैनी बिजेंद्र सैनी देविन्दर सैनी सुरेश सैनी नीरज सैनी आदि शामिल हुए ।

मिडिया प्रभारी सैनी समाज समिती शामली आभेराम सैनी शामली

## बिडोली पास के गाँव मे लगातार बढ रहे यमुना के जल से ग्रामीणों मे खोफ व्याप्त

(रिपोर्ट जिला संवाददाता) दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली जिला कांग्रेस कमेटी की टीम ने यमुना पर जाकर लिया जाएजा । हथनीकुंड बैराज से लगातार छोडे जा रहे पानी से यमुना नदी उफान पर है। लगातार बढ़ रहे जल स्तर से किनारे ढहकर यमुना में बह रहे हैं।बिडौली बार्डर के समीप बसे गांवों के किसानों को यमुना नदी में बढ रहे जल प्रवाह से फसलों सहित जान माल के नुकसान का डर सता रहा है। यमुना नदी के पानी की त्रीव गति से मगंलोरा से साल्हापुर बांध की मिट्टी कट कट कर यमुना नदी में समा रही है। मंगलोरा व म्यान कस्बा के ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन को बार बार सूचना देने के बाद भी प्रशासन की नींद नहीं टूटी जिसको लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए अतिशीघ्र ठोस कदम उठाए जाने की मांग की। ग्रामीणों के द्वारा अपनी पीडा कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा को फोन पर बताई।जिस पर कांग्रेस नेता ने प्रशासनिक अधिकारियों से फोन पर वार्ता करते हुए उचित कदम उठाए जाने की मांग रखी। किसान सुभाष,देशपाल व ओमबीर ने बताया कि कितनी ही बार प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराया गया है किंतु कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है।सुरेन्द्र, यशपाल व कालू का कहना है कि लगातार बढ़ रहे जल से कृषि भूमि



की ढांग कट कट कर बह रही है जिससे खडी फसल का नुकसान होने का डर सता रहा है।किसान राजकुमार, बिजेन्द्र व जितेंद्र ने अपनी पीडा व्यक्त करते हुए बताया कि डर के मारे रात को नींद भी नहीं आती है। प्रशासन को अतिशीघ्र कोई ठोस कदम उठाना चाहिए। प्रदर्शन करने वालो मे दीपक सैनी जिलाध्यक्ष अश्वनी शर्मा प्रदेश महासचिव कांग्रेस सुरेंद्र, यशपाल, राजेंद्र,बिजेन्द्र,कालू,राजकुमार,ओम वीर, जितेंद्र, सुभाष शर्मा ,सुधीर चौधरी, यश अत्रि आदि मौजूद रहे।

## 19 ग्राम पंचायतों में रेन वाटर हारवेस्टिंग बनकर तैयार, इकत्तीस पर कार्य जारी

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। विश्वभर में पेयजल की कमी एंव संकट को देखते हुए वर्षा जल संचय को लेकर 42 ग्राम पंचायतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर कार्य तेजी से कराया जा रहा है,जिसमें 19 रेन वाटर हार्वेस्टिंग तैयार हो चुके हैं,जबकि 31 पर कार्य जारी है।

विश्वभर में भूजलस्तर लगातार कम होता जा रहा, हैंडपंप हों या फिर ट्यूबवेल हों जलस्तर गिरने से इनकी गहराइयों को लगातर बढाना पड़ रहा है। ऐसे में अगर जल संकट के प्रति जागरूक न किया गया तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे और जल संकट झेलने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। वर्षा जल संचय को लेकर कई तरह की तैयारियां की जाती हैं,लेकिन उन्हें समय पर अमली जामा पहनाना अपने आप में एक बड़ा चौलेंज बना हुआ है। मानसून सत्र के दौरान जल संचय को लेकर बड़े–बड़े दावे किए जाते हैं,लेकिन इन्हें समय पर पूरा नहीं किया जाता। खण्ड विकास अधिकारी जीतेन्द्र मिश्र ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत 42 ग्राम पंचायतों में वर्षा जल संचयन के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर तेजी के साथ कार्य चल रहा है, जिसमें 19 ग्राम पंचायतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि शेष 31ग्राम पंचायतों में कार्य चल रहा है,जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत जल संचयन प्रणाली को विकसित कर बरसात के पानी को बर्बाद होने से रोकना है। वर्षा के पानी को एक स्थान पर इकट्ठा करके उसे उपयोग में लाया जाएगा। यही इसका मेन उद्देश्य है।

154 रिचार्ज पिट बनाये गए

जल की बर्बादी रोकने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार की ओर से हैंडपंपों के जल को बर्बाद होने से रोकने के लिए हैंडपंपों के बराबर में रिचार्ज पिट बनाने के आदेशों के बाद 42 ग्राम पंचायतों में 244 रिचार्ज पिट बनाने का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से अबतक 154 तैयार हो चुके हैं, बाकी पर तेजी से कार्य जारी है।



इन गांवों में लगा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

वर्षा के जल को संचयन करने के लिए 19 ग्राम पंचायतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है,जिनमें शेखुपुरा, जगनपुर, भूरा,इस्सोपुर,खुरगान,जंधेड़ी,बीनडा ,अकबरपुर,सुन्हेटी,कैरानादेहात,तितरवाड़ा,झाड़खेड़ी,बुच्चाखेड़ी,रमाडा ,मोहम्मदपुर,राई,गन्दराऊ,गोगवान, बीपुर हटिया,मवी व मामौर शामिल हैं।

## इमाम बारगाहों व अजाखानों में मजलिसों का दौर जारी







(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। स्थानीय इमाम बारगाहों व अजाखानों में मजलिसों का सिलसिला जारी है।

इमाम हुसैन की याद में सोगवारों की आंखें नम हो रही हैं मंगलवार को छोटे इमामबाड़े में आयोजित मजलिस को मौलाना इकरार हुसैन ने खिताब करते हुए हजरत मुस्लिम बिन अकील की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए उन्हें एक बहादुर इमाम हुसैन का साथी होना बताया और कहा कि वह हजरत इमाम हुसैन के सफीर बनकर जब कूफा में दूत बनाकर भेजे गए तो उनको जालिम शासक यजीद के साथियों ने मार डाला, जो मैदान ए–करबला के पहले शहीद कहलाए। आज की मरसिया ख्वानी वसी हैदर साकी एंव उनके हमनवाओं ने की।

तथा,यावर,अली,गुलजार ,फैसल,बाकर आदि ने नौहा ख्वानी की।

बड़ी इमामबारगाह में रात्रि के समय मौलाना जावेद हुसैन ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि मैदान ए–करबला की जंग हक व बातिल के बीच थी। इमाम हुसैन ने दीन ए इस्लाम बचाने के लिए मैदान ए–करबला में साथियों के साथ शहादत दी और दीन का परचम बुलन्द रखा। इस मौके पर गुलजार अली,मेहंदी आदि ने नौहा ख्वानी की और काजिम हुसैन,शाहिद हुसैन,हाजी कौसर कैरानवी,नासिर हुसैन, रजा अली खां, रजी हैदर आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरों ने रात में काटे हरे भरे पेड़

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता मोहम्मद शाहरुख प कोतवाली देहात। बरुकी में ग्रामपंचायत की भूमि में खड़े 19 पेड़ों को चोर रात्रि में काट कर ले गए। मामले की सूचना ग्राम प्रधान ने पुलिस को दी है।



ग्राम बरुकी के मौजे गांगू नंगली में स्थित जोल के तालाब के निकट यूकेलिप्टस के 19 पेड़ खड़े थे। सोमवार की रात्रि चोर सभी 19 पेड़ काट कर ले गए। मामले की सूचना ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान को दी गई। ग्राम प्रधान राधा देवी ने घटना की सूचना थाना कोतवाली देहात पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक हरिश्चन्द्र जोशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सात अगस्त को होगा माडलिंग,सिंगिंग व डान्सिंग कम्पटीशन

किरतपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स शरीफ मलिक किरतपुर। आई जे फिल्म्स प्रोडक्शन मुम्बई के सौजन्य से प्रदेश स्तरीय वार ऑफ टेलेंट प्रतियोगिता का आयोजन आगामी सात अगस्त रविवार को नगर के एक बैंकट हाल में किया जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेता शुएब पठान, प्रसिद्ध कोरियोग्राफर मौ0 सलीम, डांसिंग जज माइकल तिसावर, जेश तिसावर,मॉडलिंग जज सनी दीदानी व सिंगिंग जज संजय सावरिया मुम्बई होंगे। इस कार्यक्रम में डांसिंग मॉडलिंग व सिंगिंग के क्षेत्र में उभरती प्रतिभाएं भाग ले रही है। यह जानकारी आई जे डांस इंस्टीट्यूट किरतपुर के डायरेक्टर ईशान जेश ने प्रेस वार्ता में दी है।



### मिस्बा खान ने किया टाप

(रिपोर्ट जिला संवाददाता) दैनिक अयोध्या साइंस जनपद शामली कांधला एक बार फिर यह साबित कर दिया कि कामयाबी किसी की मोहताज नहीं होती कामयाबी हासिल करने के लिए मेहनत और हौसला होना बहुत जरूरी है रिजल्ट ऊपर वाले के हाथ में है जी हां एक बार फिर भारत मेडिकल कॉलेज मुजफ्फरनगर में डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही पत्रकार मेहरबान खान कांधला की पुत्री मिस्बा खान ने टॉप करते हुए भारत मेडिकल कॉलेज का नाम रोशन कर दिया ज्ञात रहे मेहरबान खान की पुत्री मिस्बा खान ने हाई स्कूल कांधला में टॉप किया इंटर की पढ़ाई करते हुए शामली में टॉप किया इसके बाद भारत मेडिकल कॉलेज में तीन बार लगातार टॉप करते हुए अपने मेहनत और लगन से साबित कर दिया कि मेहनत का रिजल्ट जरूर मिलता है बीएएमएस का रिजल्ट आउट होने पर मिस्बा खान वे उसके परिवार जनों को बधाई देने वालों का तांता लग गया है वही डॉक्टर मिस्बा खान इस सफलता के पीछे अपने माता पिता वह कुछ शुभचिंतकों के साथ भारत मेडिकल कॉलेज के सर रवीश आलम का योगदान बता रही हैं।



### 25 सेंटीमीटर घटा यमुना का बहाव,मिली राहत

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण पानी का अधिक दबाव होने पर हथिनीकुंड बैराज से पिछले कई दिनों से लगातार यमुना नदी में पानी डिस्चार्ज किया जा रहा था, जिससे यमुना के जलस्तर में बढोत्तरी हो रही थी। आज बहाव में 25 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई,जिससे राहत की सांस मिली है लगभग चार पांच दिनों से यमुना नदी के बहाव में प्रतिदिन वृद्धि दर्ज हो रही थी। बैराज से छोड़े जाने वाले पानी के अनुसार यमुना नदी का बहाव सोमवार को 229.70 सेंटीमीटर दर्ज किया गया था। जो सर्वाधिक बताया गया था। ड्रेनेज विभाग के अवर अभियंता आशु कुमार ने बताया कि मंगलवार की प्रातः आठ बजे हथिनीकुंड बैराज से ग्यारह हजार 42 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यह पानी 24 घंटे बाद कैराना यमुना ब्रिज तक पहुँचेगा। वही मंगलवार को यमुना के पानी का स्तर 229.45 सेंटीमीटर पर दर्ज किया गया है। वही रविवार को यमुना का बहाव 229.70 सेंटीमीटर पर दर्ज किया गया था। इसी के अनुसार मंगलवार को नदी के बहाव में 25 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। गत सोमवार को बैराज से पच्चीस हजार 841 क्यूसेक डिस्चार्ज किया गया था। मंगलवार को बैराज से छोड़ा गया पानी मे भी गिरावट दर्ज की गई है। जिसके अनुसार यमुना के बहाव में गिरावट होगी।यमुना का चेतावनी बिंदु 231 मीटर और खतरे का निशान 231.500 मीटर पर है।



### घर-घर फहराए जाएंगे समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार तिरंगे

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। घर–घर तिरंगा अभियान के तहत इस बार समूहों की महिलओं द्वारा बनाए गए तिरंगे फहराए जाएंगे आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के लिए ब्लॉक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।घर–घर तिरंगा अभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कैराना ब्लॉक को पच्चीस हजार 683 तिरंगे झंडे उपलब्ध कराए जा रहे हैं।वहीं दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत कार्य करने वाले स्वंय सहायता समूह की आठ समूहों की ओर से लगभग चौबीस हजार तिरंगे झण्डे उपलब्ध कराए जाएंगे। खण्ड विकास अधिकारी कैराना जीतेन्द्र मिश्र ने बताया कि महिला समूह की सदस्यों व सरकार की ओर से लगभग 49 हजार तिरंगे झण्डे मिलेंगे। समूह की महिलाओं द्वार झण्डों की सिलाई की जा रही है और सभी झण्डे खादी कपड़ों से तैयार किए जा रहे हैं,जिनकी बीस इंच ऊंचाई और 30 इंच चौड़ाई निर्धारित की गई है। उपरोक्त झंडों को किफायती दरों पर गाँव की उचित मूल्यों की राशन दुकानों पर रखा जाएगा।

### उधार के पैसे मांगने पर किया हमला, घायल

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। उधार के पैसे मांगने पर दबंगों ने युवक के साथ लाठी–डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की मंगलवार को मोहल्ला पीर जादगान निवासी तहरीम पुत्र मुकीम ने बताया कि मोहल्ले के ही कुछ परिचित पिछले दिनों हजारों की नकदी उधार के तौर पर ले गए थे और जल्द ही वापस लौटाने की बात कह रहे थे। आरोप है कि बार–बार तकाजा करने पर भी उपरोक्त लोगों ने नकदी नहीं लौटाई। आज जब उधार के पैसों का तकाजा किया तो क्षुब्ध लोगों ने लाठी–डंडो से हमला बोल दिया,जिसमें उसे गंभीर चौटें आईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जाँच कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सीएचसी की दूसरी बाउण्ड्रीवाल भी गिरी

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। भारी वर्षा के चलते सीएचसी की दूसरी दीवार भी भरभराकर गिर गई। दो दिन पूर्व भी एक दीवार धराशायी हो गई थी भारी बारिश के चलते सीएचसी की दूसरी बाउण्ड्रीवॉल भी जमींदोज हो गई। तीन दिन पहले भी अस्पताल की एक बाउण्ड्रीवॉल भरभराकर गिर गई थी,जिसके बाद चिकित्साधीक्षक शैलेंद्र चौरसिया ने विभगीय अधिकारियों को सूचना देकर घटना से अवगत कराते हुए बाउंड्रीवाल को सही कराए जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि बाउण्ड्रीवॉल गिर जाने से रात्रि के समय चोरी की संभवना बढ़ गई है,जिसके लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं,जल्द ही बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य को प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं योग प्रशिक्षकों की मासिक बैठक का आयोजन

दैनिक आयोध्या टाइम्स
रामपुर। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय पर सभी चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं योग प्रशिक्षकों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने सभी को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी समय से अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह पर्चे पर दवा साफ अक्षरों में लिखें। जिससे रोगियों को दवा का सही ढंग से उपयोग करने में आसानी रहे। इसके अलावा चिकित्सालय में दवाओं की देखरेख, रखरखाव ठीक ढंग से रखने को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने योग प्रशिक्षकों से कहा कि स्कूल, कालेज एवं अन्य जगहों पर कैंप लगाकर लोगों को योग के प्रति जागरूक करें। जिससे योग का प्रचार–प्रसार ठीक ढंग से हो सके। बैठक में सभी कर्मचारियों की समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुना और जल्द निस्तारण करने का आश्वास दिया।
बैठक में आशीष कुमार शर्मा, डा. शहजी अरज्जुम, डा. चंचल कुमार, डा. हरिओम, डा. तेजपाल सिंह, डा. भारत ज्योति, नाजिम अली, डा. रविंदर, योग प्रशिक्षक रामू मौर्य, राजीव कुमार, उमेश चंद्रा, आरती, अर्चना गुप्ता, ज्योति पांडे आदि मौजूद थे।

## इमामबाड़ा मोहम्मद जफर बेग पर अशरा मोहर्रम की मजलिस को मौलाना तालिब हुसैन ने खिताब करते हुए कहा कि मारफत और शऊर इंसानी

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। इमामबाड़ा मोहम्मद जफर बेग पर अशरा मोहर्रम की मजलिस को मौलाना तालिब हुसैन ने खिताब करते हुए कहा कि मारफत और शऊर इंसानी हैं जो कायनात में अशिया को माआनी बखशता हैं। अगर शऊर इंसानी का हो तो कायनात की हर शय बेमायना होकर रह जाये। महाज हक व बातिल पर मारफत और शऊर इंसानी ही तो हैं जो उसकी रहनुमाई करता हैं।
आज के तरक्की याफता दौर में इल्म व टेक्नालोजी में कमाल याफता दुनिया में जो सबसे अहम चीज हैं वह मारफत और शऊर इंसानी हैं। मौजूदा वसाईल की वजह से अब कोई चीज ऐसी नहीं जो इंसान से छुपी हो। अब सब कुछ इंसान के सामने हैं। शऊर व मारफत की बुनियाद पर हक को पहचान कर हक के साथ रहना और बातिल से दूर रहना हैं जबकि इबलीस के नुमाइंदे हक को छुपाने की अपनी तमाम कोशिशों में मसरूफ हैं लेकिन हुसैन वह चिरागे हिदायत हैं जिसने बातिल के चेहरे से नकाब उतार दी। शऊर मकतबे हुसैनी इसको पहचान भी लेता हैं और रूस्वा भी करता हैं। सूरह बनी इस्राइल में इरशाद होता हैं और यह लोग मस्जिद में मुंह के बल गिर पढ़ते हैं और रोते जाते हैं। आलम इस्लाम की तमाम कुतुब में रसूल अकरम की हदीस हैं कि शहीदों पर रोना सुन्नत रसूल हैं। कर्बला हर जमाने के लिए हथियार हैं। हर अजादार के पैगामे हुसैनी अपनी जिम्मेदारी का अहसास दिलाता हैं। मजलिस से पहले नौजवान सोजख्वान मिर्जा तकी अब्बास ने सौज ख्वानी करके लोगों को सोगवार बना दिया।



## पालिका चेयरमैन ने आज पालिका सभागार में पालिका अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। शहर की सफाई व्यवस्था को चाक चौबन्द बनाये जाने को लेकर पालिका चेयरमैन ने आज पालिका सभागार में पालिका अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक ली।
पालिका चेयरमैन फात्मा जबींने शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने एवं सुधार की दृष्टि से स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। बैठक में उन्होने क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देश दिये कि प्रत्येक दिन अपने–अपने वार्डो का निरीक्षण करें तथा वार्डो की सफाई व्यवस्था में सुधार कराना सुनिश्चित करें। हर रोज की निरीक्षण आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायें एवं संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए नगर में चलाये जा रहे विशेष सफाई अभियान का भी निरीक्षण करें। नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखना सुनिश्चित करें ताकि किसी भी प्रकार का संक्रामक रोग फैलने न पाये। इसके अलावा उन्होने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। यदि किसी कर्मचारी द्वारा अपने कार्य में लापरवाही की जाती हैं तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।



## रामपुर खालसा सेवा समिति की ओर से जरूरतमंद बच्चों की मदद

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर खालसा सेवा समिति की ओर से जरूरतमंद बच्चों की मदद की गई जिसमें एक बच्चा तरसेम सिंह जो कि स्कूल जाता था लेकिन साइकिल नहीं थी उसे आज साइकिल दी गई इसके अलावा रुबीना को सिलाई मशीन दी गई जिससे कि वह कपड़े सील कर अपने परिवार का भरण पोषण कर सके इसके अलावा तीन बच्चियां आरती और उसकी दो बहनों की पूरे साल की फीस वीर खालसा सेवा समिति की ओर से की गई इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा समाज में जरूरतमंदों को जहां भी हमारी जरूरत होगी उसकी मदद की जाएगी यह खालसा सेवा समिति समाज में आगे रहकर जरूरतमंदों की मदद कर रही है इस मौके पर समिति के चेयरमैन सरदार निर्मल सिंह ने कहा समिति बधाई पात्र है जो समय–समय पर जरूरतमंदों की मदद करती है इस मौके पर सुखबीर सिंह सरदार मनमीत सिंह सोनू सनी कपूर मौजूद रहे।



## जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना हैं।
आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु पूर्ण कालिक सचिव रमेश कुशवाहा द्वार बताया गया कि लोक अदालत सुलह कराने की नियत से शुरू की गई थी। यह ऐसा तंत्र हैं जिसके जरिये कानूनी विवादों को अदालत के बाहर हल कर लिया जाता हैं। कह सकते हैं कि मामलों के निपटारे का वैकल्पिक माध्यम हैं। इसे बोलचाल की भाषा में लोगों की अदालत भी कहते हैं। यह कम से कम वक्त में विवादों को निपटाने के लिये एक आसान और अनौपचारिक प्रक्रिया का पालन करता हैं। लोक अदालत का आदेश या फैसला आखिरी होता हैं। इसके फैसले के बाद कही अपील नही की जा सकती। लोक अदालत सभी दीवानी मामलों, वैवाहिक विवाद, भूमि विवाद, बंटवारे या संपत्ति विवाद, श्रम विवाद आदि गैर–आपराधिक मामलों का निपटारा करती हैं। आम–जनमानस लोक अदालत में अपने वादों को लगवाकर उनका निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर करवाये। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बैंक मामले, धारा–138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, वसूली वाद आदि (लंबित एवं प्रि–लिटिगेशन मामले) संबंधित प्रकरणों के साथ–साथ सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वाद, पारिवारिक वादों, स्टाम्प वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबंदी वादों, श्रम मामलों, नगर पालिका टैक्स वसूली मामलों, विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, अन्तिम रिपोर्ट धारा 446 द0प्र0सं0 संबंधी मामले, पब्लिक प्रिविसेज एक्ट संबंधी मामले, उत्तराधिकार संबंधी मामले, आयुध अधिनियम के प्रकरण, बीमा संबंधी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवा, वेतन संबंधी वाद, सेवानिवृत्ति परिलाभों से संबंधित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा।रामपुर। जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना हैं।
आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु पूर्ण कालिक सचिव रमेश कुशवाहा द्वार बताया गया कि लोक अदालत सुलह कराने की नियत से शुरू की गई थी। यह ऐसा तंत्र हैं जिसके जरिये कानूनी विवादों को अदालत के बाहर हल कर लिया जाता हैं। कह सकते हैं कि मामलों के निपटारे का वैकल्पिक माध्यम हैं। इसे बोलचाल की भाषा में लोगों की अदालत भी कहते हैं। यह कम से कम वक्त में विवादों को निपटाने के लिये एक आसान और अनौपचारिक प्रक्रिया का पालन करता हैं। लोक अदालत का आदेश या फैसला आखिरी होता हैं। इसके फैसले के बाद कही अपील नही की जा सकती। लोक अदालत सभी दीवानी मामलों, वैवाहिक विवाद, भूमि विवाद, बंटवारे या संपत्ति विवाद, श्रम विवाद आदि गैर–आपराधिक मामलों का निपटारा करती हैं। आम–जनमानस लोक अदालत में अपने वादों को लगवाकर उनका निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर करवाये।
राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बैंक मामले, धारा–138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, वसूली वाद आदि (लंबित एवं प्रि–लिटिगेशन मामले) संबंधित प्रकरणों के साथ–साथ सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वाद, पारिवारिक वादों, स्टाम्प वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबंदी वादों, श्रम मामलों, नगर पालिका टैक्स वसूली मामलों, विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, अन्तिम रिपोर्ट धारा 446 द0प्र0सं0 संबंधी मामले, पब्लिक प्रिविसेज एक्ट संबंधी मामले, उत्तराधिकार संबंधी मामले, आयुध अधिनियम के प्रकरण, बीमा संबंधी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवा, वेतन संबंधी वाद, सेवानिवृत्ति परिलाभों से संबंधित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा।




## भोले बाबा के प्राण प्रतिष्ठा हेतु निकाली गई शोभा यात्रा

### भगवान शिव की बारात में जमकर हुआ डांस,युवाओं व महिलाओं की रही सहभागिता

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता
देवरिया,भटनी क्षेत्र के अंतर्गत बहोरवा मिश्र गांव के मंदिर में भगवान शिव और माता पार्वती का पड़ा। बारात में सैकड़ो की संख्या में स्त्री, पुरूष, बच्चों के साथ सभा श्रद्धालु शामिल हुए। क्षेत्र के सभी श्रद्धालु सड़क के दोनों ओर कतारे बनाकर दूल्हा बने भगवान शिवजी बच्चों ने बारात में नित्य करते देखे गए । गॉवो में भ्रमण करते हुए भोले के जय कारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। बताते चले कि बहोरवा मिश्र में शिव मिश्रा नित्यानंद मिश्रा विवेक मिश्रा रामाश्रय मिश्रा संजय कसौधान झुन्ना मिश्रा रमेश मिश्र मिथिलेश मिश्रा जय प्रभु मिश्रा चंद्र प्रकाश मिश्रा,डॉ0





प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया।
इस दौरान गांव वासियों ने भोलेनाथ की बारात को विधि–विधान के साथ निकाली गई। इस बारात में सारा गॉव उमड़ की झलक देखने को खड़े होकर नारे लगाते रहे।
बारात में श्रद्धालुओं ने फूल बरसाए। बारात में हाथी, घोड़े फरुही नाच, डीजे, के गाने पर शिव भक्त महिलाओं एवं पुरूषों सहित पावर्ती की प्राण प्रतिष्ठा विद्धवान द्वारा विधि विधान से आयोजन किया गया । इस दौरान आचार्य अरुण पंडित,धनंजय,पंडित,गोपाल, महाराज,हरिनारायण,मिश्र ,परशुराम मिश्र,सुनील मिश्रा प्रद्युम्न कृष्णमुरारी,पंडित,ओम,प्रकाश,पाण डेय,दिवाकर पाठक,,पंडित सतेंद्र मणि त्रिपाठी, पंडित संदीप मिश्रा,पंडित प्रमोद त्रिपाठी पंडित योगेश,अनिल तिवारी आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया नागपंचमी का त्योहार, बच्चे कबड्डी ,खो-खो खेलते नजर आए

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता
देवरिया,भटनी। क्षेत्र के मुजरी गॉव में नाग पंचमी के त्योहार पर पूरे क्षेत्र में हर जगह दूध, लावा चढ़ाई गई ।नाग पंचमी के दिन घर घर पूजन होता है ।
बच्चे कबड्डी खो–खो तथा कुश्ती खेलते हुए पाये गये।पौराणिक कथाओ में नाग पंचमी की कथा के बारे में यह कहानियां सुनने को मिलती है कि नागों की रक्षा के लिए





यज्ञ को ऋषि आस्तिक मुनि ने श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन रोक दिया और नागों की रक्षा की।
इस कारण तक्षक नाग के बचने से नागों का वंश बच गया। आग के ताप से नाग को बचाने के लिए ऋषि ने उनपर कच्चा दूध डाल दिया था। तभी से नागपंचमी हर्ष के साथ मनाई जाती है
नाग पंचमी के दिन घर में गोबर से लीपकर नाग का चिन्ह बनाकर पूरे घर को बांधती है महिलाएं द्वारा पूजा पाठ कर घरों की सुरक्षा हेतु नाग पंचमी की त्योहार को लोगो ने धूमधाम सके मनाया।

## कैराना पालिका का हुआ सीमा विस्तार, पच्चीस हजार बढ़ेगी आबादी,खुशी की लहर, नगर पालिका का 1252.4171 हैक्टेयर होगा क्षेत्रफल- कैबिनेट की मुहर के बाद प्रस्ताव को मिली हरी झंडी, कैराना देहात, गुलशन नगर व सुंदरनगर सहित कई बस्तियों को मिलेंगी नगरीय सुविधाएं

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद कैराना देहात, गुलशन नगर, सुंदरनगर, ईदगाह रोड़ बस्ती, रामडा रोड़ बस्ती शामिल होने पर नगरपालिका में पच्चीस हजार लोगों के जुड़ने से सवा लाख की आबादी व 1252. 4171 हेक्टेयर रकबा जुड़ने से नगरपालिका सीमा विस्तार पूर्ण हुआ। पालिका के परिसीमन में शामिल हुई सभी बस्तियों को शहरी सुविधाएं मिलेंगी। अब स्थानों पर ग्राम प्रधान नहीं, बल्कि सभासद चुने जाएंगे।
जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद कैराना को सन 1856 से कार्यविधि में नगर पालिका परिषद का दर्जा मिला था। शासन से सीमा विस्तार की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। पालिकाध्यक्ष बनने के बाद हाजी अनवर हसन ने सीमा विस्तार के काफी प्रयास किए। दिसंबर 2020 में अधिसूचना जारी हुई। डीएम शामली द्वारा शासन को रिपोर्ट प्रेषित की गई। जिसके बाद एक आपत्ति आई जिसका निस्तारण किया गया। अनंतिम अधिसूचना जारी की गई। वही नगर पालिका के अंतर्गत लगभग बाइस हजार लोग हाउस टैक्स अदा करते हैं। लेकिन नए परिसीमन के बाद पालिका के क्षेत्रफल के साथ–साथ आय में भी बढोत्तरी होने के साथ ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े लोगों को प्रधानमंत्री आवास, विद्युत सड़कें व सफाई आदि का लाभ मिलेगा और नगरपालिका की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित हो सकेंगें।
विस्तार में यह होंगे शामिल
नगर पालिका सीमा विस्तार के इस प्रस्ताव में ग्राम पंचायत कैराना देहात , आर्यपुरी, ब्लाक कालोनी, बदलुगढ, इस्लाम नगर बस्ती, गुलशननगर, सुंदरनगर, ईदगाह रोड बस्ती, रामडा रोड़ बस्ती, खुरगान रॉड बस्ती, सीएचसी बस्ती आदि को शामिल होंगी।
पालिका क्षेत्र में करीब सवा लाख होगी आबादी
वर्ष 2011 की जनगणना में नगरपालिका के अंतर्गत 89341 की जनसंख्या मौजूद थी। वही पालिका परिसीमन होने के बाद पालिका में 25000 की आबादी शामिल होगी। नगर पालिका में तैनात बाबू इरशाद का कहना है कि 2011 की जनगणना के बाद बढ़ोतरी हुई है।
पालिका का बढ़ा दायरा
नगरपालिका कैराना का पूर्व में 7.11 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल मौजूद था। नय परिसीमन में ग्राम झाड़खेड़ी आंशिक, कैराना बाहर हदूद हल्का एक से तीन तक का आंशिक रकबा मिलाकर 1252.4171 हेक्टेयर क्षेत्रफल होगा।
इन्होंने कहा
नगरपालिका परिषद कैराना के क्षेत्रफल का विस्तार होने पर आसपास की बस्तियों व कैराना देहात के लोगों को नगरपालिका की सभी सुविधाएं प्राप्त होने लगेगी नगरपालिका का दायरा बढ़ने पर सभी को काफी खुशी है हाजी अनवर हसन, चेयरमैन नगरपालिका परिषद कैराना।



# संक्षिप्त समाचार

### छह लीटर अवैध शराब व तेजधार हथियार के साथ तस्कर गिरफ्तार

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को छह लीटर अवैध शराब व तेजधार हथियार के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है।
मंगलवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए यमुना बांध से खुर्शीद उर्फ काला पुत्र दिलशाद उर्फ दिल्ला निवासी गाँव मंडावर को छह लीटर अवैध शराब व तेजधार चाकू के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज न्यायलय में पेश किया है।

### पाँच वारंटी गिरफ्तार

कैराना पुलिस ने अलग–अलग स्थानों पर छापेमारी करके पाँच वारंटियों को गिरफ्तार किया है मंगलवार को पुलिस ने गश्त के दौरान पाँच वारंटियों फरमान पुत्र झग्गा उर्फ भूरा निवासी मन्नामाजरा, शाहनजर पुत्र मांगा निवासी जहानपुरा,विकास पुत्र तेजपाल व सुरेशचंद पुत्र महेंद्र निवासीगण ऊँचागांव व दिलशाद पुत्र महबूब निवासी मोहल्ला छड़ियान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। उपरोक्त सभी अलग–अलग मामलों में न्यायालय से गैर हाजिर चल रहे थे।

### प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में बृहस्पतिवार में भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
निर्वाण लड्डू के लिए बोली आकर्षण का केंद्र रहेंगी जलालाबाद के प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में परंपरागत रूप से श्रावण मास में भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक महोत्सव का प्रतिवर्ष आयोजन होता है।



परंपरागत आयोजन के तहत इस वर्ष चार अगस्त, दिन बृहस्पतिवार में मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। मोक्ष कल्याणक महोत्सव में मंदिर में स्थित तीन वेदियों पर निर्वाण लड्डू अर्पित किए जाएंगे। जिसमें प्रथम वेदी पर 23 किलो व दोनों वेदियों पर 11, 11 किलो के लड्डू अर्पित किए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह में मंदिर परिसर में शांति धारा व प्रक्षाल पूजन से होगा। अंत में निर्वीण लड्डू कार्यक्रम आयोजित होगा। बता दें कि जनपद सहारनपुर के तीतरों के जैन श्रद्धालु पदयात्रा कर निर्वाण लड्डुओं को लेकर बैंड की धुनों पर भगवान पार्श्वनाथ की जय कार करते मंदिर पहुंचते हैं। यह पदयात्रा जैन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहती है। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में जैन श्रद्धालु आस–पास जनपदों से यहां पर कार्यक्रम में भाग लेते हैं। मंदिर प्रबंधन कमेटी ने कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी हैं मंदिर कमेटी के मंत्री सुशील जैन ने बताया कि मोक्ष कल्याणक महोत्सव कार्यक्रम को सुंदर बनाने के लिए पूर्ण व्यवस्था कमेटी की ओर से की जा रही है।

### स्थापना दिवस व संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्म दिन पर पत्रकार संघ तहसील जमुनहा ने वृक्षारोपण करके काटे केक

नन्द कुमार जमुनहा श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) प्रदेश संगठन के आदेशानुसार तहसील जमुनहा के प्रांगण में पत्रकार समाज कल्याण समिति के तहसील जमुनहा की कार्यकारिणी द्वारा जिला टीम के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तीन पेड़ सागौन व दो पेड़ नीम के लागए गए। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला ने पत्रकार समाज कल्याण समिति के स्थापना दिवस व राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी तथा तहसील टीम के साथ वृक्षारोपण करके कार्यक्रम की सुरुआत की। उसके बाद तहसील कार्यकारिणी व जिला टीम के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। तत्पश्चात तहसील कार्यकारणी की बैठक में पत्रकारों के हित की बात की गई और एक प्रार्थनापत्र उपजिलाधिकारी जमुनहा को देकर तहसील परिसर में पत्रकारों के बैठने की समुचित व्यवस्था करवाने का आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अमित विश्वास, जिला प्रवक्ता नन्द कुमार गुप्ता, जिला सचिव मकबूल अहमद, आईटी सेल से भीम सिंह,जमुनहा तहसील अध्यक्ष रामू हिंदुस्तानी,तहसील संरक्षक इसरार अहमद, तहसील प्रभारी अरविंद गुप्ता,के साथ नीतीश तिवारी, रुद्रनारायण तिवारी, मोहित गुप्ता, याकूब अहमद, शरीफ अहमद,मौजूद रहे।



### सशस्त्र सीमा बल जी कम्पनी डगमरा नाका के जवानों ने घर घर जाकर वितरित किया राष्ट्रीय ध्वज

नन्द कुमार गुप्ता, संदीप कुमार सिरसिया श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद के विकासखंड सिरसिया क्षेत्र के अंतर्गत कैथौली गांव में नवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर की जी कम्पनी डगमरा नाका के जवानों ने हर घर जाकर राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया गया तथा लोगों को जागरूक किया गया। राष्ट्रीय ध्वज का वितरण जी कम्पनी डगमरा नाका के निरीक्षक पवन कुमार की अगुवाई में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में राष्ट्रध्वज का वितरण हर घर में जाकर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने के लिए समस्त भारतवासी अपने–अपने घरों पर राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को फहराएं। और बताया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच हर घर पर तिरंगा फहराया जाएगा और हम लोगों का उद्देश्य भारत–नेपाल सीमावर्ती गांव में हर–घर जाकर राष्ट्रीय ध्वज का वितरण कर लोगों को जागरूक करना है। इस अवसर पर सहायक निरीक्षक सहदेव सिंह, मुख्य आरक्षी सर्वजीत यादव, बाग हुसैन, जितेंद्र सिंह,के. रमेश, आनंद चौधरी मौजूद रहे।



### जल निकास की समस्या से ग्रसित ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को दिया प्रार्थना पत्र

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर सेमरहनिया के ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ते पर भरा पानी व जल निकास की समस्या को लेकर उप जिलाधिकारी जमुनहा को प्रार्थना पत्र दिया। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षो पूर्व राप्ती नदी में आए सैलाब से गांव के बाहर बनी सड़क व पुलिया कई स्थानों पर कटकर धरासाई हो गई थी। जिससे सड़क मार्ग पर आवागमन बंद है। सबसे बड़ी समस्या गांव में पानी निकासी की है जिससे गांव की सभी गली मुहल्लो के रास्तों पर जल भरा हुआ है। जलभराव के कारण गांव से बाहर निकलना दुश्वार है। ग्राम प्रधान व खंड विकास अधिकारी से कई बार शिकायत करने के बावजूद ना तो नाली बनवाई गई और ना खड़ंजे की मरम्मत है।



इस संबंध में गांव के फारूक, रियाज अहमद, रामबरन ,चांद अली, जगराम यादव ,रोहित, कुलदीप वर्मा, राधेश्याम, जंगली प्रसाद यादव, मुबारक अली, गुलजार अहमद ,बीरबल, मोहम्मद अकरम, सुरेंद्र कुमार, महबूब ,राजित राम, अनूप कुमार ,नसीम, कोयली, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद रईस ,कमलेश, केवल राम ,लल्लन प्रसाद, विजय कुमार ,कंधई लाल, राम प्रसाद ,राम कुमार, व गांव के तमाम ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला को प्रार्थना पत्र देकर नाली तथा खडंजा मरम्मत कराए जाने की मांग की।

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने शिव मंदिर पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

सिकंदराराऊ। मंगलवार सायं नगर के शिव मन्दिर पुराना डाकघर व्यापारी नेता विपिन वार्ष्णेय के आवास के पास नगर कमेटी विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल



सिकंदराराऊ के तत्वाधान में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिसमें विश्व हिन्दू परिषद के नगर मंत्री भानूप्रताप सक्सेना, मीडिया प्रभारी पवन वार्ष्णेय व बजरंग दल संयोजक अन्नू सैनी, आरएसएस के नगर कार्यवाह निशांत पाराशर एवं अन्य पदाधिकारीगण के साथ नगर के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर विपिन वार्ष्णेय, बिपिन लाल, अमन हिन्दू, मुकुल गुप्ता, विष्णु वार्ष्णेय, संजय परमार, दीपक सक्सेना अनिल प्रताप हर्षित भारद्वाज, गोविंद चौहान, रितिक गुप्ता, निशांत चौहान, उदय ठाकुर, अंकुश यादव, प्रफुल्ल वार्ष्णेय, मोहित बघेल, सुशील चौहान, अरिहंत जैन, वैभव, प्रदीप गर्ग, कन्हैया अमन महाजन, हर्ष भारद्वाज, राहुल हिन्दूवादी, अभिषेक सक्सेना, आशीष दीक्षित, राज वार्ष्णेय, बसु महेस्वरी, अमन महाजन, हर्ष भारद्वाज, अशोक कुमार, योगेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर नाग पंचमी पर कालसर्प दोष एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ के साथ हुआ भगवान आशुतोष का पूजन

सिकंदराराऊ। मंगलवार को नागपंचमी के अवसर पर मंदिरों में पूजा पाठ का आयोजन किया गया। ब्राह्मण पुरी स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर कालसर्प दोष एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ के अवसर पर भगवान आशुतोष का पूजन किया गया। साथ ही कालसर्प दोष शांति के लिए धातु के नागों का विशेष वस्तुओं से विशेष पूजन किया गया। ज्योतिषाचार्य पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित ने बताया कि कालसर्प दोष की शांति का सबसे उत्तम समय श्रावण मास की नागपंचमी है। नाग पंचमी को अनंत, वासुकी, पदम, महापदम, तक्षक, कुलीर, करकट, शंख नामक सर्पों का पूजन किया जाता है। नाग चित्र अथवा मिट्टी का सर्प बनाकर चावल, हल्दी, रोली एवं फूल चढ़ाकर पूजा की जाती है। चीनी, कच्चा दूध, घी आदि चढ़ाकर आरती की जाती है एवं दूध दान किया जाता है। अर्जुन के पौत्र एवं राजा परीक्षित के पुत्र जनमेजय ने सर्पों को नष्ट करने के लिए नाग यज्ञ किया था। क्योंकि उसके पिता की मौत तक्षक नाग के डसने से ही हुई थी। आस्तिक मुनि ने उन्हें यज्ञ करने से रोका था। उस दिन सावन माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी थी। तभी से नागपंचमी पर्व मनाने की परम्परा शुरू हुई।



कहा जाता है कि इस दिन सर्प पूजन करने से सर्पदंश का डर नहीं रहता। महिलाएं इस दिन सर्प को भाई मानकर पूजन करती है तथा अपने भाई और परिजनों की कुशलता की कामना को कच्चे दूध व घी का दान देती है। सर्पों से रक्षा के लिए घरों में अथवा घर के दरवाजे पर सर्प के चिन्ह भी बनाए जाते हैं। इस अवसर पर किशन स्वरूप चतुर्वेदी, रमेश चतुर्वेदी, मुनेश चतुर्वेदी, आशा चतुर्वेदी, ऊषा चतुर्वेदी, विनय चतुर्वेदी, विजयवर्ती पाठक, पंकज चतुर्वेदी, नरेश चतुर्वेदी, राजीव चतुर्वेदी, मित्रेश चतुर्वेदी, शिवहरी शर्मा, अनंत चतुर्वेदी, उत्कर्ष पाठक, हर्षित, सिद्धार्थ, युवराज, आयुष, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

## अमोल चंद पब्लिक स्कूल में हुआ टाय ट्रेन का उदघाटन

सिकंदराराऊ। नगर के अमोल चंद पब्लिक स्कूल में नर्सरी ओर प्राइमरी सेक्शन के बच्चों के लिए टाय ट्रैन का प्रबन्ध किया गया है, मंगलवार को जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक यशपाल सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि अमोल चंद पब्लिक स्कूल हमेशा से हर स्तर पर अग्रणी रहा है और हर गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ है। टॉय ट्रेन के आने से छोटे बच्चों का मनोरंजन तो होगा ही, साथ ही साथ छोटे बच्चों में स्कूल जाने की ललक बढ़ेगी। विद्यालय के चेयरमैन विपिन वार्ष्णेय ने कहा कि स्कूल हमेशा से अपने छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास में प्रयासरत रहता है। उसी के तहत स्कूल में एक हाफ ओलम्पिक स्विमिंग पूल का निर्माण कराया जा रहा है और छोटे बच्चों में घर से स्कूल जाने के लिए एक भय होता है। उसे दूर करने के लिए मनोरंजन हेतु यह टॉय ट्रेन लाई गई है, जो कि मील का पत्थर साबित



होगी। उन्होंने बताया कि यह टॉय ट्रेन पूरे अलीगढ़ मंडल में प्रथम है। कार्यक्रम के अंत मे स्कूल के डायरेक्टर सागर वार्ष्णेय ने सभी का आभार व्यक्त किया।
टॉय ट्रेन के उद्घाटन के अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवदत्त वर्मा, राजेन्द्र मोहन सक्सेना, जयपाल सिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश चौहान, दाऊ दयाल वार्ष्णेय, प्रिंसिपल डॉ सुमोद शर्मा, अनूप गुप्ता, खुशी शर्मा, रेनु, वैष्णो कौशिक, राजेश आचार्य, धीरज वार्ष्णेय, दीपक सक्सेना, विष्णु वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, अजय वार्ष्णेय, डॉ नितेश कुमारआदि उपस्तिथ थे।

## सभासद दीपमाला ने किया मौहल्ला नौरंगाबाद पूर्वी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन



सिकंदराराऊ। मोहल्ला नोरंगबाद पूर्वी में सुल्ली बाल्मीकि की पुण्यतिथि पर बाल्मीकि बस्ती में बच्चों की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महेंद्र सिंह ने की एवं संचालन मिट्ठन लाल ने किया। कबड्डी रेफरी जगदीश कामली रहे। मुख्य अतिथि बार्ड नम्बर 1 की सभासद दीपमाला ने फीता काटकर उद्घाटन किया।
कबड्डी प्रतियोगिता में धोनी, तन्नी, पीयूष, आलोक, आदित्य, नितिन, निहाल, साहिल, अभिषेक, गौरव, सौरभ आदि खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे बुलट राजा की टीम ने जीत दर्ज की।
इस अवसर पर गौरब बाल्मीकि, बारेलाल, ऋषिपाल, बबलू, अनिल कोकिया, सुमित, रोहित, राजेश, सभासद पति रिंकू आदि लोग थे।

## ग्राम प्रधान संघ द्वारा मुख्यमंती के नाम संबोधित मांग पत्र खंड विकास अधिकारी को सौंपा

नन्द कुमार गुप्ता संदीप कुमार सिरसिया श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के विकास खंड सिरसिया के अंतर्गत अखिल भारतीय प्रधान संघ ब्लाक सिरसिया के ब्लाक अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के नाम संबोधित अपनी 6 सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी सिरसिया राम बरन को सौंपा। और आशा जताते हुए सभी बिंदुओं पर विचार करते हुए ग्राम प्रधानों के हक और अधिकार को सुरक्षित करने की



बात कही। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष बलराम यादव, व ग्राम प्रधान संतोष कुमार, रामदयाल, आलोक कुमार, पंकज जायसवाल, संदीप यादव सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधानगण मौजूद रहे।

## बनारस के तर्ज पर बराकर में महा आरती, हजारो की संख्या में भक्तों की भीड़

बराकर। सावन के पावन महीने की तीसरी सोमवारी को बराकर में महा आरती एवं भजन संध्या के साथ शिव तांडव का रंगारंग आयोजन को देखने उमड़ा भक्तो का जन सैलाब। पूरे पश्चिम बंगाल में पश्चिम बर्दवान जिला के बराकर स्थित बाबा सिधेश्वरी नाथ मन्दिर की ओर से काशी बिस्वनाथ शिव गंगा आरती की तर्ज पर बराकर में पहली बार गंगा आरती भजन संध्या एव भगवान शिव का तांडव नृत्य का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की तादाद में भक्त शामिल होकर आरती एवं भजन का आनंद उठाये। महा आरती का शुभारंभ मुख्य आयोजक मैथन टीएमटी के बिनोद अग्रवाल, मैथन अलॉय के सुबोध अग्रवाल, अलौकिक ग्रुप के रितेश शर्मा, शिव शर्मा, हिंदुस्तान डिगोनिस्ट के शंकर शर्मा, स्थानीय



विधायक डॉ अजय पोद्दार द्वारा संकल्प कर प्रारम्भ किया गया। बनारस की धरती से आये पांच मुख्य पुरोहित द्वारा महा आरती की गई। जिसे देखने के लिए बराकर ही नही पूरे कुल्टी छेत्र नितुरिया परबालिया सेहत झारखंड के चिरकुंडा निरसा तक के श्रद्धालु शामिल हुए। सोमवार की संध्या पूरा बराकर शिव मय के साथ बोलबम के नारों से गुंजायमान रहा। महा आरती के पूर्व बोलबम की दुनिया मे जाने माने बाबा शिव के भजन गायक मनोज अजित देवघर की विख्यात जोड़ी ने बाबा के भजनों पर श्रद्धालुओं को नाचने पर विवश किया। वही वर्तमान में सबसे चर्चित बाबा भोले का भजन हरहर शंभु, शंभु शिव महा देवा शंभु भजन महिला कलाकार द्वारा प्रस्तुति मनमोहक रही। कार्यक्रम में एमएमआईसी इंद्राणी मिश्रा, स्थानीय पार्षद, कुल्टी थाना प्रभारी, बराकर पुलिस की टीम, ट्रैफिक ओसी सीभीक पुलिस स्थानीय स्वयं सेवी संस्था का भरपूर सहयोग रहा। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजकों की युवा टीम के सदस्य अनूप सिंघानिया, किरीट झाला, मिहिर मंडल, श्री राम सिंह, संदीप शर्मा, सहित स्थानीय युवाओं का अहम योगदान रहा।

## गणेश पूजा को लेकर परबेलिया में शांतिभूषण ने की खूंटिपूजन

नितुरिया। नितुरिया के पारबेलिया कोलियरी फुटबॉल मैदान में पारबेलिया सरस्वती क्लब की ओर से मंगलवार को गणेश पूजन के आयोजन पर खूंटी पूजन किया गया। पूजा का इस वर्ष 24 वां साल है। मौके पर ईसीएल के पूर्व महाप्रबंधक कार्मिक एवं औधोगिक संबंध पवन कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि स्वरूप मौजूद थे। इनके अलावे पारबेलिया कोलियरी प्रबंधक कमल किशोर प्रसाद, कार्मिक प्रबंधक चिन्मय सेनापति, श्रम संगठनों में बीएमएस के जयनाथ चौबे, टीयूसीसी के दामोदर सिंह, केएमसी के अशोक बनर्जी, एचएमएस अनंत कवि, सालतोड़ ग्राम पंचायत के प्रधान सुमित सागर प्रसाद यादव, गुणाराम गोप, सरिता तूरी, सरस्वती क्लब के सचिव संजय यादव, पूजा संयोजक शांति भूषण प्रसाद यादव अध्यक्ष मृदुल सरकार, रामाशंकर सिंह, तेजनारायण राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

खूंटी पूजन में विधि विधान से विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजन अर्चना की गई। पूजा में यजमान के रूप में शांति भूषण प्रसाद यादव थे। पूजा में विघ्नहर्ता भगवान गणेश से क्षेत्र में शांति व खुशहाली की कामना की गई। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।



पूजा के संयोजक शांति भूषण प्रसाद यादव ने कहा कि इस पूजा में पारबेलिया वासियों का भरपूर सहयोग रहता है। इस बार 9 लाख रूपए की लागत से देखने लायक आकर्षक वैकल्पिक मंदिर की तर्ज पर पांडाल का निर्माण होगा। पिछले दो वर्षों से कोरोना संक्रमण के कारण गणेश पूजा धूमधाम से नहीं मनाया गया था। इसलिए इस बार लोगों के आकर्षक व्यवस्थाएं की गई हैं।।

## नागपंचमी पर्व पर दशरथ सिंह ने 55 से अधिक परिवारों मे खाद्य सामग्री की भेट

अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य,महराजगंज रायबरेली! कहते हैं दान से बड़ा कोई धर्म नहीं गरीब की मदद से बड़ा कोई परोपकार नहीं इसी बात को सही साबित कर रहे हैं बघेल ग्राम प्रधान बृज देवी और उनके पति प्रधान प्रतिनिधि दशरथ सिंह कोतवाली क्षेत्र महराजगंज के बघेल ग्राम सभा में आज नाग पंचमी के पावन अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दशरथ सिंह द्वारा 55 से अधिक



परिवारों को चीनी रिफाइंड तेल मैदा रवा आदि खाद्य सामग्री वितरित करने का कार्य ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दशरथ सिंह ने किया ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने इससे पूर्व भी पिछले वर्ष जब बाढ़ की चपेट में बघेल ग्राम सभा का एक गांव आ गया था तो वहां के ग्रामीणों को खाद्य सामग्री वितरित कर काफी हद तक उनके घावों पर मरहम लगाने का कार्य किया था !जहा आज नाग पंचमी की पूजा पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ की जा रही है वही यूपी बिहार में कुछ जगह पर इसे गुड़िया के रूप मे भी मनाया जाता है जिसमें लोगों के घरों में भांति भांति के पकवान बनते हैं वह कुछ गरीब ऐसे भी हैं जिनके यहां आर्थिक कारणों से अच्छी चीजें नहीं बन पाती इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधान प्रतिनिधि दशरथ सिंह द्वारा 55 परिवारों को अपने निजी

## प्रधान प्रतिनिधि किशोर यादव ने कहा कि हमारे खिलाफ रची जा रही साजिश

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य
महराजगंज रायबरेली कोतवाली क्षेत्र के पहरेमऊ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि किशोर यादव ने सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक खबरों का किया खंडन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि किशोर यादव ने बताया की पहरेमऊ ग्राम पंचायत की जो खबर चलाई जा रही है वह मात्र मेरे विरोधियों की एक साजिश है उन्होंने बताया कि मेरे गांव में पेयजल के लिए पानी की टंकी का निर्माण कार्य हुआ है इसी के तहत गांव में पाइप बिछाई जा रही है ग्राम प्रधान प्रतिनिधि किशोर यादव ने बताया कि जिस संस्था ने काम ले रखा है उसके द्वारा पाइप बिछाने के लिए खड़ंजा कि खुदाई की गई थी ठेकेदार के कहने पर कि लोग ईट चुरा रहे हैं गायब हो रही हैं इस वजह से ईटें पड़ोस के ही घर में क्षेत्र पंचायत सदस्य संतोष के यहां रखी गई है ग्राम सभा से इस मामले में कोई मतलब नहीं हैऔर फिर पुरानी ईट को मैं क्या करूंगा पाइपलाइन बिछने के बाद वैसे भी यह खड़ंजा में लगा दी जाएंगी मेरी लोकप्रियता से घबराए हुए मेरे विपक्षी अनाप–शनाप राग अलाप रहे गांव का विकास ना हो और गांव के विकास में बाधाएं आए इसी के तहत मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचा जा रहा है जबकि पहरेमऊ ग्राम पंचायत विकास के रथ पर सवार है और लगातार ग्रामसभा का विकास हो रहा है पिछले 1 वर्ष मे जितना विकास हुआ है उतना शायद पूर्व के 5 वर्षों में भी नहीं हुआ इससे घबराए



हताश विरोधियों द्वारा तरह–तरह की मनगढ़ंत कहानियां रची जा रही है जबकि जनता सब जानती है।

## कांग्रेस की बैठक में कार्यकर्ताओं ने काटा जमकर हंगामा

राज पलिया (रिपोर्टर) फिरोजाबाद
फिरोजाबाद। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा काटा। मंगलवार को कांग्रेस के जिला कार्यालय पर मंडल प्रभारी अनिल यादव कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के लिए आए थे। उसी समय कुछ कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी व्यक्त करने के लिए अपनी बात कहना शुरू की। इसी को लेकर विरोध शुरू हो गया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। हालांकि पूरे प्रकरण को लेकर मंडल प्रभारी ने कहा कि किसी की कोई नाराजगी नहीं है। छिटपुट बात होती रहती है।
उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रभारी अनिल यादव ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते




हुए कहा कि नौ से 15 अगस्त तक महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध कांग्रेस द्वारा पदयात्रा निकाली जायेगी। जिसमें सभी कार्यकर्ता अभी से जुट जाए और कार्यक्रम को सफल बनाये। जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने बताया वर्तमान की केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण आज हमारा देश महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है। लेकिन यह सरकार अपने चंद पूँजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए जनता का गला दबा रही है। जिसे काग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रभारी सचिव आशुतोष दीक्षित ने पदयात्रा के विषय में कार्यकर्ताओं से विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए।
बैठक में महा नगर अध्यक्ष हाजी साजिद बेग, एआईसीसी सदस्य धर्म सिंह यादव, प्रकाश निधि गर्ग, शशि शर्मा, सतीश चंद्र अग्रवाल, विजय नाथ वर्मा, योगेश दिवाकर, हाजी नसीर अहमद, प्रतिमा पाल, चंद्रकांत यादव, अंशुल यादव, जॉनी यादव, वकार खालिक, लाला राइन गांधी, संत कुमार, सुमन झा, मुकेश गॉड, मनीष द्विवेदी, गुलाम जिलानी, संजय यादव, मनोज भटेले आदि मौजूद रहे।

## नगर आयुक्तने वार्डो में संचारी रोग अभियान का किया निरीक्षण

राज पलिया (रिपोर्टर) फिरोजाबाद
फिरोजाबाद– मंगलवार को नगर आयुक्त द्वारा मच्छर जनिक संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं बचाव के लिये किये जा रहे कार्य का मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने क्षेत्रीय सफाई एवं सफाई निरीक्षक को सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिये।
नगर अयुक्त घनश्याम मीणा ने नगर निगम द्वारा वार्डो में किये जा रहे मच्छर जनित संक्रामक रोगों एवं सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने वार्ड न.70 शीतल खॉ रोड, वार्ड न. 23 पुरानी मंण्डी चौकी गेट क्षेत्रों में किये जा रहे मच्छर जनित संक्रामक रोगों के बचाव हेतु किये जा रहे सफाई व्यवस्था, जल निकासी, पेयजलापूर्ति एवं निर्माण आदि कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड न. 70 नगला बरी से शीतल खॉ रोड एवं वार्ड न. 23 पुरानी मण्डी पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली।
उन्होने वार्डो की गलियों एवं नालियों में कीटनाशक दवा का छिडकाव कराया। साथ ही दुकानदारों एवं क्षेत्र के लोगों को मच्छरजनित मौसमी बीमारियों से बचाव के लिये अपने आसपास साफ



सफाई रखने के लिये जागरूक किया। इस दौरान पशु चिकित्सक सुतोषपाल, जोनल सेनेटरी ऑफिसर दलवीर सिंह, जोनल सेनेटरी ऑफिसर संदीप भार्गव, क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रकाश सिंह एवं अरविंद भारती मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति नियामतपुर ने सावन महोत्सव मनाया

नियामतपुर। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति नियामतपुर की ओर से मंगलवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रंग रंगीलो सावन उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति की सदस्यों की ओर से नानान प्रकार के ब्यानजन मेहंदी प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, हौजी, खान पान के ब्यानजन, सौन्द्रीयकरण प्रतियोगिता,



सावन क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया। जहा समिति की सभी महिला सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमे सभी ने अपने ओर से प्रत्येक प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्सव को सफल बनाया। कार्यक्रम में सशी घेडिया, मोहिता संघई, सरीका डोकानिया, सुनीता सिंघल, निशा घेडिया, तरुणा घेडिया सहित कई सदस्य शामिल थी।

## संक्षिप्त समाचार

### आरती त्रिवेदी ने किया वैक्सीनेशन कैंपर का शुभारंभ

सिकंदराराऊ। मंगलवार को नगर में कोरोना वैक्सीनेशन कैंप के आयोजन की श्रंखला में आर्य कन्या इंटर कॉलेज में प्रबंधक श्रीमती आरती त्रिवेदी द्वारा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर 78 लोगों ने वैक्सीनेशन कराया। कॉलेज प्रबंधक आरती त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने कोर्ट के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी। देश के प्रत्येक नागरिक की इसमें अहम भूमिका रही। भारत सरकार ने देश के नागरिकों को मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराई। पहली और दूसरी डोज के बाद अब बूस्टर डोज लगाई जा रही है। इस मौके पर कॉलेज प्रधानाचार्य श्रीमती वंदना सक्सेना एवं विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं तथा छात्राओं ने वैक्सीनेशन कराया।



वही इस दौरान युवा भाजपा नेता सूरज वार्ष्णेय, प्रिंस गुप्ता, बजरंग दल तहसील संयोजक, अन्नू सैनी व अन्य संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

### मेयर ने पार्षदों संग 85 लाख के निर्माण कार्यो का भूमि पूजन कर किया शुभारम्भ

राज पलिया (रिपोर्टर) फिरोजाबाद
फिरोजाबाद– महापौर ने क्षेत्रिय पार्षदों के संग लगभग 85 लाख रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया। यह निर्माण कार्य 15 वें वित्त की धनराशि से कराएं जायेंगे।





मंगलवार को महापौर नूतन राठौर ने सबसे पहले सती आश्रम में लगभग 18 आख रूपए से टिन शैड, बाउण्ड्रीवॉल आदि कार्य का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया। इसके बाद रहना रोड स्थित अमर शहीद देवेश कुलश्रेष्ठ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 14 लाख रूपए से चौक एवं अमर शहीद देवेश की मूर्ति स्थापित किये जाने के कार्य श्रीफल फोड़कर किया।वहीं वार्ड नं.13 के विभव नगर में 16 लाख से इंटरलॉकिग निर्माण कार्य, वार्ड सं. 53 बाजे वाली गली में लगभग साढ़े चार लाख रूपए से सीसी सड़क निर्माण कार्य, बौहरान गली में लगभग 14 लाख 83 हजार नाली मरम्मत एवं सीसी सड़क निर्माण, वार्ड सं. 46 के बौहरान गली में नौ लाख रूपए के सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया।
इस दौरान नगर आयुक्त घनश्याम मीणा, मुख्य अभियंता मनीष सिंह, अवर अभियंता अमित कुमार, पार्षद गेंदालाल राठौर, श्याम सिंह यादव, सतीश राठौर, आशीष यादव, सुभाष गोला, माया देवी, विमला सिंह जादौन, पुष्पेन्द्र जौदान के अलावा भारत सिंह, दीपक जादौन, रंजीत यादव, केडी जाटव, अनुपमा शर्मा, डा. मयंक भटनागर, सौरभ लहरी आदि मौजूद रहे।

### देश की आन बान शान है तिरंगा-अश्वनी जैन

राज पलिया (रिपोर्टर) फिरोजाबाद
फिरो/सिरसागंज–जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान एवं जिला विद्यालय निरीक्षक निशा अस्थाना के मार्गदर्शन में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन द्वारा घर–घर तिरंगा अभियान में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।
उन्होंने बताया कि आगामी 11 से 17 अगस्त तक घर–घर तिरंगा अभियान में जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने देश की आजादी के विषय में बताते हुए अपने देश की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का महत्व समझाया। उन्होंने तिरंगा के प्रथम रंग केसरिया को शौर्य एवं साहस का प्रतीक, द्वितीय रंग सफेद शान्ति का प्रतीक, तृतीय रंग हरा सम्रद्धि एवं खुशहाली का प्रतीक बताया। साथ ही मध्य में स्थापित अशोक चक्र की चौबीस तीलियों का अर्थ निरंतर प्रगति बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आगामी 11 से 17 अगस्त 2022 में अपने घरों पर तिरंगा अवश्य फहराएं। इस अवसर पर विशाल यादव, सौरव कुमार, हर्षित, सचिन कुमार, अमित कुमार, कृष्णा यादव, गोलू, समीर खान, विकास, हिमांशु, विशाल सिंह, निशान्त कुमार, रोहित खान, कु वंदना राजपूत, कु डिम्पल शाक्य, कु फिरदोस, प्राची कुशवाह, काजल यादव, कृतिका जैन, मैथिली जैन, अंशू, प्रांशु, रानी, शिल्पी, आदि उपस्थित रहे।



### विधायक विधान उपाध्याय ने उपचुनाव के लिए आसनसोल में नामांकन पत्र दाखिल किया

आसनसोल। आसनसोल के मेयर पद के उपचुनाव के लिए विधायक विधान उपाध्याय ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि अभी तक पार्टी द्वारा मनोनीत मेयर बिधान उपाध्याय थे। लेकिन संवैधानिक नियमों के अनुसार मनोनीत उम्मीदवार को 6 महीने के अंदर चुनाव जीतना होता है। अवधि 25 अगस्त को समाप्त होती है। इससे पहले तृणमूल पार्षद के इस्तीफे के बाद आसनसोल वार्ड नंबर 6 यानी जमुरिया के बेनाली क्षेत्र में उपचुनाव का दिन 21 अगस्त तय किया गया है। उस दिन सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान किया जा सकता है। आसनसोल में नामांकन पत्र प्रस्तुत करने के दौरान आसनसोल के 106 वार्डों के संयोजक वी शिवदासन दासु, उप मेयर वसीमुल हक, जमुरिया विधायक हरेराम सिंह और शेख शानदार मौजूद थे।



### एक सड़क दुर्घटना में पुत्री निशा चौहान की मृत्यु, नोनिया रचनात्मक संघ द्वारा 11 हजार की आर्थिक सहायता

सीतारामपुर। कुल्टी थाना के सीतलपुर लाइन मोहल्ला निवासी सुरेंद्र चौहान की पुत्री निशा चौहान की मृत्यु धनबाद के निरसा में एक सड़क दुर्घटना में हो गई थी। मंगलवार को नोनिया रचनात्मक संघ द्वारा मृतक युवती के पिता सुरेंद्र चौहान को 11 हजार का आर्थिक सहायता की। और उसे सांत्वना देते हुए संगठन द्वारा कहा गया कि हमारा संगठन आपके साथ है। और हम हर संभव सहयोग करेंगे। मालूम हो कि कुल्टी थाना के अंतर्गत सीतलपुर लाइन मोहल्ला के निवासी की पुत्री मैथन बीएसके कॉलेज में बीए सेकेड ईयर में इतिहास ऑनरस लेकर पढ़ाई कर रही थी। परीक्षा देने हेतु वह गोविंदपुर अपने भाई रोहित के साथ एक मोटरसाइकिल में गई थी परीक्षा देकर लौटने के क्रम में एक टेलर बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे कि निशा गंभीर रूप से घायल हो गई उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाइक चला रहे राहुल को भी चोटे आई। वही घटना की जानकारी जब नोनिया रचनात्मक संघ के पदाधिकारियों को मालूम पड़ा तो वह लोग उनके सहायता हेतु उनके घर पहुंच कर मृतक युवती के पिता को 11 हजार रुपए का अनुदान दीया। और सांतवना प्रकट करते हुए कहा कि वह लोग उनके साथ खड़े हैं और हर संभव प्रयास उनके सहायता हेतु करेंगे।



दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का कमांडर ने किया निरीक्षण

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 28 जुलाई 2022 से श्री राम आदर्श महाविद्यालय पनवारी में 1 उप्र वाहिनी एनसीसी, आगरा के निर्देशन में चल रहा है। कैंप के पांचवें दिन आज एनसीसी आगरा के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अरुण यादव ने शिविर की विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम 1 यूपी वाहिनी के कैडेट्स ने कमांडर को गार्ड ऑफ ऑनर के द्वारा सम्मानित किया। कैंप कमांडेंट कर्नल एमएस रोहिन, सेना मेडल के साथ ग्रुप कमांडर ने शिविर के दौरान कैडेट्स को दी जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में गहनता से जानकारी प्राप्त की।



इस अवसर पर उन्होंने शिविर में प्रतिभाग कर रहे कैडेट्स को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें बताया कि किस प्रकार एनसीसी नागरिकों और सेना के बीच सेतु का कार्य करती है। ग्रुप कमांडर के निरीक्षण के दौरान डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल जेएस कौशल, लेफ्टिनेंट कर्नल एसके राय, ग्रुप कैप्टन विजय यादव, सूबेदार मेजर बलदेव सिंह, नायब सूबेदार अशोक कुमार थापा, प्रशिक्षण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार द्विवेदी, कैंप दंडाधिकारी चीफ ऑफिसर लोकेंद्र सिंह, लेफ्टिनेंट मेघना रॉबर्ट तथा अन्य अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## भारतीय मुहिब्बाने ऐहलेबैत कमेटी ने मजलिस -ए-मुसालमा का आयोजन किया गया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। भारतीय मुहिब्बाने ऐहलेबैत कमेटी के संस्थापक, हाजी अल्ताफ हुसैन के नेतृत्व में एक भव्य मजलिस–ए–मुसालमा का आयोजन किया गया, जिसमे आगरा शहर के नामवर शायरो ने हजरत इमाम हुसैन आलिमुकाम की शहादत पर अपने – अपने कलामो के द्वारा प्रकाश डाला, कार्यक्रम की सदारत हजरत सैय्यद मुहम्मद अजमल अली शाह साहब ने की कार्यक्रम में निजामत अमीर अहमद अकबराबादी (एड०) साहब ने की, कार्यक्रम का शुभारम्भ तिलावत–ए–कुरान पाक से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अथिती के रूप में भारतीय जनता पार्टी के आगरा महानगर अध्यक्ष माननीय भानू महाजन जी रहे । कार्यक्रम कन्वीनर कमेटी के अध्यक्ष जीशान अहमद रहे। कार्यक्रम शाम 6.00 बजे से शुरु होकर देर रात्रि तक चला। शायरो में मुख्य रूप से इकबाल खलिश अकबराबादी अहमर जलेसरी शाहिद नदीम अकबराबादी, मेहमूद अकबराबादी, दाऊद इकबाल अकबराबादी, हाजी अफजाल अकबराबादी, अन्वर अमान अकबराबादी, चांद अकबराबादी करार अकबराबादी माहिर अकबराबादी, शारिक नियाजी, दानिश नियाजी, मौलाना





जीशान, अकीफ शुजा फिरोजाबादी, प्रोफेसर मुहम्मद हुसैन मुरादाबादी, हासिम अकबराबादी, आदी ने कलाम पड़े। इस मौक पर, हाजी आफताब हुसैन, रहीस उद्दीन, अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री बॉबी बेदी जी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंत्री सनी अरोड़ा जी, ईरशाद उद्दीन, बब्बू भाई, सैफ उद्दीन, हसनैन अहमद, रिजवान अहमद, मुहम्मद दाऊद, सलीम उद्दीन, यासीन कुरैशी,वजीर अब्बास, मोहम्मद अकील,मोहम्मद मोइन, आदि ।

## पिता के डांटने पर बेटा हुआ घर से गायब

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी
अछनेरा–विकासखंड अछनेरा के गांव खेड़ा साँधन गांव से प्रवीन पुत्र श्री हरिज्ञान नामक एक लड़का दो दिन पहले 31 जुलाई को गायब हो गया है। पिता ने गुटखा खाने को लेकर डांट दिया था। इसी से नाराज होकर घर से बिना बताये कहीं चला गया है। परिवारीजनों ने सभी रिस्तेदारियों सहित अनेकों स्थान पर ढूँढने पर कोई सुराग नहीं मिल पाया है। 01 अगस्त को थाना अछनेरा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। अभी तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



## श्रमिक समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापनः मुन्ना मिश्रा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा, 2 अगस्त। असंगठित कामगार कर्मचारी कॉन्ग्रेस के जिला चेयरमैन उनदद उपीतं ने अपने साथियों के साथ श्रम विभाग के सहायक उप श्रम आयुक्त को कन्या विवाह योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन के उपरांत भी लाभ ना पहुंचने के कारण श्रम मंत्री उत्तर प्रदेश शासन के नाम सहायक उप श्रम आयुक्त 32 गार्डन रोड आगरा में जाकर ज्ञापन दिया ज्ञापन के उपरांत मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम विभाग में दलालों का जमावड़ा है सीधे श्रमिक आवेदन करके कोई भी लाभ नहीं ले पा रहे हैं दलालों के माध्यम से ही मोटी दलाली देकर लाभ मिल पा रहा है करीब दो दर्जन लाभार्थी तीन चार महा से आवेदन ऑनलाइन करा चुके हैं परंतु अब तक ना उस पर सुनवाई हुई ना जांच हुई इसके लेकर लाभार्थी श्रमिक संगठन के चेयरमैन मुन्ना मिश्रा से मुलाकात किया श्री मुन्ना मिश्रा ने उप श्रम आयुक्त की की अनुपस्थिति में सहायक उप श्रम आयुक्त को ज्ञापन दिया अगर श्रम विभाग लाभार्थियों को शीघ्र लाभ नहीं पहुंचाई गई तो श्रम विभाग के सामने लाभार्थियों के साथ मिलकर आंदोलन करने पर बाध्य होगी जिसके पूर्ण जिम्मेदारी श्रम विभाग और शासन प्रशासन की होगी।



## लखनऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अमांपुर के धीरज गुप्ता को किया सम्मानित

अमांपुर/कासगंज। कस्बा के इन्द्रानगर निवासी समाज सेवी धीरज गुप्ता को सामाजिक क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने पर लखनऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के हाथों सम्मान पाकर सभी समाजसेवी धीरज गुप्ता गदगद दिखे। उप मुख्यमंत्री ने सभी से आगे भी सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान भी किया। समाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एवं सामाजिक कार्यों में भागीदारी के लिए उन्हे सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। समाज सेवी धीरज गुप्ता ने बताया कि इस तरह का मान सम्मान मेरे कार्य को आगे बढ़ाने के लिए मेरे आत्म बल को बढ़ावा देता है। समाज सेवा के माध्यम से ही मानव जीवन के मूल्यों को मजबूत किया जा सकता है।



## अधिकार के लिए योग्यता की अनिवार्यता का संदेश देती है शिवकथा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। कभी कभी भगवान की सेवा करने की भक्तों की इच्छा भी भगवान के अवतरण का कारण बन जाती है। यदि हिमालय की पत्नी मेना देवी सती के रूप पर मोहित हो उन्हें पुत्री रूप में पाने की तीव्र इच्छा न रखतीं तो पता नहीं धरती पर जगदंबिका माता पार्वती का अवतार कब होता?श माता पार्वती के अवतरण की पूर्व भूमिका सुनाते हुए कथावाचक डॉ. दीपिका उपाध्याय ने उक्त प्रवचन कहे। श्रावण मास के शुभ अवसर पर नगला डीम, आगरा में चल रही श्रीशिव महापुराण कथा का आज चौथा दिन था। कथावाचक डा. दीपिका उपाध्याय ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भगवान शिव की कथा में सबसे मनोरम बात यह है कि इसमें कहीं भी भक्त को भगवान शिव से वियोग नहीं सहना पड़ता। यदि जगदंबिका ने माता सती के रूप को त्याग दिया तो फिर माता पार्वती के रूप में अवतरित हुई।

भगवान शिव सदा भक्तों के साथ हैं इसका उद्घोष करती है पावन शिव महापुराण कथा। पितरों की मानस कन्या मेना, धान्या और कलावती जब सनत कुमारों के श्राप से धरती पर अवतरित हुईं तो उनमें से बड़ी कन्या मेना पर्वतराज हिमालय की पत्नी बनी। जगदंबिका ने पुनः अवतरण के लिए हिमालय और मैना को ही चुना। अपने चिर सहचर भगवान शिव को उन्होंने तपस्या से प्राप्त करके संदेश दिया कि अधिकार के लिए भी योग्यता होना आवश्यक है। आगे जब भगवान शिव पार्वती माता की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें वरने के लिए तैयार हुए तब उन्होंने कहा कि पूर्व जन्म में ग्रह शांति ना होने के कारण उनका वियोग हुआ।

भगवान शिव पार्वती विवाह का यह पावन चरित्र बताता है कि भगवान भी शास्त्रीय नियमों से बंधे हैं। भगवान का अवतरण उनकी अपनी इच्छा के लिए नहीं होता, बल्कि सृष्टि के कल्याण के लिए होता है इसीलिए भगवान शिव को पाने के लिए जगदम्बा भी तप करती हैं।

कथावाचक डा. दीपिका उपाध्याय ने बताया कि पार्वती मंगल की कथा सुनने से स्त्रियों को सौभाग्य की प्राप्ति होती हैं। पार्वती मंगल की कथा सभी स्त्रियों को अवश्य ही सुननी चाहिए। पार्वती मंगल की कथा सौभाग्य, यश, उन्नति एवं धन– धान्य से परिपूरित करने वाली है। इस अवसर पर गुरुदीपिका योगक्षेम फाउंडेशन की ओर से हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। फाउंडेशन के डायरेक्टर रवि शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन की तरफ से हरियाली तीज के अवसर पर महिलाओं को मेहंदी वितरित की जा रही है। पार्वती विवाह के शुभ अवसर पर फाउंडेशन की ओर से स्त्रियों को विवाह के कंगन भी बांटे गए। इस अवसर पर मनोज कुमार, दिनेश, शशि भूषण, होतीलाल, जवाली राम, वीरेंद्र, राजेश, जितेंद्र, पीतम सिंह, राजू, मुरारी लाल आदि उपस्थित रहे। कथा के विश्राम के बाद स्त्रियों ने भगवान शिव तथा माता पार्वती विवाह के शुभ अवसर पर भजन कीर्तन किया।



## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत् विद्यालय में भारत माता की महाआरती आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी
अछनेरा– मंगलवार को सुबह कस्बा किरावली स्थित विद्या भारती द्वारा संचालित अनारदेवी गोयल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय किरावली,आगरा के परिसर में आजादी के 75 वे.वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है उसी के तहत् भारत माता की महाआरती व देश के विज्ञानी डा. प्रफुल्ल चंद्र राय की 161 वी. जयंती पर विज्ञान प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार गोयल व प्रधानाचार्य श्यामहरी शर्मा ने सर्व प्रथम भारत माता की तस्वीर पर माला अर्पण कर व दीपप्रज्वलित कर महाआरती शुभारंभ किया आरती संपन होने के साथ ही विद्यालय का प्रांगण छात्रों द्वारा दिए भारत माता के जय घोषों से गुंजाय मान हो उठा तत्पश्चात देश के विज्ञानी डा. प्रफुल्ल चंद्र राय के जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर छात्रों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रर्दशनी का मुख्य अतिथियों ने अवलोकन किया जिसमें छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट विज्ञान व प्रकृति को समर्पित थे । अतिथियों ने छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्टों की भूर भूर प्रशंसा की वही प्रदर्शनी में प्रथम स्थान नीतू मुदगल ग्रुप,दूसरा स्थान गुंजन शैली वर्मा ग्रुप व तीसरा स्थान कर्तव्य गर्ग ग्रुप को प्राप्त हुआ इसी मौके पर प्रधानाचार्य श्यामहरी ने भारतीय वैज्ञानिक डा.प्रफुल्ल चंद्र राय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डा. प्रफुल्ल चन्द्र राय का जन्म 2 अगस्त 1861 बंगाल के खुलना जिले के ररूली कतिपरा नामक ग्राम में एक कायस्थ परिवार में हुआ था व मृत्यु 16 जून 1944 को कोलकता में हुई थी। डा.राय भारत के महान रसायनज्ञ, उद्यमी तथा महान शिक्षक थे। आचार्य राय केवल आधुनिक रसायन शास्त्र के प्रथम भारतीय प्रवक्ता (प्रोफेसर) ही नहीं थे बल्कि उन्होंने ही इस देश में रसायन उद्योग की नींव भी डाली थी। श्सादा जीवन उच्च विचारश वाले उनके बहुआयामी व्यक्तित्व से प्रभावित होकर महात्मा गांधी ने कहा था, ष्शुद्ध भारतीय परिधान में आवेष्टित इस सरल व्यक्ति को देखकर विश्वास ही नहीं होता कि वह एक महान वैज्ञानिक हो सकता है।ष आचार्य राय की प्रतिभा इतनी विलक्षण थी कि उनकी आत्मकथा ष्लाइफ एण्ड एक्सपीरियेंसेस ऑफ बंगाली केमिस्टष (एक बंगाली रसायनज्ञ का जीवन एवं अनुभव) के प्रकाशित होने पर अतिप्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका ष्नेचरष ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए लिखा था कि षलिपिबद्ध करने के लिए संभवतरू प्रफुल्ल चन्द्र राय से अधिक विशिष्ट जीवन चरित्र किसी और का हो ही नहीं सकता।



डॉ० राय को श्नाइट्राइट्स का मास्टरश कहा जाता है। उन्हें रसायन के अलाव इतिहास से बड़ा प्रेम था। फलस्वरूप, इन्होंने 10 से 12 वर्षो तक गहरा अध्ययन कर हिंदू रसायन का इतिहास नामक महत्वपूर्ण ग्रन्थ लिखा, जिससे आपकी बड़ी प्रसिद्धि हुई। इस पुस्तक द्वारा प्राचीन भारत के अज्ञात, विशिष्ट रसायन विज्ञान का बोध देश और विदेश के वैज्ञानिकों को हुआ, जिन्होंने डॉ० राय की बहुत प्रशंसा की। यूरोप की कई भाषाओं में इस पुस्तक के अनुवाद प्रकाशित हुए हैं तथा इसी पुस्तक के उपलक्ष्य में डरहम विश्वविद्यालय ने आपको डी. एस–सी. की सम्मानित उपाधि प्रदान की।

आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र राय भारत में केवल रसायन शास्त्र ही नहीं, आधुनिक विज्ञान के भी प्रस्तोता थे। वे भारतवासियों के लिए सदैव वन्दनीय रहेंगे । इस दौरान कमलेश कुमार गोयल, आर.के इंदौलिया,लोकेंद्र मुदगल, सभासद रामनरेश इंदौलिया , भाजपा नेता तनुज सिंघल,मनीष सिंघल, दिवाकर कटारा व समस्त विद्यालय के छात्र छात्राएं और अध्यापक गण मौजूद रहे।

## सलाद की महक से महका तीजोत्सव, भाविप सर्वोदय ने तीजोत्सव में आयोजित की विभिन्न प्रतियोगिता

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा । सिकंदरा स्थित मधु रिसॉर्ट पर भारत विकास परिषद सर्वोदय शाखा ने तीज मिलन उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम संयोजिका नीरू अग्रवाल, सोनाली बंसल, आरती बंसल और शिवानी अग्रवाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए लोक नृत्य और राखी थाल सज्जा बना कर दिखाया।

कुछ महिलाओ ने सलाद सज्जा का बेहतरीन हुनर भी दिखाया । बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में बनाये चित्रों से लोगो का दिल जीता। तीज क्वीन प्रतियोगिता का चुनाव परम्परागत परिधान और श्रृंगार पर आधारित रहा। अध्यक्ष अतुल गोयल और सचिव अनूप अग्रवाल ने सयुक्त रूप से बताया कि हर महिलाओ में कुछ न कुछ हुनर होता है इसी को ध्यान में रखते हुए सर्वोदय तीजोत्सव में महिलाओं को अपने हुनर को दिखाने का मौका दिया गया है।




महिला संयोजिका सीमा गोयल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य छुपी हुई प्रतिभा को सामने ला कर प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में 32 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। संचालन अर्चना गोयल और दिव्या अग्रवाल ने किया । धन्यबाद उर्मिला माहेश्वरी ने दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सीमा गोयल,सोनिया गर्ग, कवित अग्रवाल, स्वीटी अग्रवाल, प्राची, सोनल, संध्या, अंशिका, काव्या, सौम्या, विनीता, रिया, पूजा आदि मौजूद रहे।

## गांजा तस्करों पर एसटीएफ ने सौ किलो से अधिक गांजा किया जप्त

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
खेरागढ़। थाना मलपुरा क्षेत्र के अंतर्गत एसटीएफ ने आगरा के मालपुरा गांव के पास न्यू दक्षिणी बाईपास पुल के नीचे पांच गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया उनके कब्जे से 109.2, किलोग्राम गांजा लग्जरी कार और एक टैंकर मिली है। इतनी बड़ी खेत मिलने से पुलिस और एसटीएफ महकमें में भी हड़कंप मचा हुआ है ऐसा लगता है कि अब आगरा भी नशीले पदार्थों के सेवन की मंडी बनती चली जा रही है पुलिस पकड़े गए गांजा तस्करों से पूछताछ करने में जुट गई है जानकारी के मुताबिक एसटीएफ के निरीक्षक हुकुम सिंह को मंगलवार सुबह सूचना मिली कि ग्वालियर हाईवे पर बांध गांव के पुल के नीचे कार सवार गांजा की खेती आने के इंतजार में हैं तड़के करीब 3रू30 बजे एसटीएफ टीम के साथ पहुंच गए कुछ देर बाद एक सैंया की ओर से आती कैंटर रुकी आनन–फानन में ट्रैक्टर सवार और कार सवार उत्तरे उन्होंने कैंटर को खोल लिया और टेंकर से गांजा कार में ट्रांसफर किया जा रहा था इतने में ही सभी को एसटीएफ ने दबोच लिया एसटीएफ टीम को मौके पर देखकर गांजा तस्करों के होश उड़ गए। गांजा तस्कर अपनी जान बचाकर भागना चाहते थे लेकिन ऐसे में पूरा जाल बिछा रखा था जिसके चलते एसटीएफ ने गाने दूसरों को दबोच लिया। गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद एसटीएफ ने पकड़े गए टैंकर को चेक किया तो उनके भी होश उड़ गए भारी मात्रा में टैंकर में गांजा था एसटीएफ ने तुरंत गांधी को अपने कब्जे में लिया साथ ही पुलिस को भी अवगत करा दिया गया जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया टैंकर दूध का था दोनों वाहनों से गांजे के बामन पैकेट बरामद किए गए प्रत्येक पैकेट का वजन करीब 2.100 किलोग्राम था सूचना पर क्षेत्रीय पुलिस भी आ गई वे दोनों वाहन और पकड़े गए पांचो गांजा तस्करों को थाने ले आई पकड़े गए गांजा तस्करों के आवास विकास कॉलोनी सेक्टर 4 निवासी चंद्रमोहन, खंदौली से मलखान और चीकू, विजेंद्र, सत्यदेव उर्फ भगत सिंह, बुलंदशहर से वीरेंद्र से पुलिस पूछताछ मैं जुट गई है। हालांकि उन्होंने बताया कि वह इस माल को फुटकर में आगरा शहर में ही जगह–जगह बेचते थे अब पुलिस उनसे खरीद करने वालों की सूची तैयार कर रही है साथ ही गांजा कहां से लाया गया और इस गैंग में कौन–कौन लोग और शामिल है इसकी भी जानकारी की जा रही है।



# संक्षिप्त समाचार

### सामाजिक संस्था चिराग फाउंडेशन और एचडीएफसी बैंक ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। सामाजिक संस्था चिराग युथ फाउंडेशन और एचडीएफसी बैंक द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार, दो अगस्त को आवास विकास स्थित राजेंद्र स्पेस में 17वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे संस्था के सदस्यों और एचडीएफसी बैंक के कर्मचारियों द्वारा 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर के माध्यम शहरवासियो से अपील की लोगो को साल में कम से कम दो बार रक्तदान करना चाहिए,जिससे जरूरतमन्दों को रक्त मिल सके और लोग रक्तदान के प्रति जागरूक हो।



इस मौके पर मुख्य तौर पर मौजूद रहे राहुल चतुर्वेदी, रोहित वडेरा, संजय शर्मा, अभिषेक कौशल, एड मनोज शर्मा, एड सुनील शर्मा, के लाल त्रिलोकानी, अंकुर जैन, गौरव अग्रवाल, सीमा शर्मा, नीरजकांत, मनीष मिश्रा, निशांत अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, पवन शर्मा, योगेश तिवारी, नरेश गोदवानी, मोहित शर्मा, बुलबुल, आकृति, नेहा, साजिद, शिवानी गुप्ता और निधि परमार।

### शिव पार्वती से सौभाग्य प्राप्त करने का पर्व है हरियाली तीज अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन 11वा अतिथि वन में आयोजित किया गया हरियाली तीज का उत्सव।

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो। आगरा। एक ओर शिव–पार्वती की आराधना और उनके भजन गाकर सखियां सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त कर रही थीं तो वहीं 60 वर्ष की उम्र में तीज क्वीन बनी मीना की ख़ुशी का ठिकाना न था। भक्तिभाव के साथ राधा–कृष्ण के पवित्र प्रेम को समर्पित और शिव पार्वती की आराधना के साथ अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की सखियों ने तीज उत्सव का आयोजन उत्साह व उमंग के साथ अतिथि में किया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ राधा–कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की प्रदेश प्रभारी सुमन गोयल ने किया। सभी सखियों को हरियाली तीज का महत्व बताते हुए तीज की बधाई दी। अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने सभी सदस्याओं का स्वागत राधा–कृष्ण के नाम का पटका पहनाकर किया। दादी–नानी बन चुकी 60 वर्षीय मीना ने तीज क्वीन बनने पर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज मेरे लिए सबसे ज्यादा खुशी का दिन है। मैं पहली बार तीज क्वीन बनीं हूं। सभी सखियां हरे परिधान और हरे रंग के आभूषणों से सज संवरकर पहुंची। सावन के गीतों पर मौत मस्ती के साथ मनोरंजक गेम भी खेले। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रजनी अग्रवाल, मालती अग्रवाल, नीतू शिखा, नेहा, प्रीति, अनुराधा, मीना, बेबी, ममता, रेखा, अंजली, रीना, सीमा, पूजा, राजकुमारी, लवी आदि उपस्थित थीं।

### थाना कागारौल के नीतू सिंह दरोगा ने निभाया अपना वादा, टापर बेटी को दिया 11000 का चेक

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो। खेरागढ़ । थाना कागरोल के अंतर्गत थाने में तैनात दरोगा की दरियादिली इस बात से समझी जा सकती है कि उन्होंने थाना क्षेत्र के ओमवती देवी उच्च माध्यमिक विद्यालय नगला मृदंगी बसेरी चाहर मैं पढ़ने वाली गरीब परिवार की बेटी अंजलि ने जब अपनी मेहनत के दम पर दसवीं कक्षा में जिले में छठा स्थान प्राप्त किया तो दरोगा नीतू सिंह ने उसे माला पहनाकर सम्मानित किया तथा 11 और 12वीं की पढ़ाई का खर्चा उठाने का वादा भी किया था अभी दरोगा नीतू सिंह लाइन हाजिर चल रहे हैं।मंगलवार को सुबह नीतू सिंह दरोगा छात्रा अंजलि के घर पहुंचे और ग्रामीणों के सामने अंजली और उसके पिता को 11000 का नगद चेक दिया। 11000 का चेक पाकर अंजलि के पिता गुलाब सिंह भावुक हो गए उन्होंने दरोगा नीतू सिंह का धन्यवाद किया गुलाब सिंह ने बताया कि मेरे तीन बेटी एक बेटा है सभी को मेहनत मजदूरी करके पढ़ा लिखा रहा हूं।गुलाब सिंह ने ओमवती देवी उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक धर्मवीर सिंह चाहर का भी धन्यवाद किया जो कि उनके बेटे की आधी फीस लेकर उस को पढ़ा रहे हैं इस दौरान कर्मवीर चाहर, गीतम सिंह, दीपक चाहर, धर्मवीर मास्टर, हंसराज सिंह, जोगिंदर पाल सिंह नेताजी, आदि लोग उपस्थित रहे ।



### शिवम सिंह नगर अध्यक्ष व अक्षत जायसवाल बने नगर मंत्री

अंकित पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता आसपुर देवसरा पट्टी प्रतापगढ़ । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पट्टी नगर की नवीन नगर इकाई गठन समारोह हुआ । नवीन कार्यकारिणी गठन के लिए संगठन द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी प्रांत सह संयोजक अनिकेत तिवारी ने नवीन नगर अध्यक्ष के रूप में भारत सिंह इंटर कॉलेज का प्रधानाचार्य शिवम सिंह जी को नगर अध्यक्ष और अक्षत जयसवाल को नगर मंत्री घोषित किया उपाध्यक्ष अवधेश पांडे , उपाध्यक्ष शिवम त्रिपाठी, नगर सह मंत्री आदर्श तिवारी, काजल सिंह, शिव कुमार सोनी, नीरज बरनवालै,थ्व नगर संयोजक सौरभ सिंह, नगर छात्रा प्रमुख कविता सिंह,राष्ट्रीय कला मंच नगर संयोजक नेहा विश्वकर्मा की घोषणा की तहसील संयोजक बालाजी ओझा ने सभी नवनिर्वाचित कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन तहसील सह संयोजक राहुल वर्मा ने किया अनुज जायसवाल प्रोपराइटर तनुज शॉपिंग मॉल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।।



### 'बड़े हर्षोल्लास के साथ नाग पंचमी का पर्व मनाया गया'

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य
महराजगंज/रायबरेली महराजगंज हैदरगढ़ रोड पर स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में आज नाग पंचमी के उपलक्ष में छात्र–छात्राओं अध्यापकों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ नाग पंचमी का पर्व मनाया।



आपको बताते चलें प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने बताया कि वैज्ञानिकता तथा त्योहारों को रोज की दिनचर्या में खुशी लाने वाला पर्व बताया और यह भी बताया कि श्रवण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को यह त्यौहार मनाया जाता है। और मोर नृत्य मेघों की फुहार सभी का मन मोह लेती हैं प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने अपनी स्वरचित कविता सुना कर छात्र छात्राओं को अपना उद्बोधन समाप्त किया सभी छात्र छात्राओं व अध्यापकों अभिभावकों को नाग पंचमी की बधाई दी और कहा कि सभी लोग शांति पूर्वक नाग पंचमी का पर्व मनाए सभी लोग हिल मिलकर रहें।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## अमेठी में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाइम्स अमेठी। अमेठी, में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रामगंज पुलिस द्वारा 02 अवैध शस्त्र व 05 कारतूस व एक वैगन आर कार के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। दोनो अभियुक्त प्रतापगढ़ जिले के निवासी हैं और उन्हें छीड़ा बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया गया है तो वहीं मुसाफिरखाना पुलिस व राजस्व टीम द्वारा जगदीशपुर थाने से संबंधित गैगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त मोबीन पुत्र रफीक निवासी गौहर का पुरवा मजरे गड़रिया डीह थाना जगदीशपुर द्वारा अपराध कर अर्जित की गई संपत्ति जिसमे एक पक्का मकान, जिसकी कीमत लगभग 16 लाख 44 हजार 771 रुपए की संपत्ति जब्त की गई। यह कार्यवाही धारा 14/1 उत्तर प्रदेश गिरोह बंद अधिनियम के अंतर्गत जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि यह संपत्ति अभियुक्त मोबीन द्वारा अपराध कारित कर बनाई गई थी। अभियुक्त मोबीन शातिर किस्म का अपराधी है जिसके द्वारा संगठित रूप से आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए जघन्य अपराध कारित किया गया है। अभियुक्त मोबीन की विरुद्ध जगदीशपुर थाने गोवध निवारण अधियम के तहत 3 मुकदमे व यूपी गैगेस्टर एक्ट के अंतर्गत एक मुकदमा दर्ज है।



## कल से बन्द होगी प्लाइवुड फैक्ट्री आरा मशीन

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट सीतापुर तम्बौर। थाना तम्बौर के अंतर्गत कस्बा तम्बौर लगी प्लाईवुड फैक्ट्री बंद होंगी अनिश्चित काल के लिए लकड़ी न मिल पाने वजह से बढ़ती महंगाई व कम मात्रा से मिलने से कस्बा से स्थित मां वैष्णो प्लाईवुड प्रोडक्ट पर तंबौर प्लाईवुड एंड प्रोडक्ट्स ट्रेड एसोसिएशन की बैठक 3/7/22 को संपन्न हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया की लकड़ी की कमी के मद्देनजर विनियर प्लाईवुड फैक्ट्रियों व आरा मशीन पर लकड़ी की उपलब्धता बहुत ही कम हो गई है इस वजह से बराबर निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है बैठक में अध्यक्ष राजकिशोर कनौजिया, उपाध्यक्ष अनुपम वर्मा, अंकित वर्मा संरक्षक रईस सच नाथ सिंह महासचिव, कोषाध्यक्ष मुख्तार खान, सरवन कुमार वर्मा आदि सदस्यगण सर्व सम्मत से निर्णय लिया गया 3/7/22 को सुबह 6:00 बजे से अनिश्चित काल तक प्लाईवुड फैक्ट्रियां व आरा मशीन कच्चा माल की खरीद बंद कर दी गई है। जबकि तंबौर फैक्ट्रियों में जुड़े हजारों मजदूरों का जीवन यापन हो रहा था फैक्ट्री बंद होने से हजारों लोग कामों से बेसहारा होंगे।



# प्रदेश अध्यक्ष उमेश द्विवेदी ने मैनपुरी संगठन की कमान डॉ अवदेश राजपूत को सोपी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी
कुरावली। शिक्षकों के लिए प्रदेश में यू तो कई संगठन कार्य कर रहे है। जब भी कही शिक्षक के लिए आवाज उठानी हो या शिक्षक को होने वाली परेशानियों से सरकार को अवगत कराना हो। हमेशा शिक्षकों के संगठन एक आवाज हो कर बुलंद होते है और सरकार को शिक्षकों के अनुरूप कार्य करने की मांग करते रहते है। इन्ही संगठनों में से एक संगठन भारतीय जनता पार्टी शिक्षक महासभा के रूप में कार्य कर रहा है। जो प्रदेश के शिक्षकों की आवाज बनाता है, शिक्षकों को हो रही परेशानियों से निजाद दिलाने के लिए आवाज उठता रहता है। जिसके लिए संगठन को पदाधिकारियों की भी आवशक्ता भी पड़ती है। प्रदेश स्तर पे काम करने वाला प्रदेश अध्यक्ष और जिले पे कार्य करने वाला जिलाध्यक्ष ऐसे व्यक्ति चुने जाते है जो संगठन के लुए रात दिन एक कर दे संगठन खड़ा करने ने इनका अहम योगदान होता है। इन्ही इकाइयों में से मैनपुरी जिले की कमान वी जी भारती इंटर कॉलेज कुरावली (मैनपुरी) के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश राजपूत को दी गई है। जिले पर संगठन को मजबूत कर 15 दिन में जिला स्तर पे अपने संगठन को तैयार कर संगठन को सूची सौपनी होगी। आपको बताते चले कि वी जी भारती इंटर कॉलेज कुरावली (मैनपुरी)के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश राजपूत को भारतीय जनता पार्टी शिक्षक महासभा का प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश द्विवेदी द्वारा आज दारुल सफा लखनऊ मे, शिक्षक महासभा मैनपुरी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर आगरा स्नातक क्षेत्र के एमएलसी गुरुजी डॉ मानवेंद्र प्रताप सिंह, पवन शर्मा आगरा प्रभारी, डॉक्टर नेत्रपाल सिंह यशराज, परमवीर जी , रेनू मिश्रा, बरेली प्रभारी संजय मिश्रा जी पूर्व एमएलसी आदि लोग उपस्थित थे। तथा पूरा हॉल सैकड़ों लोगों से भरा हुआ था।



# प्रतिनिधि सही दे जानकारी तो पुलिस सही करेगी कार्यवाही

- पुलिस व जनता के बीच मधुर रहेंगे संबंधअवैध अतिक्रमण व्यापारी स्वयं हटा ना करें सुनिश्चित
- एफ आई आर के लिए यूपी कॉप एप करें डाउनलोड



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी
बिछवा। फरियादियों को थाने की विशेष आवश्यकता नहीं पड़ेगी कई मामले ऐसे हैं जो फरियादी अपने मोबाइल में एक यूपी कोप नाम से एप डाउनलोड करने के बाद घर बैठे ही अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे जिसके बाद पुलिस स्वयं मामले को संज्ञान लेकर एफ आई आर दर्ज कर कॉपी उपलब्ध कराने का काम करेगी यह शब्द बिछवा के थाने में बुलाई गई क्षेत्र की मीटिंग के दौरान प्रभारी थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने कहे।
त्यौहार के मद्देनजर नवागत थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने क्षेत्र के ग्राम प्रधान के साथ व्यापारी व क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ संभ्रांत लोगों की एक बैठक बुलाई जिसमें उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रतिनिधि समय रहते गांव में हुई किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी अगर सही से उपलब्ध कराएंगे तो पुलिस सही कार्यवाही करेगी क्योंकि पुलिस के पास सही जानकारी होने के बाद पीड़ित को न्याय मिलना मुनासिव से होता है। बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा कि अब कई मामले में क्षेत्र के लोग घर बैठे ही एफआईआर करा सकते हैं जिसमें नाबालिक की गुमशुदगी के साथ ही वाहन चोरी वाहन लूट के अलावा साइबर के सभी मामलों में ही क्या न्यू पीकॉक ऐप के माध्यम से घर बैठे ही एफआईआर प्राप्त कर सकते हैं साथ ही इस समय वर्तमान में चरित्र प्रमाण पत्र ही इस ऐप पर ज्यादा आ रहे हैं जबकि अन्य समस्याएं भी इस ऐप पर डाउनलोड करने से एफ आई आर दर्ज करने का प्रावधान है सभी लोग इस मोबाइल इस की यूपी की कैप को अपने मोबाइल मोबाइल में डाउनलोड करना सुनिश्चित करें कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच मधुर संबंध से आपसी सौहार्द काम रहता है साथ ही किसी भी प्रकार की कोई सूचना हो तो पुलिस से तत्काल सूचित करें ताकि समय रहते उचित कदम उठाया जा सके बैठक में उप निरीक्षक दर्शन सिंह दुष्यंत कौशिक के साथ क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति ग्राम प्रधान राजू पांडे अनिल कुमार धर्मवीर नरेंद्र सिंह डॉक्टर कैलाश अमर सिंह विकास आदित्य कुमार अजीत कुमार उमेश सिंह टीटू दुबे मनोज कुमार जितेंद्र सिंह के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

# 3 अगस्त को जनपद में समीक्षा बैठक, महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि राज्य महिला आयोग द्वारा मिशन शक्ति– 4.0 के अन्तगर्त महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम, महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से दि 03 अगस्त को जनपद में समीक्षा बैठक, जागरूकता चौपाल–शिविर एवं महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम सुमन चतुर्वेदी सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

उन्होने सम्बन्धित को सूचित करते हुये कहा है कि ट्रान्जिस्ट हास्टल में आयोजित उक्त कार्यक्रम में प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर समस्याओं का निराकरण करायें।

# राजस्व निरीक्षक व लेखपाल द्वारा लगाई गई मुड़िडयो को दबंगों ने उखाड़ फेंका

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ,मैनपुरी
- विरोध करने पर दबंगों ने दी जान से मारने की धमकी के साथ ही झूठे केस में फंसाने की धमकी

बिछवा। थाना क्षेत्र के गांव नगला मनिहार बीलों में दबंगों ने सरकारी नापतोल होने के बाद खेत पर लगी मुडियों को उखाड़ कर फेंक दिया जब विरोध किया तो दबंगों ने जान से मारने की धमकी देने के साथ ही झूठे केस में फंसाने की धमकी दी है। मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी गई है। वीलौ के मजरा मनिहार निवासी रामवीर पुत्र बालजीत ने तहरीर देते हुए बताया कि उसके रिश्तेदार भारत पुत्र महेंद्र सिंह का एक खेत है जिसका संख्या 1765 1757 1762 है जिसकी कई बीघा भूमि दूसरे खेतों में निकलती है जिसके लिए सरकारी पैमाइश की गई तो राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय



लेखपाल ने पुलिस बल के साथ मिलकर नापतोल कराई साथी मुडियों लगवाकर कब्जा दे दिया गया उसके बाद विपक्षी दबंग जीवन पुत्र चंद्रपाल पूजा पत्री गोविंद लाखन पुत्र खेतल सिंह दुलारी पत्नी जय वीर जय वीर राकेश पुत्र गढ़ रघुवीर निवासी गण मनिहार में मुडियों को उखाड कर फेंक दिया साथ ही जान से मारने की धमकी दी है साथ ही बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी है मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी गई है साथ ही मामले में उप जिलाधिकारी भोगांव ने कानूनी कार्यवाही कराने के निर्देश दिए हैं।

# मैनपुरी में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की तैयारी जोरों पर

- जिलाधिकारी ने 15 अगस्त पे ध्वजारोहण कर्यक्रम के लिए दिए दिशा निर्देश

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर प्रभात फेरी, दौड़, ध्वजारोहण, शहीद स्तम्भों पर दीप प्रज्वलन, पुष्प चक्र अर्पण, वृक्षारोपण मरीजों ,कैदियों को फल वितरण, रक्तदान शिविर, बिशेष सफाई अभियान, कवि सम्मेलन एंव मुशायरा आदि अनेक कायर्कम आयोजित होंगें। सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी कायार्लयों पर सजावट होगी। स्वतंत्रता दिवस पर जनपद के शहरी, ग्रामीण अंचलो के सभी विद्यालय खुलेंगे। विद्यालयों में ध्वजारोहण से पूर्व प्रत्येक गांव में स्कूली बच्चों के साथ प्रभात फेरी निकलेगी, सभी विद्यालयों में देश–भक्ति पर आधारित कायर्कम आयोजित होंगे। सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने–अपने कायार्लय प्रागंण में पौधा रोपित करेंगे। जनपद में अमृत सरोवर के रूप में विकसित तालाबों पर भी ध्वजारोहण होगा।
कायर्कमों के निधार्रण को अन्तिम रूप देते हुए जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व को इतने उल्लास से मनायें कि पारम्परिक त्योहारों का रंग फीका लगे। सभी लोग पूरी उमंग, उत्साह के साथ स्वतन्त्रता दिवस के कायर्कमों में प्रतिभाग करें। उन्होंने बताया कि



प्रातः 6.00 बजे से जिला क्रीडा अधिकारी के सयोजकत्व मे 03 किमी. दौड़ का आयोजन स्टेडियम से वृहमदेव मन्दिर तक एंव वापिस स्टेडियम तक किया जायेगा। प्रातः 07:30 बजे से अध्यक्ष, अधिशाषी अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक के सयोजकत्व मे नगर पालिका परिषद प्रांगण में शहीदों के चित्रों पर माल्यापूर्ण एंव घंटाघर, बजाजा बाजार होते हुए नगर पालिका तक प्रभात फेरी निकाली जायेगी। प्रातः 08 बजे विभागाध्यक्षों, कायार्लयध्यक्षों के संयोजकत्व में सभी सरकारी,अद्ध सरकारी, गैर सरकारी कायार्लयों एंव गैर सरकारी प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, सामूहिक प्रतिज्ञा तथा राष्ट्रीय भावना से प्रेरित कायर्कमो का आयोजन होगा। प्रातः 08.30 बजे शिक्षण संस्थाओं मे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एंव राष्ट्रीय भावना से ओत–प्रोत कायर्कम आयोजित होगें। प्रातः 09 बजे प्राभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी के सयोजकत्व मे वृहद स्तर बृक्षारोपण किया जायेगा।
श्री सिंह ने बताया कि प्रातः 11 बजे मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्साधीक्षक महिला, पुरूष के संयोजकत्व में जिला चिकित्सालय मे मरीजों को फल वितरण, निःशुल्क रक्तजांच शिविर का आयोजन किया जायेगा, प्रातः 11.30 बजे जिला कारागार मे निरूद्व कैदियों को फल वितरण होगा। दोपहर 12 बजे मलिन बस्तियों, नगर पंचायतों, ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान, स्वास्थ्य शिविर, टीकाकरण होगा, विशेष सफाई की व्यवस्था नगर पालिका, नगर पंचायतों, डीपीआरओं द्वारा कराई जायेगी। सांय 05 से 07 बजे के मध्य नगर पालिका, कलेक्ट्रेट, पुलिस लाईन, देवी मेला प्रागंण में स्थापित शहीद स्मारकों, विकास खंडों के शहीद स्मारकों पर बैंड–बाजे की मधुर धुन पर दीप प्रज्वलन, पुष्प चक्र अपर्ण कायर्कम आयोजित किया जायेगा तद्पोरांत अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, अपर जिलाधिकारी के सयोजकत्व मे नगर पालिका प्रागंण में राष्ट्रीय एकता पर विचार गोष्ठी एंव कवि सम्मेलन तथा मुशायरे का आयोजन किया जायेगा।
जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों, कायर्कमों के संयोजको से कहा है कि सभी कायर्कम पूरी लगन, भव्यता के साथ आयोजित करायें। उन्होने जनपद वासियो से कहा कि वे आजादी के पर्व को पूरे हषोर्ल्लास के साथ मनाये और आयोजित कायर्कमो में अपनी सहभागिता करें। उन्होने सभी का अवाह्न करते हुए कहा कि सभी लोग स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों के सामने बृक्ष अवश्य लगायें।
यदि घर के सामने जगह न हो तो किसी भी सावर्जनिक स्थान पर बृक्षारोपण अवश्य करे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पी. पी. सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी श्याम लाल जायसवाल, परियोजना निदेशक डी आर डीए के.के. सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम पी.सी. राम सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति, पत्रकार आदि उपस्थित रहे।

# जीयनपुर कोतवाल ने कावड़ियों पर बरसाये फूल, नगर में निकाली गई शिव पार्वती मनमोहक झांकी

अयोध्या टाइम्स संवाददाता सगड़ी आजमगढ़
सगड़ी, आजमगढ़। मां सरयू के नदी से जल लेकर नगर में प्रवेश करते ही कांवरियों का ढोल ताशे के साथ लोगों ने स्वागत किया गया। सामाजिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा किया। हर–हर महादेव के जयकारे के बीच नगर में झांकी निकाली गई। बता दे कि कांवरिया समिति जीयनपुर के सैकड़ों सदस्य प्रतिवर्ष सावन माह में मां सरयू के तट से पवित्र जल लाकर प्राचीन शिव मंदिर जीयनपुर पर ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रों के बीच जलाभिषेक करते हैं। जिसमें नगर की कई सामाजिक संस्थाएं भी शामिल होकर सहयोग करती हैं।सोमवार को रात में सैकड़ों कांवरिया नाचते गाते सरयू नदी के दोहरीघाट स्थित तट पर पहुंचे। हुए मंगलवार को सुबह विधिवत स्नान ध्यान कर कांवड़ में जल लेकर पैदल ही जीयनपुर के लिए निकले। नगर में प्रवेश करते ही ढोल ताशे के साथ लोगों ने स्वागत किया।मां पार्वती और शंकर जी की शोभायात्रा निकाली गई।
कांवरियों का प्राचीन शिव मंदिर पर प्रखर सेवा समिति के राजवंत सिंह,व्यापार मंडल जीयनपुर के मनीष चौरसिया, ज्ञानेंद्र मिश्र सुनील सोनी, विशाल रावत, कारगिल शहीद रामसमुझ यादव के भाई प्रमोद यादव,कोतवाली प्रभारी यादवेंद्र पांडे ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कई लोगों ने चरण पखारे। मंदिर में पहुंचे



कांवरियों ने शंकर जी का विधिवत जलाभिषेक किया। मुन्ना सोनी,लव कुश सोनकर, राहुल सोनकर, अजय चौरसिया,अजय तिवारी आदि लोगों ने कांवरियों के जलपान की भी व्यवस्था की थी।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जनपद का प्रत्येक व्यक्तिभागीदार बने : जिलाधिकारी

- आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम अवधि में जनपद के प्रत्येक चौराहे पर बजेंगे राष्ट्रभक्ति गीत, तिरंगा लाइटों से जगमग होंगे कायार्लय–जिलाधिकारी
- प्राथमिक विद्यालयों से लेकर महाविद्यालयों तक के बच्चों को 1800 से लेकर 1950 के मध्य की महत्व पूर्ण घटनाओं की दी जाएगी जानकारी : अविनाश



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला स्तरीय अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, गणमान्य नागरिकों, उद्यमियों, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में आयोजित बैठक में कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जनपद के प्रत्येक नागरिक की सह भागिता सुनिश्चित हो। सभी लोग इस कार्यक्रम में उत्साह–उमंग के साथ भागीदारी करें। बुजुर्ग से लेकर बच्चा तक इस दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल हो, प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान, कार्यालय, सार्वजनिक स्थानों, पार्को पर तिरंगा फहराया जाये। सभी लोग आजादी के 75 वर्ष पूर्व होने के उपलक्ष्य में आयोजित अमृत महोत्सव कार्यक्रम को पूरे जज्बे के साथ मनाए। अपने घरों को तिरंगा लाइट से सजाएं, अपने बच्चों को देश के स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवमयी इतिहास की जानकारी दे। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय से लेकर महाविद्यालय तक प्रतिदिन कोई न कोई कार्यक्रम आयोजित हों। प्रत्येक विद्यालय में 01 घंटा 1800 से लेकर 1950 के मध्य स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान घटित महत्वपूर्ण सत्याग्रह, घटनाओं, देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों को बलिदान करने वाले वीर–सपूतों, समाज में फैली छुआ–छूत, भेदभाव जैसी कुरीतियों को दूर करने में अपना योगदान देने वाले महापुरुषों के जीवन के बारे में छात्रों को बताया जाए। आंगनबाड़ी केन्द्रों में छोटे बच्चों के मध्य प्रतियोगिताएं आयोजित करायी जायें। प्रत्येक विद्यालय में स्वतंत्रता आंदोलन, स्वाधीनता पाने के उपरांत देश में हुए विकास, देश के वीर शहीदों पर आधारित चित्रकला, पोस्टर, निबंध, वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएं। जनपद के प्रत्येक छात्र को आजादी पाने के लिए दिए गए बलिदानों की जानकारी हो। श्री सिंह ने कहा कि जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत तक प्रत्येक गली–मोहल्ले में आजादी के अमृत महोत्सव की झलक दिखे, प्रत्येक ग्राम पंचायत, अमृत सरोवर तालाब, मुख्य चौराहों, मार्गो, प्रत्येक घर पर झंडा फहरे, मुख्य चौराहों पर देशभक्ति के गीत बजाए जाएं। नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में भव्य कार्यक्रम आयोजित हों। मुख्य मार्गों पर लगे विद्युत पोल को तिरंगा लाइटों से सजाया जाए। प्रत्येक कार्यालय में भव्य सजावट हो, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के ग्रामों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के आश्रितों को सम्मानित किया जाए। उन्होने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि विकास खंड परिसर में स्थित शहीद स्मारकों की रंगाई–पुताई, सफाई का कार्य प्राथमिकता पर कराकर वहां लाइटिंग की व्यवस्था करें। प्रतिदिन किसी न किसी क्षेत्र में कोई न कोई भव्य कार्यक्रम आयोजित कराया जाए। अमृत सरोवर के रूप में विकसित किए गए तालाबों पर वृक्षारोपण, ध्वजारोहण के कार्यक्रम आयोजित कराये जायें। वहां अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेलों का आयोजन कराकर अधिक से अधिक लोगों की सह भागिता सुनिश्चित कराकर स्वतंत्रता आंदोलन के स्वर्णिम इतिहास की जानकारी दी जाए।
जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर निकाय से कहा कि प्रत्येक वार्ड में सभासद की उपस्थिति में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतगर्त कार्यक्रम आयोजित कराएं। मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। अमीर–गरीब सभी के घर तिरंगा उपलब्ध हो और सभी लोग अपने घरों पर खुशी के साथ तिरंगा फहरायें। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि जनपद के राशन डीलर अपने–अपने राशन कार्ड धारकों के साथ कार्यक्रम आयोजित करें, प्रत्येक राशन की दुकान पर भी ध्वजारोहण किया जाए। उन्होंने उपायुक्त जीएसटी, उपायुक्त उद्योग से कहा कि जनपद का प्रत्येक व्यापारी, उद्यमी आजादी के पर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराये। अपने प्रतिष्ठानों पर 13, 14, 15 अगस्त को तिरंगा फहराये। अपने प्रतिष्ठानों के साथ–साथ अपनी स्वेच्छा से किसी न किसी चौराहे पर पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से देश भक्ति, राष्ट्रप्रेम से ओत–प्रोत गाने बजाएं। ई–रिक्शा पर लाउडस्पीकर लगाकर देशभक्ति के गीत बजाए जाएं। ई–रिक्शा को पूरे शहर में घुमाया जाए ताकि उत्सव जैसा माहौल दिखे। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम मे जो विकास खंड, नगर निकाय बेहतर कार्य करेगा। वहां के खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी को सम्मानित किया जाएगा, जनपद में बेहतर कार्य करने वाले तीन विद्यालयों को चिन्हित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस अवधि में सबसे अच्छा कार्य करने वाले 03 छात्रों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं, एनसीसी, एनएसएस का आह्वान करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के दौरान अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें लोगों के बीच जाकर उन्हें स्वाधीनता पाने के लिए दिए गए बलिदानों के बारे में बताएं। साथ ही आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने, सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करें। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित किया है इसका प्रयोग करने पर दंडनीय प्राविधान भी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जन–सामान्य को वृक्ष रोपित करने के लिए भी जागरूक करें। वृक्षों की घटती संख्या के कारण बढ़ते पयार्वरण प्रदूषण के दुष्परिणामों के बारे में बताएं।
पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित ने कहा कि सभी लोग आजादी के इस महापर्व पर अपनी भागीदारी करें। जो भी व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से इस दौरान
कार्यक्रम कराना चाहें उसकी सूचना दें। ताकि ट्रैफिक व्यवस्था के साथ–साथ सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा 12 अगस्त को हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है, सभी जनपदवासी इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराएं। इस दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में औपचारिकता न निभाई जाए बल्कि पूरे मनोयोग। इच्छाशक्ति के साथ कार्यक्रमों से जुड़ें, सभी जनपदवासियों में राष्ट्रीय पर्व के प्रति उमंग उत्साह दिखे। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में हर जाति, वर्ग, धर्म के लोगों ने कंधे से कंधा मिलाकर आजादी पाने के लिए संघर्ष किया। आजादी आंदोलन से जुड़े व्यक्तियों ने किसी न किसी रूप में अपना योगदान दिया।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक गणेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी. पी. सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी श्याम लाल जायसवाल, उप जिलाधिकारी सदर, भोगांव, नवोदिता शर्मा, कुलदेव, राजस्व अधिकारी वीरेन्द्र कुमार मित्तल, डिप्टी कलेक्टर नरेन्द्र कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सनिल द्विवेदी, समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय सहित अन्य संबंधित अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति, उद्यमी, प्रधानाध्यापक आदि उपस्थित रहे।

# दबंगों ने घर में घुसकर पति पत्नी के साथ की मारपीट

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ,मैनपुरी
- तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट की दर्ज

बिछवा। थाना क्षेत्र के गांव औरन्ध मै जमीनी विवाद को लेकर घर में घुसकर पति पत्नी के साथ उसके परिवार के लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है साथ ही एलानिया धमकी दी है मामले की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया है।
गांव औरन्ध निवासी जय प्रकाश शुक्ला पुत्र रमेश शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी कल्पना घर के अंदर लेटे हुए थे तभी उसके परिवार के भतीजे रिंकल पुत्र प्रदीप व वंदना पत्नी प्रदीप व तीन अज्ञात लोग हाथों में लोहे की रॉड लेकर घर के अंदर घुस आए साथ ही गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और हमला कर दिया जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए उक्त लोग एलानिया धमकी दे रहे थे कि खेत को जोतने की जरूरत नहीं है दोबारा खेत जोता तो जान से मार देंगे साथ ही उक्त लोग एलानिया धमकी देकर भाग गए मामले की



तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया है प्रभारी थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# डक्टरों की लापरवाही के कारण बिलख बिलख कर मर रहे

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट सकरन सीतापुर। विकास खण्ड सकरन साण्डा के ग्राम पंचायत किरतापुर का पूरा मामला सामने आया है जहा किरतापुर मे अस्थाई गौशाला का है जहां पर आए दिन डाक्टरों की लापरवाही के कारण गौशाला में आए दिन जानवर बिलख बिलख कर मरने को मजबूर हो रहे हैं। मीडिया कर्मी ने गौशाला का निरीक्षण किया तो देखा कि वहां पर जानवर तड़प तड़प कर मर रहे है। इस बारे में गौशाला के कर्मचारियों से पूछने पर उन्होंने बताया कि आज कोई डॉक्टर यहां पर नही आया है और इसकी सूचना हमने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र कुमार को दिया। उन्होंने तुरन्त डॉक्टर अरविंद वर्मा को फोन के माध्यम से बताया फिर भी वहां से कोई नहीं आया अब देखना यह है कि योगी सरकार मे जानवरों पर हो रहे अत्याचार इन भ्रष्ट डाक्टरों पर कोई असर होता है या नहीं।

# ब्लॉक साण्डा सकरन का ये है विकास कार्य ग्राम पंचायत पतारासा का

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट
साण्डा सीतापुर। ब्लॉक साण्डा सकरन के अंतर्गत ग्राम पंचायत पतरासा पोस्ट खानपुर थाना रेउसा तम्बौर से खानपुर आकर पतरासा बीच गांव मे से आकर बिसवा मार्ग सकरन मितुआ जुडता है इस बरसात के मौसम मे बरसात का पानी रोड पर भर जाने से ग्रामीण लोगों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को भी आने जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इस मार्ग से आने जाने वालों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है हमारे माननीय मुख्य मंत्री जी के मंसूबे पर ग्राम बिकास अधिकारी फेर रहे है पानी प्रधान कोई अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं की ग्रामीणों को व छात्रो को व बाहर से आने जाने वाले इस रास्ते कैसै निकलते है ग्रामीणो का आरोप है इस रास्ते से बहुत दिक्कतो का सामना करना पडता है कुछ ग्रामीण इस पर अपनी आवाज भी उठाई है जैसे की सुधीर कुमार किशन कुमार राहुल अवस्थी जयकरन राज शाकिर अहमद पप्पू




मोरिया संजय वर्मा शिवप्रसाद नफीस कुरैशी बाबू राम मौर्य आदि बहुत से लोग गांव वालो कहना है कि हमारी सुनवाई की जाए हमारी समस्याओ को सुना जाय।

# संक्षिप्त समाचार

## देहात कोतवाली पुलिस ने टॉप टेन अपराधी को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर भेजा जे

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा। गोंडा जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अवैध शस्त्र व कारतूस रखने वालों एंव इनका क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के कड़े निर्देश जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थाना अध्यक्षों को दिए थे वही उक्त दिए गए निर्देश के अनुक्रम में जिले की देहात कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है दिनांक, 2,8,2022 को उप निरीक्षक अवनीश शुक्ला मय टीम सहित ने खास मुखबिर की सूचना पर टॉप टेन अपराधी विनोद दुबे पुत्र राम सजीवन दुबे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी तमंचा 12 बोर व जिंदा कारतूस बरामद किया है आपको बता दें पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल के लिए रवाना किया है।

## पत्रकार समाज कल्याण समिति रजिस्टर्ड ने वृक्षारोपण कर मनाया तीसरा स्थापना दिवस

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा। गोंडा मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी सिंह प्रदेश संगठन मंत्री के नेतृत्व में



पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता की अगुवाई में संगठन के तीसरे स्थापना दिवस के उपलक्ष में एस के पैरामेडिकल कॉलेज में केक काटकर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में लीची जैसे फलदार वृक्ष का वृक्षारोपण किया गया इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिले के पत्रकार गण जिला संयोजक डॉक्टर कल्प त्रिपाठी जिला प्रभारी प्रदीप तिवारी, संगठन मंत्री दीपक श्रीवास्तव, सुनील तिवारी ,राहुल तिवारी, प्रदीप तिवारी ,अमरनाथ शास्त्री ,गुरबचन शर्मा, सुदीप जायसवाल नंदकुमार श्रीमती सावित्री देवी प्रिया गुप्ता इत्यादि लोग मौजूद रहे ।

## डीएम ने किया राजकीय जिला पुस्तकालय व महाराजा देवी बक्स सिंह पुस्तकालय का औचक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा। गोण्डा जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने मंगलवार को राजकीय



जिला पुस्तकालय तथा महाराजा देवी बक्स सिंह पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोंडा संजय मिश्र को निर्देश देते हुए कहा कि पुस्तकालय में साफ–सफाई की व्यवस्था और ठीक कराई जाय। ताकि पुस्तकालय में तैयारी करने हेतु आने वाले छात्र– छात्राओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि पुस्तकालय में साफ –सफाई, लाइट , बैठने आदि सभी व्यवस्थाएं सही कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में आने वाले सभी छात्र–छत्राओं का विशेष ध्यान रखा जाय। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भय के माहौल में काम करना हुआ मुश्किल विद्युत विभाग ऊपर से अधिकारियों का दबाव

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। ऊर्जा मंत्री के आदेशानुसार राजस्व वसूली के लिए सभी विद्युत उपकेंद्र को निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में राजस्व वसूली व विद्युत विच्छेदन का कार्य किया जाना था, जिसके तहत सभी सरकारी कर्मचारी व संविदा कर्मचारी अपनी दिनभर मेहनत करके राजस्व वसूली व विद्युत विच्छेदन का कार्य कर रहे थे। विद्युत विच्छेदन के समय उपभोक्ता दौरा गाली गलौज मारपीट धमकी इत्यादि कर्मचारियों को दी जाती थी फिर भी विद्युत विच्छेदन व राजस्व वसूली का कार्य निरंतर चलता रहा।जब बड़े विद्युत बकायेदारों का नंबर इस क्रम में आया तो आए दिन मारपीट गाली कर्मचारियों को मिलने लगी। आपको अवगत करा दें पिछले माह 22 जून को विद्युत विच्छेदन  व राजस्व वसूली के दौरान कोट बाजार निवासी सत्येंद्र सिंह पुत्र रविंद्र सिंह व उनके पुत्र राम प्रसाद सिंह द्वारा सरकारी लाइनमैन जोगिंदर को मारा पीटा गया जिसकी प्राथमिकी पयागपुर थाने पर दर्ज कराई गई लेकिन लेकिन थाना अध्यक्ष द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई इसी क्रम में 28 जुलाई 2022 को खुटेहना पर कार्यरत संविदा कर्मचारी आशिक अली, वेद कुमार मिश्रा अपनी संविदा कर्मचारियों की संयुक्त टीम को लेकर जब राजस्व वसूली और विद्युत विच्छेदन करने के लिए भिखारीपुर मसड़ी ग्राम पहुंची तो बृजराज शुक्ला व उनके अन्य साथियों द्वारा भद्दी भद्दी गालियां वह केबल काटने पर कुल्हाड़ी लेकर कर्मचारियों पर हमला किया गया जिसको लेकर सभी संविदा कर्मचारी श्रावस्ती जनपद के गिलौला थाने पर गए कई और तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी आज तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया  न ही कोई ठोस कदम उठाया गया, जिसको लेकर कर्मचारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है।अभी हाल की घटना दिनांक 1अगस्त 2022 को खुटेहना उप केंद्र पर कार्यरत  अवर अभियंता सुनील कुमार संविदा कर्मचारी मोहब्बत अली, मीटर रीडर राजीव पांडे अपनी संयुक्त टीम के साथ राजस्व वसूली व विद्युत विच्छेदन का कार्य कर रहे थे उसी दौरान विनीत सिंह उर्फ बिल्ले सिंह निवासी चोर बगिया थाना देहात कोतवाली बहराइच अज्ञात साथियों के साथ वहां पर पहुंचे तथा भद्दी भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया और मोहब्बत लाइनमैन को मारा पीटा तथा अब लगातार फोन पर धमकी भी दी जा रही है।जब इसकी सूचना संबंधित थाना क्षेत्र को की गई तो वहां परभी पुलिस कर्मचारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिससे कर्मचारियों में भय का माहौल ब्याप्त है।इसको लेकर आज दिनांक 2 अगस्त 2022 को पावर हाउस पयागपुर पर सभी संविदा व सरकारी कर्मचारी उपस्थित होकर अपने उच्चाधिकारियों को सूचित कर जिला अधिकारी बहराइच, पुलिस अधीक्षक बहराइच,पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती,उप जिला अधिकारी पयागपुर, व उप जिलाधिकारी इकौना को रजिस्ट्री कर मामले से अवगत कराया और संबंधित प्रकरण पर उचित कार्यवाही करने की मांग की।

## साइकिल चोर के आरोपी को तरबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर की कार्रवाई वही साइकिल समेत अवैध चाकू हुआ बरामद



दैनिक अयोध्या टाइम
चीफ ब्यूरो निशी तिवारी
गोंडा। गोंडा जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थाना अध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे उक्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण में दिनांक 2,8,2022 को तरबगंज की पुलिस ने साइकिल चोरी के आरोपी को खास मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है बता दे पकड़े गए आरोपी की पहचान रामजीत पुत्र केशव राम निवासी नारायणपुर मिट्ठू पुरवा थाना तरबगंज गोंडा के रूप में हुई है आपको बता दें गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई साइकिल व एक अवैध चाकू बरामद की गई है जिस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जेल के लिए रवाना किया है।

## एडीएम ने की सूखा से संबंधित बैठक विभागीय अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश



चीफ ब्यूरो निशी तिवारी दैनिक अयोध्या टाइम गोंडा। गोण्डा अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी की अध्यक्षता में जिला आपदा राहत समिति (सूखा) से संबंधित बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों के निर्देश दिए गए हैं कि अपने–अपने विभाग में सूखा से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली जाय। एडीएम ने बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, नगरपालिका, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, पंचायती राज, कृषि विभाग, नलकूप विभाग, पीडब्ल्यूडी, मतस्य विभाग, सहित सभी अन्य विभाग ने अधिकारियों को निर्देशित किये है कि सूखा से संबंधित तैयारी कर लें। ताकि जनपद वासियों को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी करनैलगंज, तहसीलदार सदर गोंडा, मनकापुर, तरबगंज, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी, पंचायती राज विभाग, पीडब्ल्यूडी, नलकूप विभाग, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय सहित विभाग से संबंधित लोग उपस्थित रहे।

## जिला अधिकारी से सड़क बनवाने की छात्र नेता ने की अपील सौंपा ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा
गोण्डा–(आर्यनगर)। सड़क की दुर्दशा देखते को लेकर छात्र नेता व समाज सेवक अंकित शुक्ला ने जिला अधिकारी उज्ज्वल कुमार को संबोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता को सौंपा जिसमे मांग उठाई गई है। कि कौड़िया चौराहा से चन्दवतपुर घाट तक जाने वाला मार्ग गड्ढे में तब्दील हो चुका है। जिससे आये दिन लोग चोटिल हो रहे है,जनता की समस्या को ध्यान में रखते हुये तत्काल सड़क का निर्माण कराने की अपील लागातार एक साल से किया जा रहा है। कौड़िया रेलवे क्रासिंग के पास से नहर होते हुये पठान पुरवा तक जाने वाले मार्ग का निर्माण कराने, अथवा बेलवा बाजार को



जोड़ने वाली मार्ग व पुल का मरम्मत कराने की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी भी दी गई है। कि एक सप्ताह में यदि मांगे पूरी नही, हुई तो धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे।

## जमीन देने के नाम पर महिला ने पैसे हड़पे

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा। मामला गोण्डा जिले के तहसील तरबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत परास पट्टी मझवार के कोमसाबाद का है जहां पर एक महिला पर पैसे लेकर जमीन न देने का आरोप लगा है।
आरोप कोमसाबाद निवासी मुनीजर चौहान पुत्र अवध राज चौहान ने लगाया है। पीड़ित मुनीजर चौहान ने उमरी बेगमगंज थाने में प्रार्थना पत्र देकर जमीन या पैसे वापस दिलाने की गुहार लगाई है। मामले में पीड़ित ने बताया कि प्रेमावती पत्नी तेज बहादुर सिंह निवासी कोमसाबाद ने मुझसे 70000 रुपये की मांग की थी और बदले में अपनी कब्जे वाली आबादी की जमीन को मुझे देने के लिए कहा था जिस पर मैने 4 जुलाई 2018 को 70000 रुपये प्रेमावती के खाते में ट्रांसफर कर दिया था क्योंकि उसने कहा था कि मैं तुम्हें अपनी कब्जे वाली आबादी की जमीन दे दूंगी जिस पर पीड़ित ने विश्वास करके जमीन पाने की लालसा से पैसा प्रेमावती के खाते में भेज दिया था। लेकिन अब आबादी की उस आधी जमीन पर खड़ंजा निकलवा दिया गया है और बाकी आधी जमीन पर खुद कब्जा किए हुए बैठी हैं और जमीन या पैसा दोनों में से कुछ भी देने को तैयार नहीं हैं।

वहीं जब यह कहा जाता है कि या तो मेरा पैसा वापस कर दो या फिर जमीन दे दो तो गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगती है। इससे दुखी होकर पीड़ित ने थाना उमरी बेगमगंज में एक प्रार्थना पत्र देकर शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## पी.सी.आई चुनाव की तैयारियां जोरों पर

- कैसरगंज चुनाव प्रभारी बनाये गए नवीन सिंह

दैनिक अयोध्या टाइम्स कैसरगंज बहराइच। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह व उपाध्यक्ष अतुल सिंह व प्रदेश सचिव एस.एम सिंह मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बहराइच जनपद के तहसील चुनाव प्रभारियों को मनोनीत किया। साथ ही पदाधिकारियों को अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने उज्जवल भविष्य की कामना किया। और कहा आप सभी अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक करे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने कहा अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन आवाहन करता है उत्तर प्रदेश के समस्त



बेरोजगार फार्मासिस्ट साथियों को अपने बीच आप जैसे चुनाव लड़ रहे फार्मेसिस्टों का समर्थन करें, जो आपकी हर लड़ाई मे हर संघर्ष मे कंधे से कंधा मिलाकर चले चल सकें।

## बालिकाओं के बीच राष्ट्रीय ध्वज महेंदी व राखी बनाओ प्रतियोगिता कराई गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। भारत विकास संस्थान में सिलाई का प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं के बीच प्रतियोगिता कराई गई जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आने वाली बालिकाओं को पुरस्कार कर देकर उनका हौसला बढ़ाया गया और सभी को नाश्ता कराकर उनको जगरूक किया गया भारत विकास परिषद अवध प्रांत की बहराइच शाखा ने अपने संस्कृति सप्ताह के दूसरे दिन अपने भारत विकास संस्थान में सिलाई प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं के मध्य आयोजित किया जिसमें सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर वंदे मातरम कराया तत्पश्चात बच्चों ने राष्ट्रीय गीत गाया और फिर उनके बीच राखी बनाओ,मेहंदी ,राष्ट्रीय ध्वज बनाओ कंपटीशन कराया गया। जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय वा सांत्वना पुरस्कार दिया गया।साथ ही बच्चों को नाश्ता इत्यादि खिलाकर उनके साथ समय व्यतीत किया इस कार्यकर्म में हमारी सदस्य श्रीमती सरोज गोयल ने बच्चों को रोज सुबह ईश्वर की पूजा करने व माता–पिता की सेवा करने के बारे में समझाया।इस अवसर पर सरोज गोयल,प्रियंका सिंह,व नीलू



गुप्ता,विभा श्रीवास्तव उपस्थित रही और 42 बालिकाएं उपस्थित रही।

## दुलार कार्यक्रम शिशु के समग्र विकास का मेरुदंड : डी पी ओ

दैनिक अयोध्या टाइम्स हुजूरपुर बहराइच। हुजूरपुर ब्लॉक सभागार में दुलार का हुआ उन्मुखीकरण आयोजित उत्तर प्रदेश के सभी पिछड़े जिलों में दुलार कार्यक्रम एक अभियान के तौर पर गतिशील है।वहीं बहराइच में,इस कार्यक्रम का आगाज गत माह के तहसील दिवस पर बहराइच के जिला अधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र एवं पुलिस अधीक्षक केशव चौधरी द्वारा किया गया था इसका उद्देश्य जन्म से 6 वर्ष के बच्चों के समग्र विकास पर आधारित है।जिसमें बच्चों के अभिभावकों से फोन कॉल के माध्यम से जुड़ कर बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा,स्वास्थ्य,पोषण,सुरक्षा आदि को लेकर बच्चों के अभिभावकों को जागरूक किया जाता है।ताकि वो अपने शिशु का समुचित व समग्र विकास कर सके।वहीं कार्यक्रम के आगाज के



पश्चात अब इसे जिले भर में प्रभावी बनाने हेतु टीम पिरामल क्रियाशील है जिसमें गत सप्ताह प्राथमिक विद्यालयों,आंगनवाड़ी केंद्रों व टीकाकरण सत्रों में अभियान के उन्मुखीकरण से अभिभावकों को दुलार कार्यक्रम से जोड़ा गया है वहीं आज दुलार कार्यक्रम का उन्मुखीकरण हुजूरपुर के ब्लॉक सभागार में डीपीओ राजकपूर एवं सीडीपीओ विमल कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें डीपीओ राजकपूर ने आंगनबाड़ी व आशाओं से दुलार कार्यक्रम में खुद को रजिस्टर कर अन्य सभी लाभार्थियों को भी रजिस्टर कराने को कहा।डीपीओ राजकपूर ने स्वयं भी दुलार कार्यक्रम से खुद के रजिस्टर्ड होने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी दुलार कार्यक्रम से जुड़े कॉल्स पर दिशानिर्देशों को सुनते है साथ ही विडियो के माध्यम से भी समझते है।डीपीओ राजकपूर ने कहा कि इससे आप सभी को भी जुड़ना चाहिए यह आपके शिशु के समग्र विकास में काफी सहयोगी साबित होगा।वहीं सीडीपीओ विमल ने भी लोगों को कार्यक्रम से जुड़ कर लाभ उठाने की बात कहीं।आपको बता दे कि टीम पिरामल से सिनियर प्रोग्राम लीडर सैफ्फुर रहमान द्वारा सभी आशा व आंगनबाड़ी को इस कार्यक्रम पर ओरिएंटेशन भी दिया गया।जिसमें डिस्ट्रिस्ट प्रोग्राम लीड मोहम्मद यूसुफ ने आशा,आंगनबाड़ी व सुपरवाइजर आदि को रजिस्टर भी करवाया।इस दौरान कार्यक्रम में टीम पिरामल की की और से बहराइच के सभी फेलो कृति रानी,देवयानी शिल्पकार एवं शगुफ्ता खानम भी मौजूद रहे और कार्यक्रम संचालन में अहम भूमिका अदा की।

## लकड़ियों की कटान कर तस्करी करने वाले पांच अभियुक्तको करनैलगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

- वहीं भारी मात्रा में सागौन के बोटे सहित डीसीएम वाहन बरामद

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा। गोंडा जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लकड़ी तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थाना अध्यक्षों को दिए थे जो कि उक्त दिए गए निर्देश के अनुक्रम में थाना करनैलगंज पुलिस को खास सफलता हाथ लगी है दिनांक 2,8,2022 को खास मुखबिर की सूचना पर निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला सहित अन्य और पुलिस की टीम ने सागौन की लकड़ी की तस्करी करने वाले पांच अभियुक्त गणों को गिरफ्तार किया है वही गिरफ्तार किए गए अभियुक्त गणों के कब्जे से डीसीएम पर लदे करीब 82 बोटा सागौन की लकड़ी सहित वाहन बरामद की है आपको बता दें पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान अनूप तिवारी पुत्र सत्रोहन तिवारी निवासी दुर्गापुर थाना छपिया प्रताप चौहान पुत्र चंद्रिका प्रसाद निवासी सुरजापुर थाना मनकापुर सुनील कुमार पुत्र भाई लाल निवासी करौदी थाना मनकापुर शिव प्रसाद पुत्र झिनकर निवासी दुर्गापुर बंजरवा थाना छपिया सहित गौरी शंकर पुत्र तिलक राम निवासी पलटी पुर थाना छपिया जनपद गोंडा के रूप में हुई है जिन पर विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गई है।



## डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई

- विद्यालय के वाहन चालकों एवं सहायक वाहन चालकों का वेरिफिकेशन अनिवार्य–डीएम

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा। गोण्डा जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में आज मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में एआरटीओ बबीता वर्मा के द्वारा प्रस्तुत किये गये विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, इसके साथ ही सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी देते हुए आवश्यक निर्देश दिये हैं। बैठक में जनपद के विभिन्न चौराहों, स्पाट स्थानों आदि जगहों पर सड़क सुरक्षा की व्यवस्था के




संबंध में वार्ता की गई। वार्ता के दौरान बैठक में आये हुये विभिन्न विद्यालयों रघुकुल विद्यापीठ, रवि चिल्ड्रेन, सरस्वती शिशु मंदिर, महर्षि विद्यापीठ, यशमय आदि विद्यालयों के प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी विद्यालयों के प्रबंधकों को यह निर्देश दिए हैं कि विद्यालयों के द्वारा चलाये जा रहे वाहनों के वाहन चालक एवं सहायक वाहन चालक का वेरिफिकेशन अनिवार्य रुप से कराना सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में डीएम ने वहां पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया है कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर त्रिरंगा के कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी लोग अपने–अपने घरों में संस्थानों में कार्यालयों में त्रिरंगा को सम्मान के साथ जरूर लगायें। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, एआरटीओ बबीता वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम, संजय सिंह जिला शिक्षा विभाग, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, ट्रैफिक इंस्पेक्टर सहित संबंधी विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## हियुवा जिला अध्यक्ष शारदा कांत पाडे को बनाया गया विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का विभाग संयोजक

- समर्थकों मे दौड़ी खुशी की लहर, सभी ने दी बधाई

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा। हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष शारदा कांत पांडे को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का विभाग संयोजक बनाए जाने पर लोगों ने उन्हें बधाइयां दी है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांतीय संगठन मंत्री राजेश एवं कार्याध्यक्ष राज देव सिंह ने हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष शारदा कांत पांडे के ईमानदारी कर्तव्य निष्ठा पूर्वक कार्य करने के चलते उन्हें विभाग का विभाग संयोजक मनोनीत किया । इस मनोनयन पर जिला अध्यक्ष शारदा कांत पांडे ने बताया कि संगठन द्वारा उन्हें जो भी दायित्व दिया गया है उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे उन्होंने बताया कि वह करोना काल में गरीब मजदूर युवाओं को खानपान की सारी व्यवस्था मुहैया कराते चले आए हैं लोगों ने जिला अध्यक्ष के सामूहिक विवाह एवं गरीबों को सहयोग करने में बढ़–चढ़कर भाग लिया जिसका देन है कि आज एक दायित्व का और मिला है उनके कार्य से लोगों को सीख लेनी चाहिए और समाज में गरीब मजदूर एवं निर्धन का सहयोग करना चाहिए । उनके इस मनोनयन पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इसमें प्रांत संगठन मंत्री राजेश जु व प्रांत के कार्याध्यक्ष राज देव सिंह जी द्वारा घोषित किया गया।



## थोड़ी सी ही बारिश ने खोल दी तेलियानी रोड की पोल जगह -जगह जलभराव तो वही कीचड़ व गंदगी दे रहा भ्रष्टाचार का सबू



दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा। गोंडां थोड़ी सी ही बारिश ने खोल दी तेलियानी रोड की पोल जगह जगह जलभराव तो वहीं कीचड़ व गंदगी दे रहा भ्रष्टाचार का सबूत वैसे यह वाक्य जिले के विकासखंड इटियाथोक मुख्य कस्बा से जुड़ा हुआ तेलियानी रोड का है आपको बता दें इस मार्ग पर यह पता नहीं चल पा रहा है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क स्थानीय लोगों के मुताबिक दर्जनों से अधिक गांवो के लोग इसी मार्ग से गुजरते हैं यहां तक स्कूल वाहनहै को जाने के लिए और कोई रास्ता नहीं है इसी मार्ग पर हिचकोले लेते हुए नजर आ रहे हैं हैरान करने वाली बात तो यह है कि इसी मार्ग के दक्षिण तरफ मस्जिद व मंदिर भी स्थित है बावजूद अधिकारियों के कानों तक जू तक नहीं रेंगतें समाजसेवक तैयब चौधरी व दिनेश मोरिया समेत सैकड़ों ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर हम लोगों ने कई बार अधिकारियों को अवगत कराया परंतु इस मार्ग की सूरत बदलना तो दूर मौके का मुआयना तक भी नहीं किया गया यही नहीं सैकड़ों की संख्या में एकजुट होकर ग्रामीणों ने बताया है अगर इस मार्ग की स्थिति यही रही तो हम लोग ब्लॉक मुख्यालय पर अनशन पर बैठेंगे जिसकी जवाबदेही अधिकारियों की स्वयं होगी मीडिया के मुताबिक यह भी कहना जरूरी है कि इस मार्ग पर जाते हुए एक स्कूल वाहन के ड्राइवर से यह पूछा गया कि ऐसी टूटी–फूटी सड़कों पर आप क्यों नौनिहालों की जिंदगी के साथ खेल रहे हो तो ड्राइवर ने यह कहकर पल्ला झाड़ दिया कि और कोई रास्ता नहीं है तो इसमें हम क्या करें जो कि इस मार्ग की हालत हमेशा इसी तरह से रहती है क्या कहते हैं ।
खंड विकास अधिकारी जब इस बाबत उक्त महोदय से बात की गई तो पहले उन्होंने यह बताया कि यह मामला हमारे संज्ञान में नहीं है फिर उसके बाद महोदय से यह भी जानकारी मिली की 1 सप्ताह पूर्व हम उसी मार्ग से होकर आए हैं जो कि इस मार्ग पर कोई जलभराव नहीं था फिर भी हम दिखवा लेते हैं अब देखना यह होगा कि इस समस्या को जिले के तेजतर्रार जिला अधिकारी महोदय गंभीरता से लेते हैं या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## आशा रीना देवी एवं एंबुलेंस चालक लवकुश के सहयोग से रास्ते में कराया प्रसव



• जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित दोनों को पहुंचाया समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुर

दैनिक अयोध्या टाइम्स नानपारा बहराइच। बहराइच जनपद के नानपारा तहसील क्षेत्र ग्राम मोहरानिया विकासखंड रिसिया निवासी मुंशीलाल की धर्मपत्नी सुग्गा देवी को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर डायल 102 नंबर पर कॉल किया जिसके करीब पंद्रह मिनट के अंदर एंबुलेंस UP 32 EG 1175 उनके घर पर पहुंच गई समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने से पहले ही रास्ते में अधिक पीड़ा होने पर इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन लवकुश कुमार व आशा रीना देवी ने रास्ते में सुरक्षित प्रसव करवाया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार जच्चा–बच्चा दोनों सुरक्षित हैं जिन्हें उप केंद्र रघुनाथपुर में एडमिट करवाया गया जिसके बाद परिजनों ने एंबुलेंसकर्मी को आभार व्यक्त किया।

## आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जाने वाले हर-घर तिरंगा अभियान के तहत देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज अपने मकान पर फहराएगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जाने वाले हर–घर तिरंगा अभियान के तहत देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज अपने मकान पर फहराएगा। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर ब्लाक प्रशासन और लोग जोरशोर से तैयारी कर रहा है। 11 अगस्त से 17 अगस्त तक



आयोजित होने वाले इस अभियान को लेकर ब्लाक प्रशासन ने साथी कर्मचारियों को पूर्वाभ्यास कराया।व तिरंगा यात्रा निकालकर देश प्रेम का जोश भरा।मंगलवार को महसी ब्लाक के बीडीओ हेमंत कुमार यादव की अगुवाई में समूह की महिलाओं को विकासखंड परिसर में तिरंगा देकर सरकार की मंशा व गाइडलाइन के बारे मे बताया।इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, खंड प्रेरक बृजेश बाजपेई,अनिल कुमार, स्वप्नमणी सोनकर, बलराम यादव, रामकुमार, एन आर एल एम श्री ओम, रानू बर्मा, समूह सखी अंकिता व समूह की अन्य महिलाएं व ग्राम पंचायत अधिकारी एवं प्रधान मौजूद रहे।वहीं दूसरी ओर ब्लाक क्षेत्र के रायपुर ग्राम पंचायत में बीडीओ हेमंत कुमार यादव ने ग्रामीणों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 अगस्त को

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। सदस्य सचिव एवं अधि. अभि. स.न.ख.–पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 अगस्त 2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। अधि.अभि. स.न.ख.–पंचम ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन 07 अगस्त को

• आरबीट्रेशन वादों का होगा निस्तारण

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुार आरबीट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्षध्जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में 07 अगस्त 2022 को आरबीट्रेशन मामलों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। विशेष लोक अदालत के माध्यम से आरबीटेशन मामलों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा। ऐसे कोई व्यक्ति जिनका आरबीट्रेशन वाद लम्बित हो तो वह सम्बन्धित न्यायालय में समय से आकर पक्षकारों के मध्य सुलह समझौते के आधार पर अपने आरबीट्रेशन वाद का सुलभ, सफल और समय से निस्तारण कराते हुए इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं।

## दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किये जायेंगे राज्य स्तरीय पुरस्कार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। ''विश्व दिव्यांग दिवस'' 03 दिसम्बर 2022 के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 12 विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है। योजनान्तर्गत दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था, प्रेरणास्रोत, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालकध्बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियों तथा दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारीध्कर्मचारी राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए अर्ह होंगे। यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी ने बताया कि ''राज्य स्तरीय पुरस्कार'' के लिए इच्छुक व्यक्ति एवं स्वैच्छिक संस्थान अपने आवेदन पर वांछित अभिलेखों एवं प्रपत्रों के साथ 03 प्रतियों में विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बहराइच के कार्यालय में यथाशीघ्र जमा कर सकते हैं।

## छठी और सातवीं के जुलूसों के साथ तैनात रहेंगे मजिस्ट्रेट

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। छठी और सातवीं को निकलने वाले आलम व दुलदुल के जुलूसों को शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट अजय दीप सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार छठवीं मोहर्रम को बागवानी नाजिरपुरा से निकलने वाले जुलूस के लिए तहसीलदार (सदर) राज कुमार बैठा एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज कुमार उपाध्याय प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार व सहा. चक. अधि. राम कुमार वर्मा सायं 06:00 बजे से रात्रि 02:00 बजे तक तथा भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ वर्मा व सहा. चक. अधि. गया प्रयाद रात्रि 02 बजे से जुलूस की समाप्ति तक मजिस्ट्रेट के रूप में जुलूस के साथ मौजूद रहेंगे तथा उप जिला मजिस्ट्रेट, सदर सुभाष सिंह धामी जोनल मजिस्ट्रेट होंगे। छठवीं मोहर्रम का जुलूस 05 अगस्त 2022 को प्रातः 10:00 बजे बागवानी नाजिरपुरा से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गों (पीपल तिराहा, बिसातखाना, बड़ीहाट, छोटी बाजार) होता हुआ 06 अगस्त 2022 को मध्यान्ह 12:00 बजे अपने उद्गम स्थल पर पहुँच कर समाप्त होगा। सातवीं मोहर्रम को दुलदुल हाउस नाजिरपुरा से निकलने वाले दुलदुल जुलूस के साथ उपायुक्त उद्योग वीरेन्द्र व सचिव सहा, गन्ना समिति राजेश कुमार 06 अगस्त को सायं 06:00 बजे से रात्रि 02:00 बजे तक, जिला क्रीडा अधिकारी नीरज मिश्र व जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर 06 व 07 अगस्त 2022 को रात्रि 02:00 बजे से प्रातः 10:00 बजे तक, खान अधिकारी सौरभ जैन व परियोजना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार 07 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी राघवेन्द्र प्रताप व खाद सुरक्षा अधिकारी डॉ रामतेज को सायं 06:00 बजे से जुलूस समाप्ति तक मजिस्ट्रेट के रूप में जुलूस के साथ मौजूद रहेंगे तथा नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय जोनल मजिस्ट्रेट होगें। समस्त तैनात मजिस्ट्रेट अपने–अपने तैनाती क्षेत्रान्तर्गत पुलिस अधिकारियों से समन्वय रखते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सतर्क दृष्टि बनाये रखेंगे तथा कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न होने की सूचना भी कन्ट्रोल रूम को देते रहेंगे।

# ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

• निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत झण्डे क्रय करने के दिये निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त 2022 तक ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम की समीक्षा हेतु सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक के दौरान विभागवार झण्डा के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष क्रय किये जा रहे झण्डो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये कि जिन विभागों द्वारा झण्डा क्रय की कार्रवाई पूर्ण नहीं की गयी है ऐसे विभाग तत्काल लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत झण्डो के क्रय की कार्रवाई पूर्ण कराकर कलेक्ट्रेट में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम प्रत्येक सरकारी अधिकारी कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वित किया जाना है।ग्राम पंचायत स्तर पर सम्बन्धित विभाग द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुए ग्राम प्रधानों को शत–प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा नलकूपों इत्यादि पर झण्डा फहराने हेतु प्रेरित किया जाय। जनपद के समस्त सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, रेस्टोरेन्ट, शापिंग काम्पलेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चौकीध्थाना इत्यादि को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से झण्डा फहराया जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि स्थानीय भाषा में बैनर, पम्पलेट, स्टैण्डी, होर्डिंग्स एवं अन्य उचित माध्यमों से कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, जिला विकास अधिकारी एम.के. पाण्डेय, पीडीडीआरडीए पी.एन. यादव, उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह धामी, कैसरगंज महेश कुमार कैथल, पयागपुर दिनेश कुमार, डीपीआरओ उमाकान्त पाण्डेय, डीएसओ अनन्त प्रताप सिंह, डीसीओ शैलेश कुमार मौर्या, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मण्डल स्तरीय युवा उत्सव का डीएम ने किया शुभा



दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो चीफ निशी तिवारी गोंडा। गोण्डा जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने मंगलवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत डॉक्टर संपूर्णानंद प्रेक्षागृह (टाउन हॉल) में युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय युवा उत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान में चारो जनपद के सभी युवाओं ने अपना–अपना कार्यक्रम जिलाधिकारी को दिखाया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में वहां पर उपस्थित मंडल के सभी जनपदों के युवाओं को जानकारी दी तथा भविष्य में आगे बढ़ने का आशीष वचन भी युवाओं को दिया।

कार्यक्रम के दौरान डीएम ने वहां पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर त्रिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी लोग अपने–अपने घरों में संस्थानों में कार्यालयों में त्रिरंगा को सम्मान के साथ जरूर लगायें। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी गोण्डा प्रदीप त्रिपाठी, जिला युवा कल्याण अधिकारी बलरामपुर, बहराइच तथा श्रावस्ती, चारो जनपद के प्रतिभागी युवा सहित संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## विद्यालय में मनाया गया अमृत महोत्सव



• रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यालय के छात्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय बहराइच। उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के निर्देशन में आजादी की 75 वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व आरती के साथ किया गया। तत्पश्चात ब्लाक महामंत्री रविकांत ओझा के द्वारा उन महान विभूतियों के विषय में विद्यालय के छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर आज से 75 वर्ष पूर्व हम सभी को आजादी दिलाई और खुली हवा में स्वास लेने का अवसर प्रदान कराया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा देश भक्ति गीत के साथ साथ विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। आजादी पर छात्रों की ओर से एक नाटक का भी मंचन किया गया। अंत में सभी बच्चों व अभिभावकों द्वारा एक साथ वन्देमातरम का गायन किया गया। इस मौके पर रविकांत ओझा महामंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विकासखंड रिसिया, महेंद्र कुमार त्रिपाठी प्रधान अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर, ग्राम प्रधान कग्गर सभी अभिभावक व ग्रामवासी मौजूद रहें।

# दबंग की पिटाई से महिला का गर्भपात

• पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर की इतिश्री

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश

बहराइच। दबंग की पिटाई से महिला का गर्भपात हो गया। पिटाई से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दी गई तहरीर पर पुलिस ने मामला तो दर्ज किया परन्तु वास्तविक घटना में मुकदमा पंजीकृत नहीं किया। जिस पर पीडिता ने एसपी से शिकायत कर मुकदमें में धारा बढ़ोत्तरी की मांग की है। मामला कोतवाली नानपारा अन्तर्गत ग्राम कोडरी बड़हिया कला का है। जहां बीते 29 जुलाई को गेंदा देवी पत्नी लायक राम के घर में गांव का ही एक दबंग पानी लेने के बहाने घर में घुस गया तथा गेंदा देवी की पिटाई करने लगा। पिटाई के चलते महिला के पेट में पल रहे तीन माह का भ्रूण गिर गया और वह बेहोश हो गई। पत्नी को गंभीर



हालत में इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पीडिता द्वारा दी गई तहरीर पर कोतवाली नानपारा में मुअस 0479, 452, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मामला पंजीकृत कर लिया पर पेट में पल रहे भ्रूण के मौत के मामले में कोई धाराओं की बढ़ोत्तरी नहीं की गई और न ही अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर धाराओं में बढ़ोत्तरी व अभियुक्त की गिरफ्तारी की मांग की है।

# भारत नेपाल सीमावर्ती रुपईडीहा क्षेत्र में अंधाधुंध विद्युत कटौती से जनता परेशान

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय रुपईडीहा बहराइच। सोमवार को शाम अचानक विद्युत सप्लाई बाधित हो गई, जिससे रुपईडीहा कस्बे व आसपास के ग्रामीण इलाकों की लाखों की आबादी फिर अंधेरे में रहने को मजबूर हो गयी। इस संबंध में जब सम्बन्धित अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गयी तो अधिकारियों ने फोन रिसीव नहीं किया। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में एक ओर जहां भीषण गर्मी में भगवान शिव पर जालाभिषेक करने वालों का मंदिरों में तांता लगा हुआ था, वही इस सीमा क्षेत्र में मंगलवार को भी व्याप्त अभूतपूर्व बिजली कटौती से बेहाल लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पिछले कई महीनों से इस क्षेत्र की बिजली समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। इससे नाराज लोगों का अब विद्युत विभाग से विश्वास उठता जा रहा है। इस सीमावर्ती रुपईडीहा कस्बे, रंजीतबोझा, पचपकरी, बक्शी गांव, शिवपुर मोहनिया आदि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी का मौसम शुरू होते ही बिजली की समस्या शुरू हुई जो अब विकराल रूप धारण करती जा रही है। इस सीमावर्ती रुपईडीहा कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में बामुश्किल 5 से 6 घंटा ही बिजली लोगों को नहीं मिल पा रही है। विद्युत आपूर्ति के समय फाल्ट की समस्या लोगों के दिन का चौन और रात सुकून छीन लिया है। कहने को तो यह अंतरराष्ट्रीय रुपईडीहा कस्बा है लेकिन विद्युत व्यवस्था के मामले में जंगल और पहाड़ से भी बदतर है। इस अंतर्राष्ट्रीय कस्बे में एसएसबी,आर्दश थाना, प्लांट क्वारेनटाइन, वन, कस्टम, रेलवे स्टेशन, अंतर्राज्यीय बस स्टेशन व कस्बे के पश्चिम में दो अरब से अधिक की लागत से इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट निर्माणाधीन, तीन महाविद्यालय, सात इंटर कॉलेज, करोड़ों का राजस्व देने वाला रुपईडीहा बाजार विद्युत व्यवस्था की बदहाली पर आंसू बहा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा जी पहले ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घन्टे बाद में 24 घन्टे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली देने का दावा कर चुके हैं। परन्तु अब उसका दावा हवा हवाई साबित हो रहा है। लगभग तीस हजार की आबादी वाले इस रुपईडीहा कस्बे में कई सौ कमर्शियल विद्युत कनेक्शन है।उसके बाद भी बहराइच व नानपारा में बैठे विद्युत विभाग के सम्बन्धित उच्च अधिकारियों की उदासीनता की वजह से रुपईडीहा कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है। हाल यह है कि सीमित संसाधनों की वजह से क्षेत्र के अधिकारी व कर्मचारी जर्जर हो चुके तार में चकती लगाकर जैसे तैसे काम चलाऊ विद्युत आपूर्ति सुचारू करा देते है। परन्तु कुछ ही समय बाद वही समस्या उत्पन्न हो जाती है। लेकिन उच्च अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगती है। इस संबंध में विद्युत उपभोक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्धनाथ गुप्ता ने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि जल्द ही अपने पदाधिकारियों के साथ जिला अधिकारी बहराइच से मिलकर इस भीषण विद्युत समस्याओं के निदान के बारे में बात की जायेगी।

# पुलिस सहायता केन्द्र शंकरपुर चौराहा का डीएम व एसएसपी ने किया उद्घाटन

• झण्डा गीत का हुआ सामूहिक गान, थाना नवाबगंज का भी किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी द्वारा थाना मटेरा अन्तर्गत शंकपुरा चौराहा पर जनसहयोग से नवनिर्मित पुलिस सहायता केन्द्र का फीता काटकार उदघाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीएम व एसएसपी ने सभी मौजूद लोगों के साथ देशभक्ति गीत ''विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा'' सामूहिक गान के द्वारा आमजन को ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर डीएम डॉ. चन्द्र ने कहा कि ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है।

हमारा राष्ट्रध्वज ''हमारी अस्मिता'' तथा ''आन बान शान का प्रतीक'' है। इसलिए सभी नागरिकों की नैतिक जिम्मेदारी है कि पूरे सम्मान के साथ 13 से 15 अगस्त 2022 के बीच अपने–अपने घरों में ध्वाजारोहण अवश्य करें तथा जहॉ तक संभव हो इन स्मृतियों को अपने पास सजो कर भी रख लें। हम सभी लोगों के लिए यह सम्मान की बात है कि देश के 75वीं आजादी की वर्षगांठ के साक्षी बनेंगे। डीएम ने कहा कि पुलिस सहायता केन्द्र की स्थापना से क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बेहतर होगी। उद्घाटन अवसर पर डीएम ने लोगों को इस बात के लिए बधाई दी कि सभी लोगों के प्रयास से जनपद में शत–प्रतिशत कोविड टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। डीएम ने कहा कि अभी कोरोना का खतरा पूरी तरह से टला नहीं है इसलिए जरूरी है कि सभी सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का पालन करें तथा अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर बूस्टर डोज अवश्य लगवायें। पुलिस सहायता केन्द्र के उद्घाटन के पश्चात डीएम व एसएसपी ने थाना नवाबगंज का निरीक्षण कर भवन व परिसर की साफ–सफाई, अभिलेखों व शस्त्रों के रख–रखाव, विभिन्न पंजिकाओं एवं अभिलेखों का अवलोकन कर क्षेत्र की कानून एवं शान्ति व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि त्यौहारों के दृष्टिगत हालात पर सतर्क दृष्टि बनाये रखें तथा निरन्तर क्षेत्र का भ्रमण भी करें। यहॉ पर कार्यरत हेड मोहर्रिर के बेहतर आउट–आफ–टर्न पर डीएम ने नकद रूप से पुरस्कृत करते हुए शाबासी दी।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार, उप जिलाधिकारी नानपारा अजीत परेस, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा डॉ जंग बहादुर यादव, थानाध्यक्ष मटेरा आर.डी. मौर्या, थानाध्यक्ष नवाबगंज आर.एस. प्रभाकर, क्षेत्रीण गणमान्य एवं संभ्रान्तजन, जनप्रतिनिधि व नागरिक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# न्यूनतम 80 प्रतिशत दिव्यांगता वाले व्यक्तिप्राप्त कर सकेंगे नि:शुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

• आवेदन करने की अन्तिम तिथि 06 अगस्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। ऐसे दिव्यांगजन जो मस्क्यूलर डिस्ट्रोफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पालिसी, हीमोफिलिया आदि से ग्रसित हों या व्यक्ति उपर्युक्त की भांति शारीरिक स्थिति में हों। परन्तु उनकी दृष्टि और मानसिक स्थिति अच्छी हो, कमर के ऊपर का हिस्सा (भाग) स्वस्थ्य हो तथा मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल पर बैठकर अपने हाथों से उपकरण का संचालन करने में सक्षम हों, ऐसे पात्र एवं इच्छुक दिव्यांगजन मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल हेतु विभागीय वेबसाइट एचडब्लूडी डाट यूपीएचक्यू डाट इन पर आनलाइन आवेदन कराते हुए विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय (कक्ष संख्या 10) में वांछित संलग्नकों सहित 06 अगस्त 2022 तक आवेनदन–पत्र जमा कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बहराइच वी.पी. सत्यार्थी ने बताया कि नियमावली के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए पात्र लाभार्थियों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल से लाभान्वित किये जाने हेतु शत–प्रतिशत वित्त पोषण ''राज्य सरकार'' द्वारा किया जायेगा। जनपद के स्थायी निवासी ऐसे दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता 80 प्रतिशत या उससे अधिक, वार्षिक आय रू. 1.80 लाख से अधिक न हो, आयु 16 वर्ष या उससे अधिक हो अर्ह होंगे। आवेदन–पत्र के साथ सीएमओ द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र व तहसील द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र के साथ–साथ यूनिक आई.डी. कार्ड, आधार कार्ड व अन्य प्रमाण–पत्र, मोबाइल नम्बर तथा दिव्यांगता दर्शाता हुआ एक पासपोर्ट साईज का नवीन फोटोग्राफ, निवास प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। इसके अलावा यदि आवेदक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का है तो उन्हें जाति प्रमाण–पत्र भी संलग्न करना होगा। श्री सत्यार्थी ने बताया कि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किसी ऐसे लाभार्थी को नहीं किया जायेगा जिन्हे विगत 03 वर्षों में केन्द्रध्राज्य सरकार की किसी योजनान्तर्गत मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल से लाभान्वित किया गया हो। योजना के तहत हाईस्कूल या उच्चतर कक्षाओं में अध्ययनरत को वरीयता प्रदान की जायेगी। पात्र दिव्यांगजन को यू.डी.आई.डी. प्रमाण–पत्र कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। योजना के तहत ''प्रथम आवक प्रथम पावक'' के सिद्धान्त पर पात्र लोगों को लाभान्वित किया जायेगा। श्री सत्यार्थी ने बताया कि इच्छुक दिव्यांगजन किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# एनडीआरएफ द्वारा बहराइच जिले में आपदा मित्रों को बाढ़ प्रबंधन का प्रक्षिशण दिया गया

• कमांडेंट श्री मनोज कुमार शर्मा के निर्देशानुसार, 11 वाहिनीं, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, की एक टीम, निरीक्षक आर बी गौतम के नेतृत्व में बहराइच में बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्य अभ्यास करते हुए एनडीआरएफ टीम






दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। तहसील महसी, के ग्राम पंचायत कपुरपुर में बाढ़ आने पर आपदा प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें आपदा मित्रों को बोट के सभी हिस्सों – पुर्जों के बारे में जानकारी, बोट को हवा भर कर तैयार करना, लाइफ–जैकेट का इस्तेमाल, लाइफ–बॉय का इस्तेमाल, घरेलू सामानों से निर्मित विभिन्न प्रकार के राफ्ट बनाने के बारे में जानकारी एवं इस्तेमाल का तरीका, बाढ़ के पूर्व, दौरान एवं बाद में सावधानी, बाढ़ मे डूबे हुए लोगों को बाहर निकालने के बाद प्राथमिक उपचार के तरीके, पानी मे उतर कर बचाव के लिए तरीके, बिना पानी मे उतरे डूबते हुये लोगों को बचाने के तरीके, सर्प–दंश का प्राथमिक उपचार, वर्षा के दौरान बिजली चमकने एवं तड़ित चालक, मे सहायक दामिनी एप का प्रयोग, इत्यादि के बारे में विस्तार से आपदा मित्रों को जानकारी दी गई. एनडी आरएफ टीम के साथ निरीक्षक आर. बी. गौतम, उप निरीक्षक अनिल सिंह कुशवाहा, सहायक उप निरीक्षक मनवीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक होशियार सिंह, हवलदार हितेश एवं पूरी टीम, स्थानीय प्रशासन की तरफ से श्री विपुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार, महसी, स्थानीय ग्रामीण भी भारी संख्या में मौजूद रहे।

# विधायक प्रतिनिधि ने मिहीपुरवा बाजार में साफ सफाई के लिए एडीओ पंचायत को दिये निर्देश

• विकास खंड मिहीपुरवा परिसर में आयोजित की गई समीक्षा बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी मोतीपुर बहराइच। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सचिवालय के अनुरूप ग्राम पंचायत सचिवालय के संचालन की योजना चलायी है। जिससे ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री का मानना है कि गांव के विकास से ही प्रदेश और देश का विकास किया जा सकता है। बिना गांव के विकास के प्रदेश और देश का विकास संभव नहीं है। इस योजना के संचालन तथा रखरखाव की जानकारी के लिए विकास खंड कार्यालय परिसर मिहीपुरवा में खंड विकास अधिकारी रामेंद्र कुशवाह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।बैठक के मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल रहे। बैठक में विकासखंड में तैनात समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने खंड विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों से ग्राम पंचायत सचिवालय के संचालन की जानकारी मांगी।इस पर पता चला कि रायबोझा,मदरिया अड़गोड़वा ,भाकू, बस्थनवा,घुमनाभारू मिहींपुरवा,मोहनापुर गंगापुर, चिकनिया अहलादगांव,गौढ़रिया, सोंगवा,कंजड़वा सेमरहना,सेमरी मलमला,बाजपुर बनकटी,रमपुरवा मटेही,हंसुलिया आदि में ग्राम पंचायत सचिवालय के संचालन में कहीं प्रकाश की समस्या, कहीं भवन निर्माण कहीं कंप्यूटर की समस्या सामने आयी। सभी समस्याओं को एक महीने के भीतर चुस्त–दुरुस्त करने की बात विधायक प्रतिनिधि से कही। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वकांक्षी योजना ग्राम पंचायत सचिवालय को मूर्त रूप देकर संचालित किया जाए।जिससे ग्रामीणों को दूर दूर तक भटकना न पड़े। सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सचिवालय का कुशल संचालन कराया जाए।जहां कहीं भी लापरवाही बरती गई तो वहां के संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।विधायक प्रतिनिधि ने अधिकारियों को अवगत कराया कि आवास शौचालय मे किसी भी पात्र का नाम सूची से काटा नहीं जाएगा।इसके साथ ही पात्र लाभार्थियों का नाम बढ़ाकर उन्हें लाभ दिया जाएगा।इसके साथ ही सभी मंदिरों पर नल व प्रकाश की व्यवस्था तत्काल करायी जाए। इसके साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अवगत कराने पर भी अधिकारियों द्वारा संज्ञान न लेना यह काफी निंदनीय विषय है।भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ समझौता नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर में तिरंगा फहराने की योजना पर बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर गांव में हर घर पर तिरंगा फहराने की तैयारी पूर्ण करें।विधायक प्रतिनिधि ने एडीओ



पंचायत को मिहीपुरवा बाजार में साफ सफाई की व्यवस्था के लिए भी अवगत कराया गया। जिस पर एडीओ पंचायत ने दिन में मिहीपुरवा बाजार की साफ सफाई के लिए समय मांगा।तीन विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों ने विधायक प्रतिनिधि को आश्वस्त करते हुए जल्द से जल्द सारी व्यवस्था पटरी पर लाने की बात कही। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि एक महीने के अंदर सारी व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त हो जानी चाहिए अन्यथा कार्यवाही के लिए सभी लोग तैयार रहे ।इस अवसर पर विकासखंड के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जल भर के ले जा रहे कांवरियों का पुष्प वर्षा के साथ ग्रामीणों ने किया स्वागत



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम कांट,शाहजहांपुर। कांवड़ियों ने फर्रुखाबाद– घटियाघाट से जल भरकर कांट आए उनका बैंड बाजे के साथ स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई पुष्प वर्षा करने वाले विधायक के पुत्र अरविंद पूर्व ब्लाक प्रमुख सर्वेश कुमार वर्मा बैंड बाजा संगम मैरिज लॉन से साबिर सादिक भट्टे तक पुष्प वर्षा होती रही इस बीच थाना प्रभारी मनोज कुमार त्यागी पुलिस बल के तत्पर तैयार रहें और उन्होंने भीड़ को समाधान दिलाने की कोशिश की और विधायक के पुत्र अरविंद पूर्व ब्लाक प्रमुख सर्वेश कुमार वर्मा विनोद वर्मा, गंगा सिंह यादव इन्होंने फल खिलाकर कावड़ियों का स्वागत किया साथ में लालू मिश्रा अशोक मिश्रा धर्मेंद्र वर्मा मुकेश कश्यप बिरजू मिश्रा नितिन मिश्रा पंकज आज बड़ी संख्या में सब लोग उपस्थित रहे और कावड़ियों का स्वागत किया फिर शिव भक्त कावड़ लेकर गोला के लिए प्रस्थान किया।

## मोटरसाइकिल एवं अवैध असलाह सहित अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनंद के निर्देशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी एवं अपराध की रोकथाम में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अल्लाहगंज की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सहित शातिरचोर को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार किया है जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर अल्लाहगंज की पुलिस टीम ने रात्रि गश्त के दौरान पिथना पुर मौजा कोटिया पुर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर निवासी अशोक कुमार पुत्र रामकरण को एक मोटरसाइकिल सहित अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार किया गया । पोस्ट ऑफिस में अभियुक्त ने बताया की अवैध असलाह मैं अपनी सुरक्षा हेतु रखता हूं अभियुक्त को पकड़ने में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सहरावत उपनिरीक्षक से मोहन सिंह कांस्टेबल भीम सिंह कांस्टेबल शैलेंद्र सिंह का सहयोग रहा।



## एएनएम की लापरवाही से बच्चे की मौत, मोमबत्ती की रोशनी में कराया गया प्रसव

- बगैर रुपए लिए नहीं कराये जाते प्रसव,दो हजार रुपये लेकर प्रसव पीड़िता को किया भर्ती,रात्रि में नहीं रुकते प्रभारी चिकित्साधिकारी ,स्वास्थ्य मंत्री,डीएम व सीएमओ को पत्र भेजकर की कारवाई की मांग
- प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को स्पष्ट और सख्त निर्देश दिये हैं कि समय पर अफसर कार्यालय पहुंचें तथा अफसर रात्रि मे तैनाती स्थल पर ही रुकें, लेकिन प्रभारी चिकित्साधिकारी कलान डॉक्टर दिनेश यादव न तो समय से आते हैं और रात्रि मे तैनाती स्थल पर भी नहीं रुकते, जिससे रात में थाने पर आए घायल फरियादियों का मेडिकल भी नहीं हो पाता है

कलान,शाहजहांपुर। कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम की लापरवाही से नवजात बच्चे की मौत गई। प्रसव केन्द्र पर मोमबत्ती की रोशनी में प्रसव कराया गया। क्षेत्र निवासी एक युवक ने रुपए लेकर प्रसव कराने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि प्रसव केन्द्र पर बगैर रुपए लिए प्रसव नहीं कराया जाता। प्रसव केन्द्र पर प्रसूता के परिजनों से रुपए लेने की शिकायतें आम होती जा रही हैं। प्रसूता के पति ने स्वास्थ्य मंत्री व उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर दोषी एएनएम के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। तहसील कलान क्षेत्र के गांव निवासी कृपाल पुत्र धनीराम कश्यप ने दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बीती 31 जुलाई को वह अपनी पत्नी साधना को प्रसव पीड़ा होने पर प्रसव हेतु प्राथमिक स्वास्थ केंद्र कलान स्थित प्रसव केन्द्र पर लाया था।जहां ड्यूटी पर तैनात एएनएम शबनम ने पहले तो भर्ती करने से मना कर दिया। जब उसने शबनम से काफी अनुरोध किया तो शबनम ने तीन हजार रुपये की मांग की। उसने बताया कि उसके पास तीन हजार रुपये नहीं थे।दो हजार रुपये थे।दो हजार रुपये देकर अपनी पत्नी को भर्ती कराया। उसका आरोप है कि प्रसव केन्द्र पर लाइट नहीं थी। जनरेटर भी नहीं चलाया गया। मुझसे मोमबत्ती मंगवाकर मोमबत्ती की रोशनी में मेरी पत्नी साधना का प्रसव कराया गया। अंधेरे में एएनएम की लापरवाही से मेरे बच्चे की मौत हो गई। जिससे मैं और मेरा परिवार काफी आहत है। उसने स्वास्थ्य मंत्री,जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र भेजकर रिश्वतखोर व लापरवाह एएनएम के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।उधर जब इस संबंध मे मुख्यचिकित्साधिकारी शाहजहांपुर से बात की गई तो उन्होंने बताया मुझे संबंध में कोई जानकारी नहीं है।शिकायत मिलने पर जांचोपरांत दोषी एएनएम के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में अब देखना यह है कि स्वास्थ्य महकमे के अधिकारी एएनएम के विरुद्ध क्या कार्रवाई करते हैं।यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है।

## विकास खंड बंडा मे कार्यों के नाम पर ग्राम पंचायतों में हो रही है धांधली

- हैंडपंप रिबोर व मरम्मत पर लाखो का हुआ पंचायत में गोल माल

शाहजहांपुर। योगी सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में नाकाम नजर आ रही है। सरकार नित नए प्रयोगों के साथ भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने का दावा करती है लेकिन प्रधान और सचिव का गठजोड़ उन नई तकनीकों की हवा निकालने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण विकास खंड बंडा में लगभग सभी ग्राम पंचायतो मे । जहां प्रधान और सचिव ने आपसी तालमेल से पंचायतो में नल रिबोर और मरम्मत के नाम पर विकास के छक्के छुड़ा दिए हैं। जानकारी के अनुसार प्रधान बनते ही वर्ष 2022–23 में लगभग 4 महीनों में ही लाखों रुपए हैंडपंप रिबोर और मरम्मत के नाम पर अवैध तरीके से निकाल कर सरकारी धनराशि का बंदरबांट कर लिया है। वहीं सरकार द्वारा बनाए गए सामुदायिक शौचालय में कार्यरत सफाई कर्मियों के भी मानदेय निकाल दिया गया है जबकि सच्चाई यह है की ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय पर हमेशा ताला लगा रहता है जबकि पंचायत में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पंचायत भवन में वाल पेंटिंग के नाम पर भी लाखों रूपए निकाले गए। इससे भी पेट न भरा तो पंचायत में वालपेंटिंग कार्ययोजना के नाम लाखों रुपए निकालकर प्रधान और सचिव ने आपस में बंदरबांट कर लिया है। ग्राम पंचायतों में जो कंप्यूटर व कैमरा,कुर्सी, मेज अलमारी खरीदी गई है उनमें भी बड़ा खेल खेला गया है वैसे तो सचिव और प्रधान मिलकर अपने चहेतों के अखबार में निविदाएं भी निकालते हैं पर वह अखबार कभी धरातल आते ही नहीं निविदाएं निकलवाना तो एक औपचारिकता ही है जो ग्राम पंचायतों में सामान खरीदा जाता है उन सब का भुगतान एक नकली फर्म बनाकर उसके खाते में पैसा भेज दिया जाता है फिर वही पैसा प्रधान और सचिवों में आपस में बट जाता है जबकि एक सरकारी नल लगाने में लगभग 25000 का खर्च आता है वहीं पर ग्राम प्रधान और सचिव मिलकर रिबोर के नाम पर 35000 से 37000 तक खर्चा दिखाते हैं वहीं पर पंचायत भवनों में खरीदे के फर्नीचर आदि पर भी अधिक धनराशि निकालकर बंदरबांट किया गया है ईमानदार योगी सरकार एक सचिवों स्तर कमेटी बनाकर जिला स्तरों पर सभी ग्राम पंचायतों की जांच कराई जाए तो सारी सत्यता उनके सामने आ जाएगी शाहजहांपुर के इमानदार जिलाधिकारी व ईमानदार मुख्य विकास अधिकारी इस ब्लाक के ग्राम पंचायतों की जांच एक गोपनीय कमेटी बनाकर जांच कराएं तो सारी सत्यता उनके सामने भी आ जाएगी।

## अराजकतत्वों ने तोडी बाबा साहब अम्बेडकर की मूर्ती, मौके पर पहुंची पुलिस



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। थाना चौक कोतवाली के गांव नवादा इंदे पुर के अराजकतत्वों ने बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की मूर्ती तोड़ दी। अम्बेडकर की मूर्ती तोडे जाने से समाज के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मूर्ती तोड़ने बाले आरोपी को हिरासत में ले लिया है। घटना शाहजहांपुर के चौक कोतवाली थाना क्षेत्र के नवादा इन्देपुर गांव की है। यहां सागर पब्लिक स्कूल के अंदर लगी बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को गांव के अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने की सूचना पर गांव के सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए । मूर्ति तोड़े जाने पर लोगों में भारी आक्रोश है। स्कूल के प्रबंधक चित्तर लाल ने बताया कि घटना लगभग दोपहर 2 बजे की है । उन्होंने बताया कि गांव का ही रहने बाला मनोज चप्पल पहन कर अंबेडकर के पास जा रहा था। जिसे उन्होंने चप्पल पहन कर जाने से मना किया। इसी बात से नाराज होकर मनोज ने स्कूल में लगी डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति की उंगली तोड़ दी। आरोप है कि जब उन्होंने मूर्ति तोड़े जाने का विरोध किया तो आरोपी मनोज ने चप्पलों से उनकी पिटाई कर दी और गाली गलौज करते हुए वहां से भाग गया।

अंबेडकर की मूर्ति तोड़े जाने की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए। मूर्ती तोड़ने से गांव के लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली थाने की भारी पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने वाले आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कर रही है।

## अल्लाहगंज थाना क्षेत्र में चोरी की दो घटनाएं, हजारों की चोरी, ग्रामीणों में दहशत



- थाने के निकट दूध की डेरी से हजारों रुपए की हुई चोरी

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। जनपद के थाना अल्हागंज कस्बे की मैन बाजार का है । जहां थाने के समीप बने बस अड्डे के निकट दूध की डेरी संचालक अशोक कुमार दुबे ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह मूल रूप से हथौड़ा थाना पचदेवरा जिला हरदोई का निवासी है। उन्होंने नगर मार्केट में दूध डेरी की दुकान खोल रखी है। अशोक दुवे के मुताबिक जब भी वह नौ बजे के बाद घर जाते थे वह बिक्री का सारा पैसा दुकान में ही छोड़ जाते थे। इसी तरह उन्होंने रविवार को किया। इसी दौरान रविवार की रात अज्ञात चोरों ने डेरी के पीछे से दुकान में नकब लगाकर दुकान के अंदर घुस गए ।और उनकी पैसों से भरी गुल्लक को तोड़ लिया। इसमें 50000 रखे हुए चोर चोरी कर ले गए । पीड़ित को इसका पता जब चला जब सामने से शटर खोल कर अंदर घुसे तो देखा तो अंदर गुल्लक टूटी पड़ी थी। और रुपए गायब थे। उसके अंदर रखा हुआ अन्य सामान भी तितर–बितर दिखाई दिया ।वहीं पुलिस ने मौके पर जाकर मुआयना किया और अग्रिम कार्रवाई की बात कही है। सोलर पैनल का बैटरी एवं ट्रैक्टर की बैटरी चोरी। इसी प्रकार थाना क्षेत्र के दूसरी घटना जनपद के थाना अल्हागंज क्षेत्र का है जहां ग्राम कस्बा निवासी आकाश दीक्षित पुत्र राजेश दीक्षित ने थाने में प्रार्थना देकर बताया है कि बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के बाहर लगी सोलर पैनल लाइट की बैटरी सोलर के तार काटकर चोरी कर लिए और घर के बाहर खड़ा महिंद्रा ट्रैक्टर तार काटकर ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर ली ।यह घटना रात 12:00 बजे से सुबह 5:00 बजे के बीच हुई है। उनको घटना की जानकारी जब हुई जब वह सुबह 5:00 बजे के बाद जागे तो उन्होंने देखा की ट्रैक्टर और सोलर की बैटरी गायब हैं ।वहीं पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## ग्राम सभा खाई खेड़ा में पानी टंकी का जल्द होगा निर्माण

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम मदनापुर शाहजहांपुर। विकासखंड मदनापुर की ग्राम सभा के गांव खाई खेड़ा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम प्रधान ने बैठक कर टंकी निर्माण कर ग्रामीणों को पेयजल का लाभ दिलाने के लिए जल्द ही सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ग्राम सभा की बैठक में ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों को बताया कि जल्द ही टंकी निर्माण के लिए जगह सुनिश्चित कर इसका निर्माण शुरू कराया जाएगा। सरकार द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार ग्रामीण क्षेत्रों तक ग्रामीणों को गांव में टंकी निर्माण कराकर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और करोड़ों रुपए खर्च करेगी जिसका लाभ आज ग्रामीणों को मिल रहा है।

ग्राम सभा की बैठक प्रधान सुनीता देवी एवं पंचायत सहायक भारी संख्या में माताएं और बुजुर्गों को बुलाकर पंचायत लगाई गई। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही घर–घर पानी पहुंचाया जाएगा पीने के लिए स्वच्छ जल मिलेगा आपके गांव में पानी की टंकी सरकार लगाने जा रही है और उसके लिए जमीन देखी जा रही है।

## लो वोल्टेज से परेशान ग्रामीण शिकायत करने के बावजूद भी बिजली में नहीं हुआ सुधार

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम कांट,शाहजहांपुर । विकासखंड काट के गांव गुरथना मैं कई दिनों से बिजली व्यवस्था को लेकर ग्राम ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को शिकायत कर किए जाने के बावजूद अभी तक बिजली व्यवस्था ठीक न किए जाने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है ।

जानकारी के अनुसार गांव के ऋषि पाल विजयपाल शीशपाल राम कुमार जोगिंदर रमेश ओमप्रकाश गंगाधर आज ने विद्युत उप केंद्र पर कार्यरत अवर अधिशासी अभियंता को अवगत कराए जाने के बावजूद गांव में बिजली व्यवस्था सुधार किए जाने पर कोई भी ध्यान नहीं दिया गयाबिजली कई दिनों से कुछ घरों में नहीं आ रही है अतः सूचना देने के उपरांत भी कोई लाइनमैन देखने नहीं आया कई घरों में बिजली सप्लाई ठप पड़ी है। जे ई को कई बार अवगत कराया गया । लाइनमैन को भी अवगत कराने के बावजूद बिजली व्यवस्था मैं सुधार नहीं किया गया ग्रामीणों के घरों में लो वोल्टेज की वजह से लोग परेशान हैं कम से कम 15 ब 20 घर ऐसे हैं लाइनमैन टाल मटोल कर रहे हैं कई बार सूचना देने पर लाइनमैन लोगों से पैसे मांगते हैं लाइट की व्यवस्था बहुत खराब है जिन घरों में बत्ती नहीं आ रही है जय वीर यादव जगदीश यादव भूरे सिंह सुरेश सिंह राजेंद्र सिंह बोले ऋषि पाल विजपाल शीशपाल रामकुमार जोगेंदर रामप्रसाद रमेश कल्लू ओमप्रकाश गंगाधर आज ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल बिजली ठीक कराए जाने की मांग की है।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले मिथिलेश कुमार

- क्षेत्रीय जनता की उम्मीद फिर एक बार जागी
- जल्द ही फर्रुखाबाद –मैलानी रेल लाइन बिछाने का आ सकता है प्रस्ताव

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहाँपुर। क्षेत्रीय जनता को फर्रुखाबाद शाहजहांपुर वाया खुटार मैलानी रेलवे लाइन की उम्मीद फिर एक बार जागी है। मंगलवार को नई दिल्ली में सांसद (राज्यसभा )मिथिलेश कुमार ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट कर कई वर्षो से प्रतीक्षारत जनहित की परियोजना फर्रुखाबाद शाहजहांपुर –मैलानी रेलवे लाइन का कार्य प्रारंभ करवाने के संबंध में अनुरोध किया तथा उक्त संबंध में लिखित पत्र भी सौंपा है।बता दें कि फर्रुखाबाद से मैलानी रेल लाइन की मांग पिछले कई दशकों से चली आ रही है।बता दें कि ब्रिटिश काल में फर्रुखाबाद से मैलानी तक रेल का आवागमन प्रचलित था।जिससे कृषकों को अपनी उपज आयात –निर्यात करने में बहुत सुविधा होती थी।लेकिन भारत को आजादी मिलने के साथ ही अंग्रेज अपनी रेलवे लाइन की पटरी साथ ही उखाड़ ले गए। जिसके दस्तावेज गजेटियर में भी उपलब्ध हैं।गोमती पुल के निकट रेलवे का टूटा हुआ पुल इस बात की गवाही दे रहा है कि आजादी से पहले फर्रुखाबाद से मैलानी तक रेलवे लाइन बिछी हुई थी और सुचारू रूप से लोग रेल से यात्रा करते थे। तमाम सरकारें आईं और गईं, नेताओं ने वादे किए लेकिन कोई भी अपने वादे पर खरा नहीं उतरा।वर्तमान समय में मिथिलेश कुमार शाहजहाँपुर से राज्यसभा के सांसद हैं और यह जनहित का मुद्दा लेकर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मंगलवार को मिले भी।जिससे जनपद के लोगों को एक बार फिर से फर्रुखाबाद से मैलानी तक रेल लाइन बिछाए जाने और रेल यातायात की सुविधा यात्रियों को सुगम होने की उम्मीद को पर लग गए हैं।यदि सब कुछ सही रहा तो बहुत जल्द ही क्षेत्र के लोगों को रेलवे यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी।



## विद्युत उप केंद्र पर दो दर्जन गांव के ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन,बिजली सप्लाई की उठाई मांग

- बिजली घर पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर एसडीओ जलालाबाद को प्रार्थना पत्र देकर नियमित बिजली सप्लाई की मांग उठाई, इस संबंध में गांव पलरई के ग्राम प्रधान शाहरूख खान ने बताया कि उनके क्षेत्र की लाइन बहुत जर्जर है,अक्सर बिजली के तार टूट जाते हैं और बिजली सप्लाई बाधित रहती है

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। जनपद की तहसील जलालाबाद क्षेत्र के गांव धियारिया, अफातियापुर, पलरई , लैहरावर मछिरियाई ,कुरेबंडा सहित तमाम गांव के दो दर्जन से अधिक ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र 12 पत्थर जलालाबाद पहुंचे,, बिजली घर पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर एसडीओ जलालाबाद को प्रार्थना पत्र देकर नियमित बिजली सप्लाई की मांग उठाई ।इस संबंध में गांव पलरई के ग्राम प्रधान शाहरूख खान ने बताया कि उनके क्षेत्र की लाइन बहुत जर्जर है ।अक्सर बिजली के तार टूट जाते हैं और बिजली सप्लाई बाधित रहती है। 4 दिन से गांव में बिजली नहीं मिल रही है। जिससे गांव के लोग परेशान हैं ।वहीं खेतों को बिजली न मिलने से धान की फसल सूख रही है। लहरा वर के ग्राम प्रधान भैया लाल ने बताया कि उनके गांव में भी 4 दिन से बिजली की सप्लाई ठप पड़ी हुई है। बिजली अधिकारियों को फोन करते हैं तो फोन नहीं उठाते हैं। लाइनमैन कोई जवाब नहीं देते हैं,और बहीसंबंधित गांव के किसानों ने बिजली विभाग की लापरवाही का आरोप लगाते हुए बिजली सप्लाई की मांग की और उन्होंने कहा यदि बिजली की सप्लाई नहीं मिली तो उनकी धान की फसल सूख जाएगी ।क्षेत्र में बरसात भी कम हुई है, धरना प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से नरवीर, ,पप्पू ,राजेश, शारुन खान, भैयालाल, राम चरण,सुखविंदर सिंह ,बलवंत सिंह ,भैयालाल, राजेश,, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे,निर्मित पप्पू ,राजेश, साजिद खान ,सुखबीर सिंह, बलविंदर सिंह भैयालाल ,राकेश, रामचरण , बलवीर सिंह, जय वीर सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।वहीं बिजली विभाग के एसडीओ महेंद्र कुमार ने बताया कि लाइन काफी पुरानी है। लोड बढ़ जाने के कारण लाइन अक्सर फाल्ट होती रहती है। जिससे नियमित बिजली सप्लाई नहीं मिल पा रही है। शीघ्र ही नई लाइन बिछाए जाने का कार्य किया जाएगा और इसके लिए एक नया बिजलीघर भी स्थापित किया जाएगा। तभी समस्या का स्थाई समाधान हो सकेगा।



## कांवरियों के धरने पर बैठने से तहसील पर मचा हड़कंप

- क्षेत्राधिकारी और कोतवाल ने मौके पर पहुंचकर कांवरियों को किया शांत
- जलालाबाद क्षेत्र के गांव टावर निवासी काँवरियों ने पुलिस पर लगाया अभद्रता करने का आरोप, तहसील गेट पर धरने पर बैठे,गेट पर बैठने से तहसील में अफरा–तफरी मच गई, क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंचकर मामले को कराया शांत

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। जनपद की कोतवाली जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम टापर के काँवरियो का कथित रूप से आरोप था की गोलागोकर्ण नाथ से जल चढ़ाकर वापस गॉव पहुचने पर गांव के ही राजीव गुप्ता द्वारा गाली गलौच किया गय। इसके बाद गांव में उसके घर की महिलाएं व कावड़ियों के बीच जमकर कहासुनी और गाली गलौज किया। धक्का–मुक्की भी की गई।राजीव गुप्ता अपनी पत्नी को लेकर थाना जलालाबाद शिकायत करने पहुंचा। पीछे पीछे एक दर्जन कांवरिया भी थाने पहुंच गए और थाने पर दोनों पक्ष जोर–जोर आवाजों में झगड़ा करने लगे और एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे। तभी थाने में मौजूद सिपाहियों ने धीमी आवाज में बात करने को कहा। इस पर कावड़िए बिगड़ गए। इसी बात पर पुलिसकर्मी ने कांवरियों को हवालात के पास बंद कर दिया।बाद में जब इसकी जानकारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक मान बहादुर सिंह को लगी तो उन्होंने कावड़ियों को छोड़ दिया और कहा कि अपना प्रार्थना पत्र लेकर आओ। जिस पर राजीव पर कार्रवाई की जाएगी। परंतु कावड़िए प्रार्थना पत्र लिखवाने गए तो वहां पर तहसील गेट पर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए और हंगामा करने लगे ।धरना स्थल पर पहुँचे आधा दर्जन पुलिसकर्मी वरिष्ठ उप निरीक्षक मान बहादुर सिंह के साथ पहुंचे और कांवरियों को समझाने बुझाने का प्रयास किया परंतु काबरिया अपनी जिद पर अड़े रहे। सूचना पर सीओ मस्सा सिंह और थानाध्यक्ष जयशंकर सिंह ने काँवरियों को समझा बुझाकर शांत कर कोतवाली ले आये।और काँवरियों से वर्ता की।

आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने के आश्वाशन पर कांवरिये मान गये और गांव बापस चले गये।धरना प्रदर्शन पर बैठने वाले कांवरियों में राजीव राठौर, अमित सिंह राठौर ,रामदीन ,प्रदीप, सतीश ,रूपराम ,सनी सौरव बृजेश अजय सहित सभी गांव टॉपर के निवासी हैं। टॉपर में त्यागी जी महाराज के आश्रम पर चल रहे भंडारा कार्यक्रम के दौरान वाद विवाद हुआ था।



## रिटायरमेंट के एक दिन पहले सीएमओ ने कर डाले ताबड़तोड़ तबादले

- आशा और एएनएम की प्रोत्साहन राशि का भुगतान, कर दिया ठेकेदारों को

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। कोरोना काल के दौरान आई धनराशि के दुरुपयोग का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि सीएमओ ने जाते जाते रिटायरमेंट के एक दिन पहले अच्छे पद रेवड़ियों की तरह बांट दिए। रिटायरमेंट के ठीक एक दिन पहले सीएमओ ने तबादला नीति को दरकिनार करते हुए थोक के भाव में स्थानांतरण कर डाले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसपी गौतम ने डॉक्टर लईक अहमद को डिप्टी सीएमओ आरसीएच बना दिया। डॉक्टर मनोज मिश्र को अर्बन नोडल पद से हटाकर वहां डॉक्टर रोहतास को नोडल बना दिया। कलान के डॉक्टर दिनेश को पुवायां का प्रभारी बनाकर भेज दिया। वहीं मिर्जापुर में तैनात डॉक्टर आरेंद्र को कलान का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बनाए जाने का ऑर्डर कर दिया। इससे पहले भी तमाम डॉक्टरों के ट्रांसफर नीति के विरुद्ध किए गये। जिसका मामला कोर्ट तक में जा चुका है। वहीं एक नॉन मेडिकल सुपरवाइजर के ज्वाइन करने के दो दिन बाद ही उसका ट्रांसफर करने के बाद कर्मचारियों में रोष पनप गया। वहीं सूत्रों की माने तो जाते जाते सीएमओ ने आशा और एएनएम की कोविड प्रोत्साहन राशि के बजट को दूसरी मद में डालकर ठेकेदारों का पेमेंट कर दिय।जिससे हजारों आशा बहुओं और एएनएम को उनकी मेहनत का पैसा नही मिल पाया है। मामले की शिकायत मिशन निदेशक से की गई है। सूत्रों की मानें तो कुल मिलाकर तमाम घोटालों के आरोपों से घिरे हुए सीएमओ साहब जाते जाते भी गडबड झाला करके मोटी पोटली बांध ले गये।




## प्राथमिक विद्यालय खिरनी बाग (नवादा) का औचक निरीक्षण





- औचक निरीक्षण में छात्र एवं शिक्षक, विद्यालय परिसर में मिली अव्यवस्थाएं एवं गंदगी,जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का किया जवाब तलब।शिक्षामित्र के प्रार्थना पत्र की जांच कर कठोर कार्यवाही हेतु दिए निर्देश

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने आज नगर क्षेत्र शाहजहांपुर की प्राथमिक विद्यालय खिरनी बाग (नवादा) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षक एवं छात्र अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। विद्यालय में केवल तीन रसोइया मिली। विद्यालय परिसर में ढेरों गंदगी एवं अव्यवस्थाएं भी मिली। जानकारी लेने पर मौजूद रसोईया ने बताया कि शिक्षामित्र प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय से जा चुकी है। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्र की जांच करवाकर कठोर कार्यवाही सुनश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि छुट्टी के समय से पूर्व विद्यालय से अनुपस्थित रहना घोर निंदनीय है। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को बच्चों के भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा हेतु तय किए गए समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने कहा कि अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का भी जवाब तलब किए जाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने टीकाकरण कैम्प का किया आकस्मिक निरीक्षण जिलाधिकारी ने विद्यालय में कोविड 19 टीकाकरण के अंतर्गत प्रीकाशन डोज वैक्सीनेशन कैंप का भी औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में किए जा रहे हैं वैक्सीनेशन की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन हेतु आसपास के क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने को कहा। एएनएम मृदुल कुमारी द्वारा बताया गया कि आज 17 टीके लगाए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि टीकाकरण शिविर का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप टीकाकरण सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कोविड 19 से बचाव हेतु सभी से टीकाकरण अवश्य करवाए जाने की अपील भी की।

# संक्षिप्त समाचार

## कसौंधन समाज को मिले ओबीसी आरक्षण : विष्णु गुप्ता

चित्रकूट। अखिल भारतीय कसौंधन वैष्य सभा के जिलाध्यक्ष विष्णु कुमार गुप्ता ने प्रदेष के उप मुख्यमंत्री केषव प्रसाद मौर्या को ज्ञापन सौंपकर समाज के लोगों की समस्याओं के निराकरण कराने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कसौंधन समाज ओबीसी वर्ग में समाहित है। जिसमें राज्य स्तर पर तो कसौंधन समाज को ओबीसी का दर्जा प्राप्त है, किन्तु ओबीसी वर्ग को मिलने वाली किसी भी प्रकार की सुविधा और केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान किये जाने वाले आरक्षण से वंचित है। ऐसे में कसौंधन समाज को केन्द्र स्तर पर ओबीसी आरक्षण प्राप्त कराया जाए ताकि कसौंधन समाज के बच्चों का भविष्य भी बेहतर हो सके और उच्च पदों पर पहुंचकर समाज का उत्थान कर सकें।



## पुलिस अधीक्षक ने किया राजापुर थाने का आकस्मिक निरीक्षण

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा द्वारा थाना राजापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय में रजिस्टर नं 4, थाना समाधान रजिस्टर, फ्लाईशीट, रजिस्टर नं 8 एवं अन्य रजिस्टरों का अवलोकन कर अद्यावधिक करने के लिए निर्देश दिये गये, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर आगन्तुक रजिस्टर को चेक कर डियूटी में नियुक्त महिला आरक्षी को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। उन्होंने थाना परिसर में खड़े माल मुकदमाती वाहनों के निस्तारण कराने के लिए तथा थाना परिसर की साफ–सफाई के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान राजापुर दीपेंद्र सिंह, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

## अवैध गांजे के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार शर्मा के निर्देश पर मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त गुड्डू पुत्र राजकुमार निवासी भदेवरा थाना राजापुर चित्रकूट को 1 किलो 400 ग्राम गांजा के साथ तथा अभियुक्त रामअवतार पुत्र भरोसा निवासी भदेवरा थाना राजापुर चित्रकूट को 1 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो के विरुद्ध थाना सरधुवा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी बब्बू राजा, ललित सोनी, वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## महिला को गंदी गालिया देने वाले को न्यायालय ने किया दण्डित

चित्रकूट। महिला को अष्लील गालिया देने वाले आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर न्यायालय ने पांच हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार सिंह यादव ने बताया कि बहिलपुरवा थाना क्षेत्र में मूलचन्द्र उर्फ भुलवा के विरूद्ध एक महिला ने अष्लील शब्दों को प्रयोग करते हुए गाली–गलौच करते और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में आरोपी मूलचन्द्र उर्फ भुलवा ने जुर्म स्वीकारोक्ति प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए प्रकरण निस्तारित किये जाने की याचना की थी। जिसके बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनम गुन्ता ने आरोपी को पांच हजार रूपये अर्थदण्ड व जेल में बिताई गयी अवधि से दण्डित करने के आदेष दिये। अर्थदण्ड में से 4500 रूपये प्रतिकर के रूप में पीडित महिला को देने के आदेष दिये गये हैं।

## उपनिरीक्षक के सेवानिवृत्त पर किया गया सम्मान समारोह

चित्रकूट। जहाँ एक तरफ लोग सेवानिवृत्त होने के बाद मायूस होकर वापस घर लौटते है वही दूसरी तरफ मायूसी की इस परंपरा को तोड़ते



हुए पियारियामाफी छीबो के राजेन्द्र ओझा लगभग 40 वर्षो तक उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही से लेकर उपनिरीक्षक तक का निर्विवाद सफर कर प्रतापगढ़ जनपद से अपने गाँव वापस लौटेने पर ग्रामीणों ने माला फूल के साथ गर्मजोशी से उनका स्वागत किया, उसके बाद राजेन्द्र ओझा ने पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त कर्मियों का माला पहनाकर सम्मान किया। संबोधित करते हुए राजेन्द्र ओझा ने बताया कि पहले की अपेक्षा वर्तमान में हर जगह शिक्षण संस्थान तो है, लेकिन बच्चे नही है। उन्होंने भगवान के यहाँ देर है अंधेर नही'' वाली कहावत को पुलिस से जोड़ते हुए कहा कि पुलिस विभाग में यदि ईमानदारी से कार्य हो तो देर नही है तुरन्त न्याय मिल जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस के स्लोगन में बनी 2 मछलियो जिनका मुँह ऊपर की ओर है का मतलब बताते हुए कहा कि सिर्फ मछली है जो धारा के विपरीत तैरती है इसी तरह जीवन मे हमे भी विषम परिस्थितियों में मछलियों की तरह आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार मिश्रा, उमाशंकर पाण्डेय, रामप्रकाश मिश्रा, वासुदेव पाण्डेय, नत्थू मिश्रा, ब्रजनंदन ओझा,अरविंद शुक्ला, दिनेश शुक्ला, रामसजीवन पाण्डेय, रमाशंकर द्विवेदी और शंकरचरण द्विवेदी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्रीलक्ष्मीनारायण मन्दिर में हुआ झूला महोत्सव का आयोजन

चित्रकूट। धर्मनगरी परिक्रमा मार्ग स्थित तृतीय मुखारबिंद लक्ष्मीनारायण मन्दिर में मंगलवार को झूला उत्सव का आयोजन किया गया। मन्दिर के महंत श्यामदास ने बताया कि अनादिकाल से



श्रावण मास में नाग पंचमी के अवसर पर झूला उत्सव मनाए जाने की परम्परा है। प्रभू श्रीराम ने भी अवध में श्रावण मास में नाग पंचमी पर झूला उत्सव का आयोजन किया था। इसी परम्परा के तहत यहां भी खोही गांव के लोगों और स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ झूला उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म शास्त्रों में नाग की पूजा को बहुत महत्व दिया गया है। वहीं नाग देवता को भोलेनाथ के गले का आभूषण माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष सावन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को 'नाग पंचमी' मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन नाग देवता के पूजन से सभी मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। मंदिरों में झूला झूलाकर मनाया जाता मंगलवार के दिन नाग पंचमी पड़ रही है। इस मौके पर सुषील, अरूण कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

# यदि चाहे हम हर घर जल, बचत-प्रबंधन इसके हल

हम यह भूल जाते हैं कि पानी के बिना वे सब बेकार हैं। हम अपनी जरूरत से ज्यादा पानी का इस्तेमाल करते रहते हैं। कम से कम हममें से हर व्यक्ति अपने घरों और कार्यस्थलों में पानी का उचित इस्तेमाल तो कर ही सकता है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि सड़क किनारे लगे हुए नलों से पानी बह रहा है और बेकार जा रहा है, लेकिन हम वहां से गुजर जाते हैं और नल को बंद करने की चिंता नहीं करते। हमें इन विषयों पर सोचना चाहिए और अपने रोज के जीवन में जहां तक संभव हो पानी बचाने की कोशिश करनी चाहिए। इस समय पृथ्वी ग्रह पर जीवन को बचाये रखने के लिए सबसे बड़ी जरूरत पानी को बचाने की हैय यह सुनिश्चित करने के लिए जल संसाधनों का प्रबंधन कैसे किया जाएगा कि देश में सभी को समान मात्रा में पानी मिले।

जैसे–जैसे जनसंख्या और अर्थव्यवस्था बढ़ती है, वैसे–वैसे पानी की मांग भी बढ़ती है। सीमित पानी और प्रतिस्पर्धी जरूरतों के साथ, पेयजल प्रबंधन चुनौतीपूर्ण हो गया है। अन्य कठिनाइयाँ, जैसे भूजल की कमी और अनियमित वर्षा। इन कठिनाइयों ने ग्रामीण आबादी को तनाव में डाल दिया है, जो पारंपरिक ज्ञान और जल ज्ञान के साथ अपनी पानी की जरूरतों को पूरा करती है। जब स्वास्थ्य की बात आती है, तो ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पाइप से पानी की आवश्यकता होती है। पानी और ऊर्जा के संबंध को बनाये रखने के लिए जल संरक्षण को बढ़ाने और प्राकृतिक जल स्रोतों को बचाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि यह भावी ऊर्जा उत्पादन के लिए भी बहुत जरूरी हैं।

हममें से ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि पानी बचाने के लिए एक अकेला आदमी क्या कर सकता है। इस तरह के विचार से हम लोग रोज पानी नष्ट कर देते हैं। आज की दुनिया में सभी लोग इस दौड़ में लगे हैं कि हम अपने घरों में बड़े–बड़े गुसलखाने बनाये, लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि पानी के बिना वे सब बेकार हैं। हम अपनी जरूरत से ज्यादा पानी का इस्तेमाल करते रहते हैं। कम से कम हममें से हर व्यक्ति अपने घरों और कार्यस्थलों में पानी का उचित इस्तेमाल तो कर ही सकता है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि सड़क किनारे लगे हुए नलों से पानी बह रहा है और बेकार जा रहा है, लेकिन हम वहां से गुजर जाते हैं और नल को बंद करने की चिंता नहीं करते। हमें इन विषयों पर सोचना चाहिए और अपने रोज के जीवन में जहां तक संभव हो पानी बचाने की कोशिश करनी चाहिए भारत की बात की जाए तो यहां प्रचुर मात्रा में बारिश होती है लेकिन आबादी बढ़ने के कारण देश में पानी की कमी महसूस की जा रही है। आबादी बढ़ने के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अधिक इस्तेमाल होता है। जल स्रोत, स्थानीय तालाब, ताल–तलैया, नदियां और जलाशय प्रदूषित हो रहे हैं और उनका पानी कम हो रहा है। इस समय देश की बढ़ती आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा भारत में खेती भी बारिश के भरोसे ही होती है। भारत में खेती की सफलता पानी की उपलब्धता पर ही निर्भर है, जिसमें बारिश के पानी की अहम भूमिका होती है। अच्छी वर्षा का मतलब अच्छी फसल होता है। वर्षा जल को बचाने की बहुत जरूरत है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसमें कोई तेजाबी तत्व न मिलने पाये क्योंकि इससे पानी और उसके स्रोत प्रदूषित हो जाएंगे। तभी तो जल जीवन मिशन राष्ट्रीय जल जीवन कोष की नींव है। 15 अगस्त 2019 को भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने एक सरकारी कार्यक्रम के बारे में एक बड़ी घोषणा की। जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति करना है।

वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण भी मिशन के सबसे महत्वपूर्ण पहलू हैं। पुनर्नवीनीकरण पानी और रिचार्जिंग संरचनाओं का उपयोग करना, जलमार्ग का विकास,पेड़ लगाने पर ध्यान दे रहे हैं। पारंपरिक और अन्य जल निकायों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। यह मिशन नल कनेक्शनों को काम में लाकर नल के पानी के कनेक्शन की कमी को दूर करेगा। यह स्थानीय प्रबंधन पर आधारित है कि कितना पानी उपयोग किया जाता है और कितना उपलब्ध है। यह मिशन पानी की कटाई, पानी को सीधे धरती में डालने और घरेलू अपशिष्ट जल का प्रबंधन करने जैसी चीजों के लिए स्थानीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा ताकि इसे फिर से इस्तेमाल किया जा सके। 2024 तक ग्रामीण घर के प्रत्येक व्यक्ति को एक नल कनेक्शन से प्रतिदिन 55 लीटर पानी मिल सकेगा। मिशन समुदाय को पानी के लिए एक योजना के साथ आने में मदद करता है जिसमें बहुत सारी जानकारी, शिक्षा और संचार शामिल है। इस योजना में 3 लाख करोड़ रुपये की राशि दी गई। इस मिशन में हर कोई पानी के लिए जन आंदोलन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने में मदद करता है। हिमालयी और उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए, फंड को केंद्र और राज्य के बीच 90:10, बाकी राज्यों के लिए 50:50 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100: विभाजित किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के एससीध्एसटी बहुल गांवों में भी हर ग्रामीण परिवार को नल का पानी दिया जाता है, ताकि ष्कोई भी छूट न जाए।ष साथ ही, उन जगहों पर नल के पानी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है, जहां पानी की गुणवत्ता खराब है, जैसे मरुस्थल और सूखा प्रभावित क्षेत्र, अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति बहुसंख्यक गाँव, सांसद आदर्श ग्रामीण योजना गांव, इत्यादि। पानी समितियों की योजना में गाँव की जलापूर्ति प्रणाली भी अच्छी स्थिति में है, जिसमें वे व्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से संचालित करते हैं। इनमें से कम से कम आधे संघों में 10 से 15 सदस्य हैं, जिनमें से कम से कम आधी महिलाएं हैं। अन्य सदस्य स्वयं सहायता समूहों, मान्यता प्राप्त सामाजिक और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी शिक्षकों और अन्य स्थानों से आते हैं। समितियों ने अपने सभी संसाधनों का उपयोग करने वाले गाँव के लिए एकमुश्त कार्य योजना तैयार की हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण जल आपूर्ति और स्वच्छता मिशन को अमल में लाने में कुछ समस्याएं है जिसमें प्रमुख विश्वसनीय पेयजल स्रोतों की कमी हैं।

जल–तनावग्रस्त, सूखा–प्रवण और उपोष्णकटिबंधीय जैसे क्षेत्रों में, भूजल, असमान इलाके और बिखरी हुई ग्रामीण बस्तियों में स्थान–विशिष्ट संदूषकों की उपस्थिति है तो साथ ही, गांव में जलापूर्ति के बुनियादी ढांचे के प्रबंधन और संचालन के लिए स्थानीय ग्राम समुदायों की अक्षमता आड़े आती है। कुछ राज्यों में, विशेष रूप से कोविड –19 महामारी के बाद, मैचिंग स्टेट शेयर जारी करने में देरी भी इस मिशन की सफलता के रास्ते में बाधा बन रही है। जल जीवन मिशन में अब तक की प्रगति देखे तो जिस समय जल जीवन मिशन की घोषणा की गई थी, उस समय 18.93 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 17.1: के पास नल के पानी के कनेक्शन थे। इसका मतलब यह हुआ कि 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन थे। जेजेएम के तहत अब तक 5.38 करोड़ (28:) ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन स्थापित किए जा चुके हैं। इसलिए, देश के 19.22 बिलियन ग्रामीण परिवारों में से 8.62 बिलियन (या 44.84 प्रतिशत) पीने योग्य नल का पानी है। गोवा, तेलंगाना, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पुडुचेरी जैसे राज्यों के ग्रामीण इलाकों में नल से बहते पानी वाले घरों की संख्या 100: तक पहुंच गई है। ष्हर घर जलष हर किसी की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गया है। मिशन का प्राथमिक उद्देश्य जितना हो सके कम से कम बर्बाद करते हुए पानी की बचत करना है। इस समय पृथ्वी ग्रह पर जीवन को बचाये रखने के लिए सबसे बड़ी जरूरत पानी को बचाने की हैय यह सुनिश्चित करने के लिए जल संसाधनों का प्रबंधन करके किया जाएगा कि देश में सभी को समान मात्रा में पानी मिले।

सत्यवान 'सौरभ'

# आनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन भरने में बरतें सतर्कता : डीएम



चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2022–23 में पूर्व दशम/ दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत जारी समय सारणी के अनुसार छात्र–छात्राओं के बायोमेट्रिक उपस्थिति मास्टर डाटा अपडेशन ऑनलाइन आवेदन की स्थिति से संबंधित बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि सभी प्रधानाचार्यो को एक पत्र भेजें कि छात्र–छात्राएं जो ऑनलाइन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर रहे हैं उसकी एक प्रति विद्यालयों में जमा कराएं तथा छात्र छात्राओं के हस्ताक्षर एवं विद्यालय के नोडल के हस्ताक्षर अवश्य कराया जाए ताकि जब अधिकारी सत्यापन के लिए जाएं तो पता चल सके कि कहां पर कमी रह गई है तथा एक प्रधानाचार्यो से भी प्रमाण पत्र ले कि इतने बच्चों ने आवेदन किया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि विद्यालयों में जो गत वर्ष बच्चों को छात्रवृत्ति मिली थी उसकी सूची विद्यालयों को उपलब्ध करा दें। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यो से कहा कि विद्यालयों का बायोमेट्रिक मशीनें संचालित कराएं तथा उपस्थिति शत–प्रतिशत दर्ज कराएं, सभी बायोमेट्रिक लगाने का प्रमाण पत्र भी दें, जिन विद्यालयों में नहीं लगा है तो उसे जिला विद्यालय निरीक्षक चेक करें। उन्होंने कहा कि बच्चों को देखते हुए कि वह छात्रवृत्ति से वंचित न हो, आवेदन पत्र त्रुटि रहित भराएं ताकि उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ दिलाया जा सके। अगर कोई समस्या है तो उसके लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक से संपर्क कर निस्तारण कराएं।

जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम ने समस्त प्रधानाचार्यो से कहा कि कन्या सुमंगला योजना में प्रगति कराएं। इसमें प्रगति बहुत धीमी है जो शासन से जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित है, उनका छात्र–छात्राओं को लाभ दिलाया जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शासन द्वारा पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत विद्यालय द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने की आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त व द्वितीय चरण की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर तथा लॉक किया जाने की अंतिम तिथि 22 अगस्त तक है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्य ने बताया कि अल्पसंख्यक छात्रों के लिए दो छात्रवृत्ति मिलती है, जिसमें भारत सरकार व राज्य सरकार से दिया जाता है। इस मौके पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्यामसुंदर इकनोरिया, प्रधानाचार्य चित्रकूट इंटर कॉलेज रणवीर सिंह चौहान, जे पी इंटर कॉलेज जे पी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने गुन्ता बांध के इंटकबेल का किया औचक निरीक्षण

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मंगलवार को गुंता बांध पर जल जीवन मिशन के के कार्यों, जिसमें बन रहे इंटकबेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि कार्य की गति धीमी है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारीयो से कहा कि मैन पावर बढ़ाकर कार्य करें। उन्होंने मटेरियल के बारे में भी जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि स्ट्रक्चर में कोई दिक्कत या परेशानी हो तो बताएं एवं प्लानिंग के हिसाब से कार्य करें। उन्होंने कहा कि लेबर के पेमेंट समय से कराएं। इंटकबेल का कार्य माह जुलाई तक पूर्ण हो जाना था, लेकिन प्रगति धीमी है, आज ही पीओ शाम तक जमा करें एवं अपने रिकॉर्ड में रखें। उन्होंने पंप मशीनों के बारे में जानकारी ली एवं कहा कि विद्युत सब स्टेशन का कार्य तत्काल शुरू कराएं। विलंब होने पर पेनाल्टी भी लगाई जाएगी। समय से प्रोजेक्ट को पूरा कराएं। इसके बाद जिलाधिकारी ने अगरहुण्डा के पास बन रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के अंतर्गत सीएलएफ, फिल्टर हाउस, कोलरेशन बिल्डिंग, फ्लैक्स मिक्सर, एरिएटर, बीसीडब्ल्यूआर, एलसीएस, बाउंड्री वॉल एवं इलेक्ट्रिक संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मैन पावर बढ़ाकर स्पीड से कार्य कराये। उन्होंने कहा कि सितंबर तक इसको समाप्त करना है। साथ ही पाइपलाइन भी बिछाएं। उन्होंने अपर जिलाधिकारी सुनंदू सुधाकरन को निर्देशित किया कि समय–समय पर इसकी समीक्षा करते रहें। उन्होंने कहा कि समय से मैनपावर



बढ़ा करके शासन की मंशानुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य को समाप्त कराए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरन, परियोजना प्रबंधक जल निगम राजेंद्र सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर जीवीपीआर श्रीनिवास राव, पीटीआई अभय नारायण दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# सपा के सदस्यता अभियान की पूर्व एमएलसी ने की शुरुआत

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी प्रदेश में जनाधार को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाएगी। मंगलवार को पूर्व एमएलसी एवं जिले में सदस्यता अभियान के प्रभारी उदयवीर सिंह ने पार्टी कार्यालय में अभियान की शुरुआत की। उन्होंने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत की और भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।

पूर्व एमएलसी ने बताया कि दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 800 नए सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य है। प्रत्येक सक्रिय सदस्य अपने क्षेत्र में 50 नए सदस्य बनाएगा। उदयवीर ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय



अधिवेशन में राष्ट्रीय और प्रदेश कार्यकारिणी और अध्यक्षों का चुनाव होना है। इस मौके पर पूर्व एमएलसी ने भाजपा पर जमकर आरोप लगाए। कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही कर रही है और विपक्ष की आवाज को दबा देती है। उन्होंने प्रदेश की कानून–व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लगाए। कहा कि जांच एजेंसियां भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं। भाजपा सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को पाल रही है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। इसके बावजूद आरोपियों के विरुद्ध सरकार कुछ नहीं कर रही है। महंगाई अपने चरम पर है। भाजपा इसे स्वीकार नहीं कर रही है। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, सदर विधायक अनिल प्रधान, पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरी शंकर मिश्रा, भइया लाल यादव, जिला महासचिव फराज खान, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, गुलाब खान आदि मौजूद रहे।

# भारत में पेपरफ्राई ने बिग-बॉक्स आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण किया

- देश भर के 500 से अधिक शहरों में खरीदारों–विक्रेताओं को जोड़ने का पेपरफ्राई इरादा

–अनिल बेदाग–

मुंबई। भारत में पेपरफ्राई का सबसे बड़ा वेयरहाउस पडघा फुलफिलमेंट सेंटर 285000 स्क्वायर फीट क्षेत्र में फैला हुआ है और उसमें करीबन 52 फीट ऊंचाई की सात मंजिले फर्नीचर से भरी हुई हैं। यह फुलफिलमेंट सेंटर भारत के पश्चिमी क्षेत्र में पेपरफ्राई परिचालन के केंद्र के रूप काम करता है। पड़घा वेयरहाउस स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स से संबंधित अत्याधुनिक बुनियादी सुविधाओं से लैस है।

इसमें एक ऑटोमेटेड इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम है जो पेपरफ्राई को मुंबई और आसपास के इलाकों में लगातार बढ़ रहे अपने ग्राहकों को बेहतर ढंग से सेवाएं देने में सक्षम बनाती है। प्रमुख हाईवे और परिवहन केंद्रों के करीब होने की





वजह से यहां से ग्राहकों को ऑर्डर पहुंचाना आसान हो जाता है। पडघा से पेपरफ्राई के कुल ट्रैफिक में से 60: को संभाला जाता है, जो हर दिन लगभग 2000 बॉक्सेस के बराबर है। जुलाई 2021 से जून 2022 के दौरान पेपरफ्राई के कुल आपूर्ति श्रृंखला व्यवसाय ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। 24 घंटे के भीतर 9.8 लाख शिपमेंट डिलीवर किए गए और ट्रांसपोर्ट में माल का नुकसान 2: से कम रहा। डिलीवरी की समयसीमा को कम करने पर पेपरफ्राई लगातार ध्यान केंद्रित कर रहा है और पिछले 6 महीनों में उन्होंने ऑर्डर को पूरा करने में लगने वाले समय को 37: तक कम करने में सफलता हासिल की है।

पेपरफ्राई ने बिग–बॉक्स आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण किया है, जिसमें देश भर के 500 शहरों में खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ने का उनका इरादा है। पेपरफ्राई के प्लेटफॉर्म पर 17,000 से अधिक उत्पाद हैं, और 10,000 पिन कोड को ऑर्डर्स पहुंचाई जाती हैं। 30 से ज्यादा वितरण केंद्रों और ग्राहकों के घरों तक डिलीवरी करने वाले 400 से ज्यादा ट्रकों के साथ पेपरफ्राई अपने ग्राहकों को खुशी और संतुष्टि प्रदान करने के लिए सदैव प्रयासशील रहता है। पेपरफ्राई ने बनाए हुए हब एंड स्पोक मॉडल ने थर्ड–पार्टी लॉजिस्टिक्स प्रदाताओं पर निर्भरता को कम करने और प्रति ऑर्डर लागत को कम करने में मदद की है।

# द बॉडी शॉप ने नई स्किनकेयर रेंज लॉन्च की

–अनिल बेदाग–

मुंबई। फूलों की तरह जिंदगी में खूबसूरती बिखेरने के लिए, ब्रिटेन के इंटरनेशनल पर्सनल केयर ब्रैंड बॉडी शॉप ने एडलवाइस फूलों से समाहित स्किनकेयर रेंज लॉन्च की है जिसे सभी उम्र एवं आयु के लोगों के इस्तेमाल के लिए बनाया गया है। एडलवाइस के फूल अपनी बेहतरीन एंटीऑक्सिडेंट खूबियों के लिए जाने जाते हैं। बॉडी शॉप ने इस रेंज में एडलवाइस फूल में पाई जाने वाली शक्तिशाली कुदरती प्राकृतिक सुरक्षा प्रणालियों को समेटा है। ब्रैंड ने इस प्रॉडक्ट को बेहद ठोस और फिर से इस्तेमाल की जाने वाली पैकिंग में पेश किया गया है। यह ब्रैंड के 'चेंजमेकिंग ब्यूटी' की प्रतिबद्धता दोहराता है। वेगन प्रमाणित एडलवाइस के प्रॉडक्ट्स में एडलवाइस डेली सीरम कॉन्संन्ट्रेट, एडलवाइस आईसीरम कॉन्संन्ट्रेट, एडलवाइस सीरम कॉन्संन्ट्रेट शीट मास्क,एडलवाइस बाउंसी जेली मिस्ट, एडलवाइस लिक्विड पीड,एडलवाइस क्लीजिंग कॉन्संन्ट्रेट और एडलवाइस स्मूथिंग क्रीम शीमिल है। रोजमर्रा की जिंदगी में हमें त्वचा का रूखापन, खुजली, लालिमा, जलन और मुहांसे जैसी 80 फीसदी परेशानियों से जूझना पड़ता है, जिससे हमारी त्वचा सुस्त, रूखी और थकी हुई दिखाई देती है। एडलवाइस की स्टेम कोशिकाओं और एडलवाइस फूल के तत्वों में त्वचा की खूबसूरती कायम रखने वाले एंटी ऑक्सिडेंट्स होते हैं।

इन्हें जब प्राकृतिक मूल के पेप्टाइड्स से जोड़ा जाता है, तब यह त्वचा को बाहरी और हानिकारक प्रदूषण से बचाते हैं। बाजार में अधिकांश पेप्टाइड सिंथेटिक है, पर बॉडी शॉप के प्रॉडक्ट्स चावल से बने हैं, जो कुदरती मूल का विकल्प है। द बॉडी



शॉप इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट विशाल चतुर्वेदी ने कहा, "हम खूबसूरती को सेहतमंद बने रहने के नजरिये से से देखते हैं। यह दृष्टिकोण आत्मरक्षा, स्वच्छता और सुरक्षा पर केंद्रित है। स्थायी, प्रभावी त्वचा की नैतिक रूप से देखभाल एक ऐसी चीज है, जो हमारे विश्वास की जड़ में है। हमारे लिए प्रॉडक्ट और उसे बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले तत्वों की समझ हमें उपभोक्ताओं की जरूरत की पहचान से मिली है। बॉडी शॉप की एडलवाइस स्किनकेयर रेंज सभी के लिए है यानी सभी आयुवर्ग और हर तरह की स्किन वाले व्यक्ति इसे प्रयोग कर सकते हैं। हम कुदरती मूल के साथ बिल्कुल नए नैतिक रूप से संसाधित प्रॉडक्ट्स को लॉन्च कर काफी उत्साहित हैं।"

## खाटू श्याम सेवा समिति ने किया कावड़ियों का भव्य स्वागत

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फतेहगंज पूर्वी। सावन के पवित्र माह में हरिद्वार से गंगा जल भरकर गोला गोकरण नाथ जा रहे कांवरियों का फतेहगंज पूर्वी में खाटू श्याम समिति ने किया जोरदार स्वागत गदगद हुए काबढ़िया पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद टके की सीमा पार करा कर गंतव्य को किया रवाना जो बुधवार को करेंगे



जलाभिषेक! नगर के शिव शक्ति कांवरिया संघ द्वारा हरिद्वार से गंगाजल भरकर गोला गोकरण नाथ को जाते हुए नगर में पहुंचने पर समस्त खाटू श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में नगर वासियों ने भगवाधारी कांवरियों के जत्थे का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया और गंतव्य को जाने से पूर्व सभी शिव भक्तों को जलपान एवं भंडारे की व्यवस्था की गई सभी शिव भक्तों के ऊपर गुलाल की बौछार कर उनका उत्साहवर्धन किया गया जो बुधवार को गोला गोकर्णनाथ में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करेंगे इस दौरान हर हर भोले के जयकारों से समूचा वातावरण गुंजायमान होगा और परिवार की कुशल क्षेम के साथ देश के अमन चौन की कामना भी करेंगेइस अवसर पर समस्त नगरवासियों ने शिव भक्तों का तिलक लगाकर स्वागत किया इस अवसर पर खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता ,कोषाध्यक्ष रमेश वर्मा, गया प्रसाद शर्मा, पवन गुप्ता ,प्रमोद राठौर, महेश राठौर, रामाधार गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे कोतवाल धर्मेंद्र सिंह फोर्स के साथ चप्पे–चप्पे पर निगरानी बनाए रहे जिससे कांवरियों को कोई असुविधा महसूस ना हो उन्होंने फतेहगंज पूर्वी सीमा को पार करा कर गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना किया!

## मंदिर के 7 बे स्थापना दिवस एवं प्रदोष पूजन पर हुआ विशाल भंडारा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। नगर के बीसलपुर रोड स्थित पब्लिक स्कूल में पशुपतये ओम शिव कैलाश मंदिर के 7 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस और नाग पंचमी के शुभ अवसर पर प्रदोष पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था।नगर के बड़ी संख्या में भोले के भक्तों ने कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा अर्चना की तथा आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। 2 अगस्त दिन मंगलवार को ओम पब्लिक स्कूल प्रबंध समिति के सौजन्य से नगर के बीसलपुर रोड स्थित ओम पब्लिक स्कूल में स्थापित पशुपतये ओम शिव कैलाश मंदिर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 वां स्थापना दिवस हवन पूजन और पूजा अर्चना के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया वही नाग पंचमी के अवसर पर पुरोहित के माध्यम मंत्रोचार से प्रदोष पूजन विद्यालय के प्रबंधक अनूप गुप्ता, प्रधानाचार्य संचित गुप्ता ,उपाध्यक्ष शुभम गुप्ता एवं परिजनों द्वारा किया गया पूजन के उपरांत भव्य आरती के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें नगर से भारी संख्या में भगवान भोलेनाथ के भक्तों ने कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम में



भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे लोगों का विद्यालय के प्रबंधक ने कोटि–कोटि धन्यवाद दिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांवड़ियों पर गुलाल की बौछार और फूल बरसा कर किया जोरदार स्वागत



अयोध्या टाइम्स संवाददाता भुता। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने इलाके से गुजर रहे कांवरियों के जख्मों पर गुलाल की बौछार और पुष्प वर्षा कर किया जोरदार स्वागत पुलिस ने कांवरियों की सुरक्षा के मद्देनजर अगवानी करके उन्हें गंतव्य को रवाना किया! ज्ञात हो हिंदुओं के पवित्र महान सावन के दौरान आस्था के प्रतीक चार सोमवार होने से पुलिस प्रशासन की कड़ी पहरेदारी के बीच तीन सोमवार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो चुके हैं लेकिन दूरदराज से गंगाजल लेकर लौटने वाले कांवरियों का सिलसिला अभी जारी है जो हरिद्वार से गंगाजल लेकर गोला गोकरण नाथ मैं भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक बुधवार को करेंगे इसी के तहत भुता इलाके से गुजरने वाले कांवरियों के जत्थे का भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने गुलाल की बौछार तथा फूल बरसाकर शिव भक्तों का जोरदार स्वागत किया । स्वागत करने वालों में श्री राम खिलावन जी, महेंद्र देव सक्सेना, रेशम सिंह ढिल्लों, कुवरसेन गंगवार, रमेश शर्मा, रीति राम फौजी, राम दिवाकर, अफताब, ठाकुर दास मौर्य, गौरव गंगवार आदि कार्य कर्ता व ग्राम वासी शामिल रहे।

## नाग पंचमी का पर्व इलाके में धूमधाम से मनाया गया

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। भुतानगर से लेकर देहात तक नाग पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया देवी स्थानों पर पारंपरिक मेले भी लगे दुकानदारों ने मेले में पहुंचकर मेले की शोभा को बढ़ाया वही भक्तों ने नाग देवता की पूजा अर्चना कर परिवार के कुशल सेन की कामना की!




बता दे भारत त्योहारों का देश है लेकिन सर्वाधिक त्यौहार हिंदू धर्म के होते हैं जिनकाआगाज आषाढ़ माह से शुरू हो जाता है गंगा दशहरा के बाद श्रावण के चारों सोमवार नागपंचमी से धुआंधार त्योहारों का सिलसिला शुरू होता है इसी के तहतक्षेत्र में आज नाग पंचमी का पर्व बड़े ही धूमधाम परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया , लोगों ने नाग देवताओं की प्रतिमा पर दूध चढ़ाकरपूजा अर्चना की मान्यता है नाग पंचमी पर नाग देवता को दूध पिलाने से वह प्रसन्न रहते हैं और कभी किसी परिजन को कष्ट नहीं पहुंचाते पूजा के बाद सभी घरों में पूरी पकवान बनाकर भोग लगाकर सभी ने खाकर आनंद उठाया इस अवसर पर क्षेत्र के कई स्थानों पर नघाई मेलों का भी आयोजन किया गया दुकानदारों ने मेरे में दुकानें लगा कर शोभा को बढ़ाया वही बच्चों ने मेले में खरीददारी कर मेले का लुत्फ उठाया।

जिसमें भी नाग देवताओं की पूजा अर्चना की गई नावतो ने सांप काटने वाले ठीक किए हुए मरीजों के बधो को मंत्रों से काटने का भी कार्य किया स्वस्थ होकर अपने घर को रवाना हो गए। उनके पीठो पर थाली चिपकाने आदि के भी कमाल दिखाएं ।

## पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के परसूही गांव की रहने वाली कोमल सिंह पत्नी सूर्य प्रकाश सिंह ने कोतवाली में तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार की सुबह करीब 7:30 बजे उसका पति सूर्य प्रकाश सिंह अपनी मां नीलम सिंह को छोड़कर अपने डिस्कवर मोटरसाइकिल से अपने घर आ रहे थे। जैसे ही उनके पति अपने क्षेत्र से खड़ंजा मार्ग पर पहुंचे कि पहले से ही सुनियोजित तरीके से विपक्षी राम भवन पुत्र राम जियावन , संजय पुत्र राम भवन , सुरेश कुमार पुत्र राम भवन , अवधेश कुमार पुत्र राम भवन तथा दुर्गेश कुमार उर्फ अतुल पुत्र राम शकल वहां पर मौजूद थे। उन्होंने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उनके पति को रुकवा लिया तथा लाठी डंडा और कुल्हाड़ी से मारने लगे। अपने को पिटता देख सूर्य प्रकाश सिंह जोर–जोर से शोर मचाने लगे। शोर सुनकर कोमल सिंह की सासु नीलम सिंह तथा आसपास में मौजूद तमाम लोग दौड़े और बीच–बचाव का प्रयास करने लगे किंतु विपक्षी इतना उत्तेजित थे कि बीच–बचाव कर रहे लोगों के साथ भी गाली गलौज करने लगे और कहने लगे कि तुम लोग हट जाओ आज मैं इसे जान से मार डालूंगा। कोतवाली में दी गई तहरीर मे यह भी बताया गया है कि विपक्षी के मार से सूर्य प्रकाश सिंह का सर फट गया है तथा शरीर के विभिन्न अंगों पर गहरी चोटें आई हैं। जिससे वह घटनास्थल पर ही बेहोश हो गए। पीड़िता ने तहरीर में यह भी बताया है कि उसके परिवार के लोगों को एक माह के अंदर जान से मार देने की धमकी भी दिए हैं। तहरीर में यह भी बताया गया है कि सूर्य प्रकाश सिंह को बेहोशी की हालत में एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। जहां पर हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि पुरानी रंजिश को लेकर घात लगाकर बैठे विपक्षियों ने किया प्राण घातक हमला। हमले में युवक गंभीर रूप से हुआ घायल। जिसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित महिला ने पांच नामजद लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर पति के साथ मारपीट करने धमकी देने का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

## जारी रहेगा अवैध प्लॉटिंगों के खिलाफ ध्वस्तीकरण : डॉ संजीव कुमार

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। माझा जमथरा फलड जोन एरिया क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंगों के ध्वस्तीकरण का अभियान अनवरत जारी रहेगा। फलड जोन एरिया में प्लाटिंग कर भोले भाले लोगो को फंसा कर उनकी गाढ़ी कमाई हड़पने वाले अवैध प्रोपर्टी डीलरों के खिलाफ अयोध्या विकास प्राधिकरण एंटी भूमाफिया कानून के तहत एफआईआर करायेगा। फलड जोन एरिया में प्राधिकरण ने 1983 से लेकर आज तक कोई नक्शा ही नही पास किया है क्योंकि वहां निर्माण ही प्रतिबंधित है ऐसे में वहां बने मकान प्राधिकरण के नियमो के खिलाफ है जिनके विरुद्ध कार्यवाही करना हमारी ड्यूटी में शामिल है। उक्त जानकारी अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ संजीव कुमार ने दी। हाल ही में माझा जमथरा क्षेत्र में हुई सैकड़ो एकड़ भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग के खिलाफ एडीए ने ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की थी। जिसके बाद भूमाफियाओं में खलबली मच गई। सवाल उठाया गया कि प्राधिकरण ने सिर्फ एक ही प्लाट पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही क्यों कि बाकी प्लॉटिंगों पर क्यों नही? इसका जबाव देते हुए एडीए के सचिव डॉ संजीव ने बताया कि प्राधिकरण ने अपने नियमो के हिसाब से कार्यवाही की है। हमने पहले नोटिस दिया फिर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। वहां बने मकानों को क्यों नही गिराया गया के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम मकान मालिकों को भी लगातार नोटिस दे रहे है उसकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनके खिलाफ भी प्राधिकरण के नियमो के हिसाब से कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। सचिव डॉ संजीव ने बताया कि माझा जमथरा क्षेत्र प्राधिकरण की स्थापना से ही फलड जोन एरिया के रूप में चिन्हित है। जोकि महायोजना में भी फलड जोन एरिया के रूप में ही पूर्व की भांति चिन्हित है जिसे बदला नही जा सकता। यही कारण है कि फलड जोन एरिया में एडीए किसी को भी किसी भी प्रकार के निर्माण की अनुमति नही



प्रदान कर सकता। यह पूछे जाने पर की तीन साल पूर्व शहर की पांच कालोनियों के साथ माझा क्षेत्र में डेवलप की गई तारा जी कालोनी को विनियमित करने की बात सामने आ रही है ऐसे में उसके खिलाफ कार्यवाही क्यों कि गयी उनका जबाब था कि किसी भी कालोनी को विनियमित करने का आधिकर सिर्फ एडीए के पास है जिसके द्वारा आज तक उस कालोनी को विनियमित नही किया गया है। सचिव ने बताया कि फलड जोन एरिया में एडीए की कार्यवाही जारी रहेगी। अयोध्या में सावन झूला मेला के कारण फोर्स की कमी है इस बीच जब फोर्स की उपलब्धता रहेगी हम अपनी कार्यवाही को आगे बढ़ाते रहेंगे। जैसे ही हमे पर्याप्त पुलिस बल प्रशासन उपलब्ध करवा देगा हम अपनी कार्यवाही करना शुरू कर देंगे।

## इंटर कॉलेज के सौजन्य से हर घर तिरंगा की रैली में गूंजे देशभक्तिगीत,शुभारंभ डाइट एवं समापन कुंवर प्लाजा पर हुआ



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता के लिये म्यूज इण्टर कॉलेज के सौजन्य से विशाल रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से प्रारंभहोकर कुबर प्लाजा पर समाप्त हुई।

भारत सरकार द्वारा अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस उद्देश्य से एक विशाल रैली म्यूज इंटर कॉलेज द्वारा जिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (डायट) हजारों छात्र छात्राओं के साथ निकाली गई । रैली का शुभारंभ तिरंगे के तीनों रंगों के झण्डों द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, डायट प्राचार्य मुन्ने अली एवम म्यूज इण्टर कालेज की डायरेक्टर श्रीमती वर्षा शर्मा द्वारा किया गया ।तिरंगा यात्रा रैली में रास्ते भर राष्ट्रभक्ति के गीत बजते रहे । रैली स्टेशन रोड, मेनरोड होते हुए कुँवर प्लाजा के सामने समाप्त हुई। रास्ते मे जगह जगह लोगो को अपने अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिये प्रेरित किया गया ।रैली का स्वागत लाइसियम कॉन्वेंट स्कूल, राजीव मार्डन पब्लिक स्कूल, शोभित गुप्ता, मोहित मित्तल द्वारा पुष्प वर्षा कर किया गया। रैली में म्यूज इण्टर कालेज, सी ए एस इण्टर कालेज, एवम छत्रपति शिवाजी इण्टर कालेज के लगभग एक हजार छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तिरंगा यात्रा रैली के समापन अवसर पर रैली को संबोधित करते हुएकार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरेली रामपुर विधानपरिषद सदसय कुँवर महराज सिंह ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि हम देश की आजादी के 75वर्ष पूर्ण होते देख रहे हैं। इस अमृत महोत्सव को धूम धाम से मनाये। गीतों में देश को संभाल कर रखने का दायित्व बच्चों को ही दिया जाता है। अतः विद्यार्थियों का दायित्व है कि हर घर तिरंगा फहरबाने के लिये जुट जाएं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सोमारू प्रधान ने कहा कि शिक्षा विभाग जीजान से अमृत महोत्सव कार्यक्रम की सफलता के लिये जुटा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आम लोगो को झंडे उपलब्ध कराए जा रहे है ।कार्यक्रम को म्यूज इण्टर कालेज केप्रधानाचार्य करुणा शंकर शर्मा, सी ए एस इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ राजेशशर्मा, छत्रपति शिवाजी इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ रणविजय सिंह एवम कल्पना सिंह ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम के अंत मे म्यूज इण्टर कालेज के सचिव योगेंद्र शर्मा ने पुलिस प्रशासन एवम



विद्यालय के स्टाफ का सफल आयोजन के लिये धन्यवाद किया इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह कोतवाल राजेश कुमार फोर्स के साथ रैली की अगुवाई करते रहें।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट में एक युवक की हुई मौत छः घायल



दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या।

बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत बीकापुर के सेमरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक की मौत छरू घायल मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स। बीकापुर नगर पंचायत वार्ड नंबर 5 सेमरा गांव में अजय कुमार वर्मा और ठाकुर प्रसाद परिजन के बीच जमीनी विवाद को लेकर आपस में कहासुनी होने लगी और बात इतनी बढ़ गई कि अजय के पक्ष के लोगों ने लाठी डंडा हमला कर सुदामा उम्र 40 पत्नी कृष्णा प्रसाद, रोहित कुमार उम्र 22 वर्ष राहुल कुमार उम्र 27 पुत्रगण कृष्णा प्रसाद रजनीश पुत्र ठाकुर, जितेंद्र कुमार पुत्र ठाकुर प्रसाद, राजेंद्र कुमार पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी सेमरा गंभीर रूप से घायल हो गए। जितेंद्र कुमार को छोड़कर शेष घायलों को गहन ईलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। और विवेक कुमार पुत्र राजकुमार निवासी हैबतपुर थाना कोतवाली अयोध्या की घटना पर मौत हो गई जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर एसपीआरए अतुल सोनकर, एसडीएम प्रशांत कुमार, क्षेत्राधिकारी पुलिस प्रमोद कुमार यादव कोतवाली प्रभारी सुमित कुमार श्रीवास्तव सीएचसी बीकापुर पहुंचे और घायलों का हालचाल लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ पीड़ित पक्ष के द्वारा समाचार लिखे जाने तक कोतवाली पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

## डीएम ने मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने सावन मेला के विभिन्न क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर साफ–सफाई एवं श्रद्धालुओं के आवागमन एवं सुरक्षा व्यवस्था का लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने राम की पैड़ी, नया घाट, बंधा तिराहा, नागेश्वर नाथ मंदिर, नया घाट से साकेत पैट्रोल पंप मार्ग (धर्म पथ) पर नियमित समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखने के दिए निर्देश। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को निर्देशित किया कि नागेश्वरनाथ मंदिर व राम की पैड़ी सहित सभी प्रमुख स्थलों पर नियमित सफाई की जाए, कहीं पर पानी भी न रुकने पाए। इकट्ठे किए गए कूड़े को नियमित तत्काल हटाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि मेला क्षेत्र में कहीं पर भी किसी भी प्रकार का कचरा व गंदगी ना होने पाए। जिलाधिकारी ने सहायक नगर आयुक्त, जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि



अपेक्षित सफाई व्यवस्था हेतु किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने धर्मपथ पर लगाए गए ठेलों/ दुकानों को सड़क के अंतिम किनारे की तरफ सुव्यवस्थित रुप से लगाने तथा सभी ठेले वालों व दुकानदारों को अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने व उसकी उपयोगिता सुनिश्चित करने, दुकान के आसपास साफ–सफाई रखने तथा लोगों को कूड़ा/बोतल व किसी भी प्रकार के कचरे को कूड़ादान में ही डालने तथा लोगों से भी कचरे को कूड़ेदान में डालने की अपील करने के निर्देश दिए।

उन्होंने श्रद्धालुओं को सुचारू आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु चौकी इंचार्ज नया घाट, इंस्पेक्टर अयोध्या, नगर निगम को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सार्वजनिक सुलभ शौचालयों का भी निरीक्षण किया गया उन्होंने सुलभ शौचालयों को चौबीस घंटे खुले रखने व निरंतर साफ सुथरा रखने के साथ ही रेट लिस्ट बाहर भी डिस्प्ले करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगरध्मेला अधिकारी सलिल पटेल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## द्वारकेश चीनी मिल प्रबंधन ने अठाना में की गन्ना विकास गोष्ठी

अयोध्या टाइम्स संवाददाता भुता। द्वारकेश चीनी मिल प्रबंधन ने क्षेत्र के गांव में गोष्ठी का आयोजन कर गन्ना किसानों को आय दोगुनी करने के बारे में चर्चा की गन्ना किसानों ने गोष्ठी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया!

क्षेत्र के ग्राम अठाना में ग्राम प्रधान रामकृष्ण गंगवार के घर पर गन्ना विकास गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे चीनी मिल से मुख्य प्रबंधक उपेंद्र उपाध्याय , अतिरिक्त प्रबंधक प्रवीण सिंह ने ऑनलाइन घोषणा पत्र , ऑनलाइन नये सदस्य, पेड़ी प्रबंधन, मानसून व शारद कालीन गन्ने की बुवाई साथ ही अग्रि इनपुट के बारे में विस्तार से चर्चा की किसान की आय दुगनी करने के दिये टिप्स दिए जिसमे निकट ग्राम सुनोर गोटिया , अठायन सुनोरामुरारपुर के भी गणमान्य किसानों ने भाग



लिया ,चीनी मिल के अधिकारी चंद्रवीर व पवन पटेल भी उपस्थित थे वही ग्राम उठाना के कृषक अखिलेश गंगवार के नर्सरी प्लॉट सी ओ0 15023,सी ओ सस 13235 का भी धमाका गोष्टी के बाद किसानों ने अच्छी फसल के लिए जोरदार बधाइयां दे चुके हैं। गोष्टी में द्वारकेश से आए अधिकारियों ने क्षेत्र के किसानों को गन्ने की अच्छी फसल उगाने आदि के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई उन्हें उनकी बात को गंभीरता से सुना अंत में मुख्य प्रबंधक ने सभी का आभार जताया।

## दर्शन करने गई महिला के गले से चौन स्नैकर ने चौन पर किया हाथ साफ

दैनिक अयोध्या टाइम सुधीर बंसल रूदौली,अयोध्या। अयोध्या जिले के अमानीगंज क्षेत्र में स्थित गहनागन मन्दिर में मेला जो नागपंचमी पर प्रतिवर्ष आयोजित होता है जहां हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होते हैं आज रुदौली नगर के मो0 सोफियाना पूर्वी के निवासी नवीन श्रीवास्तव व उनकी माताजी दर्शन हेतु गहनागन मन्दिर गए हुए थे इसी बीच भीड़ में किसी ने उनकी माता जी के गले की चौन पर हाथ साफ कर दिया। नवीन श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया कि वह लगभग 12रू00 बजे गहनागन मन्दिर दर्शन हेतु वहां पर उपस्थित हुए इसी बीच किसी ने माताजी की चेन पर अपना हाथ साफ किया उन्होंने खण्डासा थाने पर आंनलाइन शिकायत उप– निरीक्षक राजेश कुमार चौरसिया से की और पुलिस विभाग से छानबीन कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत एक घायल

पवन कुमार सोहावल,अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सत्तीचौरा क्षेत्र में बीती देर शाम बसहा चौराहा पर देर शाम सड़क पार करते हुए अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पुलिस चौकी क्षेत्र रतनपुर गाँव निवासी कुलदीप शर्मा पुत्र वैद्यनाथ शर्मा उम्र लगभग 28 वर्ष की मौत हो गयी। दूसरी घटना बरेसर बरई कला के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर नबाबगंज गोंडा से आ रही वैन खड़ी ट्रक में पीछे से घुस गयी। कार में सवार राज कुमार पुत्र ओम प्रकाश गंभीर रूप, से घायल हो गये ।कार में बैठी एक महिला तीन बच्चों को ग्रामीणों ने सकुशल बाहर निकाला। मौके पर पहुचे पुलिस कर्मियों ने घायल को इलाज के लिए चिकित्सालय भेजवाया।

## समाजसेवी ने मन्दिर के लिए सड़क व लाइट की कराई व्यवस्था

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज अंतर्गत ग्राम नेमा का पुरवा में माताजी का मंदिर पीएनसी द्वारा मेन रोड से शिफ्ट करके रोड से लगभग 100 मीटर अंदर बनाया गया है जिस पर ना तो आने जाने की व्यवस्था थी ना ही लाइट की कोई व्यवस्था थी। जिसकों लेकर समाजसेवी राजन पाण्डेय ने अपने बेटों जिला पंचायत सदस्य अंकित पाण्डेय, अतिम व छोटे भाई बम बहादुर व त्रिलोकीनाथ के बच्चों



अतुल पांडे, अमन पांडे, अश्मित पांडे आदर्श पांडे, व शुक्लाजी गांव के सारे बच्चों ने मिलकर के पेवर ब्लॉक ईंट को ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर बरसात में माता जी के स्थान पर ले जाकर मिट्टी डालकरके दो मीटर चौड़ा पेवर ब्लॉक ईंट लगाया और एक सोलर लाइट भी लगाई गई। सभी ने कड़ी मेहनत से चार–पांच घंटे के अंदर मन्दिर तक आने जाने का रास्ता बनाया। इसके पहले मन्दिर आने–जाने में श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ रही थी।

## शिक्षकों ने वेतन न मिलने पर आन्दोलन की दी धमकी

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुटके जिला मंत्री आलोक तिवारी के नेतृत्व में शिक्षक प्रतिनिधियों ने मुख्य कोषाधिकारी से मिलकर वार्ता की। इस मौके पर मुख्य कोषाधिकारी अयोध्या ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर सेआपत्ति का निस्तारण कर दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि 24 घंटे के अंदर वेतन भुगतान कर दिया जाएगा । शिक्षक प्रतिनिधियों की ओर से की गई शिकायत को संज्ञान में लेते हुए कुछ आपत्तियां दर्ज की गई । जिसको जिलाधिकारी अयोध्या की ओर से संज्ञान में लिया गया है। सैकड़ों शिक्षकों ने यह भी मांग की कि मेरे विद्यालय में कोई भी तदर्थ शिक्षक नहीं है। वेतन भुगतान होना चाहिए। जिस पर कोषाधिकारी ने बताया कि मेरे कार्यालय में अभी तक किसी भी माध्यमिक विद्यालय का वेतन बिल पारित होने नहीं आया है । मंडल अध्यक्ष रामानुज तिवारी एवं महानगर अध्यक्ष अनूप पांडेय ने वार्ता में कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से प्रस्तुत वेतन बिल यदि दो दिन के अंदर पारित नहीं हो जाता तो शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एवं मंडल अध्यक्ष के संरक्षण में शिक्षा भवन पर अनिश्चितकालीन धरना एवं आंदोलन प्रारंभ करेगा। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ शिक्षक नेता विनोद कुमार मिश्र एवं एसएसबी इंटर कॉलेज के सम्मानित शिक्षकगण मौजूद रहे।

## फिरोजाबाद से टेंपो में आ रही महिला को नशीला पदार्थ सुंघा कर आभूषण लूट ले गए टप्पे बाज बेसुध महिला को रास्ते में फेंका

संवादाता सभा जीत बर्मा आगरा फतेहाबाद। फिरोजाबाद से फतेहाबाद होते हुए अपने गांव सबोंरा पिनाहट जा रही एक महिला को टेंपो में बैठे टप्पेबाजों ने नशीला पदार्थ सुंघा दिया। तथा उसके आभूषण उतार कर ले गए। तथा सुनसान रास्ते पर महिला को बेसुध अवस्था में फेंककर भाग गए। राहगीरों ने इसकी सूचना 112 पर पुलिस को दी वहीं महिला के परिजन मौके पर पहुंचे तथा महिला को अपने साथ ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिनाहट के सबोरा निवासी गीता देवी पत्नी जय सिंह राठौर फिरोजाबाद से अपने भाई के घर से लौट रही थी। फतेहाबाद तक के लिए वह एक टेंपो में बैठ गई, जहां टप्पे वालों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघा कर बेसुध कर दिया तथा उसके कान, गले तथा पैरों में से सोने, चांदी के आभूषण उतार कर ले गए। साथ ही टेंपो चालक महिला को फतेहाबाद के बाईपास रोड पर सड़क के किनारे फेंक कर भाग गया। 1 घंटे तक महिला व्यवस्था में सड़क के किनारे पड़ी रही। जब उसे होश आया तो उसने आसपास की जानकारी दी। इसके बाद एक ग्रामीण ने इसकी सूचना 112 पर पुलिस को दी। घटना की जानकारी पर पीआरबी के साथ–साथ फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा आसपास के लोगों से जानकारी की। वही थोड़ी देर बाद पहुंचे महिला के पति जय सिंह ने बताया कि यह अपने भाई के घर से वापस लौट रही थी। जहां टप्पे वालों ने रास्ते में घटना को अंजाम दे दिया बाद में महिला के परिजन उसे अपने साथ उपचार के लिए ले गए। पुलिस उक्त टेंपो चालक को तलाश कर रही है जिससे टप्पे बाजो के बारे में सुराग लग सके।

# बजरंगी चौक के पास बाइक सवार ने लूटा 20000



संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यार्थी प्रखंड के बाजिदपुर वार्ड संख्या 11 के निवासी सिंगेश्वर पासवान अपने घर से करीब 11:00 बजे भारतीय स्टेट बैंक विद्यापति नगर में पैसा निकालने के उद्देश्य से निकले और बैंक से 20000 निकालकर 12 बज कर 46 मिनट और 20 सेकेंड पर बैंक से बाहर निकले और पैदल ही अपने घर के लिए रवाना हुए जो करीब 1 बज कर 20 मिनट पर बजरंगी चौक से आगे बढ़े इसी क्रम में दो अज्ञात बाइक सवार ने उनके हाथों में से एक बैग जिसमें बैंक से निकाला गया। 20000 बैंक पासबुक आधार कार्ड एवं एक फोटो था उसे छीन कर दोनों बाइक सवार रफूचक्कर हो गया। हल्ला गुल्ला करने पर आसपास के लोग जुटे लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। वही सिंगेश्वर पासवान इसकी सूचना आवेदन देकर विद्यापति थाना प्रभारी को दिया।जिस सूचना को पाकर थाना प्रभारी महोदय ने अपनी टीम को भेजकर बैंक के सी सी टी वी कैमरे से इसकी पुष्टि की और साथ में यह आश्वासन दिया कि इस घटना की जांच पड़ताल हम ईमानदारी से करेंगे।गौरतलब हो कि यह घटना कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन विद्यापति भारतीय स्टेट बैंक से पैसा निकाल कर घर जाने के क्रम में ऐसी कई वारदात हो चुकी है।साथ ही बैंक में लगे कैमरे जो कि रोड के तरफ से है। वह कैमरा पूरे रोड का दृश्य ठीक से नहीं दिखा पाता है जिसको लेकर कई बार प्रशासन के द्वारा मौखिक रूप से बैंक प्रबंधक महोदय को कहा भी गया लेकिन अभी तक स्थिति जस की तस बनी है जो एक चिंता का विषय है।

# रुपए की लेनदेन को लेकर 25 वर्षीय युवक को पेट में मारी गोली हुई जख्मी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा जिले से जहां सौरबाजार थानां अंतर्गत सुहथ गांव वार्ड नं 31 में 200 रुपया की लेन देन को लेकर



25 वर्षीय युवक अमित कुमार को बेखौफ अपराधियों ने पेट में गोली मारकर जख्मी कर दिया।आनन फानन में परिजनों ने जख्मी युवक को सदर अस्पताल सहारा में भर्ती किया। जहां युवक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।वहीं पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर फर्द बयान लेकर जुटी छानबीन में।मालूम हो कि जख्मी युवक का नाम अमित कुमार है जो की सौरबाजार थाना अंतर्गत सुहथ गांव का रहने वाला बताया। मौसम यादव नामक अपराधी से जख्मी अमित 200 रुपया जो कर्ज दिया था वही पैसा का डिमांड किया।उसी 200 रुपया को लेकर दोनों में विवाद हुआ ,और विवाद इतना बढ़ गया कि मौसम यादव नामक अपराधी जख्मी अमित को घर से बुलाकर पेट में गोली मारकर फरार हो गया। परिजन मनीष कुमार की माने तो मौसम यादव के पास मेरे भाई का 200 रुपया था।वही पैसा का डिमांड जब आज मेरा भाई किया तो उसी बात को लेकर मौसम यादव ने पेट में गोली मारकर फरार हो गया। इस घटना को लेकर सौरबाजार थाना के एएसआई की माने तो जख्मी के परिजन से फर्द बयान लिया गया है ,फर्द बयान में बताया गया कि मौसम यादव से 200 रुपया जख्मी के द्वारा मांगा गया था,इसी बात को लेकर दोनों में बहस हुआ और आरोपी मौसम यादव गोली मारकर फरार हो गया।पुलिस जांच कर रही है और जो भी आरोपी का नाम आ रहा है इस घटना में उसकी जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# महावीरी झंडा में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुसूचित जाति के प्रेम शंकर पासवान ने भाग लिया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
पकरीदयाल नगर पंचायत के नेहरू चौक पर आयोजित नाग पंचमी के अवसर पर महावीरी झंडा में भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम शंकर पासवान ने भाग लिया। जहां पर भाजपा के जिला महामंत्री अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति रही।
उक्त अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम शंकर पासवान ने कहा कि हिंदुओं का आस्था भरा यह महावीरी झंडा यह संकेत देती है कि हम आपस में भाईचारे को कायम रखते हुए भक्ति भाव में लीन हो जाएं। भगवान बजरंगबली महावीर का पूजन नाग पंचमी के अवसर पर बड़े ही श्रद्धा भाव से लोग करते आ रहे हैं करते रहेंगे।
जिला के महामंत्री अशोक कुमार सिंह ने कहा कि मैं नाग पंचमी के अवसर पर जिला के सभी जनता जनार्दन अधिकारियों कार्यकर्ताओं को ह्रदय से नाग पंचमी के अवसर पर यह कहना चाहता हूं किया महावीरी झंडा हमें भाईचारा कायम करने का संदेश देता है, हमें भक्ति की ओर अग्रसर करता है, इसलिए क्षेत्रवासियों से अनुरोध करता हूं कि बड़े ही श्रद्धा और शांति भाव से जो आपने महावीरी झंडा को उत्सव के साथ मनाया है इसके लिए बहुत–बहुत शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

# साहिट कष्टहारा ग्राम में नाग पंचमी पर लगा भक्तों का तांता

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के कष्टहारा ग्राम वार्ड संख्या 14 में



श्रावण मास की पंचमी तिथि शुक्ल पक्ष के दिन राकेश झा भगत जी के दरवाजे पर माता विषहर की प्रतिमा पूजा प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी बड़े ही धूमधाम से किया गया।जिसे देखने के लिए आसपास के कई गांवों से सैकड़ों भक्तों ने आकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। वहीं मंदिर के पूजा में संकल्प कराने आए हुए पंडित जी संजीत कुमार झा उर्फ महाकाल बाबा ने बताया कि इस बार मौसम खराब होने के कारण कुछ लोगों की संख्या कम दिख रहा है। वही मौके पर पूजा के सहायक सदस्य छोटू झा, विश्वनाथ राय, रोशन झा, रमेश झा उर्फ बिरनी झा, रमण झा रामा, अविनाश झा, प्रभात सिंह, पवन पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

# जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह को ले जिलापदाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ स्तनपान शिक्षा और सहायता के लिए कदम बढ़ाएं की थीम पर स्तनपान सप्ताह मनाया जायेगा

☒ एक से सात अगस्त तक आयोजित होने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान जिला स्तर से लेकर ग्रामीण स्तर तक आयोजित किए जाएंगे विविध कार्यक्रम



किशनगंज । जिले में अगस्त का पहला सप्ताह विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है । इस दौरान प्रसूता व शिशुवती महिलाओं के बीच स्तनपान को बढ़ावा देने, शिशुओं, नन्हें बच्चों को बीमारी और कुपोषण से बचाने और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने का प्रयास किया जाएगा। इसी क्रम में मंगलवार को जिला सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में जिलापदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में विश्व स्तनपान सप्ताह को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने कहा कि मां का दूध नवजात के लिए अमृत समान होता है।जन्म से लेकर छह माह तक यदि एक नवजात शिशु को मां का दूध पिलाया जाए तो मां को 72 प्रतिशत स्वास्थ संबंधी विकार नहीं होते। 28 प्रतिशत ब्रेस्ट कैंसर में कमी आती है, 30: डायबिटीज में कमी आती है। जो मां अपने बच्चों को दूध पिलाती हैं तो उसमे से 17 प्रतिशत महिलाओं में हार्ट अटैक का खतरा कम होती है, साथ में 10: अन्य रोग में कमी आती है। 50: महिलाओं को थायराइड से बचाव हो सकता है मां का दूध बच्चों के लिए अमृत के समान है।वही जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि नवजात शिशुओं को आवश्यक रूप से देखभाल करने एवं धातृ महिलाओं द्वारा स्तनपान कराए जाने की भूमिका सबसे अहम मानी जाती है। इसको लेकर जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ सामुदायिक स्तर पर भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के एमओआईसी, बीएचएम एवं बीसीएम को जागरूक कराने को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया है। कार्यशाला में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर , एसीएमओ डॉ सुरेश प्रशाद , जिला कार्यक्रम पदाधिकारी , सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी , सभी सीडीपिओ , सभी प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य उत्प्रेरक शामिल हुए ।
स्तनपान शिक्षा और सहायता के लिए कदम बढ़ाएं "की थीम पर स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है
जिले के जिला योजना समन्वयक सह नोडल पदाधिकारी विस्वजित कुमार ने बताया की जिले में 2022 के स्तनपान शिक्षा और सहायता के लिए कदम बढ़ाएं "की थीम पर स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है द्यजन्म के तुरंत बाद से कराया जाने वाला स्तनपान ना सिर्फ उन्हें कई गंभीर रोगों से बचाता बल्कि उनके सम्पूर्ण विकास की सबसे महत्वपूर्ण सीढ़ी है।स्तनपान शिशुओं को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका हैद्य विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कहा है कि जन्म के एक घंटे से छह महीने तक शिशु को केवल स्तनपान कराना चाहिएद्य इसके बाद भी दो साल की उम्र तक स्तनपान जारी रखते हुए बच्चे को पोषक पूरक खाद्य पदार्थ देना चाहिएद्य स्तनपान को प्रोत्साहित करने और दुनिया भर में शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार के लिए तब से हर साल 01 अगस्त से 07 अगस्त तक वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक मनाया जाता हैं। स्तनपान में पिता की भूमिका भी अहम् अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश प्रशाद ने बताया की सूबे में वर्ष 2015–16 के मुकाबले वर्ष 2020–21 में (स्तनपान की प्रारंभिक शुरुआत) दर में गिरावट आई है। जिसे बढ़ाने के लिए जिले में टैगलाइन ये मौका छूटे ना, अंतर्गत अभियान चलाया जाएगा। वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य प्रसूता व शिशुवती महिलाओं के बीच स्तनपान के लिए जागरूकता बढ़ाना है, क्योंकि यह बच्चों के साथ–साथ माताओं के स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्तनपान की जिम्मेदारी माता के साथ साथ परिवार व मुख्य रूप से पिता की भी होती है। पिता द्वारा बच्चे की माता की देखभाल करना, माता को बच्चे के साथ अधिक समय व्यतीत करने व उचित तरीके से स्तनपान कराने प्रोत्साहित करना आदि तरीके से भूमिका निभाया जाता है। नियमित स्तनपान से नवजात में रोग–प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है जिले के सदर अस्पातल में कार्यरत महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उर्मिला कुमारी ने बताया की जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करने वाले नवजात शिशुओं में मृत्यु की संभावना 20 प्रतिशत तक कम हो जाती है। इसके साथ ही पहले छह महीने तक केवल स्तनपान करने वाले शिशुओं में डायरिया एवं निमोनिया से होने वाली मृत्यु की संभावना 11 से 15 गुना तक कम हो जाती है। स्तनपान करने वाले शिशुओं का समुचित ढंग से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है एवं वयस्क होने पर उसमें गैर संचारी (एनसीडी) बीमारियों के होने की भी संभावना कम होती है। इसके साथ ही स्तनपान कराने वाली माताओं में स्तन एवं ओवरी कैंसर होने का खतरा भी नहीं होता है।

☒ रोग–प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि

☒ मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता से शिशु मृत्यु दर में कमी

☒ डायरिया एवं निमोनिया के साथ कई गंभीर रोगों से बचाव

☒ सम्पूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास।

# स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटे लाई जिंग चेन्ज (C3) के संयुक्ततत्वावधान से सामाजिक एवम स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे के ऊपर एकदिवसीय अभिमुखी करण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
नगर भवन सभागार,मोतिहारी मे जिले के तीन प्रखंडों मोतिहारी, छौरादानो एवं तुरकौलिया के सभी ग्रामपंचायत के मुखियागन का पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटे लाई जिंग चेन्ज (ब्3) के संयुक्त तत्वावधान से सामाजिक एवम स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे के ऊपर एकदिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन सयुक्त रूप से डॉ. रणजीत कुमार अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, प्रभात कुमार जिला आपूर्ति आयुक्त , मोनू कुमार सीनियर डिप्टी कलेक्टर , यसवंत कुमार सीनियर डिप्टी कलेक्टर, श्रीमती नीरज सिंह, प्रखंड विकाश पदाधिकारी छौरादानो, डॉ. श्रवन पासवान प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी मोतिहारी ने किया प्रशिक्षण में सभी अतिथियों ने संबोधित किया तथा कहा कि मुखिया पंचायत का स्तंभ होते हैं गाँव की स्थानीय सरकार के रूप में एक स्वस्थ गाँव सुनिश्चित करने के लिए पंचायत प्रतिनिधि की अहम् भूमिका है द्य कोई भी योजना को सही क्रियान्वयन के लिए मुखिया का सहयोग आवश्यक है पंचायत का सही विकास तभी हो पाएगा जब हम सब मिलकर काम करें चाहे वह परिवार नियोजन का विषय हो,माँ एवं बच्चे के स्वास्थ का विषय हो, बाल विवाह या दहेज प्रथा हो। सरकार ने स्वास्थ्य सेवा खासकर परिवार नियोजन की सेवा लोगों तक पहुंचाने के लिए कई योजनाओं बनाई है। इन योजनाओं के सही क्रियान्वयन से समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस से न केवल समाज का विकास होगा बल्कि महिलओं के स्वास्थ्य एवं जीवन में बेहतर सुधार भी हो सकता है। पंचायत के प्रतिनिधि अगर इन योजनाओं के प्रसार–प्रचार एवं सामुदायि भागीदारी के लिए निरन्तर प्रयास करें तो जल्द ही पंचायत स्वस्थ एवं विकसित हो सकेगा।
कार्यक्रम के दौरान ब3 के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी पिंकी कुमारी ने कहा की राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण –5 (2019–20) के अनुसार देश में आज भी परिवार नियोजन के तरीकों को लेकर जागरूकता बहुत ज्यादा नहीं है. बिहार में परिवार नियोजन के तरीकों को लोग आज भी पूरी तरह अपना नहीं पाये हैं । सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद आज भी लोग परिवार नियोजन के तरीकों को नहीं अपनाते हैं, जिसका बुरा प्रभाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ता है और बार–बार गर्भवती होना और गर्भपात से महिलाएं एनीमिया जैसी बीमारी की शिकार हैं. जानकारों का मानना है कि आज भी समाज में ऐसी धारणा व्याप्त है कि परिवार नियोजन के तरीके उनके लिए सही नहीं हैं और इनका विपरीत प्रभाव उनपर पड़ता है, जबकि सच्चाई इससे परे है. परिवार नियोजन साधनों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ दृ साथ उन्हें इसके इस्तेमाल के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है द्य
प्रशिक्षण के दौरान ब3 कार्यक्रम अधिकारी आकाश कुमार, प्रशिक्षक अमित कुमार , मृत्युंजय कुमार ने तिभागियों को त्रिस्तरिया पंचायती राज संरचना, महिलायो के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे, सरकारी स्वास्थ्य संरचना एवम गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाने हेतू पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका., समाज मे किये जानेवाले लिंग आधारित भेद भाव एवं इसके रोकथाम हेतु पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दिया गया.साथ हीं विकशित एवं आदर्श ग्राम पंचायत बनाने मे ग्राम पंचायत विकास योजना की महत्व एवं भूमिका पर प्रकाश डाला एवं साथ ही साथ सभी प्रतिभागियों को अपने क्षेत्रों मे उत्साह और लगन के साथ उपरोक्त मुद्दों पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया. इस कार्यक्रम मे जिला समन्वअक आदित्य राज, जिला स्वास्थ समिति से जिला सामुदायिक उत्प्रेरक नंदन झा , अवधेश कुमार आदि ने भाग लिया।

# नरेश सीजापति पैदल यात्रा के दौरान समाहरणालय पूर्वी चंपारण मोतिहारी में अपर समाहर्ता आपदा, श्री अनिल कुमार से मिलने पहुंचे

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
नरेश सीजापति पैदल यात्रा के दौरान समाहरणालय , पूर्वी चंपारण, मोतिहारी में अपर समाहर्ता आपदा, श्री अनिल कुमार से मिलने पहुंचे । अपर समाहर्ता महोदय ने नरेश सीजापति के पैदल यात्रा की सफलता हेतु शुभकामना देते हुए कहा कि वे अपने मिशन में कामयाब हो। प्रवासी मजदूर की सम्मानजनक जीवन के संदेश के साथ भारत के 10 राज्यो में पैदल यात्रा कर रहे है नरेश सीजापति प्रवासी मजदूरों के सम्मानजनक जीवन की मकसद को लेकर 10 राज्यों के 5100 किमी के पदयात्रा के लक्ष्य को लेकर निकले गुजरात के नरेश सिजापति महाराष्ट्र से गुजरात मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ झारखंड बिहार उत्तरप्रदेश हरियाणा राजस्थान गुजरात की पैदल यात्रा पर है। वो भारत अति प्रवासी मजदूर वाले राज्यो में पैदल यात्रा कर उन राज्यों में प्रवासी मजदूरों को करीब से जानना चाहते है।
नरेश ने बताया 150 दिनों में 10 राज्यों के लक्ष्य को लेकर वह अभी तक 48 दिनों में वह अभी तक 6 राज्यों के लगभग 2300 किमी तक पदयात्रा कर चुके है। नरेश सीजापति ने बताया वह मुंबई से अपनी पदयात्रा शुरू कर गुजरात के 9 जिला, मध्यप्रदेश के 13 जिला, छत्तीसगढ़ के जंगल के साथ 5 जिला, झारखंड के 4 जिला होते हुए बिहार में प्रवेश किया था। नरेश बिहार के चार जिला होते हुए मोतिहारी पहुंचे है.नरेश ने बताया कि कल गोपालगंज होते हुए वह उत्तरप्रदेश के बाद दिल्ली पहुंचेने वाले है. दिल्ली में वह धरना पर बैठ प्रवासी मजदूरों की समस्या से प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को अवगत कराना चाहता है. नरेश ने कहा कि हिंदुस्तान के दिल बनाने वाले राज्यो में मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ झारखंड बिहार उत्तरप्रदेश हरियाणा राजस्थान आदि राज्यो में प्रवासी मजदूरों की संख्या ज्यादा है।
इन्ही राज्यो से प्रवासी मजदूर गुजरात, महाराष्ट्र,दिल्ली जैसे बड़े राज्यों में अपनी आजीविका की खोज में प्रवास पर जाते है। इस लिए सभी राज्य के जिलों का पदयात्रा करते हुए फिर वहीं पर अपनी पदयात्रा गुजरात में खत्म करेंगे. 48 दिनों के अपनी पदयात्रा को सफल बताते हुए नरेश ने बताया कि इस बीच वह कई मंत्री, जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवियों से मिलकर उनको प्रवासी मजदूरों की समस्या को उनके सामने रखा। साथ ही जिस जिले में जाते है उस जिलों से आरटीआई के माध्यम से मजदूरों के लिए बनाए गए सरकारी योजना और प्रवासी मजदूरों की जानकारी की मांग करते है. रास्ते में मिलने वाले मजदूरों के साथ अनुभव शेयर करते है उनको प्रवास में जाते समय ध्यान रखने वाली बाते और प्रवास में न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक , शारीरिक और मानसिक हिंसा से खुद को जागृत रखने के लिए बता रहे है। सुबह मजदूर चौक पर जाकर मजदूरों को उनके हक अधिकार के प्रति भी जागृत करते है और डिस्ट्रिक्ट के जिला अधिकारी से मिलकर समस्या की जानकारी देने की कोशिश करते है। मूल रूप से नेपाल के कर्णाली प्रदेश के दैलेख जिला के रहने वाले नरेश सीजापति के माता पिता कई साल पहले सपरिवार गुजरात के अहमदाबाद में जाकर बस गए.नरेश का बचपन बहुत ही विकट परिस्थितियों में गुजरा. वह बचपन से ही होटल और कंपनी में काम करते करते हुए एक स्वयंसेवी संस्था में डाटा एंट्री का काम करना चालू किया. लेकिन पढ़ने की ललक के कारण उनने 2018 में उद्यमिता में पोस्ट ग्रेजुएट किया. इसी बीच 2015 में वह प्रवासी मजदूरों की समस्या को देखते हुए पनाह फाउंडेशन नामक संस्था भी बनाया. यह संस्था लगातार प्रवासी मजदूरों



के समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत रहता है.साथ ही यह संस्था जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा और कानूनी सहायता प्रदान करती है.दो बच्चियों के पिता नरेश सीजापति का मजदूरों के लिए बहुत बड़ा सपना है।
लॉकडाउन में प्रवासी मजदूरों के लिए फ्लाइट टिकट , ऑक्सीजन, राशन , ऑटो एंबुलेंस जैसी बहोत सारी सेवा प्रदान कर लगभग 2.25 करोड़ से ज्यादा के का रिलीफ वर्क प्रवासी मजदूरों के लिए किया था।
पदयात्रा का उद्देश्य पर निकले नरेश सीजापति ने कहा कि प्रवासी मजदूरों का सूची किसी राज्य के पास मौजूद नही रहता है.नरेश ने कहा मजदूर किस राज्य से मजदूरी करने किस राज्य में जा रहा है इसकी सूची दोनों राज्यों से किसी राज्य के पास नही होता है.जिससे ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा मिल रहा है.बड़े बड़े कार्पोरेट घरानों के द्वारा ठेकेदारों से मिल प्रवासी मजदूरों का शोषण किया जा रहा है.मजदूरों को कंपनी द्वारा मिलने वाली सुविधा से वंचित होना पड़ता है. प्रवासी मजदूरों के लिए ज्यादातर राज्यो में प्रवासी मजदूरों के लिए सरकारी योजना या सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध नहीं है। नरेश सीजापति ने बताया कि वह प्रवासी मजदूरों की सूची बनाना चाहते हैं जिससे उनको कार्य करने वाली जगहों पर सारी सुविधा मिल सके और प्रवासी मजदूरों का शोषण बंद हो ये उनका मुख्य उद्देश है। भारत के दस राज्यो में घूम कर अलग अलग प्रकार के प्रवासी मजदूरों से मिलकर गांव में जाकर प्रवासी मजदूरों और उनके रहन सहन और उनके अनुभव के बारे में जानना और समझना उनका एक उद्देश है।

# संक्षिप्त समाचार

## बाइक का लॉक तोड़कर चंद सेकेंड में दरवाजे से मोटरसाइकिल ले उड़ा चोर

हरसिद्धि अनिल कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स हरसिद्धि। पूर्वी चंपारण में बाइक चोरों का आतंक काफी बढ़ गया है. शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाइक चोर सक्रिय हो गए हैं.



बाइक चोरी की बढ़ी घटनाओं से लोग परेशान हो गए हैं. बीती रात हरसिद्धि थाना क्षेत्र स्थित चडरहिया गांव से बाइक चोरी की सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. जिसमें दिख रहा है कि एक चोर बड़े आराम से आता है और पहले बाइक के लॉक को खोलता है. फिर गाड़ी लेकर फरार हो जाता है.जानकारी के मुताबिक हरसिद्धि थाना क्षेत्र के चडरहिया गांव के रहने वाले पूर्व मुखिया योगी सिंह के दरवाजे से उनकी बाइक चोरी हो गई. चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई. दरवाजे पर योगी सिंह के बाइक के अलावा एक अन्य बाइक खड़ी है. इसी बीच एक युवक सिर पर तौलिया रख कर आता है और दरवाजे पर खड़ी बाइक का लॉक तोड़कर दूसरी तरफ खड़ा कर देता है. फिर वह सड़क पर जाता है. उसके बाद लौट कर लाता है और गाड़ी को बिना स्टार्ट किए धकेल कर कुछ दूर ले जाता है और वहां से गाड़ी को स्टार्ट कर फरार हो जाता है. बाइक चोरी की घटना को लेकर पूर्व मुखिया ने थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है. उन्होंने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी दिया है. बाइक चोरी की घटना को लेकर हरसिद्धि थानाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद सिंह ने बताया कि पूर्व मुखिया ने बाइक चोरी का आवेदन दिया है. सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान कराई जा रही है. जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पटोरी में हुआ पंडित कुशल दास जी का भव्य कार्यक्रम,उमड़ी भीड़

(अश्विनी कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटोरी, समस्तीपुर)
समस्तीपुर के पटोरी में आदर्श कला मंच के सौजन्य से तथा स्पिक्मैके के बैनर तले मंगलवार को सुबह 10 बजे सितार वादन के कार्यक्रम का शानदार आयोजन हुआ।पटोरी की धरती पर पहली बार सितार वादन कार्यक्रम का उत्साह लोगो में देखने योग्य था। लोगों में इस आनंद की अनुभूति देने का काम किए विश्वविख्यात सितार वादक पंडित कुशल दास जी ने,वहीं तबले पर उनका साथ दिया पंडित मिथिलेश झा जी ने। इस कार्यक्रम का संचालन माननीय श्री रंजीत निर्गुणी जी तथा उमा सर ने की।इस मौके पर दीपक सर,मनोज सर,मनोरंजन कुमार जी,संतोष चौधरी जी,बसंत सर तथा हजारों की संख्या में सम्मानित दर्शक मौजूद थे। कार्यक्रम की तैयारी में लगे आयोजक मंडली की पूरी टीम ने बखूबी अपना काम किया। नेहा,जुगनू,नागेश्वर और अमरजीत ने बेहतरीन रंगोली बनाया। दर्शकों ने ऐसे बेहतरीन कार्यक्रम के आयोजन के लिए श्री रंजीत निर्गुणी जी तथा उमा सर को धन्यवाद दिया।

## बगहा नगर परिषद अंतर्गत एमएलसी भीष्म सहनी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण माहौल में महावीरी झंडा निकाली गई

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र बगहा में नागपंचमी और हनुमान जयंती के पावन अवसर पर बगहा नगर थाना के विभिन्न वार्डों के मुहल्ले में एम एलसी भीष्म साहनी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण माहौल में जैसे



मलपुरवा,मल्लाही टोला, रत्नमाला,गोड़ीया पट्टी , दीन दयाल नगर, बनकटवा से माहवीरी ध्वज के साथ भव्य जुलूस बगहा नगर थाना के प्रांगण मे पहुचा, साथ ही साथ प्रख्यात चतुरी भगत का अखाड़ा डोल और हनुमान जी की प्रतिमा के साथ पहुंचा।वही गंफा भगत का अखाड़ा हनुमान जी की भव्य मूर्ती के साथ दीनदयाल नगर से चल कर गाजे बाजे के साथ बगहा नगर थाना के प्रांगण मे पहुंचा ।जुलूस की अगुवाई विधान परिषद सदस्य भीष्म सहनी ने किया। वही बगहा आदर्श थाना के प्रांगण मे नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने महावीरी ध्वज और अखाड़ों का स्वागत किया। जहां नगर थाना प्रांगण मे महावीरी झंडा मेला का आयोजन भी हुआ।जहां दूर दराज से लोग हनुमान प्रतिमा और महावीरी ध्वज के दर्शनार्थ और मेला देखने आये। बताते चले कि ये मेला लगभग चालीस साल से नगर थाना परिसर मे लगता आ रहा है।जहा लोग भारत की गंगा जमुनी परंपरा का अनूठा परिचय देते हुए शासन प्रशासन और विधान पार्षद को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पंचायत समिति सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

बीरपुर अनुमंडल ब्यूरो चन्दन रजक सुपौल। प्रतापगंज और बसंतपुर प्रखंड के 27 नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रतापगंज प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित टीसीपी भवन में किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन पंचायत राज पदाधिकारी शिल्पा कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में जिला पंचायत संसाधन केंद्र से आए जिला प्रशिक्षण पदाधिकारी रूपेश कुमार सिंह के द्वारा पंचायती राज के उद्धम बिकास,पंचायत समिति के कार्य और उत्तरदायित्व के अलावे बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।वही दूसरे प्रशिक्षक दिनकर कुमार के द्वारा निगरानी समिति




तथा स्थाई समिति की कार्यों तथा उत्तरदायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान कुल दोनो प्रखंड के 27 समिति सदस्यों ने भाग लिया।
बीपीआरओ शिल्पा कुमारी ने बताया कि प्रशिक्षण पाने के बाद पंचायत समिति सदस्य दक्ष होंगे। कार्य शक्ति तथा तत्वों की जानकारी मिलने के बाद वे अपने अपने क्षेत्र में ठीक ढंग से विकास योजनाओं को लागू कर सकेंगे। इससे विकास योजनाओं को शत–प्रतिशत धरातल पर उतारने में सहूलियत होगी।

## पुपरी एसडीओ एवं डीएसपी ने क्षेत्र भर्मण कर लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मोहर्रम पर्व मनाने की अपील

बोखड़ा। मोहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए पुपरी एसडीओ नवीन कुमार एवं डीएसपी बिनोद कुमार ने मंगलवार को बीडीओ रीता कुमारी एवं बोखड़ा पुलिस पिकेट के प्रभारी त्रिपुरारी कुमार के साथ गांवो में भर्मण कर लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील किया। एसडीओ एवं डीएसपी ने प्रखंड के बनौल,बोखड़ा, भाउर, झिटकी, सिंघचौड़ी,महिसौथा व पकटोला समेत कई गांवों का भर्मण कर पूर्व में मनाई गई पर्व त्योहारों के बारे में स्थानीय लोगों से फीड बैक लिया एवं मोहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।अधिकारियों ने कहा की गड़बड़ी करने वाले किसी भी सूरत में बख्से नही जाएंगे।उनके विरुद्ध सख्त करवाई की जाएगी। एसडीओ ने लोगों से अफवाह से बचने एवं असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने एवं इसकी सूचना अबिलम्ब प्रशासन को देने की जानकारी दी। एसडीओ एवं डीएसपी ने गांवो के भर्मण के उपरांत चकौती पंचायत के पकटोला में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों के साथ मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की।इसमें एसडीओ नवीन कुमार ने उपस्थित लोगों से एक दूसरे को सहयोग करते हुए आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण ढंग से मोहर्रम पर्व मनाने की अपील की।स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित लोगों ने भी पर्व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का आश्वासन अधिकारियों को दिए।एसडीओ एवं डीएसपी ने कई गांवों में ताजिया के लाइसेंस धारी व



वहां के कुछ स्थानीय लोगों के नाम व उनके संपर्क नम्बर भी लिए।मौके पर बीडीओ रीता कुमारी, बोखड़ा पुलिस पिकेट के प्रभारी त्रिपुरारी कुमार, अंचल निरीक्षक रामप्रकाश सिंह,बोखड़ा प्रखंड प्रमुख सुधीर कुमार साह, पूर्व उपप्रमुख आफताब आलम मिंटू, चकौती पंचायत के मुखिया अशोक कुमार कामत, समाजसेवी सरोज कुमार,प्रमोद कुमार,अजय साह, पंचायत समिति सदस्य पंकज कुमार एवं मोहन दास के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## रक्सौल अनुमंडल के विभिन्न स्थानों पर सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ महावीरी झंडा महोत्सव, पुलिस प्रशासन मुस्तैद

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। रक्सौल अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में मंगलवार को नागपंचमी के अवसर पर एक दिवसीय महावीरी झंडा महोत्सव बड़ी धूमधाम से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ! रक्सौल अनुमंडल अंतर्गत रक्सौल नगर व भेलाही बाजार, छौड़ादानो प्रखंड के दर्पा पिपरा सहित अन्य स्थानों पर भी नाग पंचमी के अवसर पर महावीरी झंडा महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से की गई थी, इसमें विधि व्यवस्था के संधारण के लिए पुलिस प्रशासन की






ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।
इसको लेकर गांव के चप्पे–चप्पे एवं शहर के प्रत्येक मोड़ पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात रहे. रक्सौल नगर के कोइरिया टोला नागा रोड मौजे लक्ष्मीपुर में पुलिस प्रशासन व नगर के गणमान्य समाजसेवियों के देखरेख में महावीरी झंडा विशाल जुलूस के साथ महोत्सव स्थल पर पहुंचा. महोत्सव स्थल पर दिन के 11 बजे भगवान श्री राम के परम भक्त संकट मोचन बजरंगबली हनुमान की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना एवं आरती हुई. सभी जुलूस के साथ नृत्यमंडली भी थी ,जो महोत्सव परिसर में अपने अपने तरीके और करतब के साथ नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों लोगों को मंत्रमुग्ध किए हुए थें।

## देवहलिया पंचायत में बंद पड़े चापाकलों की नहीं हुई मरम्मत

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बीते सप्ताह डीडीसी गजेन्द्र सिंह द्वारा जांच के दौरान बंद पड़े सभी चापाकलों को शीघ्र मरम्मत करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन आज तक बंद चापाकलों को ठीक नहीं किया गया।
जबकि पीएचईडी विभाग से लेकर मनरेगा विभाग के भी अधिकारी मौजूद थे। यह मामला देवहलियां पंचायत का है। डीडीसी ने देवहलियां पंचायत में सभी योजनाओं के साथ विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, नलजल योजना व बंद चापाकलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली थी। मौके पर मौजूद पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को बंद चापाकलों को शीघ्र चालू कराने का निर्देश दिया। इसके बाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी जलापूर्ति योजना व खराब हैंडपंपों को चालू कराने का निर्देश दिया था। लेकिन उनके निर्देश पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। बैठक के दौरान उन्होंने भूजल स्तर के लगातार गिरने पर चिंता जाहिर की थी तथा संबंधित पदाधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया था। पंचायत के पैक्स अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ने बताया कि एक भी खराब चापाकल ठीक नहीं किया जा सका। बल्कि वार्ड नंबर चार व पांच की जलापूर्ति योजना जो पीएचईडी विभाग द्वारा लगी है वह भी बंद हो गई है।

## लगातार कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि लोगों में दहशत का महौल

(सत्य नारायण कामत दैनिक अयोध्या टाईम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ निर्मली सुपौल)। कोसी नदी में जलस्तर बढ़ने की संभावना को लेकर कई गांवों में दहशत बना हुआ है स तटबंध के भीतर बसे लोगों के कई घरों में पानी घुस गई है और दियारा क्षेत्र पालर पर बसे लोगों के जान माल का खतरा बना हुआ है स कोसी बराज से देर साम तक 2 लाख 37 हजार 445 क्युसेक् पानी छोड़ा गया जिससे नदी के पानी में वृद्धि ज्यादा हो गई है जिसके कारण लोगों को नदी पार करने मे कठिनाईयों का सामना करना पर रहा है। तटबंध के भीतर धान की खेती, व साग सब्जी में पानी घुस जाने से वर्वाद होने की संभावना बनी हुई हैं। वही पलार पर बसे ग्रामीण – भोला मेहता, रामचंद्र मेहता, उपेंद्र पासवान, किशन मुखिया, पन्ने लाल सदा अमरेंद्र मेहता इत्यादि का कहना है कि नदी में सरकारी नाव नहीं होने के कारण आर पार करने में भाड़ी परेसानियों का सामना करना पर रहा है, इन सब बातों का ध्यान विभाग को रखने की अति आवश्यक है।



## डीएम की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के कार्यो की हुई गहन समीक्षा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री, जिलाधिकारी किशनगंज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री द्वारा उक्त बैठक में निम्नांकित निदेश दिए गए
1 जिला शिक्षा पदाधिकारी,सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ठम्ैज ।चच के माध्यम से विद्यालय निरीक्षण करने का निदेश दिया गया। 2.आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान में बढ़ चढ़ कर विद्यालय की भागीदारी करने,बच्चो को प्रोत्साहित कर उनके घर पर तिरंगा फहराने,व्यापक स्तर पर प्रचार – प्रसार करवाने ,विद्यालयों, प्रखंडों और जिला स्तर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, प्रभात फेरी कार्यक्रम आयोजित करने हेतु कार्ययोजना निर्धारित करने का निदेश दिया गया। 3. चयनित विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने हेतु विद्यालयवार आधारभूत संरचना, वर्गकक्ष, छात्रध्छात्राओं का नामांकन एवं उपस्थिति, विषयवार शिक्षकों की संख्या, खेल मैदान, शारीरिक शिक्षक की उपलब्धता, पुस्तकालय आदि के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन की मांग की गई। 4.विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधि के साथ साथ बिजली,पंखा, बल्ब,बेंच डेस्क आदि उपलब्धता सुनिश्चित करवाने हेतु नियमित देखरेख करने का निर्देश दिया गया। 5 नगर पंचायत एवं



नगर परिषद् अन्तर्गत विद्यालयों के शौचालयों की सफाई संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी के सहयोग से कराने हेतु प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सहायक अभियंता/कनीय अभियंता को निदेशित किया गया। 6 विद्यालयों के नल का जल की उपलब्धता हेतु सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सहायक अभियंता/कनीय अभियंता को कार्यपालक पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने एवं विद्यालयों में नल का जल की उपलब्धता कराने हेतु निदेशित किया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पी०एम० पोषण, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## सामाजिक एवं स्वास्थ्य के मुद्दे पर एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। नगर भवन मोतिहारी के सभागार में जिले के तीन प्रखंडों मोतिहारी, छौड़ादानो एवं तुरकौलिया के सभी ग्रामपंचायत के मुखिया का पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटेलाईजिंग चेन्ज के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक एवं स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे पर एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सयुक्त रूप से डॉ. रणजीत कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, प्रभात कुमार, जिला आपूर्ति आयुक्त, मोनू कुमार, सीनियर डिप्टी कलेक्टर, यशवंत कुमार, सीनियर डिप्टी कलेक्टर, नीरज सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी छौड़ादानो, डॉ. श्रवण पासवान, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी मोतिहारी ने किया।
प्रशिक्षण में वक्ताओं ने कहा कि मुखिया पंचायत के स्तंभ होते हैं। गाँव की स्थानीय सरकार के रूप में उनकी अहम् भूमिका है। परिवार नियोजन का विषय हो, माँ एवं बच्चे के स्वास्थ का विषय हो, सरकार ने स्वास्थ्य सेवा खासकर परिवार नियोजन की सेवा लोगों तक पहुंचाने के लिए कई योजनायें बनाई है। इन योजनाओं के सही क्रियान्वयन से समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस से न केवल समाज का विकास होगा बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य एवं जीवन में बेहतर सुधार भी हो सकता है। परिवार नियोजन के साधनों के प्रति लोगों को जागरूक करने की है आवश्यकता– कार्यक्रम के दौरान सी3 की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी पिंकी कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–5 (2019–20) के अनुसार, देश में आज भी परिवार नियोजन के तरीकों को लेकर जागरूकता बहुत ज्यादा नहीं है। बिहार में परिवार नियोजन के तरीकों को लोग आज भी पूरी तरह अपना नहीं पाये हैं। जिसका बुरा प्रभाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ता है। बार–बार गर्भवती होना और गर्भपात से महिलाएं एनीमिया जैसी बीमारी की शिकार हो जाती हैं। जानकारों का मानना है कि आज भी समाज में ऐसी धारणा व्याप्त है कि परिवार नियोजन के तरीके उनके लिए सही नहीं हैं और इनका विपरीत प्रभाव उनपर पड़ता है। जबकि सच्चाई इससे परे है। परिवार नियोजन साधनों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ दृ साथ उन्हें इसके इस्तेमाल के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक आदित्य राज, जिला स्वास्थ समिति से जिला सामुदायिक उत्प्रेरक नंदन झा, अवधेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## नागपंचमी एवम महबिरी झंडा पर्व हर्षोउल्लास के साथ शांति पूर्वक मनाई गई

नीरज कुमार सिन्हा अनुमंडल ब्यूरो चीफ ढाका पुर्बी चम्पारण दैनिक अयोध्या टाइम्स पुर्बी चंपारण। घोड़ासहन श्री पुर कवैया मंगलवार को नागपंचमी एवं महावीरी झंडा का पर्व मनाया गया। बता दें कि घर के द्वार पर गोबर से सर्प की आकृति बनाने पर आर्थिक स्थिति मजबूत होती है साथ ही घर में विपत्तियां दुर होती है।नाग पंचमी के दिन पूजा करने पर नाग देवता खुश होकर हर मनोकामना पूरी करते हैं।श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नागपंचमी का पर्व पूरे देश में मनाया जाता है। बताया जाता है कि सनातन धर्म में देवी देवताओं के साथ–साथ हनुमान जी का ध्वजारोहण भी की जाती है। पूरे वैदिक विधान के साथ मंडप में हनुमान जी की प्रतिमा बैठाई जाती हैऔर पूरे हर्षोल्लास के साथ मंडप को गांव में घुमाई जाती हैं और मेले का आयोजन भी किया जाता है दूरदराज के लोग मेले का आनंद लेते हैंऔर मेले का आयोजन करता पूर्व मुखिया संजीव कुमार उर्फ मंटू जी करते हैं पूजा अर्चना करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है वहां जहर देवी के मंदिर का आस्था का केंद्र बन जाता है। इसी कड़ी में भगवान भोलेनाथ के गले में लिपटे रहने वाले नाग देवता की भी पूजा करने का पौराणिक मान्यता है और विधान है। इस दिन सिर्फ मंदिरों में ही नहीं बल्कि घर–घर में नागदेवता की पूजा करने का विधान है। जो भी इस दिन श्रद्धा एवं भक्ति से नागदेवता का पूजन करता है उसे एवं उसके परिवार को कभी भी सर्प भय नहीं होता। इस दिन शिवपुजन के साथ साथ शिवजी के गले में विराजमान नागों की पूजा करे। नागों को हल्दी,रोली,चावल और फूल अर्पित करें। इसके बाद धान का लावा कच्चा दूध प्रतिकात्मक रूप से अर्पित करते है। घर के मुख्य द्वार पर गोबर से सर्प की आकृति बनाएं और इसकी पूजा करें।घर के मुख्य द्वार पर सर्प की आकृति बनाने से जहां आर्थिक लाभ होता है,वहीं घर पर आने वाली विपत्तियां भी टल जाती है। जिससे नागदेवता प्रसन्न होकर हर मनोकामना पूरी करते हैं। पूर्ण रूप से हमारे खर्सलवा कैंप एसएसबी के जवान और झारोखर थाना प्रभारी पूर्ण रूप से मौजूद रहते हैं और पूरी निगरानी व देखरेख में रहते हैं।



## मिथिलेश विजय यादव जी ने सैकड़ों समर्थकों के साथ विकासशील इंसान पार्टी की सदस्यता ग्रहण की



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना के 6,स्ट्रैंड रोड स्थित जुब्बा सहनी सभागार में वीआईपी पार्टी के विचारधारा, कार्यशैली, संघर्ष एवं बिहार में बढ़ते ताकत को देखते हुए राजद छोड़कर श्री मिथिलेश विजय यादव जी ने सैकड़ों समर्थकों के साथ विकासशील इंसान पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।
श्री मिथिलेश विजय यादव जी लोकसभा चुनाव से ही हमसे जुड़ें हुए थे, इनको वीआईपी पार्टी में आने से कोशी क्षेत्र के सहरसा, मधेपुरा एवं खगड़िया सहित कई जिलों में पार्टी को मजबूती मिलेगी। सभी सदस्यों का वीआईपी परिवार में हार्दिक स्वागत है। हमें पूर्ण विश्वास है कि सभी साथीगण पार्टी के प्रति निष्ठावान रहते हुए पार्टी के समाजहित के कार्यों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाएंगे। वीआईपी पार्टी में श्री मिथिलेश विजय यादव, श्री लालू यादव, श्री सुनील यादव, श्री रितेश यादव, श्री पप्पू यादव, श्री मनोज यादव, श्री अनिल यादव, श्री गुड्डू यादव, श्री घनश्याम यादव, श्री अशोक यादव, श्री अरविन्द यादव, श्री देवेश यादव, श्री मोहन यादव, श्री चन्दन सिंह, श्री हरिचन्द्र यादव, श्री अनुरुद्ध कुमार मुखिया, श्री तुरंती दास, श्री रुपेश यादव, श्री राजेश चौधरी, श्री निर्भय कुमार चौरसिया, श्री सरोज कुमार मोदी, श्री पंकज पोद्दार, श्री प्रमोद चौधरी, श्री गणेश सिंह, श्री मुकेश चौधरी, श्री राजेश कुमार भगत, श्री रणवीर यादव सहित कई साथीगण पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## कोरोना टीका से वंचित लोगों को स्वास्थ्य विभाग करेगी फोन, प्रखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने के लिए जिला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग–अलग उम्र के लाभार्थियों को कोविड–19 का टीका लगाया जा रहा है। टीकाकरण के लक्ष्य को शत–प्रतिशत हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में प्रयास तेज किया गया है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि कोविड टीकाकरण की रफ्तार में तेजी लाने और वंचित लोगों को सूचित करने के लिए सभी प्रखंडों में कंट्रोल रूम स्थापित किये जायेंगे। कंट्रोल रूम से प्रतिदिन टीका से वंचित लोगों को फोन कर उन्हें टीका लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा प्रखंड स्तर पर माइक्रोप्लान बनाया जा रहा है। आशा, आंगनबाड़ी, जीविका सदस्य आदि ड्यू लिस्ट के अनुरूप लाभार्थियों का टीकाकरण कराएंगी। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि टीकाकरण से वंचित खासकर 12–14 साल के आयु वर्ग के किशोरधकिशोरी व योग्य लाभुकों को प्रीकॉशन डोज पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिले में अभी तक 40 लाख 61 हजार 733 लोगों को कोविड का टीका लगाया गया है। इसमें 20 लाख 62 हजार 758 लाभार्थियों को पहला, 17 लाख 94 हजार 919 को दूसरा, जबकि 2 लाख 4 हजार 56 को प्रिकॉशन डोज दिया गया है। सभी आशा व एएनएम को अपने



क्षेत्र में टीका की निर्धारित डोज से वंचित लोगों को चिह्नित कर टीकाकरण कराने का निर्देश दिया गया है।
डॉ. झा ने अपील करते हुए कहा है कि जिन्होंने टीका की कोई भी डोज नहीं ली है, वे अपना पहला डोज जरूर ले लें। पहला डोज प्राप्त कर चुके लोग समय पर दूसरी डोज लें और दूसरी डोज ले चुके लोग छह माह बाद ससमय प्रीकॉशनरी डोज अवश्य ले लें। कोविड संक्रमण की चौथी लहर को देखते हुए टीकालेने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें।

# संक्षिप्त समाचार

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नाग पंचमी का त्यौहार

(आदर्श राजा आनंद, संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण) मोतिहारी। प्रखंड क्षेत्र में नाग पंचमी का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने आज नाग देवता के साथ–साथ हनुमान जी की पूजा कर अपने जीवन में सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। आज पूरे दिन लोगों में नाग पंचमी एवं महावीरी अखाड़ा को लेकर सरगर्मी तेज रही। क्षेत्र में कई स्थानों पर महावीरी अखाड़ा एवं मेले का भी आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के गोढ़वा ग्राम के मेन चौक पर महावीरी अखाड़ा एवं मेला का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम वासियों एवं क्षेत्र के अन्य लोगों ने जमकर हिस्सा लिया। अखाड़े में लोगों ने लाठी, भाला और तलवारों से करतब भी दिखाए। मेले में कई तरह की दुकानें भी लगी हुई थी। लोगों की भारी भीड़ और किसी अप्रिय घटना की अनहोनी को देखते हुए मोतिहारी पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त भी किये गए थे।



## वार्ड सदस्य की बैठक में लिए गए कई निर्णय

वीरेन्द्र कु– सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढी। सीतामढी जिला अन्तर्गत परिहार प्रखंड के श्री गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय के बहुउद्देशीय भवन में वार्ड सदस्य महासंघ की बैठक आयोजित की गई, इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड वार्ड सदस्य महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष राम निवास ठाकुर एवं संचालन प्रखंड वार्ड सदस्य महासंघ के प्रखंड सचिव गोरे मंडल ने किया, आगामी 3 अगस्त को सीतामढ़ी जिला वार्ड सदस्य महासंघ की बैठक बगही मठ के सभागार में होना है, उक्त बैठक में पूर्व में दिए गए वार्ड सदस्यों के अधिकार की कटौती एवं 7 महीना बीत जाने के बाद भी अब तक किसी वार्ड सदस्य का खाता संचालन एवं किसी प्रकार का प्रभार नहीं सौंपा गया है इस पर वार्ड सदस्यों ने स्थानीय प्रशासन के विरुद्ध नाराजगी जताई, उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राम विनय पासवान शामिल हुए उन्होंने कहा कि संगठन ही हमारे अधिकार को पुनः वापस दिलाएगी पूर्व की तरह पुनः अधिकार नहीं मिलने पर सभी वार्ड सदस्यों ने निर्णय लिया कि प्रखंड से जिला और राज्य स्तर पर विस्तृत आंदोलन किया जाएगा 3 अगस्त के बैठक में विभिन्न मांगों के साथ ही जिला अध्यक्ष का चयन किया जाएगा, मौके पर सभी पंचायत अध्यक्ष सहित प्रखंड भर के वार्ड सदस्य शामिल हुए!



## दुबे टोला झंडा व दंगल मेला संपन्न

(हरसिद्धि अनिल कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स) जिले का चर्चित ओलहा दुबे टोला झंडा व दंगल 51 जोड़ी पहलवानों ने दंगल प्रतियोगिता मे लिया भाग। देश के कोने–कोने से आए पहलवानों ने दांवपेच का किया। आजमाइश हजारों दर्शकों ने दंगल प्रतियोगिता का लिया आनंद। 1940 से लगातार है ओलहा दुबे टोला का मेला। ओलहा दुबे टोला के महाराज दुबे ने शुरू कर आया था झंडा मेला। मेला के संयोजक खलीफा सुरेंद्र दुबे ने आकर अतिथियों का किया स्वागत।



## नव पदस्थापित जिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने पदभार संभाला

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सारण। सारण जिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनुपमा सिन्हा ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया। वहीं प्रभारी के रूप में पूर्व से पदस्थापित जिला प्रोग्राम पदाधिकारी उपेंद्र ठाकुर ने अपना पदभार नये पदाधिकारी को सौंपा। नव पदस्थापित जिला प्रोग्राम पदाधिकारी अनुपमा सिन्हा द्वारा पदभार ग्रहण करते ही लंबित कार्यों को तुरंत निष्पादित करने तथा विभागीय कार्य पर जोर देने की बात कही गई। कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मियों के कार्यों के बारे में जानकारी भी ली गई ।



## कोविड टीकाकरण में बेहतर सेवा देने पर ए एनएम सम्मानित

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मोतिहारी वार्ड नंबर 10 के वार्ड पार्षद पति राजा खान के द्वारा कोविड वैक्सीनेशन में बेहतर कार्य करने को लेकर ए एनएम गुड़िया कुमारी एवं वेरिफायर प्रियांसु कुमारी को राजा खान और अधिवक्ता फेराज जफर ने सम्मानित किया। मौके पर कई लोगों ने कोविड बूस्टर डोज भी लिए। राजा खान ने लोगों से कोविड टीकाकरण कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि कोविड के तीनों डोज लेने पर ही कोविड के सभी खतरों से बचा जा सकता है। वही अधिवक्ता फेराज जफर ने बताया कि कोरोना वारियर्स को सम्मानित कर हमसभी को भी खुशी हुई है, इनके अद्वितीय कार्य के कारण ही लोग सुरक्षित है। अतः लोगों को इनलोगों को सम्मानित करना ही चाहिए। मौके पर खुर्शीद आलम, सैय्यद साकिब ,जीशान जफर,जीशान खान,आबिद सैफी, आजम , अभिजीत सहित कई लोग उपस्थित थे।



## वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से धान की रोपनी, डीजल अनुदान एवं यूरिया का निर्धारित मूल्य पर बिक्री हेतु सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुपालन करने का निदेश दिया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
संभावित सुखाड़ एवं उससे निपटने हेतु तैयारियों से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय के अनुपालन हेतु अपर समाहर्त्ता (आपदा), पूर्वी चम्पारण,मोतिहारी द्वारा सभी कृषि समन्वयको को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से धान की रोपनी, डीजल अनुदान एवं यूरिया का निर्धारित मूल्य पर बिक्री हेतु सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुपालन करने का निदेश दिया गया। निदेशित किया गया कि उर्वरक की कालाबाजारी या उर्वरक के अधिक मूल्य पर बिक्री होने पर संबंधित प्रतिष्ठान एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। साथ ही राजकीय नलकूप के क्रियाशील करने का प्रतिवेदन जिला कृषि पदाधिकारी को देगें। वहीं जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को निदेशित किया कि उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों का सत्त पर्यवेक्षण करें ताकि किसानों को उर्वरक निर्धारित मूल्य पर सुगमता पूर्वक प्राप्त हो सके।



# नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का प्रयास कर रहे अधिकारी

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। बरसात का महीना सावन बीतने को है, लेकिन पानी से खेतों की प्यास नहीं बुझ सकी। जिसके चलते नागपंचमी के दिन भी किसान धान की रोपनी के लिए पानी खेत में भरने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। दुर्गावती की मुख्य नहरों में पानी का प्रवाह कम होने से नीचले हिस्से में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार प्रयास किए जाने के बाद भी भोखरी, लक्ष्मीपुर माइनर में पानी मध्य क्षेत्र में



भी नहीं पहुंच पा रहा है। जिसके चलते किसान मुश्किल हालात में जी रहे हैं। जबकि प्रत्येक वर्ष नागपंचमी पर्व तक रोपनी संपन्न हो जाती थी। इस वर्ष मेघ के नहीं बरसने से पूरे इलाके में सूखे का हालात बना हुआ है। सोमवार को दुर्गावती की नहरों में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए अधिकारी कसरत करते रहे। कार्यपालक अभियंता मो. इमरान अहमद, सहायक अभियंता प्रभात कुमार तथा अधवार भोखरी माइनर के अध्यक्ष अजय सिंह, लक्ष्मीपुर माइनर के सचिव महेंद्र तिवारी ने इन नहरों का जायजा लिया तथा अधिकारियों से पानी का डिस्चार्ज अधिक इन नहरों में कराने की बात कही। बता दें कि दुर्गावती जलाशय से निकलने वाली सभी नहरों में यह पहला ऐसा समय है जब सावन महीना में भी पानी नहीं आया है। जबकि ये नहरें हमेशा रोहिणी नक्षत्र में एक बार पर्याप्त पानी दे देती थी। लेकिन इस वर्ष इन नहरों में ही अभी तक पानी का अकाल पड़ा हुआ है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता इमरान अहमद ने बताया कि नहर के ऊपरी हिस्से में पानी का डिस्चार्ज कम होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई थी। पानी बढ़ाया गया है। इन दोनों माइनरों में भी पानी चल रहा है। एक–दो दिन में अंतिम छोर तक पानी पहुंच जाएगा।

# कोविड गाइलाइन का अनुपालन कर जिले में मनेगा स्वतंत्रता दिवस

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। इस साल भी कोविड गाइडलाइन के नियमों का पालन करते हुए स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। इस साल भी प्रभारी मंत्री कैमूर जिले में झंडोत्तोलन नहीं करेंगे, बल्कि जिलाधिकारी झंडोत्तोलन करेंगे। इसको लेकर सरकार के स्तर से भी पत्र जारी कर दिया गया है। साथ ही मंगलवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में एडीएम संजय कुमार की अध्यक्षता में पदाधिकारियों व समाजसेवियों के साथ बैठक की गई। जिसमें स्वतंत्रता दिवस मनाने व कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।मिली जानकारी के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम नगर के जगजीवन स्टेडियम में होगा। जहां डीएम झंडोत्तोलन करेंगे। इसके बाद अन्य सरकारी कार्यालयों में झंडोत्तोलन के समय की जानकारी भी बैठक में दी गई।



मौके पर कोविड–19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए दो गज की दूरी का अनुपालन करते हुए आगंतुकों की संख्या में एक चौथाई कमी की जाएगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह पर आम जनता आमंत्रित नहीं किए जाएंगे। जबकि समारोह में भाग लेने वाले मुख्य लोगों को ई कार्ड के माध्यम से आमंत्रित किया जाएगा। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से स्वतंत्रता सेनानी व वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित नहीं किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर निकलने वाली प्रभात फेरी भी इस बार स्थगित कर दी गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी नहीं होगा। नगर के विभिन्न जगहों पर लगाई गई महान विभूतियों की मूर्तियों पर पूर्व के द्वारा सूचीबद्ध लोग माल्यार्पण करेंगे। अजजा टोलों में पदाधिकारियों की उपस्थिति में झंडोत्तोलन किया जाएगा।

# कृषि टास्क फोर्स की बैठक में डीएम ने कृषि फिडर में 16 घटे निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का दिया निर्देश

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। डीएम के कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई ,जिसमें जिला पदाधिकारी



मुकुल कुमार गुप्ता के द्वारा विद्युत विभाग को कृषि फीडर में 16 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का निर्देशित किया गया है। विद्युत विभाग के प्रतिनिधियों ने बताया है कि अत्यधिक लोड पड़ने के कारण 12 ट्रांसफार्मर जले हुए हैं। डीएम ने तुरंत ठीक कर बिजली आपूर्ति करने का निर्देश दिया है। 29 जुलाई से लगातार जिले में बारिश हो रही है इस बाबत जिले में 88 फीसदी धान की रोपनी की गई है तथा अगर इसी तरह बारिश होती रही तो एक हफ्ता के अंदर 100: धान की रोपनी हो जाएगी। वहीं जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता को कृषि विभाग के द्वारा बताया गया कि डीजल अनुदान के लिए अब तक 42 ही आवेदन प्राप्त है। डीएम ने निर्देशित किया है कि अगर कोई कृषक द्वारा वास्तविक रुप से पटवन किया जा रहा है तो वैसे किसानों को डीजल अनुदान का लाभ दिया जाए।

# उर्वरक की कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर जिला कृषि पदाधिकारी सख्त से सख्त कार्रवाई करें : डीएम

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं उर्वरक



विक्रेताओं के साथ समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। जिसमें डीएम द्वारा सख्त निर्देश दिया गया है कि उर्वरक वितरण में अनियमितता तथा निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री एवं उर्वरक की कालाबाजारी की शिकायत पर जिला कृषि पदाधिकारी सख्त से सख्त कार्रवाई करें। डीएम मुकुल कुमार गुप्ता के कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक हुई जिसमें सभी थोक उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि सरकार द्वारा तय किए गए मूल्य पर ही सभी खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक उपलब्ध कराएंगे, साथ ही किसी खुदरा उर्वरक विक्रेता को निर्धारित से अधिक मूल्य पर उर्वरक की आपूर्ति की जाती है तो इसकी सूचना लिखित रूप से जिला कृषि पदाधिकारी को दी जाये।

# टीबी उन्मूलन के लिए जिले में कवायद जारी-टीबी मुक्त सीतामढ़ी के लिए जिलेवासियों का सहयोग मील का पत्थर साबित होगा : सीडीओ

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। टीबी उन्मूलन में जन जागरूकता महत्वपूर्ण भूमिका निभाई निभाएगी। जागरूकता से इसपर अंकुश लगाने में काफी मदद मिलेगी। इसके लिए अभियान जारी है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 तक देश को पूर्णतरू टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसको लेकर जिले में लगातार कवायद जारी है। विभिन्न स्तरों पर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। टीबी उन्मूलन के प्रयासों की पहुंच दूर–दराज के ग्रामीण इलाकों तक पहुंचाने के लिए वे खुद गांवों का दौरा कर रहे हैं। टीबी मरीजों से मिल रहे हैं। उन्हें समझा रहे हैं ताकि उनका हौसला बढ़ा रहे। डॉ. कुमार ने कहा कि टीबी उन्मूलन के प्रयासों को मजबूती देने के लिए जागरूकता संबंधी गतिविधियों का संचालन भी किया जा रहा है। डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है। इसे जड़ से मिटाने के लिए हम सभी को इसके खिलाफ लड़ाई लड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि टीबी को मात देना मुश्किल नहीं है। बस नियम से दवाएं लेते रहने की जरूरत है। इस जानकारी को देने के लिए वे हर दिन क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं। क्षेत्र भ्रमण कर वे टीबी मरीजों के दवा सेवन, उनके खानपान, रहने व सोने के तरीकों, मास्क के उपयोग समेत अन्य दिनचर्या की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त सीतामढ़ी के लिए जिलेवासियों का सहयोग मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिले में टीबी की विश्वसनीय जांच व सम्पूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इसलिए जैसे ही आपको टीबी के लक्षण दिखे, न घबराएं व लजाएं। सीधे निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर जाएं और डॉक्टर से सलाह व मुफ्त में दवा लेकर



इसका सेवन शुरू कर दें। अधिक से अधिक लोग टीबी के लक्षणों के बारे में जानें और अपने आसपास रहने वाले लोगों में यदि इनमें में से कोई लक्षण दिखे तो जांच के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को बेहतर खान–पान व पोषण का ध्यान रखने के लिये सरकार निक्षय पोषण योजना के तहत प्रति माह 500 रुपये सहायता राशि के तौर पर भुगतान करती है। विभाग द्वारा नोटिफाइड टीबी मरीजों को नियमित रूप से संबंधित राशि का भुगतान किया जा रहा है।

# दो महिला पर्यवेक्षिकाओं सविता कुमारी एवं चन्दा कुमारी को किया गया चयनमुक्त



☒ कार्य में लापरवाही, अनुशासनहीता तथा अनुबंध के एकरारनामा के शर्तों के उल्लंघन के कारण जिलाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। कार्य में लापरवाही,अनुशासनहीता तथा अनुबंध के एकरारनामा के शर्तों के उल्लंघन के कारण दो महिला पर्यवेक्षिकाओं को अनुबंध मुक्त (चयन मुक्त) कर दिया गया है। चयनमुक्त होने वाली महिला पर्यवेक्षिकाओं में श्रीमती सविता कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका, बाल विकास परियोजना कार्यालय, गौनाहा तथा श्रीमती चन्दा देवी, महिला पर्यवेक्षिका, तत्कालीन बाल विकास परियोजना कार्यालय गौनाहा सम्प्रति मैनाटांड़ के नाम शामिल हैं। ज्ञातव्य हो कि महिला पर्यवेक्षिका समेकित बाल विकास सेवा दल की एक महत्वपूर्ण मध्यस्तरीय कड़ी है तथा उनका निरीक्षणध्पर्यवेक्षण कार्यों का सबसे पहला स्तर है, जो इस कार्यक्रम के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं के क्रियान्वयन को सफल बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर चलने वाली आईसीडीएस के सभी कार्यक्रमों को सफल, विश्वसनीय और सुचारू संचालन में महिला पर्यवेक्षिका की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। आईसीडीएस के सभी कार्यकर्ताओं की यह एक नैतिक जिम्मेवारी है कि वे आपसी तालमेल एवं समन्वय स्थापित कर आईसीडीएस के लक्ष्यों को पूरा करने में सहयोग करें। आईसीडीएस निदेशालय, बिहार द्वारा महिला पर्यवेक्षिकाओं के लिए पद दायित्व निर्धारित है, जिससे महिला पर्यवेक्षिकाओं के कार्य एवं दायित्व के संबंध में मार्ग निर्देश निर्गत किए गए हैं। उक्त दोनों महिला पर्यवेक्षिका श्रीमती सविता कुमारी तथा श्रीमती चन्दा देवी द्वारा अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करने तथा लक्ष्यों की पूर्ति एवं उदेश्यों की प्राप्ति में विफल रही है। उक्त दोनों के द्वारा अनुशासनहीनता एवं कार्य निष्पादन में लापरवाही की गयी। इस कृत्य को जिला प्रशासन द्वारा अत्यंत गंभीरता से लिया गया।उक्त के आलोक में जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, श्री कुंदन कुमार द्वारा उक्त दोनों महिला पर्यवेक्षिकाओं श्रीमती सविता कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका, बाल विकास परियोजना कार्यालय, गौनाहा तथा श्रीमती चन्दा देवी, महिला पर्यवेक्षिका, तत्कालीन बाल विकास परियोजना कार्यालय गौनाहा सम्प्रति मैनाटांड़ को अपने कर्तव्यों का संतोषप्रद निर्वहन नहीं किये जाने, लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं अपने अनुबंध के एकरारनामा की शर्तों के उल्लंघन के कारण समाज कल्याण विभाग, बिहार के संकल्प संख्या 1846, दिनांक–10.06.2020 की कंडिका (14) (अनुबंध की समाप्ति) एवं विभागीय पत्रांक–3445, दिनांक 09.09.2020 की कंडिका 1 की उप कंडिका (2) के आलोक में अनुबंध मुक्त (चयनमुक्त) कर दिया गया है।

# जिला बाल संरक्षण इकाई, सुपौल के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल)। जिला बाल संरक्षण इकाई, सुपौल के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण–सह–उन्मुखी करण कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय स्थित टी.सी.पी भवन, सुपौल में प्रारंभ किया गया। श्री कौशल कुमार, जिलाधिकारी सुपौल, श्री डी. अमरकेश, पुलिस अधीक्षक सुपौल, श्री रण विजय कुमार, सचिव, विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय, सुपौल एवं श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिले के सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों एवं बाल संरक्षण से जुड़े सभी हित धारकों का वृहद तरीके से किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं अधिनियम से संबंधित बिहार नियमावली 2017 एवं बच्चों से जुड़े विभिन्न कानूनों का प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा बड़े ही बेहतरीन ढंग से बाल संरक्षण से जुड़े सभी हित कारकों को बताया कि बच्चों का ही आवश्यक है परंतु प्रावधानों के अनुरूप ही होना चाहिए तभी बच्चों का हम भला कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक, सुपौल द्वारा सभी बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को समय से कार्य करने का निदेश दिया गया ताकि जिला के बच्चों का हित हो सके।

पुलिस अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, श्री रणविजय कुमार पांडे द्वारा



CWPO को बताया गया कि बच्चों के लिए आप ही न्यायालय हैं, सबसे पहले बच्चे आपके पास आते हैं आप सबो का जवाब देही होती है। आप अपने जांच को इतनी मजबूती एवं अच्छे ढंग से करें कि बच्चों का सर्वोत्तम हित हो सके। आपका व्यवहार बच्चों के साथ बालमित्र और बाल केंद्रित हो जिससे कि बच्चों से जुड़े कानूनों का क्रियान्वयन बहुत ही अच्छे ढंग से हो सके। कार्यशाला में आए यूनिसेफ के श्री शाहिद द्वारा बड़े ही विस्तार से किशोर न्याय अधिनियम एवं बच्चों से जुड़े नियमावली पर CWPO एवं बाल संरक्षण के सभी हित कारकों को अवगत कराए गए। जेल एवं बेल के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

# निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण कार्य प्रारंभ

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु निर्वाचकों से आधार डाटा संग्रहण, नव–संशोधित प्रपत्रों तथा वर्ष में चार (4) अर्हता तिथि आदि बिन्दुओं पर आज समाहरणालय सभाकक्ष में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अनिल कुमार द्वारा की गयी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार, वरीय उप समाहर्ता–सह जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी राजीव कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, मो0 गजाली सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचकों से आधार डाटा के संग्रहण हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश प्राप्त हुआ है। इससे निर्वाचन प्रक्रिया और भी स्वच्छ और पारदर्शी हो जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दल अपने–अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं आदि के माध्यम से मतदाताओं को वोटर आईकार्ड से आधार को लिंक कराने के लिए जागरूक एवं प्रेरित कराने में सहायता करें। किसी भी निर्वाचक द्वारा अपने आधार से संबंधित जानकारी स्वैच्छिक रूप से उपलब्ध करायी जानी है।उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में आधार संख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्वाचकों द्वारा प्रपत्र 6 ख का प्रयोग किया जाना है। उक्त प्रपत्र ऑनलाइन, इरॉनेट, वोटर पोर्टल, गरूड़ा, एनभीएसपी तथा भीएचए एप में उपलब्ध रहेगा। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा पर्याप्त मात्रा में प्रपत्र 6 ख का मुद्रण कराया जायेगा, ताकि कैम्प अवधि में प्रपत्र 6 ख को बीएलओ, ईआरओ या अन्य अधिकृत कर्मियों के माध्यम से ऑफलाइन मोड में प्राप्त किया जा सके। उन्होंने जिला निर्वाचन शाखा को निदेश दिया कि स्वीप अंतर्गत इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाय तथा आम नागरिकों के जानकारी हेतु प्रिंट मीडिया में विज्ञापन का प्रकाशन कराना सुनिश्चित किया जाय। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण तथा जागरूकता अभियान चलाया जाय। अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि आधार संख्या को ऑनलाइन जमा करने हेतु दो प्रक्रियाएं हैं। स्व प्रमाणीकरण प्रक्रिया के अंतर्गत निर्वाचक प्रपत्र 6 ख को एनभीएसपी अथवा वोटर हेल्प एप पर जाकर भरेंगे तथा अपने आधार संख्या से जुड़े मोबाईल संख्या पर ओटीपी प्राप्त कर प्रमाणीकरण करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि नर्वाचक स्वयं प्रमाणीकरण नहीं करना चाहते हैं या नहीं हो पाता है, वैसी स्थिति में निर्वाचक द्वारा ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म 6 ख भरकर वांछित दस्तावेज प्रमाण के रूप में संलग्न करेंगे। उन्होंने बताया कि निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा बीएलओ को घर–घर जाकर आधार संख्या के संग्रहण हेतु प्रपत्र 6 ख प्राप्त करने हेतु नियुक्त किया जायेगा। ऑफलाइन प्राप्त प्रपत्र 6 ख प्रपत्र प्राप्ति के सात दिनों के अंदर बीएलओ द्वारा गरूड़ा एप के माध्यम से या इआरओ द्वारा इरॉनेट के माध्यम से डिजिटाइज किया जायेगा।उप निर्वाचन पदाधिकारी, मो0 गजाली द्वारा आधार स्व अभिप्रमाणीकरण के लिये वोटर हेल्प लाइन मोबाईल एप, भीएचएम के इस्तेमाल के बारे में राजनैतिक दलों को बताया गया विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि स्टेप 1 में मोबाईल के प्ले स्टोर में जायें, स्टेप 2 में वोटर हेल्पलाईन (भीएचए) इंस्टॉल करें, स्टेप 3 में एप को खोलें, स्टेप 4 में वोटर रजिस्ट्रेशन खोलें, स्टेप 5 में फॉर्म 6 ख सेलेक्ट करें, स्टेप 6 में मोबाईल संख्या पंजीकरण करें, स्टेप 7 में अपना मतदाता पहचान संख्या अंकित करें, स्टेप 8 में अपना राज्य सेलेक्ट करें, स्टेप 9 में प्रोसिड करें (आगे बढ़े), स्टेप 10 में अपना मतदाता पहचान पत्र की विवरणी देखें, स्टेप 11 में अपना आधार संख्या अंकित करें, स्टेप 12 में अपना मोबाईल संख्या अंकित करें, स्टेप 13 में अपना स्थान अंकित करें, स्टेप 14 में अपना विवरणी देखें (प्रिव्यू देखें) तथा स्टेप 15 में सबमिट करें।

स्टेप 01 से लेकर स्टेप 15 तक के प्रोसेस के उपरांत वोटर आईडी कार्ड से आधार कार्ड लिंक हो जायेगा। इसके पश्चात उक्त कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस प्रतिनिधियों को उक्त कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा अनुरोध किया गया कि अपने–अपने मीडिया संस्थान के माध्यम से वोटर आईडी कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए आमजनों को जागरूक एवं प्रेरित करें। इस अवसर पर विभिन्न प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मीडिया प्रतिनिधियों एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/ जनप्रतिनिधि द्वारा उठाये गये बिन्दुओं पर समुचित प्रतिक्रिया जिला प्रशासन द्वारा दी गयी।

# संक्षिप्त समाचार

## महावीरी झंडा को लेकर नयागाँव में निकाला गया जुलूस

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार। केसरिया प्रखंड के नयागाँव में 2 अगस्त मंगलवार को नागपंचमी का पर्व बड़ी ही उत्साहपूर्ण मनाया गया। तो वही इस पूजा के दौरान बड़ी धूमधाम से महावीरी झंडा जूलूस निकाला गया,महावीर मंदिर स्थान नयागाँव पर सैकड़ो ग्रामीणों ने जूलूस में अपने अपने कर्त्तव दिखाए। इस विशाल जूलूस में ग्रामीणों द्वारा,भल्ला, तलवार,फरसा पुराने जामने के लाठी,डंडा खुखुरी आदि कर्तव्



में दिखाने का सदियों से परंपरानुसार खेल कर लोगों को कर्तव् दिखाया जाता है।इस पूजा के अध्यक्ष सह जदयू के वरिष्ठ नेता श्री बसंत कुमार कुशवाहा ने कहा की यह पूजा सदियों से चला आ रहा है।और हर साल इसी प्रकार बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। तो वही इस पूजा पर बैठें ज्योतिषाचार्य सह धर्मगुरु डॉ बाल्मीकि प्रसाद ने कहा की श्री महावीर जी सबकी मुराद पुरी करें।

## समस्तीपुर में जबरन गाड़ी में बैठा नाबालिग लड़की का अपहरण, पिता ने दिया आवेदन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,खानपुर। बिहार में लड़कियों के साथ आये दिन किसी ना



किसी तरह की घटना होती रहती है ऐसी ही एक घटना समस्तीपुर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव से एक नाबालिग किशोरी का अपहरण कर अपने गाड़ी में जबरदस्ती बैठाकर फरार हो गया। इस संबंध में किशोरी के पिता ने थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि शौच के लिए जब उनकी बेटी घर से बाहर निकली थी उसी दौरान कुछ लोगों ने उसे जबरन गाड़ी में बैठा अपहरण कर लिया। इस मामले में थानाध्यक्ष डीके भारती ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर जांच करने के साथ नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू की दी गई है।

## कोचिंग जा रही नाबालिग का अपहरण कोचिंग संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

(संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स कोटवा)। कोटवा,थानाक्षेत्र के जगिरहा गांव में एक नवालिक लड़की का अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है।मामले को लेकर युवती के माता ने थाने में आवेदन देकर कोचिंग संचालक सहित छह लोगो को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है।दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि मेरी पुत्री साइकिल से कोचिंग पढ़ने गई थी।लेकिन रास्ते से ही कोचिंग का शिक्षक श्याम कुमार सहनी,बालदेव सहनी,शिवधारी देवी,ममता कुमारी, समता कुमारी एवं राजेश दास सभी ने मिलकर साजिश के तहत मेरी पुत्री का अपहरण कर लिया है। मुझे आशंका है की कही ये सभी लोग मिलकर मेरी पुत्री को बेच न दे।थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

## नाग पंचमी के अवसर पर हनुमान जी की पूजा और महाबीर झंडा का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। सोमवार के दिन महाबीर झंडा का आयोजन किया गया। नाग पंचमी का त्योहार पूरे भारत में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। यह हिन्दुओं का एक प्रसिद्ध त्योहार है। नाग हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है। नागों को धारण करने वाले भगवान भोलेनाथ की पूजा–आराधना करना भी इस दिन विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इन्हें शक्ति एवं सूर्य का अवतार भी माना जाता है।हमारे देश में नागपूजा प्राचीनकाल से चली आ रही है। श्रावण माह के शुक्ल पक्ष में पंचमी को नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है इसलिए इसे 'नाग पंचमीश के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त है। इस दिन नागों का दर्शन शुभ माना जाता है। एक समय लीलाधर नाम का एक किसान था जिसके तीन पुत्र तथा एक पुत्री थी। एक दिन सुबह जब वह अपने खेत में हल चला रहा था, उसके हल से सांप के बच्चों की मौत हो गई। अपने बच्चों की मौत को देखकर नाग माता को काफी क्रोध आया और नागिन अपने बच्चों की मौत का बदला लेने किसान के घर गई। भारतीय संस्कृति में नागों का बड़ा महत्व



है। व्यापारिक लाभ के लिए सांपों को मारा और बेचा जाता है। आज महाबीर झंडा का आयोजन किया गया।और काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।और यहाँ चांदमारी चौक हनुमान के पास प्रसाद का भी वितरण किया गया। इसमें उपस्थित मंदिर के पुजारी भुनेश्वर ओझा। पूजा समिति के सदस्य किसन श्रीवास्तव, ई ऋषभ कुमार,रंजन शर्मा, अजित सर और अन्य लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ में नगर पंचायत चुनाव को लेकर मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। रामगढ़ में नगर पंचायत चुनाव के लिए वार्ड गठन के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। 18152 जनसंख्या वाले रामगढ़ नगर पंचायत में 12794 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें पुरुष 6688 व महिला 6106 हैं। इस नगर पंचायत में सबसे अधिक मतदाता वार्ड नंबर नौ में 1590 तथा सबसे कम वार्ड नंबर पांच में 575 मतदाता शामिल हैं। वार्ड गठन की प्रक्रिया के साथ मतदाता सूची का प्रकाशन होते ही प्रत्याशियों की चहलकदमी बढ़ गई है। इस नई मतदाता सूची में दिग्गज लोगों का नाम अंतिम समय में जुड़ने से विरोधियों को मुंह की खानी पड गई है। कुल 13 वार्ड के गठन के साथ बूथों का भी सत्यापन कर दिया गया। वार्ड नंबर चार व 13 में सरकारी कोई भवन व संस्थान नहीं होने से यहां बूथ स्थापित नहीं हो सके। हालांकि मतदाताओं में किसी तरह का हेराफेरी नहीं हुई है। इससे इन दो बूथों पर चलंत मतदान केंद्र की संभावना प्रबल हो गई है। सभी 13 वार्डों के गठन के लिए खतौनी व नक्शा का भी प्रकाशन भी पूर्व में हो गया है। गणना का कार्य भी संपन्न हो गया है। इसके लिए एक नंबर वार्ड बंदीपुर के उत्तरी व पश्चिमी छोर वाले हिस्से को स्थापित किया गया है तो अंतिम 13 वार्ड दक्षिणी व पूर्वी छोर के हिस्से वाली आबादी को शिफ्ट किया गया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर बाढ़ में प्रफुल्ल चंद्र राय जी की मनायी गई जयंती

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटना। सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाग बाढ़ के प्रांगण में विज्ञान सप्ताह के तत्वधान में प्रफुल्ल चंद्र राय जी की जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री छठु साह जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस जयंती समारोह कार्यक्रम में विद्यालय की भैयाध बहन तथा समस्त आचार्यगण सम्मिलित हुए।



वहीं इस कार्यक्रम में रसायन विज्ञान के आचार्य श्री जयराम कुमार एवं जीव विज्ञान के आचार्य श्री मनोज कुमार जी ने श्री प्रफुल्ल चंद्र राय जी के जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके जीवन से जो अनमोल सीख भैयाध बहन सीख सकते हैं, यह बताते हुए रसायन प्रयोगशाला में दशम् के भैयाध्बहन के साथ प्रयोग करते हुए अन्य भैया/बहन को दिखाया एवं सिखाया गया। अंततः शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गयी।

# नागपंचमी का पर्व हर घर हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई



पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत मंगलवार को हर घर में नागपंचमी का पर्व मनाया गया। बता दें कि घर के द्वार पर गोबर से सर्प की आकृति बनाने पर आर्थिक स्थिति मजबूत होती है साथ ही घर में विपत्तियां दुर होती है।नाग पंचमी के दिन पूजा करने पर नाग देवता खुश होकर हर मनोकामना पूरी करते हैं।श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नागपंचमी का पर्व पूरे देश में मनाया जाता है। बताया जाता है कि सनातन धर्म में देवी देवताओं के साथ–साथ पेड़ पौधे और जीव–जंतुओं की भी पूजा की जाती है। पूरे वैदिक विधान के साथ पूजन अर्चन करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है,तथा प्राणियों का कल्याण होता है। कहा भी जाता है कि सनातन धर्म में पत्थर भी पूजे लिए जाते हैं क्योंकि आस्था का केंद्र वह पत्थर बन जाता है। उसी तरह जीव जंतुओं की भी पूजा की जाती है। इसी कड़ी में भगवान भोलेनाथ के गले में लिपटे रहने वाले नाग देवता की भी पूजा करने का पौराणिक मान्यता है और विधान है।श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नागपंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन सिर्फ मंदिरों में ही नहीं बल्कि घर–घर में नागदेवता की पूजा करने का विधान है। जो भी इस दिन श्रद्धा एवं भक्ति से नागदेवता का पूजन करता है उसे एवं उसके परिवार को कभी भी सर्प भय नहीं होता। इस दिन शिवपुजन के साथ साथ शिवजी के गले में विराजमान नागों की पूजा करे। नागों को हल्दी,रोली,चावल और फूल अर्पित करें। इसके बाद खील बताशे और कच्चा दूध प्रतिकात्मक रूप से अर्पित करें। घर के मुख्य द्वार पर गोबर से सर्प की आकृति बनाएं और इसकी पूजा करें।घर के मुख्य द्वार पर सर्प की आकृति बनाने से जहां आर्थिक लाभ होता है,वहीं घर पर आने वाली विपत्तियां भी टल जाती है। जिससे नागदेवता प्रसन्न होकर हर मनोकामना पूरी करते हैं।

# जिले में नाग पंचमी पर्व मनाया जा रहा विषहर महारानी स्थान पर हो रही भव्य पूजा

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स)
शिवहर। नाग पंचमी पर्व पूरे जिले के विभिन्न जगहों पर विषहर महारानी स्थान पर मनाया जा रहा है। सभी बिषहर महारानी स्थानों पर मेला का भी आयोजन किया गया है। नाग पंचमी हिंदुओं का एक प्रमुख त्यौहार है हिंदू पंचांग के अनुसार सावन माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग पंचमी के रूप में मनाया जाने वाला नाग देवता या सर्प की पूजा की जाती है। मान्यता के अनुसार नागों का समूल नाश के लिए यज्ञ में उनकी आहुति के दौरान जब परीक्षित के पुत्र जन्मेजय ने इंद्र सहित तक्षक को अग्नि कुंड में आहुति के लिए मंत्र पाठ किया तब आस्तिक ने तक्षक के प्राण की रक्षा की ,यह तिथि भी नाग पंचमी ही थी। इस प्रकार नागों के अस्तित्व की रक्षा हुई, तभी से नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा का प्रचलन शुरू हुआ। नाग शिव भगवान के गले का आभूषण है, नाग पंचमी पर जीवन में सुख समृद्धि ,खेतों में फसलों की रक्षा के लिए नाग देवता की पूजा की जाती है ।इस दिन भोलेनाथ की पूजा व रुद्राभिषेक करने से जीवन में कालसर्प दोष खत्म होता है। नगर परिषद शिवहर शहर के फतहपुर रोड स्थित बिषहर महारानी स्थान सहित, तरियानी के कांटा चौक, नरवारा से आगे हाई स्कूल के समीप बिषहर महारानी स्थान, कुशहर बिषहर महारानी स्थान सहित जिले के विभिन्न बिषहर महारानी स्थान



पर नाग पंचमी के अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त जनों के द्वारा पूजा की जा रही है। सभी विषहर महारानी स्थान पर मेला का भी आयोजन किया गया है। तथा सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस की व्यवस्था भी की गई है।

# किसान प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी की बैठक जदयू पार्टी कार्यालय कर्पूरी सभागार में संपन्न हुई

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। पटना स्थित जद यू पार्टी कार्यालय कर्पूरी सभागार में किसान प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष रामबालक सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सम्पन्न हुई।बैठक में प्रदेश प्रभारी,कार्यालय प्रभारी,प्रदेश उपाधयक्ष किसान प्रकोष्ठ समेत प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। वही बैठक में बगहा के किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मुन्ना सिंह उर्फ विमलेन्दु सिंह को प्रदेश अध्यक्ष रामबालक सिंह के द्वारा माला,अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही प्रदेश अध्यक्ष द्वारा किसान



सभी जिला अध्यक्ष एवम सभी लोक सभा प्रभारी इस बैठक में उपस्थित रहे।बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य मंत्री नीतीश कुमार द्वारा किसानों के हित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए इसे आम लोगों को बताने का निर्देश दिया। साथ ही एवं सहकारिता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बगहा का जिलाध्यक्ष मनोनीत करते हुए कहा गया कि मुन्ना सिंह उर्फ विमलेन्दु सिंह ने किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ कार्य एवं दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए जमीनी स्तर तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# तलाब का सौंदर्यकरण ना होने के कारण ग्रामवासियों का भरोसा टूटा

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स। पंडारक प्रखंड के बिहारी बिगहा गांव में काफी अरसे से बलौरवा तालाब का सौंदर्यीकरण करने की बात की गई थी। विगत दो वर्ष पूर्व यहां के ग्रामवासियों को आश्वासन दिया गया



था, परंतु दो वर्ष बीतने के बाद भी सौंदर्यीकरण का कोई काम नही हो रहा है। इस बाबत संबंधित पदाधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि इस बाबत बिहारी बिगहा गांव के लोग एवं दुर्गा पूजा समिति के कई लोगों ने 27 जून 2022 प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचआई एन 31 बख्तियारपुर पटना को इस संदर्भ में आवेदन भी दिया था। आवेदन में तालाब के शेष भाग को सौंदर्यीकरण कराने की बात कही गई है। यहां के लोगों के लिए यह तालाब धरोहर के जैसा है। बता दें कि इस तालाब से संबंधित सीढ़ी घाट तालाब के पानी के निकासी हेतु उचित व्यवस्था, समरसेबल बोरिंग तथा चारो तरफ वृक्षारोपण के साथ साथ बिजली या सोलर लाइट की व्यवस्था कराने की मांग यहां के ग्रामीण कर रहें हैं। लेकिन आवेदन के 1 महीने के बाद भी अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है।

# निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण कार्य प्रारंभ

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु निर्वाचकों से आधार डाटा संग्रहण, नव–संशोधित प्रपत्रों तथा वर्ष में चार (4) अर्हता तिथि आदि बिन्दुओं पर आज समाहरणालय सभाकक्ष में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षध्सचिवध्जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अनिल कुमार द्वारा की गयी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार, वरीय उप समाहर्ता–सह–जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी राजीव कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, मो0 गजाली सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के अध्यक्षाध्सचिवध्जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचकों से आधार डाटा के संग्रहण हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश प्राप्त हुआ है। इससे निर्वाचन प्रक्रिया और भी स्वच्छ और पारदर्शी हो जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दल अपने–अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं आदि के माध्यम से मतदाताओं को वोटर आईकार्ड से आधार को लिंक कराने के लिए जागरूक एवं प्रेरित कराने में सहायता करें। किसी भी निर्वाचक द्वारा अपने आधार से संबंधित जानकारी स्वैच्छिक रूप से उपलब्ध करायी जानी है।उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में आधार संख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्वाचकों द्वारा प्रपत्र 6 ख का प्रयोग किया जाना है। उक्त प्रपत्र ऑनलाइन, इरॉनेट, वोटर पोर्टल, गरूड़ा, एनभीएसपी तथा भीएचए एप में उपलब्ध रहेगा। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा पर्याप्त मात्रा में प्रपत्र 6 ख का मुद्रण कराया जायेगा, ताकि कैम्प अवधि में प्रपत्र 6 ख को बीएलओ, ईआरओ या अन्य अधिकृत कर्मियों के माध्यम से ऑफलाइन मोड में प्राप्त किया जा सके। उन्होंने जिला निर्वाचन शाखा को निदेश दिया कि स्वीप अंतर्गत इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाय तथा आम नागरिकों के जानकारी हेतु प्रिंट मीडिया में विज्ञापन का प्रकाशन कराना सुनिश्चित किया जाय। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण तथा जागरूकता अभियान चलाया जाय। अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि आधार संख्या को ऑनलाइन जमा करने हेतु दो प्रक्रियाएं हैं।

स्व प्रमाणीकरण प्रक्रिया के अंतर्गत निर्वाचक प्रपत्र 6 ख को एनभीएसपी अथवा वोटर हेल्प एप पर जाकर भरेंगे तथा अपने आधार संख्या से जुड़े मोबाईल संख्या पर ओटीपी प्राप्त कर प्रमाणीकरण करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि नर्वाचक स्वयं प्रमाणीकरण नहीं करना चाहते हैं या नहीं हो पाता है, वैसी स्थिति में निर्वाचक द्वारा ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म 6 ख भरकर वांछित



दस्तावेज प्रमाण के रूप में संलग्न करेंगे। उन्होंने बताया कि निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा बीएलओ को घर–घर जाकर आधार संख्या के संग्रहण हेतु प्रपत्र 6 ख प्राप्त करने हेतु नियुक्त किया जायेगा। ऑफलाइन प्राप्त प्रपत्र 6 ख प्रपत्र प्राप्ति के सात दिनों के अंदर बीएलओ द्वारा गरूड़ा एप के माध्यम से या इआरओ द्वारा इरॉनेट के माध्यम से डिजिटाइज किया जायेगा।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, मो0 गजाली द्वारा आधार स्व अभिप्रमाणीकरण के लिये वोटर हेल्प लाइन मोबाईल एप, भीएचएम के इस्तेमाल के बारे में राजनैतिक दलों को बताया गया विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि स्टेप 1 में मोबाईल के प्ले स्टोर में जायें, स्टेप 2 में वोटर हेल्पलाईन (भीएचए) इंस्टॉल करें, स्टेप 3 में एप को खोलें, स्टेप 4 में वोटर रजिस्ट्रेशन खोलें, स्टेप 5 में फॉर्म 6 ख सेलेक्ट करें, स्टेप 6 में मोबाईल संख्या पंजीकरण करें, स्टेप 7 में अपना मतदाता पहचान संख्या अंकित करें, स्टेप 8 में अपना राज्य सेलेक्ट करें, स्टेप 9 में प्रोसिड करें (आगे बढ़े), स्टेप 10 में अपना मतदाता पहचान पत्र की विवरणी देखें, स्टेप 11 में अपना आधार संख्या अंकित करें, स्टेप 12 में अपना मोबाईल संख्या अंकित करें, स्टेप 13 में अपना स्थान अंकित करें, स्टेप 14 में अपना विवरणी देखें (प्रिव्यू देखें) तथा स्टेप 15 में सबमिट करें। स्टेप 01 से लेकर स्टेप 15 तक के प्रोसेस के उपरांत वोटर आईडी कार्ड से आधार कार्ड लिंक हो जायेगा। इसके पश्चात उक्त कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस प्रतिनिधियों को उक्त कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा अनुरोध किया गया कि अपने–अपने मीडिया संस्थान के माध्यम से वोटर आईडी कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए आमजनों को जागरूक एवं प्रेरित करें। इस अवसर पर विभिन्न प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मीडिया प्रतिनिधियों एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के अध्यक्षध्सचिवध्जनप्रतिनिधि द्वारा उठाये गये बिन्दुओं पर समुचित प्रतिक्रिया जिला प्रशासन द्वारा दी गयी।

# जागृति फाउंडेशन कार्यालय का हुआ उद्घाटन



दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। महिला सेवा सशक्तिकरण मंच से कार्यालय का उद्घाटन चांदमारी में संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वही नरकटिया विधायक शमीम अहमद, बृज किशोर सिंह,अमिता निधि, एवं संस्थापक अध्यक्ष बबीता श्रीवास्तव अरुण तिवारी के द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया सेवा सशक्तिकरण मंच समाज हित एवं महिलाओं के सहायता कर रही है। महिला सेवा सशक्तिकरण मंच वर्ष 2013 से प्रोफेसर बबीता श्रीवास्तव के द्वारा जागृति सेवा फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा सफलतापूर्वक महिलाओं के उत्थान एवं सहायता संचालित कर रही है। किसके द्वारा कस्तूरबा गांधी वृद्धा आश्रम बरियारपुर में खोली गई है। इसमें वृद्ध व्यक्ति एवं बुजुर्ग माताओं महिलाओं की सेवा एवं उनके रूचि के अनुसार सुविधा को उपलब्ध कराई जा रही है, या संस्था बार–बार समाज पर पीड़ित मानवता के सहायता निशुल्क जांच शिविर फ्री मेडिकल कैंप सहित उपलब्ध कराती है। तथा संस्था मिशन पौधे लगाएं और जीवन बचाएं एक अभियान के तहत कार्य करती है। यह संस्था राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से संगठन विस्तार करते हुए प्रखंड स्तर पर उपयुक्त सभी सुविधा मुहैया कराने का संकल्प ले चुकी है। यह संस्था अन्नपूर्णा मिशन प्रत्येक शनिवार को महादलित एवं वंचित समाज के बस्तियों में जाकर भोजन उपलब्ध कराती है ।साथी ठंड के मौसम में असहाय एवं दिन के सहायता कंबल टोपी, स्वेटर, वितरण करता है। साथ ही संस्था महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्था के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर बबीता श्रीवास्तव के नेतृत्व पेंटिंग, ब्यूटी पार्लर, मोमबत्ती, पापड़, अगरबत्ती, डिजाइनिंग, प्रशिक्षण दिलाने का कार्य कर रही है।

इसमें उपस्थित जिला अध्यक्ष– माला श्रीवास्तव ,कोषाध्यक्ष– विहा सिंह, मेंबर ममता सिंह ,रागिनी श्रीवास्तव, रीना कुमारी ,सरिता कुमारी, मीडिया प्रभारी– रेनू वर्मा ,कमलेश कुमारी, नलिनी श्रीवास्तव, कोर कमेटी मेंबर सह सचिव– पुष्पा सिंह, जिला सचिव– सुरेखा तिवारी, जिला सचिव– प्रोफेसर शर्मिला पांडे, जिला सचिव– डॉक्टर सरिता श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष– रजनी ठाकुर, जिला सचिव ,सह सचिव पूर्व मीडिया प्रभारी– मधुरानी ,जागृति सेवा फाउंडेशन के मेंबर अनुराग श्रीवास्तव ,सौरभ श्रीवास्तव, पप्पू श्रीवास्तव ,अमन पब्लिक स्कूल के निर्देशक जीवन श्रीवास्तव ,एसएस राज आदि लोग उपस्थित थे।

# ढाका घोड़ासहन मुख्य मार्ग में करसहिया पुल बना खतरनाक दरवाजा

(बिपिन बिहारी मौर्य, संवाददाता अयोध्या टाइम्स ,ढ़ाका ,पूर्वी चम्पारण) ढ़ाका। मोतिहारी ढाका होते हुए घोड़ासहन जाने वाली मुख्य सड़क पर ही करसहिया पुल जो अंग्रेजो के समय का बना हुआ पुराना पुल है ,जिसके दोनों साइड का किनारा बुरी तरह टूट चुका है।यहां आए दिन कितनी गाड़ियां उस पुल के नीचे ढुलक चुकी है ।हाल ही के दिनों में यहां दो पिकअप वैन जिस पर मार्बल लदा हुआ था ड्राइवर समेत नीचे ढुलक चुका था ,संजोग की बात यह है कि उसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली। ड्राइवर व खलासी अपनी जान बचाकर किसी तरह से निकल गए। लेकिन यहां बार–बार खतरा बना होता रहता है और खतरा होने की संभावना 24 ' 7 बना रहता है। ऐसा भी नहीं है कि इस रोड से बड़े–बड़े नेता मंत्री गण व विधायक के साथ अधिकारी ,पदाधिकारियों का आना जाना नहीं होता है। यह लोग भी इसी रोड से निकलते हैं पर उनके आंख पर भ्रष्टाचार का इतना बड़ा चश्मा लगा हुआ रहता है कि यह दिखाई ही नहीं देता। आम जनता के पैसे से वे लोग मालामाल होते जाते हैं पर जनता को जो सुविधा मिलनी चाहिए उससे वह दूर ही रह जाते हैं और भूत भोगी होने के लिए ऐसे –ऐसे व्यवस्थाओं का सामना जनता को करनी पड़ती है। बड़े दुख की बात है कि हम जिस व्यवस्था में



जी रहे हैं इस व्यवस्था में सिर्फ जनप्रतिनिधियों,अधिकारी–पदाधिकारियों व नेता मंत्रियों की है चांदी कटती है।

# पानापुर में जहरीली शराब पीने से दो मजदूरों की मौत चार की हालत गंभीर



पानापुर(सारण)। थाना क्षेत्र के भोरहा पंचायत के रामदासपुर गांव में जहरीली शराब पीने से दो मजदूरों की मौत हो गयी वही चार की हालत गंभीर है . मृतकों में रामदासपुर गांव निवासी हरेंद्र प्रसाद का 26 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार एवं भिखारी साह का 25 वर्षीय पुत्र मिंटू साह शामिल है। वही रामदासपुर गांव निवासी दीना साह के पुत्र मुन्ना साह ,गरेयापार गांव निवासी रेमल दास के पुत्र सुनील दास ,मशरक थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव निवासी अजय प्रसाद के पुत्र लाला प्रसाद एवं सुग्रीव प्रसाद के पुत्र मुकेश कुमार का इलाज छपरा में चल रहा है जहां इनकी स्थिति गंभीर बतायी जा रही है .बताया जाता है मृत रोहित की ठेकेदारी में सभी राजमिस्त्री का काम करते थे। सोमवार को पानापुर में निर्माणाधीन एक मकान की ढलाई के लिए सेंट्रिंग का काम चल रहा था .वही पर सभी मजदूरों ने एक साथ शराब पी थी . शराब पीने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी . सोमवार की रात रोहित की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए छपरा ले जा रहे थे लेकिन रास्ते मे ही उसने दम तोड़ दिया . परिजनों ने मंगलवार की सुबह आनन फानन में उसका दाह संस्कार कर दिया .इस बीच मंगलवार की सुबह इलाजरत मिंटू की भी मौत हो गयी जिससे प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया।

घटना की लीपापोती में लगा पुलिस प्रशासन मिंटू के शव को भी दाह संस्कार कराने का दबाव डालने लगी लेकिन ग्रामीण पोस्टमार्टम कराने पर अड़ गए .ग्रामीणों के विरोध के कारण पुलिस ने मिंटू के शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजवाया . एक साथ दो युवाओं के मौत से पूरे गांव में मातम पसरा है वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# श्री शंकर इंटर विद्यालय के बीच मैदान में भवन निर्माण कार्य शुरू,छात्रों में आक्रोश

(अश्विनी कुमार पाण्डेय,अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटोरी, समस्तीपुर)।
समस्तीपुर जिले के मोहनपुर प्रखंड में स्थित श्री शंकर इंटर विद्यालय रसलपुर अपने समय का एकमात्र उच्च विद्यालय हुआ करता था।यह विद्यालय गंगा नदी के ठीक किनारे बसा है,जिससे हर साल इसपर बाढ़ का खतरा बना रहता है। इस विद्यालय का मैदान एकमात्र माध्यम है,जो बाढ़ के दिनों में बाढ़ राहत सामग्री एवं अन्य राहत कार्यों का केंद्र बनता आया है।साथ ही किसी भी अधिकारी तथा बाढ़ राहत से संबंधित कर्मचारियों के ठहरने का एकमात्र साधन है। इस मैदान का उपयोग खेलकूद के अपेक्षा सुरक्षा दृष्टिकोण से ज्यादा होता है,लेकिन इस मैदान के बीच भवन निर्माण आने वाले समय में लोगो को असहज बना देगा। छात्रों के अनुसार,इंटर विद्यालय के पास मैदान के अतिरिक्त भी पर्याप्त मात्रा में जमीन उपलब्ध है,फिर मैदान को छोटा करने का प्रयास करना खेल भावना एवं सुरक्षा भावना से खिलवाड़ है। छात्रों का यह भी आरोप है कि विद्यालय के पास पर्याप्त मात्रा में वर्ग कक्ष है,जिसमें से अधिकतर में ताला बंद रहता है।साथ ही छात्रों ने यह भी जानकारी दी है कि विगत दो वर्ष पहले विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष से सभी कंप्यूटर की चोरी हो गई।



जिसका कोई पता तक नहीं चल पाया। छात्रों ने शिक्षक के समय सारणी को पालन न करने एवं शिक्षण सामग्री को कक्ष में बंद करके उसे बेकार बनाने का भी आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,छात्रों ने स्थानीय विधायक श्री राजेश सिंह जी से भी बातचीत की तथा निर्माण कार्य को फिलहाल बंद कराया गया। किसी गांव में मैदान का होना उस गांव के एकता में वृद्धि का सूचक होता है।

# संक्षिप्त समाचार

## दैनिक अयोध्या टाइम्स में छपी प्रकाशित खबर का दिखा असर



साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी। बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा बाजार स्थित महंत राम नारायण पुरी उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने नरकीय जिंदगी जी रहे लोगों को दैनिक अयोध्या टाइम्स में छपी खबर का दिखा असर कई दिनों से नरकीय जिंदगी में जी रहे लोगों मैं खुशी की लहर दिखी क्योंकि इस खबर के छपने के बाद इस ओर ध्यान गया और नाला एवं रोड का काम चालू हो गया जिससे लोगों में खुशी देखी जा रही है !लोगों ने बतलाया की वर्षों से इस जगह पानी का जमाव रहता था एवं कीचड़ भरा रहता था जिससे लोगों की बड़ी समस्या आने जाने में होती थी एवं कई बाइक सवार इसमें फंस कर गिर जाते थे!

## खंभे में लगे अर्थिंग के तार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत



(प्रेम चंद्र साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड़ । मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के बस्टर गांव में बिजली के खंभे में लगे अर्थिंग के तार की चपेट में एक वृद्ध की मौत हो गई वृद्धि की मौत से पूरे परिवार कोहराम मच गया घटना मंगलवार की सुबह की है सुबह में बारिश के बीच थाना क्षेत्र के बस्ठा गांव निवासी नथुनी प्रसाद अपने बथान से घर आने के दौरान सड़क के किनारे बिजली के खंभे के पास पैर फिसलने के कारण अनियंत्रित होकर खंभे में लगे अर्थिंग तार के संपर्क में आ गए। अर्थिंग तार में बारिश के कारण शॉर्ट सर्किट की वजह से करंट प्रवाहित हो रही थी। विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आते ही वृद्ध अचेत होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल बिजली मिस्त्री फोन कर लाइन कटवाया लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी।

## मुन्ना मोबाइल के सामने से मछली बाजार तक की सड़क नरक में तब्दील

नरक में जीने को विवश सकसोहरा बाजार के दुकानदार एवं जनता बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा बाजार में मुन्ना मोबाइल के सामने से मछली बाजार तक की सड़क नरक में तब्दील है हालात यह है की थोड़ी सी बारिश होने पर यहां कीचड़ का अंबार लगा रहता है ! इस रास्ते से लोगों का गुजरना मुश्किल हो जाता है !यहां पर लोगों एवं बाजार वासियों का जीना हराम हो जाता है !लोगों से पूछे जाने पर बतलाया गया कि दो दिन पहले यहां सैलरी गिराया गया ताकि सड़क ठीक हो लेकिन वह गिराने के बाद सड़क की स्थिति और भी बद से बदतर हो गयी है लोगों को काफी परेशानी होती है लोग बतलाते हैं कि शासन प्रशासन इस रास्ते गुजरते हैं लेकिन किन्ही की नजर इस ओर नहीं जाती की सड़क की स्थिति में सुधार करवाएं !शासन प्रशासन को ध्यान आकृष्ट करवाना चाहते हैं की इस ओर ध्यान दें ताकि लोगों को आने जाने में दिक्कत ना हो एवं सड़क की स्थिति अच्छी हो!



## महंगाई पर प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखा सुर्खियों में आई गूंजी आवाज संसद में

☒ पेंसिल रबड़ महंगी हो गई ,है मांगने पर मां मारती है
दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह। आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दू कृति दुबे का कहना उसकी पेंसिल और रबड़ महंगी हो



गई है बच्चे उसकी पेंसिल चोरी कर लेते हैं और दो और दोबारा मांगने पर माँ मारती है उसने पत्र में कहि है महंगी होने की बात लिखने के मां से सोमवार को पत्र प्रधानमंत्री के पास डाक से भेजने की बात कही है घर के लोगों में आसपास में होने वाली बातो से बच्चे प्रेरणा लेते हैं यह बात इस पत्र को पढ़कर आप से साफ हो जाती है मोहल्ले बिरतिया रहने वाली कृति दुबे महज 5 साल की है वह छिबरामऊ के सुभाष अकादमी में कक्षा एक की छात्रा है मां आरती दुबे ने बताया है कि शनिवार को घर में सब लोग आवश्यक वस्तुओं में जीएसटी बढ़ने और इससे सम्मान महंगा होने को लेकर चर्चा कर रहे थे बेटी कृति भी वहीं मौजूद थी और सारी बातें गौर से सुन रही थी इसके बाद सब अपने काम में व्यस्त हो गए और कृति पढ़ाई करने लगी आप सभी को बता दिया जाए कि पिता पेशे से प अधिवक्ता है विशाल दुबे घर पहुंचे तो उसने अपना पत्र पढ़ाया आरती ने बताया कि बेटी इस पत्र को प्रधानमंत्री के पास भेजने की जिद कर रही है रविवार होने की वजह से डाकघर खुला नहीं था सोमवार को वह बेटी का मन रखने के लिए इस रजिस्ट्री को डाकघर भेजने या किसी को प्रधानमंत्री जी मेरा नाम कृति दुबे है मैं कक्षा 1 में पढ़ती हूं मोदी जी आपने बहुत महंगाई कर दी है पेंसिल रबड़ के साथ मैगी भी महंगी कर दी है।

## पंचायत समिति सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

बीरपुर अनुमंडल ब्यूरो चन्दन रजक सुपौल। प्रतापगंज और बसंतपुर प्रखंड के 27 नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रतापगंज प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित टीसीपी भवन में किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन पंचायत राज पदाधिकारी शिल्पा कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में



जिला पंचायत संसाधन केंद्र से आए जिला प्रशिक्षण पदाधिकारी रूपेश कुमार सिंह के द्वारा पंचायती राज के उद्धम बिकास,पंचायत समिति के कार्य और उत्तरदायित्व के अलावे बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।वही दूसरे प्रशिक्षक दिनकर कुमार के द्वारा निगरानी समिति तथा स्थाई समिति की कार्यों तथा उत्तरदायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान कुल दोनो प्रखंड के 27 समिति सदस्यों ने भाग लिया। बीपीआरओ शिल्पा कुमारी ने बताया कि प्रशिक्षण पाने के बाद पंचायत समिति सदस्य दक्ष होंगे। कार्य शक्ति तथा तत्वों की जानकारी मिलने के बाद वे अपने अपने क्षेत्र में ठीक ढंग से विकास योजनाओं को लागू कर सकेंगे। इससे विकास योजनाओं को शत–प्रतिशत धरातल पर उतारने में सहूलियत होगी।

## मुहर्रम त्यौहार को लेकर थाना परिसर में की गयी शांति समिति की बैठक

☒ पारंपरिक हथियारों की सूचि के साथ अखाड़ो द्वारा आवेदन अविलंब थाना में जमा करें : सीओ

सिमरिया। मुहर्रम त्यौहार शांति पूर्ण मनाने को लेकर थाना के सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी छुटेश्वर दास ने की। वहीं संचालन थाना प्रभारी विवेक कुमार ने की।

मुहर्रम त्यौहार शांति पूर्ण मनाने को लेकर विशेष चर्चा सर्व समिति से की गयी। जिसमें कहा गया कि जिन जिन अखाड़े से मुहर्रम का जुलुस निकाला जाएगा उसके रहनुमा समय के पूर्व थाना में नए व पुराने लाइसेंस को नवीनी करण करने को लेकर थाना में अविलंब आवेदन जमा करें। आवेदन में सभी तरह का विवरण शामिल करें ।जैसे लाठी की संख्या , तलवार भाले की संख्या के अलावे भीड़ की संख्या भी अंकित करें।

जिससे विधि व्यवस्था को लेकर थाना से उसकी देख रेख किया जा सके। वहीं सर्व समिति से मुहर्रम त्यौहार को शान्ति पूर्ण मनाने की बात कही गयी। सीओ छुटेश्वर दास ने संबोधित करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के सभी लाइसेंस धारी समय से पूर्व अपना लाइसेंस नवीनीकरण करने के लिए अविलंब थाना प्रभारी को आवेदन सुपुर्द करें। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि जुलुस के दिन विधि व्यवस्था को ख्याल में रखते हुए सभी भारी वाहनों को मुख्य सड़क पर चलने पर शाम 7 बजे तक प्रतिबंध किया जाएगा। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह, इस्पेक्टर केपी चौधरी, प्रमुख रोहन साहू, उप प्रमुख दामोदर गोप, बिस सूत्री अध्यक्ष बीरेंद्र यादव, लखन साहू, उस्मान मियां, अख्तर हुसैन, मनोज महाजन, जवाहर विश्वकर्मा,नेमधारी महतो, मुखिया एफतेसाम प्रवीण, अनिता देवी, सुधीर सिंह, दयानिधि सिंह, परमेश्वर यादव, एनुल हक, सफीक मियाँ, पूर्व मुखिया कृष्णा साहू, गोपाल महतो, के अलावे जन प्रतिनिधि व राजनितिक दल तथा दर्जनों समाजसेवी के अलावे सभी समुदाय के लोग शामिल थे।

मोकिम अंसारी

## शिक्षक और अभिभावक के बिच केंद्रीय विद्याल में की गयी बैठक

☒ बच्चों को और बेहतर शिक्षा को लेकर अभिभावक हो जागरूक

☒ समय समय पर बच्चों को टास्क कॉपी करें जांच : प्राचार्य

चतरा। जिला के एक मात्र अवस्थित केंद्रीय विद्यालय सिमरिया में शिक्षक और अभिभावक के बीच बैठक का आयोजन मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश जोशी ने की। बैठक के दौरान विद्यालय में ली गई प्रथम सावधिक परीक्षा के परिणामों से अभिभावकों को अवगत कराया गया। अभिभावकों के साथ छात्रों को बैठाकर उनके द्वारा परीक्षा में लिखे गए कॉपी और बैठाए गए नंबर भी जांच कराये गए। इस दौरान छात्र छात्राओं के शिक्षा स्तर में और कैसे सुधार किया जाय ताकि इनके परीक्षा के परिणाम और बेहतर व् उज्ज्वल भविष्य हो सकें, इसको लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुवे प्राचार्य ने कहा कि बच्चों का परीक्षा परिणाम और बेहतर शिक्षा शिक्षक और अभिभावक समन्वय से ही बेहतर किया जा सकता है। आगे कहा कि जब तक बच्चे विद्यालय में होते हैं तब तक। विद्यालय के जवाबदेही में होते हैं। परंतु जब बच्चे घर में होते हैं तो आप की जबाबदेही में होते हैं। उन्होंने कहा कि आप प्रत्येक दिन अपने अपने बच्चो की डायरी, कॉपी चेक करें। अगर विद्यालय से संबंधित कोई शिकायत हो तो हमसे विद्यालय अवधि में संपर्क कर बात करें। मैं आपके समस्या का समाधान करने का हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने अभिभावकों से करबद्ध प्रार्थना किया कि विद्यालय को विद्यालय रहने दें इसे राजनीतिक मंच नहीं बनाए। बैठक में शिक्षक अर्जुन प्रसाद, धीरज खलखो, पंकज कुमार, निक्की प्रिया, रूपक कुमार, युगेश कुमार साव, शक्ति कुमार पाठक, भरत टंगड़ी, आशीष कुमार यादव, प्रमिला गुप्ता, अशिकी कुमारी, कुमुद रंजन,विकाश राज, शशिकांत प्रसाद, पुष्प गौरव के अलावा दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे।

## बगहा न.प. के वार्ड नं 30 की सड़कों पर जल जमाव नगर परिषद के दावे फेल

अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण बगहा। लगातार तीन दिनों से रुक रुक कर हो रहीं बारिश में जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो रही है। बगहा नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नंबर 30 में बगीचे के पास



सड़क पर जल जमाव लगा हुआ हैं। नाली की सही निकासी नहीं होने को लेकर बार बार यहां पर जल जमाव हो जाता हैं।जिससे लोगों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। यह सड़क एनएच 727 बगहा व बेतिया मुख्य मार्ग पर जाकर निकलता हैं।जो लोगों को बाजार और बेतिया मुख्यालय जाने में बहुत आसान लगता हैं। लेकिन नगर परिषद के द्वारा नाली के पानी का कोई निकासी नहीं हुईं हैं। इससे यही पता चला है कि पांच साल बेमिसाल, यूंही फेल दिख रहा हैं। नगर परिषद के द्वारा कोई सटीक पालन नहीं किया गया हैं कि इस वार्ड की नाली का पानी का निकासी कही किया जाए। वार्ड नंबर 30और 31 को जोड़ते हुए एनएच पर जाता हैं। वही वार्ड नंबर 30 के भावी वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अशोक दास ने बताया की मेरे द्वारा कई बार नगर परिषद को आवेदन दिया गया है। लेकिन मेरे दिए आवेदन पर अभी को कार्य नहीं किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अभी तो हल्की हल्की बारिश हो रही हैं अभी पूरा बरसात बाकी हैं। वार्ड पार्षद ने बताया कि पहले सारा बरसात का पानी बगीचे में जाता था, लेकिन इस बार बगीचे मालिक के द्वारा बगीचे में बांध बांधकर ऊंचा कर दिया गया है। इस बार इस वार्ड में बरसात की सारा कही नहीं जा पायेगा। मद्देनजर अब यह देखना है कि नगर परिषद ऐसे समस्याओं से कब तक निजात दिलाने में सफल हो रही है।

## कोसी बांध के भीतर बसे लोग कीचड़ की जिदंगी जीना विवस

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा जिले के नवहट्टा प्रखंड अंतर्गत कोशी बांध के अंदर रसलपुर गांव में हाइस्कूल के समीप आवागमन की समस्या उत्पन्न हो गयी है।वहाँ के ग्रामीण हलकान और परेसान है।हल्की भी अगर बारिश होती है तो लोगों को पैदल भी चलना दुर्लभ हो जाता है। पानी और कीचड़ जमा रहने से ग्रामीणों को तो दिक्कत हो

कि एक साल पहले इस रोड को ठीकेदार के द्वारा बनवाया गया था,लेकिन ठीकेदार रोड को सही ढंग से बनाया नहीं और रोड टूट गया,जिसके चलते इस रोड पर पानी और कीचड़ कीचड़ लगा हुआ है।इस रोड पर न पैदल चल सकते हैं और न ही कोई गाड़ी जा सकता है। पानी और कीचड़ को लेकर परेसान। ग्रामीण बलराम यादव ने कहा कि बहुत परेसानी है यहां।रोड



ही रही है खासकर स्कूल जाने वाला छात्र और छात्राएं को भी भाड़ी दिक्कतों का सामना करना पर रहा है।

बहुत छात्र छात्राएं पानी और कीचड़ को लेकर स्कूल जाना बंद कर दिया है।वहीं ग्रामीण इस समस्या से निदान को लेकर जिला प्रशासन से सड़क बनवाने की मांग कर रहे हैं।

वहीं ग्रामीण सुरेंदर यादव ने बताया

पर इतना कीचड़ और पानी जमा रहता है जिससे आदमी भी इस कीचड़ में फंस जाता है।बच्चा सब भी इस कीचड़ और पानी को लेकर स्कूल नहीं जा पाता है। इसलिए हम जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि इस रोड को अविलंब ठीक करवाया जाय ,जिससे लोगों को चलने फिरने में आवगमन की समस्या उतपन्न नही हो सके,और बच्चे सब भी स्कूल जा सके।

## जिला सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर 17(बालक वर्ग)फाइनल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

☒ जिला सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर 17 (बालक वर्ग) फाइनल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

☒ उत्क्रमित उच्च विद्यालय, तालगाछ लक्ष्मीपुर ,दिघलबैंक ने जिला स्तरीय अंडर –17 सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता अपने नाम किया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

किशनगंज। कला,संस्कृति एवं युवा विभाग (छात्र एवं युवा कल्याण निदेशालय) तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन,किशनगंज के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत बालकध्बालिका आयु वर्ग अंडर–17 टूर्नामेंट का आयोजन खगड़ा स्थित शहीद अशफाक उल्लाह खां स्टेडियम में संपन्न हुआ। दो दिवसीय चलने वाले फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला हुआ। उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा रंजीत कुमार ने टूर्नामेंट में मैच खेलने मैदान में उतरे खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए फुटबॉल को कीक कर खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा रंजीत कुमार ने कहा कि खेल से टीम भावना का विकास होता है, जो किसी भी कार्य के लिए बहुत आवश्यक है।कहा जिस तरह आप सभी ने जिला स्तर पर आयोजित सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेठ प्रदर्शन किया है, उसी तरह 6–10 अगस्त को होने वाली राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप प्रतियोगिता में भी अच्छा प्रदर्शन करें और जीत कर आयें। जिला के लिए गौरव बनें।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढाते हुए अपने संबोधन में कहा कि राज्य स्तरीय खेल में विजेता बनकर अपने जिले का नाम रौशन करें। साथ ही, उन्होंने विजेता दल के खिलाड़ियों को इसके लिए शुभकामनाएं भी दी। जिला टीम के खिलाड़ी राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होकर जिले का मान बढ़ाएंगे। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सात टीम मैदान में उतरी जो टीम इस प्रकार है ।

यू एच एस कुसियारी पोठिया, 2 हाई स्कूल टेढ़ागाछ, यू एच एस तालगाछ लक्ष्मीपुर दिघलबैंक, कारकुन लाल उच्च विद्यालय अलताहात कोचाधामन, सेंट जेवियर्स हाई स्कूल किशन गंज, रसल हाई स्कूल, बहादुरगंज, यू एच एस, दलुआहाट पोठिया टीम के खिलाड़ी शामिल हुए। पहला मैच खेलते हुए यू एच एस कुसियारी पोठिया और 2 हाई स्कूल, टेढ़ागाछ के बीच खेलते हुए टेढ़ागाछ 6 गोल कर सेमीफाइनल में पहुंचा जबकि दूसरा मैच में यू एच एस तालगाछ लक्ष्मीपुर, दिघलबैंक और कारकुन लाल एचएस अलताहात कोचाधामन के बीच मुकाबला हुआ जिसमें बेहतर खेल खेलते हुए 6 गोल दागकर दिघलबैंक सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। तीसरा मैच में सेन्ट जेवयर्स हाई स्कूल किशनगंज और रसल हाई स्कूल बहादुरगंज के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, जिसमें अंततःसेन्ट जेवियर्स ने 4 गोल कर सेमीफाइनल में पहुंचा। यूएचएस दलुआ हाट,पोठिया टीम के प्रतिद्वंदी टीम को उपस्थित नहीं होने के कारण विजेता घोषित कर सेमीफाइनल में भेजा गया। सेमीफाइनल खेलते हुए प्रथम सेमीफाइनल में टीम 2 हाई स्कूल टेढ़ागाछ और उ0 एच एस तालगाछ लक्ष्मीपुर, दिघलबैंक के बीच शानदार खेल देखनो को मिला। दिघलबैंक की टीम ने 3 गोल और टेढ़ागाछ 1 गोल करने में सक्षम रहा और नेपाल के सीमा पर अवस्थित लक्ष्मीपुर, दिघलबैंक टीम अन्ततः फाइनल में मजबूती से पहुंच गया। दूसरा सेमीफाइनल सेन्ट जेवियर्स हाई स्कूल,किशनगंज और यू एच एस दलवा हाट ,पोठिया के बीच कांटा के टक्कर का मुकाबला हुआ।

दोनों टीम के खिलाड़ियों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। एक दुसरो को एक भी गोल करने का कोई मौका नहीं दिया, तब रेफरी ने दोनो टीम को फ्री किक के तहत तीन – तीन गोल करने को दिया। दलवाहाट,पोठिया कोई गोल नहीं कर सकी, जबकि सेन्ट जेवियर्स 1 गोल डालकर फाइनल मैच में जा पहुंचा। अन्ततः फाइनल मुकाबला सेंट जेवियर्स हाई स्कूल किशनगंज और यू एच एस तालगाछ लक्ष्मीपुर, दिघलबैंक के बीच घमासान मुकाबला हुआ। दोनों ही टीम ने सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रर्दशन किया। लेकिन फाइनल रूप से यू एच एस तालगाछ लक्ष्मीपुर, दिघलबैंक की टीम फाइनल जीत गयी।मैच में एकमात्र गोल दिघलबैंक टीम के जीतन मुर्मू ने 1 गोल कर अपनी टीम को विजयी बना लिया। उपाधीक्षक ,शारीरिक शिक्षा रंजीत कुमार ने फाइनल विजेता टीम को ट्रॉफी ओर मैडल देकर सम्मानित किया। विजेता टीम के रूप में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिये दिघलबैंक की टीम पटना प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिये शारीरिक शिक्षक, अतहर हुसैन जमील अहमद ,मो0 जमालुद्दीन, फनी भूषण, शिक्षक प्रकाश कुमार सौरभ कुमार, केशव कुमार,विनोद मोहन यादव, प्रभाकर यादव, सुबोजीत सिन्हा, रामबाबू सिंह मौजूद थे फाइनल मैच खेलने वाले खिलाड़ियों के नाम यू एच एस तालगाछ लक्ष्मीपुर,दिघलबैंक के खिलाड़ी सोजन सोरेन, सोनत मुर्मू, जीतन मुर्म, मोहन सोरेन ,मोहन हासदा, अंग्रेज किशकु ,राजन मुर्मू, सूरज मुंडा, शनि देवल, राज कुमार, शिवलाल रवि सेंट जेवियर्स स्कूल, किशनगंज अरमान नियामि, मो0 गनी ,अर्सलन, आयुष, नदीम, आरिज नोमान, रेहान , रंजन, अरशद उमर ,मो0 अदनान, राजवीर।

## महावीरी झंडा की विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर जिले के विभिन्न स्थलों पर किया गया फ्लैग मार्च



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

पुलिस अधीक्षक डॉ० श्री कुमार आशीष एवं अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्री सौरभ सुमन यादव के नेतृत्व में महावीरी झंडा की विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर जिले के विभिन्न स्थलों पर किया गया फ्लैग मार्च।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश वही पुलिस पदाधिकारियों को अलर्ट रहने का भी दिया गया निर्देश।संवेदनशील सहित अन्य स्थलों पर प्रशासनिक पदाधिकारी किये गए है तैनात।

उक्त मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रशिक्षु, अंचलाधिकारी मोतिहारी सदर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थानाध्यक्ष नगर एवं छतौनी सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## नागपंचमी का पावन पर्व हर घर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। रक्सौल अनुमंडल अंतर्गत मंगलवार को प्रत्येक घर में नाग पंचमी का पर्व पूरे हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया. बता दें कि नाग पंचमी सनातन हिंदुओं का एक प्रमुख पावन त्यौहार है. हिंदू पंचांग के अनुसार सावन माह की शुक्ल पक्ष के पंचमी को नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है. इस दिन नाग देवता या सर्प की पूजा की जाती हैं और उन्हें दूध से स्नान कराया जाता है लेकिन कहीं–कहीं दूध पिलाने की परंपरा भी चल पड़ी है. ऐसी मान्यता है कि सनातन धर्म में नागराज की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है एवं प्राणियों का कल्याण होता है. इस दिन सिर्फ मंदिरों में ही नहीं बल्कि सनातन हिंदुओं के प्रत्येक घर में नाग देवता की पूजा–अर्चना का विधान है. जो भी भक्त इस दिन श्रद्धा एवं भक्ति से नाग देवता की पूजा अर्चना करता है उसे एवं उसके परिवार के किसी भी सदस्य को कभी भी सर्प का भय नहीं रहता है।

ऐसी प्राचीन काल से मनाता है कि घर के मुख्य द्वार पर सर्प की आकृति बनाने से जहा आर्थिक लाभ होता है, वही घर में आने वाले सभी संकट टल जाती है. सभी वैदिक विधान से पूजा करने वाले को नागदेव प्रसन्न होकर मनवांछित फल भी प्रदान करते हैं. पौराणिक कथा के अनुसार नागो की रक्षा के लिए ऋषि आस्तिक मुनि ने श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन रोक दिया था एवं नागों की रक्षा की थी, इस कारण तक्षक नाग के बचने से नाग का वंश बच गया. आग के ताप से नाग को बचाने के लिए ऋषि उन पर कच्चा दूध डाल दिया, तभी से नाग पंचमी की पावन त्यौहार मनाई जाने लगी।

## रामकृष्ण धाम मंदिर रामपुर जयपाल के प्रांगण में महर्षि चरक जयंति दीपप्रज्वलन कर धूमधाम से मनाई गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

श्रावण मास की पंचमी तिथि को विश्व आयुर्वेद परिषद मुजफ्फरपुर शाखा के द्वारा रामकृष्ण धाम मंदिर रामपुर जयपाल के प्रांगण में महर्षि चरक जयंति दीपप्रज्वलन कर धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष डॉ रमेश कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच महोदया संगीता देवी जी पत्नी संजीव बिहारी जी, विशिष्ट अतिथि वैद्य देवेंद्र प्रसाद सिंह (पूर्व प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष आयुर्वेद डी. एस. एस. महाविद्यालय, रामबाग, मुज) थे।द्य मंच संचालन डॉ विनोद कुमार चिकित्सक प्रकोष्ठ प्रमुख ने की। गुरुजन सम्मान समारोह के आयोजन में वैद्य डॉ देवेन्द्र प्रसाद सिंह जी को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। अध्यक्ष महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज सावन महीने की पंचमी है। इस दिन लोग नाग देवता की पूजा कर नाग पंचमी मनाते हैं। लेकिन आयुर्वेद के ग्रंथ भावप्रकाश के अनुसार आज के ही दिन आयुर्वेद के महान आचार्य चरक का भी जन्म जम्मू कश्मीर के पास कपिस्थल नामक ग्राम में हुआ था। इनके पिता आचार्य विशुद्ध थे जो वेद के काफी जानकर थे। ऐसे प्रमाण मिलते हैं कि आयुर्वेद का अध्ययन करने के लिए चरक तक्षशिला गए थे। वहां पर उन्होंने आचार्य आत्रेय से आयुर्वेद की दीक्षा ली। इससे यह कहा जा सकता है कि आत्रेय–पुनर्वसु संभवतरू आज से लगभग ढ़ाई हजार वर्ष पहले हुए। इसका तात्पर्य यह भी निकलता है कि चरक आज से लगभग ढ़ाई हजार वर्ष पूर्व हुए। आचार्य चरक ने अष्टांग स्थान स्वरूप में चरक संहिता की रचना की थी। जो कि मूलरूप से कायचिकित्सा को समर्पित है। इस ग्रंथ में द्रव्यगुण के छः पदार्थों के द्वारा सम्पूर्ण चिकित्सा पद्धति को लिखा । आयुर्वेद के त्रि सूत्र का वर्णन इनके द्वारा रचित ग्रन्थ से ही हमें ज्ञात हुआ। त्रिसूत्र और त्रिदण्ड के आधार की रचना करने वाले आयुर्वेद के महान अचार्य थे महर्षि चरक। पंच प्राण, पंच दोष, पंच दुष्य, पंच तत्व, पंच कषाय कल्पना, जीवन आधार, औषध गुण परिचय, त्रिकाष्ठम परचिय, का विस्तृत वर्णन केवल हमे चरक संहिता के द्वारा ही प्राप्त हुई। कहा जाता है कि आयुर्वेद को जानने और समझने के लिए आचार्य चरक के चिकित्सा सिद्धांतों को समझना बहुत जरूरी है।

इसलिए आयुर्वेद के चिकित्सकों के बीच आचार्य चरक के द्वारा रचित ग्रंथ चरक संहिता का महत्व सबसे ज्यादा है। कायचिकित्सा के



विशेषज्ञों को चरकाः या चरक कहा जाता है। आचार्य चरक को वैशम्पायन मुनि का शिष्य माना गया है। महर्षि चरक आयुर्वेद विशारद के रूप में विख्यात कुषाण राज्य के राजवैद्य थे। आचार्य चरक ने आचार्य अग्निवेश के अग्निवेशतन्त्र में कुछ स्थान तथा अध्याय जोड़कर उसे नया रूप दिया जिसे आज चरक संहिता के नाम से जाना जाता है जो की वैद्यक का प्रसिद्ध अद्वितीय ग्रंथ है।इस कार्यक्रम में डा0 रीतेश कु वर्मा (सचिन), डॉ पुष्पलता कुमारी (प्रान्तीय महिला प्रकोष्ठ प्रमुख), डॉ विकास शर्मा (मडिया प्रभारी), डॉ विपिन बिहारी (उपाध्यक्ष), डॉ अरुण कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ राधेश्याम, डॉ परमिला, डॉ सुधा, डॉ उषा, डॉ बलराम, डॉ मिथलेश सिंह, डॉ नीलू, डॉ सुरेश साह, श्री अनुराधा, डॉ प्रसांत, डॉ संध्या, डॉ दीपक दीपक सिद्धार्थ, डॉ अनुपम शुमन, डॉ हरि ओम शरण, डॉ मनोरमा भारती, डॉ अनिल कुमार, सरपंच संगीता कुमारी, संजीव कुमार (सह सरपंच संघ अध्यक्ष) आदि चिकित्सकों ने कार्यक्रम में भाग लिया । श्री धन्वन्तरि हर्बल, चरक, डाबर इंडिया के आयुर्वेदिक कम्पनियों के प्रतिनिधि ने सहभागिता दी

निःशुल्क स्वर्णप्राशन शिविर में 100 बच्चों को स्वर्णप्राशन की खुराक डॉ० विकास शर्मा के द्वारा दी गई।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 200 मरीजों को चिकित्सीय परामर्श, जांच, व औषधि निःशुल्क प्रदान की गई।

## सैयद नजम अहसन को जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जदयू संगठन बाढ़ के कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित



देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। जनता दल यूनाइटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सैयद नजम अहसन को जदयू नगर कार्यालय बाढ़ में ज्यादा यू संगठन जिला बाढ़ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर जदयू नेता एवं मंडल रेल परामर्श दात्री सदस्य राणा उदय सिंह , पूर्व मुख्यालय प्रभारी जिला बाढ़ नीरज भटनागर , मुख्य जिला प्रवक्ता संजय यादव , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ शोभा सिंह , अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अब्दुल खालिक , जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष रवि चौहान , अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अमलेश चंद्रवंशी , युवा नेता मयंक राज , पवन कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# संक्षिप्त समाचार

### डीएम और एसपी के नेतृत्व में मोहर्रम एवं महावीरी झंडा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)



गोपालगंज। डीएम और एसपी के नेतृत्व में मोहर्रम एवं महावीरी झंडा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक। हथुआ अनुमंडल के सभी अखाड़ों के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता, जन प्रतिनिधिगण, शांति समिति के सदस्यों ने बैठक में लिया हिस्सा। डीएम ने सभी से शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में दोनों पर्वों को मनाने का किया अपील। हथुआ के औघड़ दानी मंदिर परिसर में हुई बैठक।

### मानसी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र में टेम्ही दागने के साथ मधुश्रावणी ब्रत संपन्न

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स



14 दिनों तक चलने वाले मधुश्रावणी पर्व टेम्ही दागने के साथ ही खत्म हो गया है।

यह पर्व नवविवाहिता द्वारा पति की दीर्घायु के लिए मनाई जाती है। नवविवाहिता भक्ति भाव के साथ 14 दिनों तक पूजा–अर्चना करती है ।इसके बाद अंतिम दिन टेम्ही दागने की परंपरा के साथ ही पर्व संपन्न कर दी जाती है।

### स्नान करने के दौरान एक युवक की हुई मौत



दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स। मानसी प्रखंड क्षेत्र के मटिहानी घाट पर स्नान करने के दौरान एक युवक की मौत हो गई ।डूबने के 24 घंटे बाद ग्रामीणों के अथक प्रयास से शव को बरामद कर लिया गया है। बीते सोमवार की सुबह 10रू00 बजे अपने साथियों के साथ गंगा स्नान कर रहा था कि अचानक गहरे पानी में युवक चला गया। जिससे गंगा में डूब कर मौत हो गई। जिसकी मंगलवार सुबह 10:00 बजे काफी खोजबीन के बाद ग्रामीणों ने शव को बरामद कर लिया है ।शव की पहचान मानसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिमी ठाठा पंचायत के अंतर्गत राजा जान गांव निवासी सिकंदर राम के तीनों पुत्रों में सबसे छोटा 18 वर्षीय पुत्र चिंटू कुमार राम के रूप में किया गया है। शव मिलते ही स्थानीय प्रशासन के द्वारा पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल खगड़िया भेज दिया गया है।

### समस्तीपुर रेल मंडल के सीनियर डीओएम को CBI ने किया गिरफ्तार, रिश्वतखोरी का मामला

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल

समस्तीपुर जिले में सीबीआई ने की बड़ी कार्रवाई। माल ढुलाई मे रैक और सामान उतारने में घूस लेकर अतिरिक्त सुविधा देने के आरोपी को CBI ने पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) के समस्तीपुर और सोनपुर रेल मंडल के तीन अधिकारियों समेत पांच को गिरफ्तार किया है। इसमें निजी कंपनी के निदेशक के अलावा एक कर्मी भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपितों में ईसीआर के मुख्य माल परिवहन प्रबंधक संजय कुमार , समस्तीपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रूपेश कुमार एवं सोनपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सचिन मिश्रा शामिल



हैं ।इसके अलावा कोलकाता की कंपनी मेसर्स आभा एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक नवल लाधा और कर्मी मनोज कुमार साहा शामिल हैं । सीबीआइ ने इन सभी के विरुद्ध भ्रष्टाचार से संबंधित प्राथमिकी रविवार को दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई भी उसी दिन की गई। सीबीआइ ने पहले हाजीपुर में जाल बिछाया। रेलवे अधिकारी संजय कुमार को छह लाख रुपये रिश्वत लेते पकड़ा। रिश्वत देने वाले नवल लाधा भी पकड़े गए। इसके बाद दो अन्य अधिकारियों और घूस देने वाले के कर्मी को पकड़ा गया। मौके से कोलकाता की कंपनी की एसयूवी कार से ईसीआर के विभिन्न अधिकारियों को नकदी रकम देने वाले छह लिफाफे भी बरामद हुए। इसमें 46.50 लाख रुपये थे। विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिली। इसके बाद पटना , सोनपुर, हाजीपुर , समस्तीपुर और कोलकाता सहित 16 स्थानों पर तलाशी ली गई।

### आगामी मुहर्रम को लेकर रखी शांति समिति की बैठक

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार)

सुपौल। सुपौल जिला के त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय मुख्यालय अंतर्गत आदर्श थाना त्रिवेणीगंज में अगामी मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक रखी गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी एस जेड हसन, ने बताया की आगामी मुहर्रम है।

जिसको लेकर पंचायत के प्रतिनिधि, राजनीतिक दल, और अधिकारी सहित गण्यमान्य, व्यक्तियो के बीच बैठक रखी गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी एस जेड हसन ने कहा कि कि मुहर्रम शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाय। मुहर्रम में सड़क जाम न हो। किसी को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। जो भी तजिया जुलूस लेकर जाएंगे वो सावधानी बरतें। अपना पुराना लाइसेंस कॉपी जमा कर लाइसेंस ले लें। नया रूट नहीं मिलेगा। सड़क पर लाठी प्रदर्शन नहीं करेंगे। खाली जगहों पर लाठी का प्रदर्शन करेंगे। जुलूस में प्रतिबंधित हथियार और लाइसेंसी हथियार पूरी तरह बेन है। बैठक में उपस्थित पुलिस निरीक्षक सत्य नारायण राय, थाना अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह, अंचलाधिकारी दिनेश प्रसाद, और पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक दल, दोनों समुदाय के गणमान्य व्यक्ति दर्जनों की संख्या में उपस्थित थे।



### डीएम ,एसडीएम ने बागमती नदी के तटबंधों का किया निरीक्षण

गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स शिवहर। संभावित बाढ़ को लेकर डीएम मुकुल कुमार गुप्ता ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण। संभावित बाढ़ को लेकर शिवहर के जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने अधिकारियों के साथ डूबा पुल ,मोतनाजे समेत अन्य जगहों पर बागमती नदी के तटबंधों का किया निरीक्षण, लोगों से



लिया फीडबैक, फिलहाल जलस्तर खतरे के निशान से नीचे। डीएम ने लोगों से बागमती नदी के करीब बच्चों को नहीं जाने देने की की अपील,मौके पर , एडीएम कृष्ण मोहन सिंह , एसडीएम मोहम्मद इश्तियाक अली अंसारी , बागमती प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता शशि कुमार चौधरी,डीपीआरओ राकेश कुमार एवं अन्य मौजूद।